सूर्योदय 5:25 सूर्यास्त 7:17

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 16 न्यू | 25 अधि |
| धर्मशाला | 27 न्यू | 33 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 81,721 |
| निफ्टी | 24,853 |
| सोना | 95,471 |
| चांदी | 96,909 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान



शुभमन गिल को मिली टेस्ट की कमान

पृष्ठ 14 पर

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | रविवार, 25 मई 2025 | 12 ज्येष्ठ, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 146, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## आज का मैच

गुजरात vs चेन्नई

समय: रात 7:30 बजे (अहमदाबाद)

## न्यूज शॉर्ट्स

### बॉलीवुड अभिनेता मुकुल देव का निधन



**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्टर मुकुल देव का 54 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है। वह पिछले कुछ समय से बीमार चल रहे थे और हाल ही में उन्हें आईसीयू में भर्ती कराया गया था। हालांकि, उनके निधन का कारण अब तक सामने नहीं आया है। मुकुल देव हिंदी, पंजाबी और साउथ फिल्मों के साथ-साथ टेलीविजन जगत में भी सक्रिय थे। उन्होंने 'सन ऑफ सरदार', 'आर. राजकुमार' और 'जय हो' जैसी कई फिल्मों में काम किया। (अनंत ज्ञान)

### कच्छ बॉर्डर के पास एक और जासूस काबू

**अहमदाबाद।** गुजरात आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने कच्छ सीमा के पास एक जासूस को गिरफ्तार किया है। उसकी पहचान सहदेव गोहिल के रूप में हुई है। अधिकारियों के मुताबिक, सहदेव गोहिल कच्छ के दयापार में एक स्वास्थ्य कार्यकर्ता के रूप में काम कर रहा था। जांच में पता चला है कि सहदेव गोहिल अदिति भारद्वाज नाम की एक महिला के संपर्क में आया था, जो एक पाकिस्तानी जासूस है। (अनंत ज्ञान)

### जैसलमेर में 48 डिग्री के पार पहुंचा पारा

**जैसलमेर।** इस साल प्रचंड गर्मी पड़ने की आशंका है। राजस्थान अभी से भीषण गर्मी की मार झेल रहा है। कई शहरों में पारा काफी चढ़ गया है। जैसलमेर राजस्थान का सबसे गर्म जिला बना हुआ है। यहां तापमान लगातार रिकॉर्ड बनाता जा रहा है। शनिवार को यहां तापमान 48 डिग्री सेल्सियस के पार हो गया। (अनंत ज्ञान)

### पाक राष्ट्रपति की बेटी के काफिले पर हमला

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी की बेटी और सांसद आसिफा भुट्टो के काफिले पर शुक्रवार को भीड़ ने हमला कर दिया। इसका वीडियो शनिवार को सामने आया। आसिफा कराची से नवाबशाह जा रही थीं। इसी दौरान प्रदर्शनकारियों ने उनका काफिले को रोका और विवादित नहर परियोजना और कॉर्पोरेट खेती के खिलाफ नारे लगाए। कुछ लोगों ने काफिले की गाड़ियों पर हाथों और डंडों से हमला कर दिया। (अनंत ज्ञान)

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- हिमाचल में नगर निकाय चुनाव का शंखनाद -पेज 3
- जयसिंहपुर में तिरंगा यात्रा में लगे भारत माता के जयघोष -पेज 4
- देशभक्ति के नारों से गूंजा जुब्बल-कोटखाई -पेज 6
- घरवासड़ा में शहीद दिलावर खान के नाम से बनेगा पार्क -पेज 10
- नेहा की मौत पर हाईकोर्ट से मांगा इंसाफ -पेज 12


# विमल नेगी मामले में डीजीपी का शपथपत्र गैर जिम्मेदाराना : गांधी

## एसएसपी ने किए कई खुलासे, कहा- कोर्ट को बताई जाएगी एफिडेविट की सच्चाई

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान**



**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) डॉ. अतुल वर्मा के खिलाफ शिमला के एसएसपी संजीव गांधी ने मोर्चा खोल दिया है। एसएसपी ने शनिवार को मीडिया से बातचीत में डीजीपी पर कई संगीन आरोप लगाए। उन्होंने पावर कॉर्पोरेशन के चीफ इंजीनियर विमल नेगी मौत मामले में डीजीपी के एफिडेविट को गैर जिम्मेदाराना बताया। संजीव गांधी ने कहा कि शिमला पुलिस को कई शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें डीजीपी के आचरण पर गंभीर प्रश्न उठाए गए हैं। उन्होंने कहा कि डीजीपी के स्टाफ के लोग ड्रग पैडलर संजीव भूरिया गैंग से मिले हुए हैं।

### जांच अधिकारी के तौर पर एसआईटी हाईकोर्ट जाएगी

**एसएसपी** ने कहा कि जांच अधिकारी के तौर पर पूरी एसआईटी हाईकोर्ट जाएगी। अदालत में पुनर्विचार याचिका दायर की जाएगी। अदालत को डीजीपी के एफिडेविट की सच्चाई को बताया जाएगा। उन्होंने 25 साल नौकरी की है। अगर कोई उन्हें अपमानित करेगा, तो वह नौकरी छोड़ने के लिए भी तैयार हैं।

### गांधी ने पूर्व डीजीपी संजय कुंडू को भी लपेटा

**शिमला।** एसएसपी संजीव गांधी ने मौजूदा डीजीपी के साथ पूर्व डीजीपी संजय कुंडू के खिलाफ भी मोर्चा खोला है। मीडिया से बातचीत में शनिवार को उन्होंने कहा कि पुलिस मुख्यालय के अधिकारी उनसे रंजिश रखते हैं। संजीव गांधी ने कहा कि उन्हें बदनाम करने के लिए शिमला के एक होटल में एलपीजी ब्लास्ट मामले में एनएसजी को बुलाकर पुलिस मुख्यालय में फेब्रिकेटेड एविडेंस सोची-समझी साजिश के तहत तैयार की गई। एलपीजी ब्लास्ट को आतंकी घटना बनाने की कोशिश की गई। अब इससे पर्दा उठ चुका है। उन्होंने इसे लेकर बड़े अधिकारी को पत्र लिखा और इसकी जांच की मांग की, ताकि यह पता लगाया जा सके कि यह आरडीएक्स किसने इंट्रोड्यूस किया था। इसकी जांच होनी चाहिए, लेकिन डेढ़-दो साल से इसकी जांच नहीं हुई। उन्होंने कहा कि एफएसएल लैब जुन्गा की रिपोर्ट में भी आरडीएक्स ब्लास्ट नहीं आया। इस बीच पूर्व डीजीपी संजय कुंडू ने एनएसजी को बुलाकर सैंपल लिए और एक प्राइवेट लैब की रिपोर्ट में आरडीएक्स बताया गया। हालांकि आज तक यह साबित नहीं हो पाया कि आरडीएक्स कहां से आया।

**बोले-होटल ब्लास्ट मामले में फेब्रिकेटेड एविडेंस तैयार किए**

### विमल नेगी की पत्नी ने प्रेस वार्ता में लगाए आरोप

# आरोपियों ने मौत के बाद सबूतों को मिटाने की पूरी कोशिश की

**अनिल नेगी, अनंत ज्ञान**



रिकांगपिओ में प्रेस कॉन्फ्रेंस करतीं किरण नेगी।

**रिकांगपिओ।** स्वर्गीय विमल नेगी मामले को लेकर हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने प्रदेश सरकार के जांच कमेटी से भरोसा उठाते हुए अब विमल नेगी मौत मामले में सीबीआई को जांच के आदेश दिए हैं। इस संदर्भ में स्वर्गीय विमल नेगी की पत्नी किरण नेगी ने रिकांगपिओ में मीडिया को जानकारी देते हुए कहा कि विमल नेगी एचपीसीएल के कर्मठ व ईमानदार अधिकारी थे। वह भ्रष्ट अधिकारियों के बीच फंसे रहे। उन्हें अधिकारियों ने गलत फाइलों पर हस्ताक्षर के लिए दबाव डाला था, जो उन्हें कभी मंजूर नहीं था। उनकी ईमानदारी को देख भ्रष्ट अधिकारियों ने उन्हें किसी साजिश के तहत इस तरह का कदम उठाने के लिए मजबूर किया और सारे सबूत मिटाने की पूरी कोशिश की है। किरण नेगी ने कहा कि एचपीसीएल के एमडी हरिकेश मीणा व डायरेक्टर देसराज ने इस पूरे प्रकरण में स्वयं को बचाने की कोशिश की। वहीं, सरकार ने भी उक्त आरोपियों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। उन्होंने कहा कि हाईकोर्ट के सीबीआई जांच के आदेश से अब सब कुछ जगजाहिर हो जाएगा। उन्होंने कहा कि विमल नेगी की मौत के बाद उन्हें न्याय दिलाने के लिए पूरे प्रदेश की जनता एक हुई, जिसके लिए मैं प्रदेश के लोगों की आभारी हूं।

# केंद्र-राज्य टीम इंडिया की तरह काम करें तो कोई लक्ष्य असंभव नहीं : मोदी

## कहा, जब हर राज्य विकसित होगा, तो भारत विकसित होगा

**एजेंसी, नई दिल्ली**



नीति आयोग की 10वीं गवर्निंग काउंसिल की बैठक की अध्यक्षता करते पीएम मोदी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में नीति आयोग की 10वीं गवर्निंग काउंसिल की बैठक शनिवार को हुई। नई दिल्ली में गवर्निंग काउंसिल की बैठक का विषय 'विकसित राज्य के लिए विकसित भारत-2047' था। बैठक में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हमें विकास की गति बढ़ानी होगी। अगर केंद्र और सभी राज्य एक साथ आएं और टीम इंडिया की तरह मिलकर काम करें, तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि विकसित भारत हर भारतीय का लक्ष्य है। जब हर राज्य विकसित होगा, तो भारत विकसित होगा। यह 140 करोड़ नागरिकों की आकांक्षा है। पीएम मोदी ने कहा कि भारत में तेजी से शहरीकरण हो रहा है। हमें भविष्य के लिए तैयार शहरों की दिशा में काम करना चाहिए। विकास, नवाचार और स्थिरता हमारे शहरों के विकास का इंजन होना चाहिए। राज्यों को वैश्विक मानकों के अनुरूप कम से कम एक पर्यटन स्थल विकसित करना चाहिए। वहां सभी सुविधाएं और बुनियादी ढांचे उपलब्ध कराने चाहिए। एक राज्य-एक वैश्विक गंतव्य। इससे पड़ोसी शहरों का भी पर्यटन स्थल के रूप में विकास होगा। पीएम मोदी ने कहा कि हमें अपने कार्यबल में महिलाओं को शामिल करने की दिशा में काम करना चाहिए। हमें ऐसे कानून और नीतियां बनानी चाहिएं, जिनसे उन्हें कार्यबल में सम्मानपूर्वक शामिल किया जा सके। हमें इस तरह काम करना चाहिए कि लागू की गई नीतियां आम नागरिकों के जीवन में बदलाव ला सकें। (अनंत ज्ञान)

# सुबह गांधी ने सुधीर और शाम को सुधीर ने गांधी पर ठोंका मानहानि का दावा

**अनंत ज्ञान टीम, शिमला/धर्मशाला**

एसएसपी शिमला संजीव गांधी ने कथित खरीद-फरोख्त के एक मामले में उन्हें बदनाम करने के लिए एक अदालती वीडियो का सहारा लेने पर भाजपा विधायक सुधीर शर्मा पर शनिवार सुबह मानहानि का दावा किया है। उनके मुताबिक शिमला पुलिस वर्तमान में विधायकों की खरीद-फरोख्त के आरोपों से जुड़े एक आपराधिक मामले की जांच कर रही है, जिसमें विधायक सुधीर शर्मा भी एक आरोपी है। सुधीर शर्मा ने अदालत का वीडियो प्रसारित करके उन्हें बदनाम करने की कोशिश है। वहीं, शाम को भाजपा विधायक सुधीर शर्मा ने भी पलटवार करते हुए एसएसपी संजीव गांधी पर आपराधिक मानहानि का दावा ठोंक दिया। शनिवार शाम को धर्मशाला में सुधीर शर्मा ने अपने सोशल अकाउंट पर वीडियो के माध्यम से अपनी बात रखते हुए कहा कि प्रदेश उच्च न्यायालय में विमल नेगी मामले को लेकर चली कार्यवाही को लेकर दिखाया गया वीडियो उनके द्वारा नहीं, बल्कि यह उच्च न्यायालय ने मामले की पारदर्शिता को लोगों के सामने रखने के लिए लाइव करवाया था।

# पीएफ पर इस साल भी 8.25 प्रतिशत ब्याज ही मिलेगा

**एजेंसी, नई दिल्ली।** वित्त वर्ष 2024-25 के लिए पीएफ खाते में जमा राशि पर मिलने वाली ब्याज दर 8.25 प्रतिशत बरकरार रखने के लिए ईपीएफओ को केंद्र सरकार ने मंजूरी दे दी है। इससे पहले कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के सेंट्रल बोर्ड ऑफ ट्रस्टी ने 28 फरवरी को मीटिंग में ब्याज दर को 8.25 प्रतिशत बरकरार रखने का फैसला किया था। इससे पहले वित्त-वर्ष 2023-24 के लिए ब्याज दर को 8.15 प्रतिशत से 0.10 प्रतिशत बढ़ाकर 8.25 प्रतिशत किया गया था। वहीं, 2022-23 में 8.10 प्रतिशत से 0.05 प्रतिशत बढ़ाकर 8.15 प्रतिशत किया गया था। (अनंत ज्ञान)

E.P.F

**केंद्र सरकार ने दी मंजूरी**

# सीएम ने केंद्र से मांगी लंबित देय राशि

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शनिवार को नई दिल्ली में नीति आयोग की 10वीं गवर्निंग काउंसिल की बैठक में भाग लिया। सुक्खू ने कहा कि पर्वतीय राज्यों की विशेष आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए विभिन्न योजनाओं की पात्रता में छूट देते हुए अधिक धनराशि आवंटित की जानी चाहिए। उन्होंने राज्य को लंबे समय से लंबित देय राशि को भी जारी करने की मांग की। उन्होंने जल विद्युत परियोजनाओं में राज्यों के अधिकारों की भी पुरजोर वकालत की और मुफ्त रॉयल्टी और 40 वर्ष पूरे कर चुके पीएसयू तथा सीपीएसयू को राज्य को सौंपने का मामला भी उठाया। मुख्यमंत्री ने प्रदेश की ऊर्जा नीति के अनुसार रॉयल्टी संबंधी मामला भी उठाया। सीएम ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए राज्य को ग्रीन बोनस मिलना चाहिए। पहाड़ी राज्यों की विशेष आवश्यकताओं को ध्यान में रखा जाना चाहिए तथा विभिन्न योजनाओं में पात्रता मानदंडों में ढील देते हुए अधिक राशि के आवंटन पर विचार किया जाना चाहिए।

### मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री से की जल विद्युत परियोजनाओं में हिमाचली हितों की पैरवी



**शिमला।** मुख्यमंत्री सुक्खू ने प्रधानमंत्री मोदी से भी भेंट की और प्रदेश के लिए उदार वित्तीय सहायता प्रदान करने तथा लंबित धनराशि शीघ्र जारी करने का आग्रह किया। उन्होंने प्रधानमंत्री को अवगत करवाया कि प्रदेश सरकार ने हिमाचल को वर्ष-2032 तक आत्मनिर्भर बनाने का लक्ष्य रखा है। राज्य सरकार इस उद्देश्य की प्राप्ति के लिए विभिन्न योजनाएं शुरू कर रही है। उन्होंने प्रधानमंत्री को प्रदेश सरकार की पर्यटन, हरित ऊर्जा, विद्युत और अन्य क्षेत्रों में की गई पहल के बारे में जानकारी दी। उन्होंने जल विद्युत परियोजनाओं में राज्य के हितों की रक्षा की पैरवी की। उन्होंने इन परियोजनाओं को राज्य को लौटाने के लिए समय सीमा तय करने का आग्रह किया।

**मानसून** निर्धारित समय से 8 दिन पहले मानसून ने भारत में दी दस्तक

# मानसून ने तोड़ा 16 साल का रिकॉर्ड, केरल पहुंचा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

मानसून शनिवार को केरल पहुंच गया। यह अपने तय समय 8 दिन पहले पहुंचा है। मौसम विभाग के मुताबिक, 16 साल में ऐसा पहली बार हुआ, जब मानसून इतनी जल्दी आया है। पिछले साल यह 30 मई को केरल पहुंचा था। मानसून चार दिन से देश से करीब 40-50 किलोमीटर दूर अटका था और शुक्रवार शाम आगे बढ़ा। यह एक हफ्ते में देश के दक्षिणी और पूर्वोत्तर राज्यों, जबकि 4 जून तक मध्य और पूर्वी भारत को कवर कर सकता है।

आमतौर पर मानसून 1 जून को केरल पहुंचता है और 8 जुलाई तक पूरे देश को कवर कर लेता है। यह 17 सितंबर के आस-पास वापस लौटना शुरू करता है और 15 अक्तूबर तक पूरी तरह से वापस चला जाता है। मौसम विज्ञानियों के अनुसार, मानसून की शुरुआत की तारीख और सीजन के दौरान कुल बारिश के बीच कोई संबंध नहीं है। इसके जल्दी या देर से पहुंचने का मतलब यह नहीं है कि यह देश के अन्य हिस्सों को भी उसी तरह कवर करेगा। (अनंत ज्ञान)

### क्या जल्दी रुखसत हो जाएगा मानसून?



मानसून का जल्दी आना यह नहीं तय करता कि वह जल्दी खत्म भी हो जाएगा। यह मौसम से जुड़ी कई जटिल प्रक्रियाओं पर निर्भर करता है, जैसे कि अरब सागर और बंगाल की खाड़ी में समुद्री तापमान, हवा का दबाव और वैश्विक मौसम पैटर्न। अगर मानसून समय से पहले आ जाए, लेकिन उसकी गति अच्छी बनी रहे, तो वह पूरे देश में सामान्य या अच्छी बारिश दे सकता है। कभी-कभी मानसून देर से आता है, लेकिन लंबे समय तक टिकता है और अच्छी बारिश देता है।

### हिमाचल में बारिश के साथ तेज ओलावृष्टि

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में शनिवार को कांगड़ा में शाम को, हमीरपुर जिले के सुजानपुर में दोपहर बाद तेज बारिश हुई। शिमला जिले के रामपुर में बारिश के साथ-साथ तेज ओलावृष्टि हुई। भारी बारिश के बाद नाले में आई बाढ़ की चपेट में आने से दो गाड़ियां बह गई। वहीं ओलावृष्टि से फसलों को नुकसान पहुंचा है। शिमला में दोपहर बाद हल्की बूंदाबांदी हुई है। प्रदेश के अन्य स्थानों पर भी हल्की बारिश हुई। मौसम विभाग के अनुसार, बिलासपुर, चंबा, हमीरपुर, कांगड़ा, कुल्लू, मंडी, शिमला, सिरमौर और सोलन जिले के कुछ स्थानों पर बारिश के साथ साथ 40-50 प्रति घंटा की रफ्तार से तूफान भी चल सकता है। इसे देखते हुए लोगों को सावधानी बरतने को कहा गया है। (अनंत ज्ञान)



## न्यूज ब्रीफ

### पुरानी फाइलों होंगी डिस्पोज, निविदाएं मांगीं

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** उपायुक्त कार्यालय हमीरपुर के पुराने रिकॉर्ड एवं फाइलों को डिस्पोज करने के लिए 9 जून तक निविदाएं आमंत्रित की गई हैं। उपायुक्त हमीरपुर की सहायक आयुक्त अपराजिता चंदेल ने बताया कि उपायुक्त कार्यालय की विभिन्न शाखाओं की लगभग 1350 किलोग्राम पुरानी फाइलों को निर्धारित प्रक्रिया के तहत डिस्पोज किया जाना है। इसके लिए 9 जून सुबह साढ़े दस बजे तक निविदाएं आमंत्रित की गई हैं। ये निविदाएं सहायक आयुक्त कार्यालय में जमा करवाई जा सकती हैं और ये इसी दिन सुबह 11 बजे खोल दी जाएंगी। उन्होंने बताया कि निविदाएं जमा करवाने के इच्छुक व्यक्ति 5 और 6 जून को पुरानी फाइलों का अवलोकन कर सकते हैं। पुरानी फाइलों के अवलोकन और निविदा से संबंधित किसी भी तरह की जानकारी के लिए जिला नाजिर शाखा में संपर्क किया जा सकता है।

### डीएवी में बच्चों को पीले रंग की करवाई पहचान

**अनंत ज्ञान, नादौन।** डीएवी स्कूल भड़ोली के नौनिहालों ने पूरे उत्साह के साथ यैलो डे एक्टिविटी में भाग लिया। आज के दिन का मुख्य आकर्षण बने हुए बच्चों ने पीले रंग की पोशाक पहने हाथ में पीले रंग के गुब्बारे लेकर नृत्य करके सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कक्षा एलकेजी और यूकेजी के बच्चों ने फलों के चित्र बनाकर अध्यापकों को दिखाए और अपनी खुशी को जाहिर किया। इस प्रकार बच्चों को पीले रंग की पहचान करवाई गई। इस एक्टिविटी का उद्देश्य बच्चों को रंगों की पहचान करवाना था। स्कूल के प्रिंसिपल सुरजीत कुमार राणा ने बच्चों के प्रयासों की सराहना की।

### आदर्श ने सैनिक स्कूल की परीक्षा की पास



**शशि सोनल, अनंत ज्ञान, नादौन।** नादौन विधानसभा क्षेत्र के साथ राइजिंग किड्स पब्लिक स्कूल भवडां के छठी कक्षा के छात्र आदर्श शर्मा पुत्र निकेश कुमार ने सैनिक स्कूल की लिखित प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण की है, जिससे उनके गांव व विद्यालय में खुशी का माहौल है। बता दें कि आदर्श के पिता शिक्षा विभाग में कार्यरत हैं और उनकी माता चित्रा देवी गृहिणी हैं । आदर्श ने इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता व अध्यापकों को दिया। स्कूल प्रशासन ने बच्चों के बीच मिठाई बांटकर इस खास उपलब्धि को मनाया। इस अवसर पर मुख्य अध्यापिका रश्मि, सभी अध्यापक व प्रबंधक राजेंद्र शर्मा उपस्थित रहे।

### लंबोट गांव में किसानों को बांटा हल्दी का बीज

**आरके चौधरी, अनंत ज्ञान, रंगस।** जोलसप्पड़ पंचायत के लंबोट गांव में आयोजित जागरूकता शिविर के दौरान ग्रीनरी एग्रो विजनेस नादौन की एटीएम नेहा भारद्वाज, सीनियर एग्जीक्यूटिव अनिल चौहान, फील्ड एग्जीक्यूटिव सुनीत चौहान ने किसानों को बताया कि हल्दी एक महत्वपूर्ण फसल है, जिसका उपयोग मसाले और दवा के रूप में किया जाता है। प्राकृतिक खेती से हल्दी की खेती करने से किसानों को रसायनों के उपयोग से होने वाले नुकसान से बचाया जा सकता है और साथ ही प्राकृतिक रूप से प्राप्त हल्दी की मांग भी बढ़ती है। इसी योजना के तहत किसानों को हल्दी के बीज निःशुल्क उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इस योजना के माध्यम से प्रदेश सरकार प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना चाहती है और किसानों को रसायनों का उपयोग कम करने के लिए प्रोत्साहित करती है। इस अवसर पर काफी किसान मौजूद थे।

### राम मंदिर न्याटी में श्रीमद् भागवत कथा 2 से

**अनंत ज्ञान, रंगस।** रंगस के न्याटी स्थित राम मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन 2 जून से किया जाएगा। मंदिर के पुजारी सुभाष चंद ने बताया कि 8 जून तक चलने वाली इस कथा में कथा वाचक पंडित लखनपाल अंगिरश लोगों को प्रवचन करेंगे। उन्होंने बताया कि कथा के शुभारंभ अवसर पर 2 जून को सुबह 10 बजे कलश यात्रा का भी आयोजन किया जाएगा। कथा प्रतिदिन दोपहर एक बजे से होगी, जबकि आरती रात्रि 8 बजे होगी। उन्होंने बताया कि कथा विश्राम पर पूर्णाहूति के बाद 8 जून को विशाल भंडारे का भी आयोजन होगा। उन्होंने इलाकावासियों से इस कथा में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने का आह्वान किया है।

### आरसेटी के राज्य निदेशक ने किया कार्यालयों का दौरा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान के राज्य निदेशक रमेश चंद डढवाल ने बीते दिनों पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) हमीरपुर का दौरा किया और संस्थान में चल रहे टेलरिंग ट्रेनिंग कोर्स के बैच की प्रतिभागी महिलाओं के साथ संवाद किया। रमेश चंद डढवाल ने महिलाओं को अपने उद्यम लगाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि आरसेटी के माध्यम से प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद उन्हें अपना उद्यम स्थापित करना चाहिए या अपना कारोबार शुरू करना चाहिए। इससे वे आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनेंगी और कई अन्य लोगों को भी रोजगार दे सकती हैं। इस अवसर पर आरसेटी के निदेशक अजय कुमार कतना ने राज्य निदेशक का स्वागत किया और संस्थान की विभिन्न गतिविधियों तथा उपलब्धियां की जानकारी दी। राज्य निदेशक ने पंजाब नेशनल बैंक के सर्किल कार्यालय के प्रमुख नीरज कुमार आनंद और जिला अग्रणी प्रबंधक टशी नमग्याल से भी भेंट की और जिला में बैंकिंग गतिविधियों की जानकारी ली।

### भोदूशाह मेले में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सौंपा मांग पत्र

**वीरेंद्र गोस्वामी, अनंत ज्ञान, बड़ा।** उपमंडल नादौन के कस्बा बड़ा में 28 मई से शुरू होने वाले हमीरपुर जिले के प्रसिद्ध मेला भोदूशाह के आयोजन को लेकर आज भोदूशाह प्रबंधन एवं मेला कमेटी के प्रधान संजीव जरियाल की अध्यक्षता में भोदूशाह प्रबंधन एवं मेला कमेटी के महासचिव दिनेश शर्मा एवं उपप्रधान वीरेंद्र पठानिया एसडीएम नादौन राकेश शर्मा से मिले एवं मेले के आयोजन के संदर्भ में अपना मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र में कमेटी ने एसडीएम नादौन से मेले के आयोजन की स्वीकृति प्रदान करने एवं कानूनी व्यवस्था बनाए रखने के लिए स्थानीय पुलिस प्रशासन से सहायता की मांग की गई है ताकि में शांति का माहौल बना रहे। इस अवसर पर एसडीएम नादौन ने भोदूशाह कमेटी को मेले के आयोजन की स्वीकृति प्रदान करते हुए सुरक्षा व्यवस्था प्रदान करने का पूरा आश्वासन दिया। गोर है उपमंडल नादौन के कस्बा बड़ा में 28 मई से शुरू होने बाला मेला भोदूशाह जिले में काफी प्रसिद्ध माना जाता है। दो दिन तक आयोजित होने वाले इस मेले में दूर-दूर से व्यापारी आकर इस मेले क़ी शोभा बढ़ाते हैं। झंडा रस्म निभाने के बाद इस मेले का शुभारंभ किया जाता है।

# देशभक्ति के रंग में रंगा लंबलू

## भारतीय सेना के शौर्य एवं पराक्रम को उजागर करने के लिए आशीष के नेतृत्व में निकाली तिरंगा यात्रा

**विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान**




भारतीय सेना के शौर्य एवं पराक्रम को नमन करने के लिए विधायक आशीष शर्मा व अन्य तिरंगा यात्रा निकालते हुए।

**हमीरपुर।** भारतीय सेना के शौर्य, पराक्रम को उजागर करने व देश के सैनिकों के सम्मान में शनिवार को लंबलू बाजार में भाजपा मंडल ग्रामीण की ओर से तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस तिरंगा यात्रा में विधायक सदर आशीष शर्मा विशेष रूप से मौजूद रहे और यात्रा की अगुवाई की।

तिरंगा यात्रा में क्षेत्र के पूर्व सैनिकों, आम जनमानस एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस दौरान देश के सैनिकों के सम्मान में नारेबाजी की गई और सेना के पराक्रम एवं पाकिस्तान पर की गई कार्रवाई की गाथा को जन जन तक पहुंचाया। इस मौके पर विधायक आशीष शर्मा ने कहा कि देश के सैनिकों के सम्मान में आयोजित इस तिरंगा यात्रा में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सेना के सैनिकों द्वारा पेश किए गए शौर्य एवं पराक्रम की गाथा को जन-जन तक पहुंचाया गया। इस दौरान मातृभूमि के लिए बलिदान हुए शहीदों को नमन कर श्रद्धांजलि भी अर्पित की गई।

उन्होंने कहा कि अब वह दौर नहीं है, जब देश में होने वाले आतंकवादी हमलों पर सरकार महज कड़ी निंदा करती थी, अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सशक्त सरकार है, जो ऐसे आतंकवादी हमलों का मुंहतोड़ जवाब सर्जिकल स्ट्राइक और ऑपरेशन सिंदूर के जरिए देती है। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना के अद्वितीय साहस और पराक्रम की बदौलत पाकिस्तान आज झुका है और दोबारा ऐसी जघन्य गतिविधि करने से पहले सौ बार सोचेगा।

उन्होंने सभी सैनिकों को नमन कर देश के लिए बलिदान हुए सैनिकों को श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष ग्रामीण जसवीर सिंह, शहरी अध्यक्ष श्रीपाल शर्मा, महामंत्री राकेश कानूनगो, प्रमोद पटियाल, पूर्व सैनिक कैप्टन तिलक शर्मा, कैप्टन अश्वनी कटोच, कैप्टन अनिल, शर्मा, अमी चंद, दलीप शर्मा, राजेश कुमार, कैप्टन राजकुमार, अश्वनी सहित अन्य पूर्व सैनिक व लोग मौजूद रहे।

# राहुल ने थपथपाई किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय समन्वयक दीपक की पीठ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**



दीपक शर्मा, राहुल गांधी के साथ मिलते हुए।

हिमाचल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दीपक शर्मा ने कांग्रेस के राष्ट्रीय मंच पर अपनी मेहनत से जोरदार उपस्थिति दर्ज की है। राहुल गांधी ने देश के चुनिंदा 140 कांग्रेस प्रवक्ताओं की कर्मठ फौज में दीपक शर्मा को भी शामिल किया है। वर्तमान में दीपक शर्मा अखिल भारतीय किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय समन्वयक हैं और जम्मू-कश्मीर एवं झारखंड के प्रभारी होने के साथ साथ किसान कांग्रेस का राष्ट्रीय स्तर पर मीडिया विभाग भी देख रहे हैं। जिस तरह से भाजपा के खिलाफ जोरदार ढंग से कांग्रेस का पक्ष रखने और पार्टी के प्रति निष्ठा से दीपक शर्मा ने काम किया है, उसका ही नतीजा है कि दीपक शर्मा आज राष्ट्रीय स्तर पर अहम भूमिका में नजर आ रहे हैं।

दीपक ने बताया कि बीते रोज दिल्ली में कांग्रेस ने पूरे देश से कांग्रेस के प्रखर प्रवक्ताओं को विशेष रूप से बुलाया था। इसमें राहुल गांधी, जय राम रमेश, पवन खेड़ा, के राजू जैसे वरिष्ठ नेताओं ने विभिन्न विषयों पर पार्टी के स्टैंड से उन्हें अवगत करवाया और मूलमंत्र दिए। इस बैठक में हिमाचल प्रदेश से पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता कुलदीप सिंह राठौर के अलावा दीपक शर्मा ही एक मात्र नेता थे, जिन्हें बुलाया गया था।

गौरतलब है कि दीपक शर्मा गत दो दशक से हिमाचल कांग्रेस में बतौर प्रवक्ता अहम भूमिका निभाते आ रहे हैं और पिछले दो वर्षो से अखिल भारतीय किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय समन्वयक के रूप में देश के विभिन्न राज्यों में मीडिया प्रबंधन के साथ-साथ संगठन की मजबूती के लिए काम कर रहे हैं।

### बिजली के अघोषित कटों से लोग परेशान

**संजय कुमार, अनंत ज्ञान, धनेटा।** नादौन उपमंडल के धनेटा सब डिविजन के तहत आते कई गांवों के लोगों को बिजली के अघोषित कट से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। भीषण गर्मी के बीच इस तरह के कट लगने से न केवल कारोबार पर असर पड़ रहा है, बल्कि जनजीवन भी प्रभावित हो रहा है।

धनेटा के साथ लगते गांवों बेहा, डोहग, पनसाई , हथोल, बीहड़ु, सलोह व इसके साथ लगते क्षेत्रों में इस संबंध में परेशानी लगातार झेलनी पड़ रही है। हथोल पंचायत के उपप्रधान सेवन कुमार और पनसाई पंचायत के वार्ड सदस्य सतीश अग्निहोत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री के गृह हलके में इस तरह की अव्यवस्था है तो अन्य जगहों की क्या स्थिति होगी। पनसाई निवासी पंकज शर्मा का कहना है दूर कहीं हवा का झोंका भी आए तो यहां बिजली गुल हो जाती है। लोगों का कहना है बिना किसी भी पूर्व सूचना के इस तरह कट लगाना अनुचित है। बच्चों की पढ़ाई भी पर भी असर पड़ रहा है।

## उपभोक्ता संरक्षण संगठन की बैठक में स्वास्थ्य, परिवहन और बिजली बोर्ड से संबंधित कई मद्दे उठाए

# भीषण गर्मी में दोपहर को न लगाए जाएं बिजली के कट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**



उपभोक्ता संरक्षण संगठन की बैठक में उपस्थित गणमान्य।

द हमीरपुर उपभोक्ता संरक्षण संगठन जिला हमीरपुर की मासिक बैठक वरिष्ठ उपाध्यक्ष एसके कौड़ा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक की कार्यवाही का संचालन महासचिव मनोहर लाल कानूनगो ने किया। कानूनगो ने विश्व उपभोक्ता दिवस की सफलता के लिए संगठन के सभी पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्यों व अन्य सदस्यों का आभार प्रकट किया।

बैठक में विस्तृत चर्चा उपरांत निम्न निर्णय लिए गए। प्रायः यह देखने में आया है कि बिजली के घोषित कट जो हर रविवार को हमीरपुर शहर में लगाए जाते हैं, उन्हें सुबह 6 से 10 बजे तक लगाए जाएं क्योंकि दोपहर में गर्मी से उपभोक्ताओं को परेशानी न हो। पूर्व में भी सुबह के समय में ही शहर में कट लगाए जाते थे। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि नादौन चौक से डंकवाली चौक तक जो फुटपाथ पर टाइल्स बिछाई गई हैं, वह अत्यंत ही फिसलन (स्लिपरी) हैं। इस कारण बुजुर्ग, महिलाएं, बच्चे गिर रहे हैं तथा फ्रैक्चर से उनके टांग-बाजू टूट रहे हैं।

संगठन यह मांग करता है कि उन्हें तत्काल उखाड़ा जाए या खुदरा कर दिया जाए। जहां फुटपाथ पर ऊंचे स्टेप लगाए गए हैं, वहां पर पेंट से सफेद पट्टी लगाई जाए ताकि पैदल चलने वाले यात्रियों को स्टेप्स का आभास हो सके। ऐसा देखने में आया है कि मेडिकल कॉलेज हमीरपुर में केवल एक ही हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर है, जो सप्ताह में केवल दो दिन ही अपनी सेवाएं देता है। संगठन यह मांग करता है कि यहां पर कम से कम दो डॉक्टर तैनात किए जाएं, जो पूरे सप्ताह में हृदय रोगियों को चेक कर सकें।

संगठन के ध्यान में यह बात लाई गई है कि हमीरपुर शहर में तिपहिया वाहनों के मालिक मनमर्जी के रेट उपभोक्ताओं से वसूल करते हैं, जिससे उपभोक्ताओं का शोषण होता है।

इससे पूर्व भी यह मामला उपायुक्त एवं आरटीओ के ध्यान में लाया था तथा संगठन ने विभिन्न स्थानों के लिए रेट तय करने बारे अनुरोध किया था, परंतु अभी तक इस बारे कोई भी कार्रवाई अमल में नहीं लाई गई है। अतः संगठन इस विषय पर उपायुक्त हमीरपुर और क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी हमीरपुर से पुनः इस मामले पर शीघ्र कार्रवाई करने का आग्रह करता है।

**ये रहे मौजूद :** इस अवसर पर मनोहर लाल कानूनगो महासचिव, मनसुख पठानिया, सुशील शर्मा, पीएन शर्मा, युद्धवीर पठानिया, हेमराज शर्मा, प्रकाश सेन, अनिरुद्ध डोगरा, अशोक सोनी, ठाकुर रणजीत सिंह, पूर्व पार्षद राजेश चौधरी, ओपी नंदा, गोपाल शर्मा, रामचंद्र कटोच व संतोष कुमार कटोच आदि गणमान्य उपस्थित रहे।

### बार्ड नं. 11 में सीवरेज व्यवस्था हो चालू

**वार्ड** नंबर 11 में बड़ू में सीवरेज की पाइपें काफी समय पहले बिछाई गई थीं, उसे चालू नहीं किया गया है। शहर के सभी वार्डों में सीवरेज की व्यवस्था काफी पहले से शुरू कर दी गई है। केवल वार्ड नंबर 11 के बड़ू इलाका में इसे चालू नहीं किया गया है। इस बारे जलशक्ति विभाग अभिलंब कार्रवाई करे। बैठक में यह भी बताया गया कि वार्ड नंबर 11 के उपभोक्ताओं ने यह मांग उठाई कि बड़ू चौक पर एक वर्षाशालिका का निर्माण किया जाए क्योंकि यहां से 3 दिशाओं की तरफ बस सेवा उपलब्ध है और अधिकांश यात्री या तो धूप में खड़े होते हैं या वर्षा में भीगते हैं। पीडब्ल्यूडी इस बारे अभिलंब कार्रवाई करे।

### वंशिका का अंतरराष्ट्रीय स्तर तक सम्मान



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** हमीरपुर जिले के नादौन विस क्षेत्र के तूनी गांव की वंशिका परमार को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट उपलब्धियों और मानवीय कार्यों के लिए पश्चिमी वायु कमान और वायु सेना परिवार कल्याण संघ द्वारा सम्मानित किया गया है, जो इलाके के लिए गर्व की बात है। दिल्ली के पालम के जंबो हॉल में आयोजित कार्यक्रम में वंशिका को वायु सेना परिवार कल्याण संघ की अध्यक्ष एवं क्षेत्रीय पश्चिमी वायु कमान की अनीता सिन्हा द्वारा सम्मानित किया गया। गौरतलब है कि वंशिका ने 18 वर्ष की आयु में मिस इंडिया अर्थ 2022 का ताज पहना और मिस अर्थ 2022 में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व किया, जिससे वह हिमाचल प्रदेश की पहली मिस इंडिया बनी, जिन्होंने मिस अर्थ में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व किया, जो दुनिया की शीर्ष तीन अल्फा सौंदर्य प्रतियोगिताओं में से एक है। मिस इंडिया अर्थ संगठन द्वारा उन्हें प्रतिष्ठित 'ब्यूटी विद रिस्पॉन्सिबिलिटी' पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया। इस पुरस्कार का उद्देश्य धरती माता को स्वस्थ करने में ब्यूटी क्वीन द्वारा किए गए सराहनीय कार्य को सम्मानित करना है। वंशिका परमार घाना स्थित इको अर्थ फाउंडेशन के निदेशक मंडल में भी हैं, जिसका उद्देश्य युवा मस्तिष्कों को कौशल विकास के अवसर प्रदान करके उन्हें प्रेरित करना है।

### जिन्होंने मौत के घाट उतारा, उनका नामो निशान क्यों नहीं मिल रहा : कौशल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान स्थित आतंकी ठिकानों को ध्वस्त करने के लिए किए गए ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए सेना के शौर्य, साहस और पराक्रम की सर्वत्र प्रशंसा हो रही है और इस ऑपरेशन को सफलतापूर्वक अंजाम देने के लिए तमाम देशवासी सेना और सैनिकों के ऋणी हैं।



प्रदेश कांग्रेस के पूर्व मुख्य प्रवक्ता प्रेम कौशल ने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले में देश की जिन बेटियों की मांग के सिंदूर को पाकिस्तानी आतंकियों ने निशाना बना मौत के घाट उतारा, उनका आज भी कोई नामोनिशान नहीं है और जब भारतीय सेना सफलतापूर्वक हिसाब चुकता करने की कार्रवाई को अंजाम देने में लगी थी तो ऐसी स्थिति में विदेशी दबाव में उसे बीच में ही खत्म कर आतंक का सबब बन चुके पाकिस्तान जिसे अब आतंकिस्तान के नाम से जाना जाता है एवं आतंकवादियों को किन कारणों से सीजफायर कर देशवासियों को निराश तथा सेना का मनोबल तोड़ने का कार्य किया गया। यह किसी की समझ में नहीं आया।

कौशल ने कहा कि प्रधानमंत्री का यह कथन कि उनकी रगों में खून की बजाए गर्म सिंदूर दौड़ रहा है, बहुत ही हास्यास्पद होने के साथ ही उनके द्वारा अपनी कमजोरी एवं विफलता पर पर्दा डालने का प्रयास भी है, क्योंकि वास्तविकता तो यह है कि पहलगाम में देश की बेटियां का सिंदूर उजाड़ने वाले अभी भी पकड़ से बाहर हैं और प्रधानमंत्री ने दृढ़ इच्छाशक्ति तथा देश की ताकत दिखाने की बजाए एक विदेशी हुक्मरान के साथ देश के गौरव एवं बेटियों के सिंदूर का सौदा कर लिया और इस नजरिए से वह पहलगाम में आतंकियों द्वारा सूनी की गईं मांगों के सिंदूर का बदला लेने की बजाए उसके सौदागर बन गए।

### हॉकी हमीरपुर आज करेगी जूनियर और सब-जूनियर पुरुष वर्ग हॉकी का ट्रायल

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हॉकी हमीरपुर द्वारा जूनियर व सब-जूनियर पुरुष वर्ग का हॉकी का ट्रायल साई खेल परिसर मैदान मै 25 मई को सुबह 9 बजे रखा गया है। इसमें जूनियर वर्ग व सब-जूनियर वर्ग के लिए आयु सीमा क्रमशः 2006 व 2009 रखी गई है। अतः जिला हमीरपुर के इस आयु वर्ग के सभी हॉकी खिलाड़ियों से अनुरोध है अपने अपने आयु प्रमाण पत्र व आधार साथ लेकर आएं। ट्रायल में चयनित खिलाड़ी 7 जून को नालागढ़ में होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में हमीरपुर जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। एनआईएस कोच कुनाल, सम्मी व अनिल चंदेल चयन समिति के सदस्य होंगे। यह जानकारी हॉकी हमीरपुर की सेक्रेटरी सुषमा पठानिया ने दी।

### भारत के नंबर एक शिक्षण संस्थान से सीपीयू के छात्र कर सकेंगे डिग्री के साथ डिप्लोमा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय ने एक और महत्वपूर्ण मील का पत्थर हासिल कर लिया है। यूजीसी के दिशा-निर्देशों के अनुसार, छात्र अब एक साथ दो डिग्रियां या एक डिग्री एक डिप्लोमा कोर्स कर सकते हैं। उसी गाइड लाइन के अनुसार करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय में पढ़ने वाला छात्र अब अपनी डिग्री के साथ डिप्लोमा आईआईटी मद्रास से कर सकता है। सीपीयू में डिग्री फिजिकल मोड़ से करेगें और आईआईटी मद्रास से ऑनलाइन माध्यम से डिप्लोमा, एडवांस सर्टिफिकेट कर सकते हैं। आईआईटी मद्रास के प्रोफेसर उनको ऑनलाइन माध्यम से विद्यार्थियों को पढ़ाई कर पाएंगे।

### त्रिशा कॉलेज पीटीएम के प्रधान बने संदीप



**सुनील कुमार, अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** त्रिशा शिक्षण महाविद्यालय जोलसप्पड़ में कॉलेज अध्यक्ष एनके शर्मा के मार्गदर्शन में अभिभावक शिक्षक की बैठक हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ पीटीएम के संयोजक सरिता वर्मा, कॉलेज प्राचार्य प्रेम शंकर अवस्थी कॉलेज के अन्य प्रवक्ताओं सहित व अभिभावकों के साथ द्वीप प्रज्वलन द्वारा किया गया। बैठक में डीएलएड प्रथम वर्ष व द्वितीय वर्ष के अभिभावकों ने भाग लिया। इस बैठक में महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई। प्रवक्ताओं ने अभिभावकों को प्रशिक्षुओं के प्रदर्शन की जानकारी दी। इस मौके पर डीएलएड प्रथम के अभिभावकों में से संदीप कुमार को प्रधान व सुषमा देवी को सचिव चुना गया। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य प्रेम शंकर अवस्थी व कॉलेज का अन्य स्टाफ, डीएलएड प्रथम वर्ष के प्रशिक्षु अध्यापक व अभिभावक उपस्थित रहे।

### निखिल आर्मी में देंगे बतौर कैप्टन सेवाएं



**अनंत ज्ञान, नादौन।** नादौन के धनेटा कस्बा के निखिल वर्मा पुत्र कर्नल संजय वर्मा का आफिसर्स ट्रेनिंग के लिए चयन हो गया है। वे आफिसर्ज ट्रेनिंग अकादमी चेन्नई में ट्रेनिंग लेंगे । वहां से पासआउट होने के बाद वे आर्मी में बतौर कैप्टन अपने सेवाएं देंगे। निखिल ने ऑल इंडिया स्तर पर आयोजित परीक्षा में 14वां रैंक हासिल करके अपने माता-पिता व क्षेत्र का नाम रोशन किया है।उनके चयन से क्षेत्र में खुशी का महौल है। उनके पिता रिटायर्ड कर्नल हैं जबकि माता शारदा वर्मा गृहिणी हैं। निखिल के दादा किशोरी लाल भी आर्मी में कर्नल थे। भारतीय व्यापार मंडल प्रदेश के उपाध्यक्ष सुमित वर्मा, गोसेवा समिति नादौन के अध्यक्ष बलवीर चौधरी, सूबेदार केसर चंद, प्रकाश चंद, होशियार सिंह, कै. मान सिंह, कै.सतीश कुमार आदि ने खुशी जाहिर की है।

## नन्हे छात्रों को सतत् विकास और पर्यावरण संरक्षण पर किया जागरूक



हिम अकादमी पब्लिक स्कूल विकास नगर में रेड डे और बैगलेस दिवस आयोजित किया गया।

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

हिम अकादमी पब्लिक स्कूल विकास नगर में बाल वाटिका-1 से कक्षा दूसरी तक के विद्यार्थियों के लिए रेड कलर डे एवं बैगलेस डे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। यह कार्यक्रम हंसी, खेल और रचनात्मकता से भरपूर रहा, जिसमें बच्चों ने सीखने के साथ-साथ खूब आनंद उठाया।

कार्यक्रम की शुरुआत बाल वाटिका 1, 2, 3 तथा कक्षा दूसरी के विद्यार्थियों द्वारा मंत्रोच्चारण एवं राइम्स से हुई। इसके पश्चात कक्षा दूसरी ब के छात्रों द्वारा कविता वाचन प्रस्तुत किया गया। ऊर्जा से भरपूर नृत्य प्रस्तुतियों ने सभी को झूमने पर मजबूर कर दिया। बुक बैलेंसिंग और ग्रुप मेकिंग जैसे खेलों के माध्यम से बच्चों में टीमवर्क एवं मोटर स्किल्स को बढ़ावा मिला। आरएसडीएफ हीरो सूकी पर चर्चा के माध्यम से छात्रों को सतत् विकास और पर्यावरण संरक्षण के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। सभी छात्र और शिक्षकों ने लाल रंग की पोशाक पहनकर रंग पहचान को प्रोत्साहित किया।

**रोष** पेंशनरों को लंबित बकाया राशि देने के लिए सरकार ने दिखाई उदासीनता

# सरकार सड़कों पर उतरने के लिए कर रही बाध्य: संघ

**अनंत ज्ञान, बड़सर**



हिम आंचल पेंशनर्स संघ बिझड़ी की बैठक में उपस्थित गणमान्य।

हिम आंचल पेंशनर्स संघ बिझड़ी खंड इकाई की सत्र 2025-27 की प्रथम बैठक शनिवार को सेन भक्त मंदिर परिसर बड़सर में खंड प्रधान नरेंद्र सिंह बन्याल की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसका संचालन खंड महासचिव तोता राम जंजुआ द्वारा करते हुए उपस्थित सदस्यों को खंड इकाई में चल रही विभिन्न गतिविधियों बारे अवगत करवाया गया।

बैठक में भाग लेने वालों में जिला प्रधान केसी गौतम, जिला महासचिव शंभू राम जसवाल, खंड प्रधान नरेंद्र बन्याल, महासचिव तोता राम जंजुआ, संरक्षक परस राम ठाकुर, रवि दत्त शर्मा आदि प्रमुख रहे। बैठक में पेंशनरों की मांगों एवं समस्याओं पर विस्तार से मंथन किया गया। वक्ताओं द्वारा पेंशन संशोधन की बकाया राशि विशेष रूप कर जनवरी, 2016 से जनवरी , 2022 के दौरान सेवानिवृत्त पेंशनरों के लंबित ग्रेच्युटी, लीव-एनकैशमेंट, कम्युटेशन आदि के संशोधित आर्थिक लाभ का भुगतान न हो पाने पर सरकार के प्रति गहरी नाराजगी प्रकट की गई।

जिला प्रधान केसी गौतम व महासचिव शम्भू राम जसवाल ने उपस्थित सदस्यों को संघ गतिविधियों व अन्य विभिन्न जानकारियां दी गईं। जिला प्रधान ने दिनांक 27 मई को जिला चुनाव के लिए डेलीगेट्स की लिस्ट भेजने व चुनाव वाले दिन खंड पदाधिकारियों एवं डेलीगेट्स की उपस्थिति सुनिश्चित करने की अपील की गई।

पेंशनरों की लंबित मांगों के संबंध में जिला प्रधान ने कहा कि पेंशनरों के लंबित बकाया की राशि के भुगतान में सरकार लगातार उदासीनता ही दिखाई जा रही है। उन्होंने सदस्यों को आश्वासन दिया कि संघ की चुनाव प्रक्रिया पूरी होने के उपरांत इस बारे आगामी रणनीति बनाई जाएगी और अगर सरकार द्वारा वरिष्ठ नागरिकों को सड़कों पर उतारने के लिए बाध्य किया जाएगा तो पेंशनर्ज उससे भी गुरेज नहीं करेंगे जिसका पूरा दायित्व सरकार का ही हो। बैठक में बिझड़ी खंड इकाई सदस्य विचित्र सिंह, निवासी बिझड़ी व अन्य साथियों के निधन पर दो मिनट का मौन रखा गया।

बैठक में अजीत सिंह चौधरी, हरवंश लाल शर्मा, बालकृष्ण जसवाल, ताराचंद वर्मा, जगन्नाथ धीमान, रत्न चांगरा, स्नेह लता आनन्द, ललिता शर्मा, सुरक्षा कुमारी, किशोरी लाल, दलीप सिंह, सुरेंद्र कुमार, महेंद्र सिंह जसवाल, पुरुषोत्तम शर्मा, राम कृष्ण, सुदेश, प्रकाश चंद, केसी सोनी, शाम लाल, भगवान दास, राम लाल कौशल, मोहिंद्र, रत्ना राम, मदन लाल, सहित अन्य पेंशनर शामिल हुए।

## न्यूज ब्रीफ

### शिमला में एचआरटीसी बस और ट्रक में टक्कर, तीन लोग घायल

**अनंत ज्ञान, शिमला।** शिमला में शनिवार दोपहर को हिमाचल रोड ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन (एचआरटीसी) की बस और ट्रक की आमने-सामने टक्कर हो गई, जिससे 3 लोग घायल हो गई। हादसा हसन वैली में हुआ, जहां एचआरटीसी की बस नंबर एचपी06ए-6181 और एक आयशर ट्रक नंबर एचपी62-2516 की आमने-सामने की टक्कर हो गई। इसमें एक व्यक्ति दोनों टांगे टूट गईं। हादसा शनिवार दोपहर को हुआ। जब एचआरटीसी की बस हसन वैली में एक गाड़ी को ओवरटेक कर रही थी। ओवरटेक करते समय बस ट्रक से टकरा गई। इसमें तीन लोग घायल हो गए और एक व्यक्ति की हालत गंभीर है, जिसकी दोनों टांगें टूट गई हैं। सभी घायलों को इलाज के लिए इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज शिमला रेफर किया गया है। जहां उनका इलाज चल रहा है। घटना की सूचना मिलते ही ढली पुलिस थाने की टीम मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई।

### महिला ने ब्यास नदी में लगाई छलांग, मौत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** एक महिला द्वारा यहां भ्यूली पुल से ब्यास नदी में छलांग लगाई। हालांकि, आनन-फानन में कुछ लोगों ने उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह महिला जोगिंद्रनगर के लक्ष्मी बाजार में डेयरी का काम करती थी जहां से वह दोपहर के वक्त गायब हो गई थी। मृतका का नाम सुधा पुरी मालूम हुआ है। एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने कहा कि पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस हर पहलू की जांच कर रही है कि महिला से यह कदम क्यों उठाया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मामले का सही पटाक्षेप होगा।



### सड़क मार्ग अवरुद्ध करने के मामले में हाईकोर्ट जारी किया नोटिस

**पुष्पेंद्र, अनंत ज्ञान, शिमला।** सड़क मार्ग को अवरूद्ध करने से जुड़े मामले में कोर्ट के आदेशों की अवमानना करने पर प्रदेश हाईकोर्ट ने निजी तौर पर बनाए प्रतिवादियों को नोटिस जारी कर पूछा है कि क्यों न उनके खिलाफ अवमानना की कार्रवाई चलाई जाए । अर्की के गाहर-चमयावल सड़क मार्ग को अवरुद्ध करने से जुड़ी जनहित याचिका में मुख्य न्यायाधीश गुरमीत सिंह संधावालिया व न्यायाधीश रंजन शर्मा की खंडपीठ ने कहा कि प्रथम दृष्टया यह अवमानना का मामला बनता है। याचिका की सुनवाई के दौरान सोलन के उपायुक्त मनमोहन शर्मा पिछले आदेशों की अनुपालना में न्यायालय में उपस्थित थे। कोर्ट में अनुपालना हलफनामा प्रस्तुत किया गया, मगर न्यायालय इससे संतुष्ट नहीं हुआ। गौरतलब है कि 5 मार्च 2025 के स्थगन आदेश के बावजूद, बोरवेल की खुदाई के संबंध में यथास्थिति बरकरार नहीं रखी गई। कोर्ट ने कहा कि अधिकारी उक्त आदेश को लागू करने में विफल रहे हैं। कोर्ट ने अपने पिछले आदेश में कहा था कि सोलन के उपायुक्त प्रतिवादी एसडीएम व थाना प्रभारी अर्की को विवादित स्थल का निरीक्षण करने के लिए नियुक्त करेंगे और यदि प्रार्थी के आरोप सही पाए जाते हैं, तो प्रतिवादी यह सुनिश्चित करें कि मलबे और डंपिंग के कारण रास्ते में उत्पन्न बाधा को हटा दिया जाए और बोरवेल की खुदाई के संबंध में यथास्थिति बनाए रखी जाए।

# हिमाचल में नगर निकाय चुनाव का शंखनाद

## राज्य चुनाव आयोग ने 73 शहरी निकाय के वार्डों के डिलिमिटेशन के दिए आदेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**




हिमाचल प्रदेश में स्थानीय शहरी निकाय चुनाव का बिगुल बज गया है। राज्य निर्वाचन आयोग ने नगर निगम शिमला को छोड़कर अन्य सभी 73 नगर निगम, नगर परिषद और नगर पंचायत में वार्डों डिलिमिटेशन के आदेश जारी कर दिए है।

इन आदेशों के तहत सभी जिलों के डीसी को 15 जुलाई तक हर हाल में वार्डों के डिलिमिटेशन का काम पूरा करना होगा। आयोग ने वार्डबंदी की ड्यूटी में तैनात अधिकारियों-कर्मचारियों की ट्रांसफर पर भी पूर्णत प्रतिबंध लगा दिया है। जरूरी हुआ तो राज्य सरकार को निर्वाचन आयोग से मंजूरी लेकर अधिकारियों-कर्मचारियों की ट्रांसफर करानी होगी। चुनावी ड्यूटी वाले अधिकारियों को सरकार खुद ट्रांसफर नहीं कर पाएगी।

**एक जुलाई तक होगी वार्डबंदी**

आयोग ने नए वार्ड बनाने के लिए पूरा शेड्यूल जारी किया गया है। इसके मुताबिक 30 मई तक वार्ड बनाने से जुड़े प्रस्ताव तैयार करना होगा। 2 जून तक इन प्रस्ताव के प्रारूप को प्रकाशित करना होगा। संबंधित वार्डों की जनता 9 जून तक वार्डबंदी के प्रस्ताव पर आपत्ति एवं सुझाव संबंधित डीसी के पास दे सकेंगे।

**एक जुलाई से पहले डिलिमिटेशन**

**जनता** की आपत्ति और सुझाव का डीसी को 16 जून तक निपटारा करना होगा। यदि डीसी के फैसले पर किसी को आपत्ति होगी तो वह 7 दिन मंडलायुक्त के पास अपील कर सकेंगे। मंडलायुक्त को 5 दिन में जनता की अपील का निपटारा करना होगा। इसके बाद डीसी को हर एक जुलाई से पहले हर हाल में वार्डों का पुनर्गठन या डिलिमिटेशन पूरा करना होगा।

**11 जुलाई तक करनी होगी वार्डों में रिजर्वेशन**

**इस** साल नवंबर-दिसंबर में होने वाले चुनाव को देखते हुए 11 जुलाई तक सभी वार्डों की रिजर्वेशन करनी होगी। 15 जुलाई तक आरक्षित वार्डों की पूरी जानकारी चुनाव आयोग को देनी होगी और इसकी नोटिफिकेशन जारी करनी अनिवार्य की गई है।

**हिमाचल में 74 नगर निकाय**

**हिमाचल** प्रदेश में कुल 74 शहरी निकाय है। इनमें से शिमला नगर निगम को छोड़कर अन्य सभी शहरी निकाय में इसी साल चुनाव होने हैं। यह चुनाव 7 नगर निगम, 29 नगर परिषद और 37 नगर पंचायत में होने है। शहरी निकाय के साथ साथ 3600 से ज्यादा पंचायतों में भी चुनाव होने है। मगर आज की नोटिफिकेशन शहरी निकाय के वार्डों की डिलिमिटेशन को लेकर की गई है।

## डलहौजी में केंद्रीय मंत्री बोले-विकास कार्यों की गुणवत्ता को दें सर्वोच्च प्राथमिकता



केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री कमलेश पासवान के साथ छात्राएं।

**अनंत ज्ञान, चंबा**

डलहौजी स्थित सर्किट हाउस में केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री कमलेश पासवान की अध्यक्षता में विभिन्न केंद्र प्रायोजित योजनाओं की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में चंबा जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, मनरेगा और राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई।

अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी अमित मेहरा ने इन योजनाओं से संबंधित जिले की उपलब्धियों की जानकारी केंद्रीय मंत्री को दी। समीक्षा के दौरान केंद्रीय मंत्री ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे विकास कार्यों को तय समय सीमा में पूर्ण करें तथा कार्यों की गुणवत्ता को सर्वोच्च प्राथमिकता दें।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की प्राथमिकता है कि योजनाओं का लाभ सीधे आम जनता तक पहुंचे और उनकी वास्तविक प्रतिक्रिया से सरकार अवगत हो। बैठक से उन्होंने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से संवाद किया। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना और मनरेगा के लाभार्थियों के अलावा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं से भी मुलाकात की। महिलाओं ने उन्हें अपनी आजीविका गतिविधियों से अवगत करवाया और अनुभव साझा किए।

उन्होंने स्वयं सहायता समूहों द्वारा लगाए गए उत्पादों की प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया और महिलाओं द्वारा तैयार किए गए आर्टिफिशियल ज्वेलरी, खाद्य उत्पादों व उपहार वस्तुओं की सराहना की। उन्होंने महिलाओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि वे अपने व्यवसाय को बड़े स्तर पर विस्तार देने का प्रयास करें। इस अवसर पर एसडीएम डलहौजी अनिल भारद्वाज, जिला विकास अधिकारी ओम प्रकाश ठाकुर, लोनिवि के अधिषासी अभियंता अतुल शर्मा आदि मौजूद रहे।

## केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री से मिले डॉ. शांडिल

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान**

**शिमला।** स्वास्थ्य, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. (कर्नल) धनीराम शांडिल ने नई दिल्ली में केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी से भेंट की। डॉ. शांडिल ने निर्भया निधि से मुख्यमंत्री आदर्श ग्राम सुख-आश्रय परिसर परियोजना के लिए 132.41 करोड़ रुपए की धनराशि जारी करने का आग्रह किया।

उन्होंने अवगत करवाया कि मुख्यमंत्री आदर्श ग्राम सुख-आश्रय परिसर परियोजना के तहत एक ही स्थान पर आवासीय सुविधा के साथ-साथ प्रशिक्षण केंद्र और स्कूल/व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र व मनोरंजन से सम्बंधित सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी। इस केंद्र में अनाथ, परित्यक्त बच्चों, वृद्धाश्रमों में रहने वाले वृद्धजनों तथा शक्ति सदन में रहने वाली महिलाओं को रहने की सुविधा प्रदान की जाएगी। उन्होंने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए हिमाचल प्रदेश राज्य बाल कल्याण परिषद द्वारा संचालित बाल देखभाल संस्थानों के लंबित भुगतान के रूप में 3,68,76,538 रुपए की राशि जारी करने का भी आग्रह किया।



केंद्रीय मंत्री से मिलते डॉ. शांडिल।

वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 2.22 करोड़ रुपए की लंबित राशि जारी करने का भी आग्रह। उन्होंने पूर्ववर्ती राष्ट्रीय क्रेच योजना/पालना योजना के तहत वित्त वर्ष 2020-21 व 2021-22 के लिए 91.33 लाख रुपए, वित्त वर्ष 2022-23 के लिए 1.80 करोड़ रुपए तथा वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 2.22 करोड़ की लंबित राशि जारी करने का आग्रह किया।

शांडिल ने कहा कि वन-स्टॉप सेंटर, महिला हेल्पलाइन, शक्ति सदन, सखी निवास और महिला सशक्तिकरण हब के तहत प्रबंधन लागत वर्तमान में राज्य सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम वेतनमानकों से कम है, जिसे बराबर लाया जाना चाहिए। जिला सिरमौर स्थित पावंटा साहिब में सखी निवास के निर्माण के लिए अंतिम किस्त के रूप में 27.85 लाख की राशि जारी करने का आग्रह किया। पोषण अभियान के तहत केंद्र सरकार ने 2799.79 लाख रुपए की राशि जारी की है। इस राशि के अतिरिक्त स्मार्ट फोन के लिए 804.68 लाख की अतिरिक्त राशि के साथ 1831 लाख रुपए की लंबित देनदारियां भी हैं। उन्होंने इसके दृष्टिगत भी धनराशि के लिए आग्रह किया।

## कांग्रेस ने की राज्य की हालत खराब : जयराम

**अनिल नेगी, अनंत ज्ञान**

**रिकांगपिओ।** जिला किन्नौर पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने रिकांगपीओ में मीडिया से कहा कि प्रदेश की सरकार ने प्रदेश में न तो विकास किए न जनता के वादों पर खरे उतरे है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था चरमरा गई है और विकास के कार्यों को लेकर तो सरकार जरा भी चिंता नहीं कर रही है।

उन्होंने कहा कि आज प्रदेश के अंदर जनजातीय समुदाय से संबंध रखने वाले एक ईमानदार एचपीसीएल के अधिकारी विमल नेगी की मौत को लेकर भी सरकार गंभीर नहीं हुई, ऐसे में विमल नेगी के परिजनों ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाने का काम किया।

उन्होंने कहा कि कोर्ट ने मामले में गड़बड़ी न हो, इसलिए सीबीआई जांच में हिमाचल कैडर के अधिकारियों को इस मामले में संलिप्त नहीं करने के आदेश भी दिए है।



जयराम ठाकुर पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत करते हुए।

**बोले-स्थानीय विधायक भी नहीं कर रहे काम**

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार विमल नेगी मामले में चुप रही और सीबीआई जांच का विरोध करती रही। उन्होंने कहा कि जिला के अधिकारी के साथ इतना कुछ हुआ, लेकिन स्थानीय विधायक एवं केबिनेट मंत्री जगत सिंह नेगी न तो विमल नेगी के परिवार से मिले और न ही उनकी किसी प्रकार की सहायता की, बल्कि सीबीआई जांच की मांग को रोकने व प्रदेश सरकार की जांच कमेटी को सही बोलते रहे। उन्होंने प्रदेश हाईकोर्ट के आदेश का स्वागत किया है और जल्द ही आरोपियों पर कार्यवाही की बात कही है।

## हिमाचल में अभिभावकों को बड़ी राहत स्टूडेंट्स के बस पास का किराया घटा

**अनंत ज्ञान, शिमला**




राज्य सरकार ने राजधानी शिमला के निजी स्कूल बच्चों व उनके अभिभावकों को राहत दी है। निजी स्कूलों के बच्चों के बस पास की दरों में संशोधन किया गया है। सरकार ने बस पास की दरों में संशोधन के साथ दूरी को भी संशोधित किया है। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने प्रेसवार्ता में यह जानकारी दी।

जीरो से 5 किलोमीटर तक पहले 1800 रुपए बस पास का किराया तय किया गया था। इसे अब 0-6 किलोमीटर का 1200 रुपए प्रति माह बस पास के देने होंगे। इसी तरह 6 से 11 किलोमीटर किराए के स्लैब को अब 6 से 12 किलोमीटर कर दिया है। इसका किराया अब 2500 की जगह 1800 रुपए लिया जाएगा। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि एक स्लैब में 600 और दूसरे स्लैब में 700 रुपए की कटौती की गई है। 12 किलोमीटर से ज्यादा की दूरी पर 2000 रुपए के हिसाब से बस पास बनेगा। एचआरटीसी निदेशक मंडल की 19 फरवरी को आयोजित बैठक में यह निर्णय लिया गया था।

## लैंडस्लाइड से मजदूर की मौत, एक घायल

**ओपी शर्मा, अनंत ज्ञान**



**भरमौर।** होली नया ग्राम बड़ाभंगाल निर्माणाधीन सड़क पर ग्रगु नाला के पास भारी लैंडस्लाइड के चलते एक मजदूर की दबकर मौके पर मौत हो गई है, जबकि एक घायल हो गया। मृतक की पहचान लोकेंद्र कुमार गांव धार्टो ग्राम पंचायत गुराड चंबा के रूप में हुई है, जबकि कुंडी निवासी मनोज कुमार इस हादसे में घायल हुआ है।

घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने घटनास्थल पर जाकर मृतक के शव को कब्जे में ले लिया है और पोस्टमार्टम करवाने के बाद शव परिजनों के हवाले कर दिया जाएगा। घायल मनोज कुमार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र होली में प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज चंबा रैफर कर दिया गया है। जानकारी के मुताबिक शनिवार सुबह 10 बजे के करीब यह हादसा हुआ है जब सड़क के निर्माण के दौरान ठेकेदार की लेबर वहां पर काम कर रही थी। इस दौरान अचानक ऊपर से भारी लैंडस्लाइड हुआ। हादसे के वक्त वहां पर 7 से 8 व्यक्ति काम कर रहे थे। पांच लोग घटना के समय भागने में कामयाब रहे, जबकि दो व्यक्ति पानी के टैंकर के नीचे छांव में बैठे हुए थे। इस दौरान वह भारी लैंड साइड की चपेट में आ गए।

चंबा और कांगड़ा को जोड़ने वाली बजोल बड़ाभंगाल सड़क निर्माण के दौरान बड़ी परियोजना के तहत इस सड़क का निर्माण हो रहा है। शनिवार सुबह 10 बजे के करीब यहां पर हल्के पत्थर गिरने शुरू हुए थे। जिसको देखकर कुछ लोग भाग गए, जबकि दो लोग पानी के टैंकर के नीचे चौक में बैठे हुए थे, इस दौरान एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। जिसके शव को जेसीबी मशीन द्वारा निकाला गया। एसएचओ भरमौर बाबूराम ने कहा है कि घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस को मौके पर भेज दिया है और मृतक का पोस्टमार्टम करवाने के बाद शव परिजनों के हवाले कर दिए जाएगा।

## भरमौर की बदहाल स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर हाईकोर्ट पहुंचे जनक राज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



पत्रकार वार्ता को संबोधित करते डॉ. जनक राज।

भाजपा के भरमौर से विधायक्ष डॉ. जनक राज ने शिमला में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि मैंने अपनी विधानसभा में बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर हिमाचल प्रदेश सरकार पर हाईकोर्ट में केस किया है, जिसकी अगली सुनवाई 28 मई को है। मैंने अपने क्षेत्र के समस्याओं को मीडिया, सोशल मीडिया और विधानसभा में भी उठाया।

विधानसभा में स्वास्थ्य मंत्री और विधानसभा अध्यक्ष के आश्वासन के बावजूद भी कोई समाधान नहीं हुआ और मजबूरन मुझे हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाना पड़ा। हमारे लिए सबसे बड़ा मंच विधानसभा होती है, जहां हम जनता की आवाज उठाते हैं, पर अफसोस इस बात का है, कि हमारी आवाज को विधानसभा में अनसुना का दिया गया। उन्होंने कहा कि मेरे विधानसभा क्षेत्र में आज भी विकास की गति बिलकुल धीमी है या यूं कह सकते हैं कि विकास रुक चुका है। स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है और जनता पूरी तरह से परेशान है। मैं सभी मीडिया कर्मियों को निमंत्रण देता हूं कि आप मेरे विधानसभा क्षेत्र आएं और मेरे साथ घूमें। आपको स्वयं पता लग जाएगा कि आज भी भरमौर पूरी तरह से जन सुविधाओं से वंचित है और तमाम जन सेवाओं का इंतजार कर रहा है। स्वास्थ्य सुविधा केंद्र भरमौर, होली, खिलाफ, चूड़ी, मंडल, जगत और गैरोला में एक भी डॉक्टर उपस्थित नहीं है और जनता को स्वास्थ्य लाभ कैसे मिलेगा। पूरी विधानसभा क्षेत्र में केवल 2 डॉक्टर मौजूद है और बाकी सभी विभागों की सभी पोस्ट खाली चल रही हैं।

**हवाई साबित हुईं सीएम सुक्खू की घोषणाएं**

**मुख्यमंत्री** भरमौर के दौरे पर आए थे और जनता की आंखों में धूल झोंक के चले गए, पहले तो उनको दौरे के दौरान बड़ी जल्दबाजी थी और उसके बाद जो भी घोषणाएं सीएम ने करी, आज तक एक भी घोषणा न तो धरातल पर उतर पाई और न ही उसकी कोई फाइल चल पाई। उन्होंने कहा कि सरकारी अफसर भी भरमौर की अनदेखी कर रहे हैं, न तो वहां सड़कों का कार्य हो रहा है और न ही जल आपूर्ति का और जितनी भी वहां पर जन सुविधाएं हैं, उसमें भी अफसर गंभीर नहीं है। ऐसा प्रतीत होता है कि सरकार के अफसर भी कांग्रेस सरकार के दबाव में काम कर रहे हैं।

## बिगड़ती कानून व्यवस्था के लिए कांग्रेस सरकार पूरी तरह जिम्मेदार : राजीव बिंदल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने सरकार और पुलिस के अंतरद्वंद का मामला उठाते हुए कहा हिमाचल प्रदेश की बिगड़ती कानून व्यवस्था के लिए पूरी तरह से वर्तमान कांग्रेस सरकार जिम्मेदार है। यह बात एसपी शिमला द्वारा की गई प्रेस कॉन्फ्रेंस से पूरी तरह से साबित होती है।

**आपस में उलझने लगी पुलिस, कानून व्यवस्था लगी बिगड़ने**



बिंदल ने कहा कि एसपी शिमला ने डीजीपी पर अनेक प्रकार के प्रश्न खड़े किए। अन्य अधिकारियों के ऊपर जैसे चीफ सेक्रेटरी, पूर्व डीजीपी, अन्य इंक्वायरीज पर, एफिडेविट्स पर और एक मामले में नहीं, अनेक मामले में उन्होंने गंभीर प्रश्न खड़े किए हैं।

**नेगी मामले पर खड़े हुए सवाल**

**एसपी** ने विमल नेगी जी के रहस्यमई मृत्यु पर अनेक इंक्रायरी से जुड़े हुए प्रश्न खड़े किए और इसके विपरीत जो पुलिस के महानिदेशक हैं उन्होंने सुपरिडेंट ऑफ पुलिस के खिलाफ अनेक प्रकार की बातें रखी हैं।

## हाइड्रो इंजीनियरिंग कॉलेज बंदला के प्राचार्य के खिलाफ जांच रिपोर्ट तैयार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

हाइड्रो इंजीनियरिंग कॉलेज बंदला के निदेशक एवं प्राचार्य के खिलाफ छेड़छाड़ के गंभीर आरोपों की जांच के लिए गठित समिति ने अपनी रिपोर्ट तकनीकी शिक्षा निदेशक को सौंप दी है। शनिवार शाम को यह रिपोर्ट निदेशक अक्षय सूद को प्राप्त हो गई, जिसे सोमवार को तकनीकी शिक्षा सचिव को भेजा जाएगा।

हालांकि, रिपोर्ट की सामग्री को लेकर समिति प्रमुख और निदेशक ने कोई स्पष्ट टिप्पणी नहीं की है, लेकिन सूत्रों के अनुसार, रिपोर्ट प्राचार्य के खिलाफ है। बताया जा रहा है कि जांच समिति ने कॉलेज की 35 छात्राओं के बयान दर्ज किए, जिनमें सभी ने प्राचार्य के खिलाफ आरोप लगाए। इनमें से चार छात्राओं ने पहले भी सार्वजनिक तौर पर प्राचार्य के विरुद्ध अपने बयान दिए थे।

**सोमवार को भेजी जाएगी सचिव को**

गौरतलब है कि पांच दिन पहले कॉलेज की एक छात्रा से छेड़छाड़ का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर वायरल हुआ था। इस घटना की शिकायत जनवरी माह में ई-समाधान पोर्टल पर की गई थी, लेकिन वीडियो सामने आने के बाद ही विभागीय कार्रवाई शुरू हुई। बीते वीरवार को कॉलेज के छात्रों ने परिसर में प्रदर्शन कर हंगामा किया, जिसके बाद पुलिस ने प्राचार्य को हिरासत में लिया। शुक्रवार को उन्हें नोटिस देकर रिहा कर दिया गया। तकनीकी शिक्षा निदेशक अक्षय सूद ने पुष्टि की कि रिपोर्ट उनके पास पहुंच चुकी है और सोमवार को इसे तकनीकी शिक्षा सचिव को भेजा जाएगा। अब आगे की कार्रवाई का निर्णय सचिव स्तर पर लिया जाएगा।

**उद्घाटन** केंद्रीय मंत्री गिरीराज सिंह ने किया उद्घाटन, कहा- देश में तकनीकी वस्त्र की अपार संभावनाएं

## निफ्ट कांगड़ा को छात्रावास व संकाय आवास की सौगात

**आशीष दमीर, अनंत ज्ञान**

**कांगड़ा।** राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान (निफ्ट) कांगड़ा में शनिवार को केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरीराज सिंह ने नवनिर्मित छात्रावास शिवालिक, संकाय वर्ग के लिए संकाय आवास सतलुज और संकाय केबिन का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर अपने संबोधन में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि देश में तकनीकी वस्त्र की अपार संभावनाएं हैं क्योंकि इसका उपयोग सभी क्षेत्रों में किया जाता है और 2030 तक 10 बिलियन अमेरिकी डॉलर का निर्यात लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि 1 करोड़ कारीगर हथकरघा और हस्तशिल्प क्षेत्र से जुड़े हुए हैं और मंत्रालय इस क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न पहल कर रहा है। उन्होंने कहा कि देशभर के निफ्ट युवाओं को कौशल विकास तथा दक्षता प्रदान करने में अहम भूमिका निभा रहे हैं, ताकि इन संस्थानों से शिक्षा प्राप्त करने के पश्चात स्वयं के उद्योग स्थापित कर अन्यों को भी रोजगार के अवसर प्रदान कर सकें। भारत टेक्स एक विशाल मंच है जो भारत को कपड़ा क्षेत्र में विदेशी निवेश आकर्षित करने में मदद करेगा और भारत को 4एस - स्टाइल, स्केल, स्किल और सस्टेनेबिलिटी हासिल करने में मदद करेगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने छात्रों के फैशन क्षेत्र की व्यापकता और चुनौतियों को लेकर संवाद भी किया।



उद्घाटन मौके पर मौजूद केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह, सांसद व अन्य।

वार्तालाप का सत्र ज्ञानवर्धक होने के साथ-साथ मनोरंजक भी था। हिमाचल प्रदेश के छात्रों को भी फैशन के क्षेत्र में बढ़-चढ़ कर भाग लेने के लिए प्रेरित करने के लिए कहा गया। निफ्ट के निदेशक डॉ. राहुल चंद्रा ने उद्घाटन समारोह का समापन अपने धन्यवाद भाषण से किया। उन्होंने इस अवसर पर स्थानीय प्रशासन के प्रतिनिधियों को भी उनके निरंतर सहयोग और समर्थन के लिए धन्यवाद प्रदान किया।

इसके बाद केंद्रीय मंत्री ने पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए है कि राहुल गांधी तो लगते ही नहीं कि यहां के हैं, उनकी जुबान पाकिस्तान की है। इस अवसर पर लोकसभा सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज, राज्यसभा सांसद इंदु गोस्वामी, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष विपिन परमार, विधायक पवन काजल, महानिदेशक तनु कश्यप आदि उपस्थित थे।

## बोर्ड परिणाम में अनियमितता और शुल्क वृद्धि पर भड़की एबीवीपी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

एबीवीपी की प्रदेश मंत्री नैंसी अटल ने बयान जारी करते हुए कहा कि हिमाचल स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित हालिया मेट्रिक (10वीं) और जमा दो (10+2) परीक्षाओं के परिणामों में भारी अनियमितताओं और बोर्ड की पुनर्मूल्यांकन में की गई सौ प्रतिशत शुल्क वृद्धि मंजूर नहीं है।

**बोर्ड की आय बढ़ाने के नाम पर छात्रों का शोषण**



स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा इस वर्ष परीक्षा परिणाम दो चरणों में घोषित किए गए, जिसमें पहले चरण में बहुत से विद्यार्थियों को बिना किसी ठोस कारण के अनुत्तीर्ण कर दिया गया, इसके पश्चात दूसरे चरण में वही छात्र उत्तीर्ण घोषित कर दिए गए। इस प्रक्रिया ने ना केवल छात्रों को मानसिक रूप से प्रताड़ित किया, बल्कि उनके आत्मविश्वास और भविष्य पर भी गहरा आघात पहुंचाया। यह स्पष्ट है कि यह एक सुनियोजित षड्यंत्र था, जिससे छात्रों को 'री-चेकिंग' व 'री-वैल्यूएशन' जैसी प्रक्रियाओं की ओर मजबूर किया गया और बोर्ड की आय में वृद्धि करने की योजना बनाई गई।

प्रदेश मंत्री नैंसी अटल ने कहा कि चिंता का विषय यह है कि शिक्षा बोर्ड ने री-चेकिंग और री-वैल्यूएशन की फीस में 100 फीसदी की वृद्धि कर दी है। पहले जहां री-चेकिंग की फीस 400 रुपए थी, अब उसे 800 रुपए कर दिया गया है, वहीं री-वैल्यूएशन की फीस 500 रुपए से बढ़ाकर 1000 रुपए कर दी गई है। यह बढ़ोतरी न केवल अनुचित है, बल्कि निम्न व मध्यमवर्गीय परिवारों पर अत्यधिक आर्थिक बोझ डालने वाली भी है।

## न्यूज ब्रीफ

### स्वर्ण पब्लिक स्कूल के बच्चों ने चमकाया नाम



**राजन ढींगरा, अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** स्वर्ण पब्लिक वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नगरोटा बगवां का दसवीं कक्षा और बारहवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। बारहवीं कक्षा में कुल 20 विद्यार्थी परीक्षा में बैठे और उसमें सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। इसमें विशाली राणा पुत्री विशाल राणा 92.6प्रतिशत अंक लेकर प्रथम, उर्वी पुत्री मोहन सिंह 92 प्रतिशत लेकर दूसरे स्थान पर, जबकि आदित्य सिंह पुत्र राजिंदर सिंह तथा नेहा पुत्री रमेश कुमार तीसरे स्थान पर रहे। स्कूल के निदेशक कैप्टन विक्रम सिंह ने इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए इनके अभिभावकों और शिक्षकों को बधाई दी है।

### अश्वनी पब्लिक में होनहार किए सम्मानित



**अनंत ज्ञान, गगल।** क्षेत्र के तहत अश्वनी मेमोरियल पब्लिक हाई स्कूल बगली में शनिवार को दसवीं कक्षा की मेरिट में आए होनहार सम्मानित किए गए। कार्यक्रम में एकता फाउंडेशन के संयोजक व समाजसेवी सतीश चौधरी ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। स्कूल प्रबंधक व शिक्षाविद चुनी लाल ने सर्वप्रथम मुख्यातिथि सतीश चौधरी का स्वागत किया। छात्रा पलक ने 93, शाइन चौधरी ने 91 व आयुष ने 90 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। इन सभी छात्रों को बधाई देते हुए सतीश चौधरी ने कहा कि ये होनहार देश-प्रदेश का भविष्य हैं।

### शरारती तत्वों ने विश्रामगृह जवाली को पहुंचाया नुकसान

**अनंत ज्ञान, जवाली।** जल शक्ति विभाग जवाली के विश्रामगृह में कुछ शरारती तत्वों की ओर से हुड़दंगबाजी करने व विश्रामगृह के फर्नीचर को नुकसान पहुंचाने का मामला उजागर हुआ है। इसके वीडियो भी अधिशाषी अभियंता जवाली की ओर से वायरल करके सार्वजनिक किए गए हैं। अधिशाषी अभियंता अजय शर्मा ने वायरल वीडियो में बताया कि यूथ कांग्रेस के कुछ कार्यकर्ता शुक्रवार रात को विश्रामगृह में बिना अनुमति लिए आए हुए थे तथा उन्होंने विश्रामगृह में शराब का सेवन किया। गंदे हाथ सोफे इत्यादि से साफ किए। शराब की बोतलों को तोड़कर फेंका तथा कपड़े भी फाड़ कर फेंके हैं। यह जानकारी विश्रामगृह के कर्मियों ने दी है। अजय शर्मा ने बताया कि सारी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद है तथा इसकी थाना जवाली में शिकायत दर्ज करवाई जाएगी। उन्होंने कहा कि रेस्ट हाउस में हुड़दंगबाजी सहन नहीं की जाएगी।

### उपभोक्ता 31 तक जमा करवाएं बिजली बिल

**अनंत ज्ञान, देहरा।** विद्युत उपमंडल देहरा के सहायक अभियंता शांति भूषण ने बताया कि विद्युत उपमंडल देहरा में आने वाले उपभोक्ता मई माह का बिजली बिल 31 मई तक जमा करना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि बिजली का बिल जमा न करवाने की स्थिति में तय नियमों के अनुसार बिजली कनेक्शन काट दिए जाएंगे और जिन उपभोक्ताओं ने अपने केवाइसी नहीं करवाई है, वे उपभोक्ता 31 मई तक अपनी केवाइसी करवाना सुनिश्चित करें। साथ ही उन्होंने उपभोक्ताओं से सहयोग करने की अपील की है।

### अंजलीना ने पास की सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा



**शिव गुलेरिया, अनंत ज्ञान, नगरोटा सूरियां।** इंडियन स्कूल ऑफ एक्सीलेंस की छात्रा अंजलीना चावला ने 9वीं कक्षा के लिए सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा में सफलता प्राप्त की है। अंजलीना की यह सफलता हासिल कर न केवल स्कूल का नाम रोशन किया है, बल्कि अन्य छात्रों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनी है। स्कूल प्रबंधन ने अंजलीना और उनके परिवार को इस सफलता पर बधाई दी है।

# जयसिंहपुर में तिरंगा यात्रा में लगे भारत माता के जयघोष

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर**

**जयसिंहपुर** में शनिवार को भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई, जिसकी अध्यक्षता पूर्व विधायक रविंद्र धीमान ने की। यात्रा में सेवानिवृत्त सैनिकों, युवाओं और महिलाओं सहित बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया।

भारत माता की जय और 'वंदे मातरम' के नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। रविंद्र धीमान ने कहा कि यह मोदी का भारत है, जो छेड़ेगा, वो छोड़ा नहीं जाएगा। उन्होंने बताया कि भारत अब आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति पर काम कर रहा है। पहलगाम हमले के बाद सेना ने पाकिस्तान में घुसकर 9 आतंकी ठिकानों को तबाह किया। पुलवामा, उरी, पहलगाम जैसे हमलों के बाद भारत ने कड़ा जवाब दिया। मोदी ने सऊदी दौरा बीच में छोड़कर देश लौटते ही सुरक्षा समिति की बैठक कर एयरबेस तबाह करने जैसे एक्शन लिए। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ। अब हर आतंकी हमला युद्ध माना जाएगा। तिरंगा यात्रा में रिटायर कर्नल डीसी. राणा, देवेंद्र राणा, संजीव ठाकुर, कुलवंत राणा, हरिदत्त शर्मा, राजेश सुग्गा, कैप्टन दिलेर सिंह, अजय पठानिया, सरस्वती जरयाल, रणबीर, विनोद शर्मा, अरुण, शिवा कटोच, धर्मेंद्र जोली सिंह, हरिदास, पंकज ठाकुर, अंकुश धीमान सहित आदि उपस्थित रहे।




पूर्व विधायक रविंद्र धीमान की अध्यक्षता में तिरंगा रैली निकालते भाजपा कार्यकर्ता।

## स्कूल शिक्षा बोर्ड की कार्यप्रणाली का एबीवीपी ने किया विरोध

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद एबीवीपी की प्रदेश मंत्री नैंसी अटल ने प्रेस बयान में कहा कि प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की ओर से घोषित मेट्रिक (10वीं) और जमा दो (10+2) परीक्षाओं के परिणामों में भारी अनियमितताओं और बोर्ड की पुनर्मूल्यांकन में की गई सौ प्रतिशत शुल्क वृद्धि के खिलाफ गहरा रोष प्रकट करता है। बोर्ड ने इस वर्ष परीक्षा परिणाम दो चरणों में घोषित किए गए। पहले चरण में बहुत से विद्यार्थियों को बिना किसी ठोस कारण के अनुत्तीर्ण कर दिया गया। इसके पश्चात दूसरे चरण में वही छात्र उत्तीर्ण घोषित कर दिए गए। इस प्रक्रिया ने न केवल छात्रों को मानसिक रूप से प्रताड़ित किया, बल्कि उनके आत्मविश्वास और भविष्य पर भी गहरा आघात पहुंचाया। यह स्पष्ट है कि यह एक सुनियोजित षड्यंत्र था।

# मीरथल फायरिंग मामले में गिरफ्तार 3 युवकों से हेरोइन, पिस्तौल बरामद

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान**

▶ पंजाब पुलिस कर रही आरोपियों से पूछताछ

**पठानकोट।** एसएसपी पठानकोट दलजिंदर सिंह ढिल्लों ने बताया कि मीरथल पुलिस नाके पर फायरिंग करने वाले गैंगस्टरों से पूछताछ की गई। पठानकोट-जालंधर राष्ट्रीय राजमार्ग पर पुलिस थाना नंगल भूर के अधीन गांव मीरथल में नाके के दौरान पठानकोट पुलिस ने गोलीबारी के बाद तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया था। इस अभियान में अवैध हथियार, नशीले पदार्थ और वाहन जब्त किए गए। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी शावी उर्फ नागर पुत्र सुनील निवासी प्रेमनगर, सुजानपुर (पहले होशियारपुर), धीरज कुमार पुत्र रिंकू निवासी चक दरबखान, कठुआ (जम्मू-कश्मीर) व शिव कुमार पुत्र कुलदीप निवासी टांडा, इंदौरा (हिमाचल प्रदेश) के पास से कार, 9 एमएम पिस्तौल, जिंदा कारतूस के अलावा 263.3 ग्राम हेरोइन बरामद की गई है। पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर लिया गया। तीनों के खिलाफ मामला दर्ज कर छानबीन जारी है।

गौर रहे कि यह नशा तस्कर हिमाचल की सीमा मिलवा को पार करके जैसे ही पंजाब के ब्यास दरिया को पार करके मिरथल नाके पर पहुंचे तो पुलिस को देखकर सड़क के दूसरी तरफ से कार को भगाकर ले गए। गोलाबारी के दौरान एक नशा तस्कर को गोली लग गई थी, जिसका इंदौरा अस्पताल से टांडा रेफर कर किया गया था। उसकी कार को भी बरामद कर लिया था। दो अन्य आरोपी जो भाग कर कंडवाल की तरफ चले गए थे, उनको हिमाचल पुलिस ने गिरफ्तार किया था।

## स्कूल बोर्ड का एक और कारनामा

# पहले 3 विषयों में फेल फिर प्रथम श्रेणी में पास

**रविंद्र चौधरी, अनंत ज्ञान**

**फतेहपुर।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड का जमा दो के परीक्षा परिणाम में एक और कारनामा सामने आया है। ग्रेटवे पब्लिक स्कूल राजा का तालाब के छात्र निक्षय पठानिया पुत्र रविंद्र पठानिया का जब जमा दो का परीक्षा परिणाम आया, तो उसे तीन विषयों में फेल बताया गया। अंग्रेजी विषय में 24 अंक, फिजिक्स में 17 अंक और केमिस्ट्री में 16 अंक दर्शाए गए।



अंग्रेजी विषय के संशोधन के बाद जब उसका परीक्षा परिणाम आया तो निक्षय पठानिया के अंग्रेजी में 52, फिजिक्स में 59 और केमिस्ट्री में 59 अंक व दो अन्य विषयों सहित अंकों का कुल योग 344 बना, जिसका प्रतिशत 68.8 बन रहा है। इस तरह से फेल दर्शाए गए छात्र का 68.8 फीसदी अंकों के साथ प्रथम श्रेणी में पास होना लोगों में आम चर्चा का विषय बन गया है कि जब निक्षय पठानिया पहले तीन विषयों में फेल था, तो केवल एक पेपर के संशोधन के उपरांत तीनों पेपरों में वो कैसे पास हो गया और उसके इतने नंबर अचानक कैसे बढ़ गए। इस बात को लेकर लोग कहने को मजबूर हो गए हैं कि इतनी बड़ी लापरवाही किसकी वजह से हुई। विभागीय स्टाफ पर प्रश्नचिन्ह भी खड़ा हो रहा है। कि इतनी बड़ी चूक हुई तो कैसे हुई, क्योंकि अकसर बच्चे इस तरह की लापरवाही से निराशा में चले जाते हैं। और गंभीर कदम उठाने को मजबूर हो जाते हैं।

# पीएनबी ने शहीद पवन के परिजनों को भेंट किया 1.10 करोड़ का चेक




शहीद सूबेदार मेजर पवन कुमार की पत्नी को चेक भेंट करते पीएनबी के अधिकारी।

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला/शाहपुर**

**जम्मू**-कश्मीर के पुंछ में पाकिस्तान की तरफ से की गई गोलाबारी में शहीद हुए शाहपुर से संबंध रखने वाले सूबेदार मेजर पवन कुमार के परिवार को पंजाब नेशनल बैंक ने एक करोड़ दस लाख रुपए ही राहत राशि का चेक भेंट किया।

पंजाब नेशनल बैंक के सर्किल हेड संजय धर व शाहपुर ब्रांच के मैनेजर राकेश शर्मा ने शहीद पवन कुमार के घर जाकर उनकी पत्नी सुषमा देवी को उपरोक्त राशि का चेक सौंपा। शहीद के परिवार को यह राशि पंजाब नेशनल बैंक की रक्षक प्लस योजना के तहत प्रदान की है। इस दौरान शहीद के पिता गरजो राम, बेटा अभिषेक, बेटी अनामिका अश्वनी शर्मा भी मौजूद थे।

शहीद पवन कुमार ने पंजाब नेशनल बैंक से पहले ही यह योजना ले रखी थी। संजय धर ने शहीद पवन को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि उनकी कमी को तो हम पूरा नहीं कर सकते, लेकिन परिवार को आर्थिक रूप से कोई दिक्कत न आए, उसके लिए यह राशि भेंट की है।

शहीद पवन ने पीएनबी की रक्षक पल्स योजना ले रखी थी। इसी योजना के तहत एक करोड़ का बीमा कवर के साथ अन्य लाभों के तहत 10 लाख रुपए की राशि उनके परिवार को सौंपी गई।

## प्रदेश हाईकोर्ट के फैसले से विस्थापितों में खुशी

**अनंत ज्ञान, गगल।** प्रदेश उच्च न्यायालय की ओर से भूमि अधिग्रहण मामले में दिए गए महत्वपूर्ण फैसले के बाद इलाके के उन विस्थापितों में खुशी की लहर छा गई है। जिन लोगों की भूमि गगल हवाई अड्डे या फोरलेन या किसी अन्य योजना में सरकार की ओर से अधिग्रहण किया जा रहा था। ज्ञात रहे शुक्रवार को एक याचिका पर फैसला सुनाते हुए माननीय उच्च न्यायालय ने सरकार को आदेश दिया के सरकार कोई भी किसी भी प्रोजेक्ट के लिए भूमि अधिग्रहण के बदले मुआवजा राशि 215 नियमों के तहत नहीं बल्कि वर्ष 2013 के भूमि अधिग्रहण नियम के तहत प्रदान करें। गौर रहे कि वर्ष 2015 में तत्कालीन सरकार ने भूमि अधिग्रहण मामले में संशोधन करके नहीं अधिसूचना जारी की थी, जिसमें दो गुना मुआवजा देने का प्रावधान था यानी एक फैक्टर, जबकि वर्ष 2013 के तहत यह राशि डबल फैक्टर दी जानी निश्चित हुई है, जो की चार गुना बनती है। इस पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए गगल व्यापार मंडल के प्रधान देवेंद्र कोहली और अन्य विस्थापितों ने कहा के प्रदेश उच्च न्यायालय के इस महत्वपूर्ण फैसले का लाभ प्रदेश के उन हजारों परिवारों को मिलेगा, जिनकी जमीन में विभिन्न प्रोजेक्टों में सरकार की ओर से जिनकी जमीनें अधिग्रहित की जा रही है। कुल मिलाकर इसमें अब उच्च न्यायालय ने भी इसकी तिथि भी निर्धारित कर दी है। इसके चलते इस नियम के तहत सभी मुआवजा वर्ष 2013 के नियम के तहत 30 सितंबर तक अदा करने के आदेश दिए गए हैं।



## अनंत स्वरूप

# गर्मियों की धूप से चेहरा काला पड़ गया तो अपनाएं घरेलू उपाय



**शहनाज हुसैन**
*लेखिका अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त सौंदर्य विशेषज्ञ है और हर्बल क्वीन के रूप में विख्यात*

***गर्मियों का मौसम हो और चेहरे पर धूप का असर न दिखे, ऐसा कम ही होता है। गर्मियों में सबसे ज्यादा लोग टैनिंग को लेकर परेशान रहते हैं। हलांकि, कुछ लोग चेहरे पर कपड़ा बांधकर निकलते हैं, लेकिन कड़कती धूप से बचने के लाख जतन करके भी इससे पूरी तरह बचना मुश्किल हो जाता है। गर्मियों में घर से बाहर निकलने पर या गर्मियों की छुट्टियों में समुद्र तट घूमते हैं, तो आपकी त्वचा सूर्य की अल्ट्रा वायलेट किरणों के संपर्क में आने, प्रदूषण और गंदगी के संपर्क में आने से सांवली पड़ जाती है। चेहरे पर सनटेन की वजह से चेहरे का सही रंग चला जाता है और चेहरे का आकर्षण भी खत्म हो जाता है, जिससे चेहरा डल दिखाई देने लगता है। इस मौसम में सनटेन से छुटकारा प्राप्त करने के लिए कई बार लोग बड़ी कंपनियों के महंगे उत्पादों का उपयोग करते हैं, लेकिन यह उत्पाद कई बार त्वचा के अनुकूल नहीं होते, जिसकी वजह से त्वचा की अनेक समस्याएं खड़ी हो जाती हैं। ऐसे में धूप से बचने के लिए आप कुछ होम मेड फेस पैक का इस्तेमाल कर सकती हैं, जोकि आपकी त्वचा को मुलायम और कोमल बनाए रखेंगे।***

**पपीता फेस पैक:** यदि आपका चेहरा धूप में अधिक समय तक रहने से काला पड़ गया है, तो पपीते का



फेस पैक काफी मददगार साबित हो सकता है। इसके लिए आप पका हुआ पपीता और नींबू लें और पपीते का छिलका उतारकर उसे छोटे-छोटे टुकड़ों में काटकर मैश कर लें और इसमें नींबू की कुछ बूंदें मिला लें। इस मिश्रण को चेहरे पर लगाकर प्राकृतिक तरीके से सूखने के बाद ताजे पानी से चेहरा धो डालें। इसे आप रोजाना नियमित रूप से लगा सकती हैं। सनटेन हटाने के लिए शहद और पपीते का फेस पैक भी काफी सहायक होता है। आप थोड़ा सा पपीता मैश करके इसमें कुछ बूंदें शहद की मिलाकर फेस पैक तैयार कर लें। इस मिश्रण को अपने चेहरे पर लगाकर सूखने दें और बाद में साफ ताजे पानी से धो डालें। यह पैक सनटेन को हटाने के साथ ही त्वचा को पौषण भी देता है जिससे आपकी त्वचा कोमल बन जाती है।

**नींबू का फेस पैक :** नींबू का फेस पैक बनाने के लिए एक चम्मच नींबू का रस, एक चमच्च शहद और



एक चम्मच दूध को कटोरी में मिलाकर मिश्रण बना लें। इस मिश्रण को चेहरे पर आधा घंटा लगा रहने दें और बाद में साफ ताजे पानी से धो डालें। यह त्वचा की रंगत निखारने का प्राकृतिक तरीका है। दूध में विद्यमान प्राकृतिक वसा और खनिज त्वचा को टोन करते हैं और मैग्निसियम, कैल्शियम आदि त्वचा को पौषण प्रदान करते हैं। एक चम्मच चीनी और एक चम्मच नींबू जूस को मिलाकर पेस्ट बना लें। इस पेस्ट को अपने चेहरे पर लगाकर आहिस्ता से स्क्रब कर लें और कुछ समय बाद साफ पानी से धो डालें। इस मिश्रण को आप हफ्ते में एक बार लगा सकती हैं।

**खीरा :** गर्मियों में त्वचा के लिए बहुत सारे घरेलू नुस्खों में खीरा सबसे जरूरी सामग्री है। इसका एक शांत और ठंडा प्रभाव है। एक अच्छा खीरे का फेस पैक या आपकी आंखों पर कट-अप स्लाइस आपको आराम देंगे। यह आपकी त्वचा को हाइड्रेट करता है और क्योंकि इसमें ब्लीचिंग गुण होते हैं। यह आपकी त्वचा की रंगत को भी हल्का करता है। आपको खीरे का रस, थोड़ा गुलाब जल, थोड़ा सा नींबू का रस और एक रुई चाहिए। जूस बनाने के लिए खीरे को कद्दूकस कर लें, उसमें गुलाब जल डालें और ऊपर से थोड़ा सा नींबू का रस निचोड़ लें। इसे एक बाउल में अच्छी तरह मिला लें। इस मिश्रण को अपने चेहरे पर एक कॉटन बॉल से समान रूप से लगाएं। इसे 15-20 मिनट के लिए लगा रहने दें। इसे ठंडे पानी से धो लें।



- ***दो चम्मच जई के आटे में थोड़ा सा मठहा मिलाकर पेस्ट बना लें। इस पेस्ट को चेहरे पर लगाकर आधा घंटा बाद साफ पानी से धो डालें।***
- *पके केले को मैश करके इसमें एक चम्मच शहद और एक चम्मच ऑलिव आयल मिला लें। इस मिश्रण को चेहरे पर लगाने के आधा घंटा बाद ठंडे पानी से चेहरे को धो डालें।*
- ***तीन चम्मच एलोवेरा जैल, एक चम्मच हल्दी और दो चम्मच शहद को एक कटोरी में मिलाकर पेस्ट बना लें। इस फेस पैक को चेहरे पर लगाने के 20 मिनट बाद पानी से धो डालें। इसे आप हफ्ते में एक दिन लगा सकती हैं।***
- *एलोवेर जेल की कुछ बूंदें रोजाना चेहरे पर लगाने से त्वचा की रंगत निखरती है और स्किन टेन की समस्या से निजात मिलती है।*
- ***बेसन का आटा और दही को बराबर मात्रा में मिलाकर इसमें चुटकी भर हल्दी डालकर पेस्ट बना बनाएं। इस पेस्ट को चेहरे पर लगाने के आधा घंटा बाद ठंडे पानी से धो डालिए।***
- *कांच के एक कटोरे में एक खीरा छीलकर उसे कद्दूकस कर लीजिए। उसमें आधा कटोरी कच्चा दूध डालकर अच्छी तरह मिक्स कर लें। अब इसमें 2 चम्मच एलोवेरा जेल मिक्स कर लें और 1 चम्मच गुलाब जल भी डाल लें। इन सभी चीजों को अच्छी तरह मिक्स करने के बाद इसे आपको फेस पर अप्लाई करना है। अच्छी तरह सूख जाने के बाद ताजे पानी से मसाज करते हुए हटा लीजिए।*
- **बेहतर परिणाम के लिए आप इस फेस पैक को आप हफ्ते में एक बार जरूर लगाएं। नियमित तौर पर लगाने से आपकी त्वचा से टैनिंग दूर होकर त्वचा में धीरे-धीरे निखार आने लगेगा।**

**इसके अलावा आप दिन में कम से कम 2 से 3 बार अपने चेहरे को ठंडे पानी से धोएं। ऐसा करने से चेहरे पर लगी गंदगी, धूल और पसीना हटता है और त्वचा चमकदार बनती है। आप एक सप्ताह में 1 से 2 बार अपने चेहरे पर स्क्रब जरूर करें। इससे डेड स्किन निकलती है और चेहरा ग्लो करता है। स्क्रब करते वक्त अपने चेहरे को ज्यादा न रगड़े। आप अपनी त्वचा को हाइड्रेट रखने के लिए दिन में दो बार मॉइश्चराइजर लगाएं।**



# गर्मियों में त्वचा को होती अलग ढंग से केयर की जरूरत



**मीना कुमारी**
*हमीरपुर*

## धूल व मिट्टी भरे माहौल और गर्मी के कारण पसीना आने से मुंहासे होने की संभावना ज्यादा

***गर्मियां आते ही त्वचा अलग ढंग से केयर मांगने लगती है। गर्मियों में त्वचा की देखभाल रूटीन सर्दियों से थोड़ा अलग होती है। इस दौरान त्वचा को हेल्दी और ग्लोइंग बनाने के लिए इसे हाइड्रेटेड और फ्रेश बनाए रखना बहुत जरूरी है। इस दौरान लोग बाहर घूमते-फिरते ज्यादा हैं, जिससे सूर्य की किरणों से संपर्क अधिक रहता है। धूल-मिट्टी भरे माहौल और गर्मी के कारण पसीने में रहने से मुंहासे होने की संभावना अधिक बढ़ जाती है। साथ ही सूर्य की किरणों से सनबर्न व डि-हाइड्रेशन जैसी अन्य स्किन संबंधी समस्याएं भी पैदा होने लगती हैं। ऐसे में कुछ जरूरी टिप्स अपनाकर अपनी त्वचा का गर्मियों में खास ख्याल रखा जा सकता है।***

### त्वचा की देखभाल के लिए घरेलू उपाय

*गर्मियों में त्वचा की देखभाल के लिए सबसे पहले धूप से बचाव करें। नियमित रूप से सनस्क्रीन लगाएं, और यदि संभव हो तो छाता या टोपी का प्रयोग करें।*

- सुबह 10:00 से शाम 4:00 बजे के बीच धूप में बाहर जाने से बचें, क्योंकि इस दौरान धूप सबसे तेज होती है।
- धूप में निकलने से 15-30 मिनट पहले सनस्क्रीन लगाएं और हर 2 घंटे में दोबारा लगाएं।
- खूब पानी पिएं और हाइड्रेटिंग फूड्स जैसे खीरा और तरबूज इत्यादि का प्रयोग करें।
- अगर आपकी त्वचा रुखी है, तो अपनी त्वचा को हाइड्रेटेड रखने के लिए मॉइस्चराइजर का उपयोग करें।
- एलोवेरा जेल, खीरा, गुलाब जल जैसे प्राकृतिक उत्पादों का उपयोग करें, जो त्वचा को शांत और हाइड्रेटेड रखते हैं।
- फल, सब्जियां और अन्य स्वस्थ खाद्य पदार्थों का सेवन करें, जो त्वचा को स्वस्थ रखने में मदद करते हैं।
- चेहरे पर दिन में 2-3 बार गुलाब जल या फेस मिस्ट स्प्रे करें।
- दही को चेहरे पर पैक की तरह लगाकर कुछ देर के लिए छोड़ दें और फिर धो लें। यह त्वचा को शांत और हाइड्रेटेड रखने में मदद करता है।
- गर्मी में त्वचा को ठंडा रखने के लिए ठंडे पानी से धोना फायदेमंद हो सकता है।

### अतिरिक्त सुझाव

*यदि आपकी त्वचा संवेदनशील है, तो किसी भी नए उत्पाद को इस्तेमाल करने से पहले अपने त्वचा विशेषज्ञ से सलाह लें।*

# फैशन को लेकर क्या है ट्रेंड

**आम** लोगों की नए फैशन को लेकर क्या प्रतिक्रिया सामने आती है। प्रतिक्रियाएं भी विविध हैं, कुछ लोग इन रुझानों को सराहते हैं, जबकि कुछ लोग फास्ट फैशन के प्रभाव को लेकर चिंतित हैं और अधिक टिकाऊ विकल्पों को बढ़ावा देते हैं। फैशन उद्योग में टिकाऊ प्रथाओं को अपनाने पर जोर दिया जा रहा है जैसे कि रीसाइक्ल्ड सामग्री का उपयोग, उत्पादन में पारदर्शिता और कपड़ों के जीवन चक्र को बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करना। हमारे शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में भी आरामदायक और व्यावहारिक कपड़े आरामदायक, हल्के और व्यावहारिक कपड़े लोकप्रिय हैं, जिनमें योग कपड़ों, टीशर्ट और डेनिम के विभिन्न प्रकार शामिल हैं। कुल मिलाकर फैशन एक रचनात्मक आउटलेट के रूप में देखा जा रहा है, जिसमें लोग अपनी व्यक्तिगत शैली को व्यक्त करने के लिए कपड़ों और एक्सेसरी का उपयोग कर रहे हैं। कुछ लोग फैशन में बदलाव, जैसे कि संधारणीयता और व्यक्तिगत अभिव्यक्ति पर जोर देना सराहते हैं, जो रचनात्मकता और विविधता को प्रोत्साहित करते हैं। वर्तमान फैशन में संधारणीयता, आरामदायकता, व्यक्तिगत अभिव्यक्ति और टिकाऊ विकल्पों पर जोर दिया जा रहा है। प्रतिक्रियाएं भी विविध हैं, कुछ लोग इन रुझानों को सराहते हैं, जबकि कुछ लोग चिंता व्यक्त करते हैं। कुल मिलाकर फैशन एक गतिशील और परिवर्तनशील उद्योग है, जो व्यक्तिगत शैली और सामाजिक चिंताओं के बीच संतुलन पर जोर देता है। फैशन से महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराध का कोई संबंध नहीं है। हालांकि, जो शिक्षक की ओर से हाल ही में बच्चों के साथ किया गया अपराध शर्मनाक है। ऐसे मामलों को कानून को सख्त रुख अपनाना होगा।




बंगाणा की डोहगी में बूटीक और ब्यूटी पार्लर

**प्रस्तुतिः राजेश शर्मा**

## न्यूज ब्रीफ

### उपभोक्ता 28 से पहले जमा करवाएं बिजली बिल

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** विद्युत उपमंडल नगरोटा बगवां की सहायक अभियंता ने बताया कि जिन उपभोक्ताओं को बिजली बिल का भुगतान नहीं किया है वे 28 मई से पहले भुगतान करें। बिल का भुगतान नहीं किया तो कनेक्शन बिना किसी आगामी सूचना के अस्थायी रूप से काट दिया जाएगा। उपभोक्ता बिल का भुगतान ऑनलाइन गूगल पे, भीम ऐप या बिजली विभाग की वेब साइट 222.द्धश्चह्यद्गड्ड.द्बठ्ठ पर कर सकते हैं।

### जगजीत ठाकुर के प्रदेशाध्यक्ष बनने पर दी बधाई



**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** हिमाचल प्रदेश प्राइवेट स्कूल संघ के प्रदेशाध्यक्ष जगजीत सिंह ठाकुर को शिक्षा बोर्ड की शैक्षणिक समिति का सदस्य मनोनीत होने पर बधाई दी। जिला कांगड़ा प्राइवेट स्कूल संघ के अध्यक्ष हरबंस कौंडल, संजय भाटिया, विरेंद्र कुमार और महिंदर सिंह ने कहा कि जगजीत जी एक संघर्षशील और ऊर्जावान व्यक्ति हैं, जिनके मार्गदर्शन का लाभ सबको मिलने वाला है।

### एकल नारी शक्ति संगठन ने की मुद्दों पर चर्चा




**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** एकल नारी शक्ति संगठन खंड पंचरुखी की बैठक एकल नारी संगठन बैजनाथ सदस्य मिलाप देवी की अध्यक्षता में दियोग्रा पंचायत में हुई। इसमें संगठन के मुद्दों पर चर्चा की गई और तीन माह के कार्यों की समीक्षा की गई। आगामी तीन माह की योजनाओं पर भी चर्चा की गई। बैठक में रेनू देवी, शशि, सरोज कुमारी, राम प्यारी, रजनी देवी, रति, लज्या, अनीता, राजो देवी सहित छह पंचायतों की तीस महिलाओं ने भाग लिया।

### बाहरी प्रत्याशी होने से हार रही भाजपा : नरेश

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** पूर्व भाजपा जिला मोर्चा उपाध्यक्ष नरेश गुलेरिया ने प्रेस वार्ता में संगठन पर सवालिया निशान लगाया है। उन्होंने कहा कि फतेहपुर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा से प्रत्याशी के रूप में धरती पुत्रों की कमी नहीं है। टिकट आवंटन में संगठन में कहीं न कहीं कोई कमी रह जाती है, जिसकी वजह से बाहरी व्यक्ति को प्रत्याशी बना दिया जाता है। हालांकि, पार्टी ने कृपाल परमार, राकेश पठानिया के रूप में कद्दावर नेता अवश्य दिए। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर भारत सरकार की पाकिस्तान पर बेहतरीन स्ट्राइक थी, लेकिन अभी भी काफी कमी नजर आती है। भारत सरकार को कुछ और कड़े कदम उठाने की जरूरत थी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक बेहतरीन नेता हैं, परंतु चुनाव प्रक्रिया को देखने से पहले उन्हें पहलगाम हमले में जान से हाथ धोने वाले पर्यटकों के घरों में जाकर परिवारजनों के पास जाकर सहानभूति जतानी चाहिए थी।

### बिहार में मिलकर लड़ेंगे चुनाव : बलदेव

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** स्वाभिमान पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा भारत गठबंधन के संयोजक बलदेव राजसूद ने प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि बिहार में सक्रिय पार्टियों के तीन मोर्चों और कुछ राजनीतिक दलों की बैठक विहार भवन मुसल्लेपुर हाट पटना-6 में व्रह्मदेव पटेल की अध्यक्षता में हुई। इसमें निर्णय लिया गया कि बिहार विधानसभा के आगामी चुनावों में एनडीए, इंडिया तथा जेडीयू के विरोध में भारत गठबंधन तथा अन्य राजनीतिक मोर्चे तथा पार्टियां बिहार की वर्तमान सत्ता को उखाड़ने का भरसक प्रयास करेंगी। उन्होंने कहा कि अगले विधानसभा चुनाव में बिहार में कार्यरत संपूर्ण क्रांति मोर्चा, राजनीतिक तीसरा मोर्चा तथा भारत गठबंधन ने जो 100 से अधिक राजनीतिक दलों का संगठन है, मिलकर चुनाव लड़ने का संकल्प लिया।

### ढेसरी महादेव मंदिर में मेला आज

**अनंत ज्ञान, डरोह।** ढेसरी महादेव मंदिर परिसर डरोह में रविवार को एक दिवसीय मेले का भव्य आयोजन किया जाएगा। नाइट स्टार्स पूनम भारद्वाज, सुरजीत गुज्जर, कुमार विजय एवं हास्य कलाकार रितेश रितू (ढक्कनू) अपनी प्रस्तुतियां देंगे। शाम 4 बजे स्व. घनश्याम सूद की याद में कबड्डी टूर्नामेंट का फाइनल मैच खेला जाएगा, जिसका आयोजन राजीव शर्मा 'गग्गू' की ओर से करवाया जा रहा है। कुश्ती, चेयर गेम और बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम भी करवाए जाएंगे।

### सुन्यारी मेले में वॉलीबाल स्पर्धा का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, डरोह।** खैरा के सुन्यारी मां का ऐतिहासिक मेला 27 मई तक चेलगा। शनिवार को 80वें रायबहादुर मेजर जनरल जनक मेमोरियल वॉलीबाल टूर्नामेंट का शुभारंभ नवेंद्र चंद कटोच रिटायर्ड वाइस प्रेसिडेंट केडवरी इंडिया ने किया। तीन दिवसीय वॉलीबाल टूर्नामेंट 26 मई तक चलेगा। जनक मेमोरियल टूर्नामेंट कमेटी के सचिव बलविंदर कटोच ने बताया कि प्रतियोगिता को दो विभागों में बांटा गया है। 12 टीमें भाग ले रही हैं। जूनियर वर्ग की विजेता टीम को धौलाधार बस सर्विस मरंडा की ओर से नकद पुरुस्कार से सम्मानित किया जाएगा। सीनियर वर्ग में उत्तर भारत की 10 टीमें भाग ले रही हैं। सीनियर वर्ग की विजेता रहने वाली टीम को भूतपूर्व केंद्रीय मंत्री चंद्रेश कुमारी के पौत्र एवं ऐतिहासिक लंबागांव रियासत के टिक्का राज अंविकेश्वर कटोच की ओर से 31,000 की नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। राज्यसभा सांसद इंदु गोस्वामी 26 मई को प्रतियोगिता के समापन समारोह की मुख्यातिथि होंगी।

### जो परमात्मा को खोजता, वह उन्हें पा लेता

**आशीष दमीर, अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** नाग मंदिर रक्कड़ में श्री शिव महापुरण कथा का आयोजन किया गया। स्वामी अतुल कृष्ण महाराज ने कहा कि सत्य हमारी मान्यता से प्रभावित नहीं होता, सत्य अपनी जगह एवं स्वतंत्र है। हमारी मान्यता गलत होगी तो हम गलत और अंधेरे में भटकते रहेंगे। हमारा बोध स्पष्ट होगा, तो हम सत्य के निकट पहुंच जाएंगे। जो परमात्मा को खोजता है, वह उसे पा लेता है, जो दूसरों के पीछे चलता है, वह तो खुद पर ही नहीं पहुंच पाता।

### बकरियों में कृत्रिम गर्भाधान पर कार्यशाला

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** बकरियों में कृत्रिम गर्भाधान पर कार्यशाला का आयोजन क्षेत्रीय पशु चिकित्सालय नगरोटा बगवां में किया गया। कार्यशाला में कांगड़ा जिले के पशु चिकित्सा अधिकारियों ने भाग लिया। डॉ. सीमा गुलेरिया उप निदेशक पशुपालन विभाग जिला कांगड़ा ने कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए कहा कि कृत्रिम गर्भाधान तकनीक के इस्तेमाल से बकरियों का नस्ल सुधार होगा, जिससे बकरियों के विकास दर स्वास्थ्य और उत्पादकता में बढ़ोतरी और किसानों की आय में वृद्धि होगी। इस तकनीक के तहत बकरियों के लिए बीटल और जुमनापारी नस्ल के बकरों का वीर्य कांगड़ा जिले के ग्यारह पशु चिकित्सालयों में उपलब्ध करवाया गया है। एक बकरी के कृत्रिम गर्भाधान पर 25 रुपए का खर्च आएगा।

# ऐतिहासिक धरोहर तालाब की मिट्टी के 25 जगह से भरे सैंपल

## नाइट्रोजन, फास्फोरस के स्तर की होगी जांच, कार्बन पर होगा अध्ययन

**रविंद्र चौधरी, अनंत ज्ञान**

**फतेहपुर।** दो हेक्टेयर से ज्यादा क्षेत्रफल में फैले कांगडा जिले की विधानसभा फतेहपुर के राजा का तालाब की ऐतिहासिक धरोहर तालाब के जीर्णोद्धार को लेकर युद्धस्तर पर कार्य चला हुआ है। विभिन्न विभागों की टीमें समय-समय पर अपने कार्यों को अंजाम देने के लिए तालाब के जीर्णोद्धार के कार्य में अपना सहयोग देने के पहुंच रही हैं।

वहीं, शनिवार को क्षेत्रीय बागवानी प्रशिक्षण एवं अनुसंधान केंद्र की वैज्ञानिकों की मृदा (मिट्टी) विभाग की टीम ने 25 जगह से मिट्टी के सैंपल भरे हैं। वैज्ञानिकों की टीम इन सैंपल के माध्यम से तालाब की मिट्टी में नाइट्रोजन, फास्फोरस और कार्बन के स्तर की जांच कर आकलन करेगी। कार्बन पर विशेष रूप से अध्ययन किया जाएगा कि तालाब में कार्बन की कितनी मात्रा है। डॉ. विपिन गुलेरिया ने बताया कि तालाब की खुदाई के चल रहे कार्य के दौरान टीम ने चारों कोणों और मध्य स्थल से बाहर मिट्टी के सैंपल एकत्रित किए हैं। एकत्रित सैंपल के माध्यम से वर्षों पुराने उक्त तालाब में भीतर तक जमा कार्बन, फास्फोरस और नाइट्रोजन की जांच की जाएगी। भौतिक संरचना (फिजिकल कंपोजिशन) पर भी ध्यान दिया जाएगा, जोकि भविष्य में पर्यावरण की दृष्टि से लाभदायक सिद्ध हो सकता है। उक्त जांच अन्य तालाबों के सरंक्षण के लिए काफी लाभदायक सिद्ध हो सकता है।



राजा का तालाब की मिट्टी के सैंपल लेती क्षेत्रीय बागवानी प्रशिक्षण एवं अनुसंधान केंद्र के वैज्ञानिकों की मृदा विभाग की टीम।

### वर्षों पुराने तालाब की मिट्टी में क्या परिवर्तन हुआ, होगी जांच : डॉ. रेणु

**डॉ. रेणु** कपूर ने बताया कि गहराई से मिट्टी के सैंपल लेकर मिनिरल की जांच की जाएगी। वहीं, वर्षों पुराने तालाब की मिट्टी में क्या परिवर्तन हुआ है। जांच का विषय रहेगा। इस दौरान अन्य जगहों की मिट्टी के साथ तालाब की मिट्टी का अलग-अलग अध्ययन किया जाएगा। मिट्टी स्वाइल टेस्टिंग लैब में जाएगी, जिसकी रिपोर्ट दस से पंद्रह दोनों में मिल जाएगी। पानी से संबंधित जांच के लिए समय लगेगा। इस मौके पर फील्ड एसिस्टेंट गुरुमुख सिंह व अन्य टीम मौजूद रही।

### हिमानी चामुंडा जाते समय व्यक्ति की मौत

**अनंत ज्ञान, चामुंडा।** हिमानी चामुंडा को जाते समय एक व्यक्ति की मौत होने का समाचार मिला है। यह व्यक्ति अपने कुछ साथियों के साथ हिमानी चामुंडा के दर्शनों के लिए जा रहा था। सूचना के अनुसार मंदिर से 2 किलोमीटर पहले ही एक व्यक्ति की मौत हो गई। बल्ला पंचायत उपप्रधान सुनील धीमान ने बताया कि एक व्यक्ति जिसकी आयु लगभग 50 साल और निवासी नादौन का रहने वाला है। हिमानी चामुंडा जाते समय चक्कर आने पर मौके पर मौत हो गई। उनके साथ आए चार-पांच लोगों का कहना है की चढ़ाई चढ़ते समय मंदिर से करीब 2 किलोमीटर दूर चक्कर आया तथा चक्कर खाकर गिर गया और मौके पर ही व्यक्ति की मौत होगी। हालांकि, पुलिस में कोई भी रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई है।

# विधायक मलेंद्र ने किए 20 लाख की परियोजनाओं के शिलान्यास

## इंदौरा में स्वयं सहायता समूहों को वितरित की सिलाई मशीनें



विकास खंड कार्यालय इंदौरा में विकासात्मक परियोजना का शिलान्यास करते विधायक मलेंद्र राजन।

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**इंदौरा।** विधायक मलेंद्र राजन ने विकास खंड कार्यालय इंदौरा में लगभग 20 लाख रुपए की लागत की विभिन्न विकासात्मक परियोजनाओं का शिलान्यास किया। 10 लाख रुपए से टाइप-I क्वार्टरों का निर्माण किया जाएगा। वहीं, 1.87 लाख रुपए से टाइप-II आवास भवन तथा 95 हजार रुपये की लागत से रिकार्ड कक्ष का मरम्मत कार्य किया जाएगा।

इसके अतिरिक्त 7 लाख रुपये की लागत से एक नया स्वंय सहायता समूह विक्रय केंद्र भी स्थापित किया जाएगा। मलेंद्र ने कहा कि आवास भवनों के निर्माण से सरकारी अधिकारियों व कर्मचारियों को बेहतर आवास सुविधाएं मिल सकेंगे।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार गांव, गरीब और ग्रामीण युवाओं के चहुंमुखी विकास को प्रतिबद्ध है और विधानसभा क्षेत्र में हर पंचायत तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। वहीं, महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक ठोस पहल करते हुए विधायक ने लगभग 6 लाख रुपए की 12 सिलाई मशीनें स्वयं सहायता समूहों को वितरित कीं।

### नागनी माता मंदिर में टेका माथा

**विधायक** मलेंद्र राजन भड़वार स्थित नागनी माता मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने मां के दर्शन कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना की। इसके पश्चात वे ट्रक यूनियन डमटाल की ओर से आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। इस मौके पर बीडीओ सुदर्शन सिंह, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष दविंदर मनकोटिया, महिला कांग्रेस अध्यक्ष सुनीता कटोच, पंचायत प्रधान भूपल कटोच, पूर्व उपप्रधान मनोहर सिंह, कांग्रेस नेता विजय कुमार, नरेंद्र शर्मा, अनिल कटोच आदि उपस्थित रहे।

### जल विद्युत परियोजनाओं में चेतावनी यंत्र करें स्थापित: उपायुक्त

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला दंडाधिकारी एवं डीसी हेमराज बैरवा ने आपदा प्रबंधन अधिनियम के तहत कांगड़ा जिले में सभी जल विद्युत परियोजनाओं के प्रबंधकों को दस जून से पहले पूर्व चेतावनी यंत्र स्थापित करने के निर्देश दिए हैं। संबंधित उपमंडलाधिकारियों को फील्ड निरीक्षण करने और रिपोर्ट जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण को प्रेषित करने के लिए कहा है।

उन्होंने कहा कि पूर्व चेतावनी यंत्र का अलार्म कम से कम पांच किलोमीटर तक के एरिया को कवर करना चाहिए। इस संबंध में मासिक रिपोर्ट भी जल विद्युत परियोजनाओं के प्रबंधकों को प्रेषित करना जरूरी होगी। उन्होंने कहा कि आदेशों की अवहेलना करने पर आपदा प्रबंधन अधिनियम के तहत आवश्यक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि पूर्व चेतावनी प्रणाली जल विद्युत परियोजनाओं के आसपास के क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को सुरक्षित रखने में मदद करती है। यह किसी भी संभावित नुकसान को कम करने में भी मदद करती है। पूर्व चेतावनी प्रणाली इन संभावित खतरों से लोगों को बचाने में मदद करती है।

## हैप्पी बर्थडे



अर्की की पूर्वी शर्मा को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

**बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें**

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

### मारंडा, पालमपुर में खुला कोचिंग इंस्टीट्यूट विद्यापथ

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान। डरोह।** पालमपुर उपमंडल के अधीन मारंडा, पालमपुर में नीट-जेईई की तैयारी के लिए कोचिंग इंस्टीट्यूट 'विद्यापथ' का उद्घाटन किया गया।

**नीट-जेईई की दी जाएगी कोचिंग**

उद्घाटन के दौरान इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर प्रो. राकेश वर्मा ने बताया कि 'विद्यापथ' में कोटा से और देश के अन्य नामी कोचिंग संस्थानों में काम कर चुके फैकल्टी को चयनित किया है और वे यहां पर विद्यार्थियों को नीट-जेईई के लिए पूरी तरह से तैयार करेंगे। 'विद्यापथ' में एनआईटी/आईआईटी से प्रोफेसर्स और डॉक्टर्स के भी गेस्ट लेक्चर करवाए जाएंगे, ताकि बच्चों को एक्सपोजर मिल सके। इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर ने बताया कि 90 प्रतिशत से ज्यादा नंबर लाने वाले और आर्थिक रूप से कमजोर तबके के बच्चों के लिए खास स्कॉलरशिप दी जाएगी, ताकि उनका डॉक्टर/इंजीनियर बनने का सपना पूरा हो सके।

नीट/जेईई की तैयारी के आलावा इंस्टीट्यूट में छठी कक्षा से लेकर दसवीं कक्षा की कोचिंग भी दी जाएगी। अगर कोई बाहर के इलाके का विद्यार्थी पीजी लेना चाहेगा, तो उसके लिए पीजी का प्रबंध किया जाएगा।

# किसानों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाएं अधिकारी: चंद्र

## अधिकारियों को भी किसान केडिट कार्ड बनवाने के निर्देश

**संजय अग्रवाल, धर्मशाला**

धर्मशाला में शनिवार को उत्तरी क्षेत्र के कृषि अधिकारियों की बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता कृषि एवं पशुपालन मंत्री प्रो. चंद्र कुमार चौधरी ने की। बैठक में कांगड़ा, मंडी, हमीरपुर, चंबा तथा ऊना जिलों के कृषि अधिकारियों ने भाग लिया।

कृषि मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे सरकार की ओर से चलाई जा रही योजनाओं का लाभ किसानों के खेतों तक समयबद्ध रूप से पहुंचाना सुनिश्चित करें। हर किसान की जेब में एटीएम की तरह किसान क्रेडिट कार्ड होना चाहिए, ताकि वे कम ब्याज दर पर ऋण सुविधा का लाभ उठा सकें। उन्होंने सभी पात्र अधिकारियों को भी अपने-अपने किसान केडिट कार्ड बनवाने को कहा।

मंत्री ने कहा कि प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए किसानों का पंजीकरण किया जाए, जिससे मुख्यमंत्री की ओर से निर्धारित लक्ष्य प्राप्त हो सके। उन्होंने भूमि की मैपिंग, कृषि योग्य भूमि की स्थिति का आकलन तथा विभिन्न फसलों के अनुरूप क्लस्टर आधारित खेती को बढ़ावा देने पर बल दिया।

### जल क्षमता वृद्धि और कार्य योजना प्रस्तुत करने को कहा

**सिंचाई** की सुविधा को दुरुस्त करने के लिए मंत्री ने अधिकारियों से कहा कि वे पुरानी कूहलों और सिंचाई स्रोतों का अध्ययन करें और भू-संरक्षण अधिकारी अगली बैठक में जल क्षमता वृद्धि और कार्य योजना प्रस्तुत करें। उन्होंने वर्षा जल संग्रहण प्रणाली तथा नलकूपों की स्थापना पर जोर दिया। उन्होंने निष्क्रिय पड़े कृषि फार्मों को सक्रिय कर उनमें एग्रो टूरिज्म और नवाचार आधारित गतिविधियां आरंभ करने की बात कही। उन्होंने कहा कि सभी फार्मों में सिंचाई की समुचित व्यवस्था होनी चाहिए। साथ ही मिट्टी परीक्षण की महत्ता को रेखांकित करते हुए कृषि मंत्री ने किसानों की भूमि का परीक्षण सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने सौर ऊर्जा आधारित सिंचाई योजनाओं को बढ़ावा देने की बात कही। अतिरिक्त कृषि निदेशक डॉ. राहुल कटोच ने विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। कृषि उपनिदेशक डॉ. कुलदीप धीमान ने कृषि मंत्री व सभी अधिकारियों का धन्यवाद किया। बैठक में जाइका प्रोजेक्ट निदेशक, उपनिदेशक कृषि, विषय विशेषज्ञ, सॉयल टेस्टिंग अधिकारी व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### बैजनाथ-सुजानपुर रूट पर बस सेवा का शुभारंभ



**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** बैजनाथ-सुजानपुर रूट पर बस सेवा का शुभारंभ किया गया। प्रदेश पूर्व अनुसूचित जाति सैल के उपाध्यक्ष रविंदर बिट्टू ने कहा कि समय से चली आ रही जंडपुर, त्रेहल, नागटा बस शुरू करने की मांग पूरी हो गई। उन्होंने बताया कि अनुराग बस सर्विस अब इस रूट पर नियमित रूप से अपनी सेवाएं प्रदान करेगी, जिससे स्थानीय जनता को सुविधा मिलेगी। स्थानीय लोगों ने लोकप्रिय विधायक किशोरी लाल का आभार व्यक्त किया। रविंदर बिट्टू ने कहा कि विधायक बैजनाथ किशोरी लाल क्षेत्र के समग्र विकास के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। स्थानीय जनता ने बस के चालक व परिचालक को शॉल व टोपी पहनाकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष वीरेंद्र जम्वाल, उपप्रधान जंणडपुर ,ज्योति चौधरी, ज्योति प्रकाश, चुनी लाल, अवतार सिंह, विनय चौधरी, राज कुमार धीमान आदि उपस्थित रहे।

### एक माह बंद रहेगी नाहलियां-पिहरी सड़क

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** ज्वालामुखी उपमंडल के तहत नाहलियां-पिहरी-भंगोलू दा घट्टा सड़क के मरम्मत कार्य के चलते यह मार्ग 5 जून से 5 जुलाई तक बंद रहेगी। इस दौरान गाड़ियों की आवाजाही के लिए चिर-मक्कर-नाहलियां तथा पिहरी-सिहोती मार्ग का उपयोग किया जाएगा। जिलाधीश कांगड़ा हेमराज बैरवा ने मोटर वाहन अधिनियम, 1988 में प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए इस बाबत अधिसूचना जारी की है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत ग्रेयोह विकास खण्ड धर्मपुर जिला मंडी (हि0 प्र0)**
**वर्ष 2025-26 के लिये निविदायें आमंत्रित करने बारे**

सर्व सम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया कि ग्राम पंचायत ग्रेयोह वर्ष 2025-26 के लिये विकास कार्यों के निष्पादन हेतु निम्नलिखित निविदा आमंत्रित की जाती है।
1. रेता क्रैशर प्रति घन मीटर 2 रेता प्लांट प्रति घन मिटर 3 बजरी क्रैशर 20mm प्रति घन मीटर 4 बजरी क्रैशर 40mm प्रति घन मीटर 5 पत्थर प्रति घन मीटर 6 साईन बोर्ड / बोर्ड writting/बोर्ड size2""3" or3"" 5" (7) सीमेंट दुलाई सरकाघाट से सीमेंट स्टोर तक 8 ईंट प्रति हजार(abc Grade) 9 शटरिंग स्टील प्लेट प्रति सुक्वेयर मीटर 10 शटरिंग लकड़ी प्रति running मीटर 11 सरिया 8 mm. 10mm. 12mm प्रति क्विंटल 12 मशीन (jcb ) द्वारा कटान प्रति घंटा 13 सामग्री दुलान ट्रैक्टर जीप अन्य वाहन द्वारा ग्राम पंचायत के समस्त वार्डो में 14 वाटर कूलर 20ltr 40ltr 80ltr with fitting 15 segregation shed:
नियम व शर्ते : (1) निविदादाता के पास अपना पंजीकरण पेन no. GST NO. का होना आवश्यक है। 2 निविदादाता को निविदा अपने लैटर पेड पर ग्राम पंचायत ग्रेयोह के नाम भेजनी होगी। 3 निविदादाता को बिल के साथ मात्रा सहित Vald Transit PassForm W और X जमा करवाने होंगे। 4 सभी करों का लेन-देन सरकार के प्रावधानो अनुसार होगा। 5 सामग्री की आपूर्ति लोक-निर्माण विभाग के स्पेसिफिकेशन के अनुसार होगी। 6 दरे अंको व शब्दों में लिखी होनी चाहिए। 7 निर्माण सामग्री कार्यस्थल / सड़क तक उपलब्ध करवानी होगी। 8 पारित निविदादातायो को मुश्तलिक 20000/- रुपये अग्रिम / सुरक्षित राशी के रूप में जमा करवानी होगी। 9 ग्राम पंचायत के समस्त क्षैत्राधिकार में एक ही मूल्य देये होगा। 10 निविदादाता यदि सप्लाई ऑडर जारी होने के उपरान्त निर्धारित अवधि में सामग्री समयानुसार नहीं कर पाता है तो उसकी गत समय दी गई सामग्री की देये राशी का भुगतान नही किया जाएगा और न ही अग्रिम/ सुरक्षित राशी वापिस की जायेगी। 11 किसी भी निविदा को बिना कारण बताये स्वीकृत / अस्वीकृत करने व सामान दर रहने की स्थिति में एक या एक से अधिक निविदादातायों के लिये कार्य आदेश निर्गत करने सामग्री की गुणवता के चयन तथा निविदा किसी भी समय रद करने का अधिकार पंचायत व विभाग के पास सुरक्षित रहेगा। 12 सामग्री राशी की अदायगी कार्य पूर्ण होने के उपरांत TA/JE की पैमाइश के बाद होगी। 13 सामग्री लेने का अंतिम मूल्य / निर्णय विभाग JUSTIFICATION का पारित निविदादाताओं के साथ NEGOTATION अनुसार / उपरांत किया जाएगा। सप्लायर से मांगी गई पूर्ण सामग्री का ब्यौरा देना होगा। प्रत्येक सामग्री के आगे राशी लिखना अनिवार्य है तथा किसी भी समाग्री के आगे MARKET VELUE नहीं लिखनी होगी बल्कि रेट लिखना होगा किसी भी सप्लायर द्वारा Market velue लिखी गई तो उसकी निविदा रद की जाएगी। निविदाये दिनांक 09/06/2025 दोपहर 12 बजे तक पंचायत कार्यालय में पहुँच जानी चाहिए तथा उसी दिन दोपहर बाद 2 बजे कार्यालय ग्राम पंचायत ग्रेयोह में पंचायत बैठक में पंचायत कमेटी द्वारा सभी के सामने खोली जायेंगी तथा सभी सप्लायर उस दिन उपस्थित रहे। यदि कोई सप्लायर उस दिन अनुपस्थित रहता है तो बाद में उसकी कोई भी शिकायत मान्य नहीं होगी। प्रत्येक वस्तु का मूल्य Gst. सहित लिखना होगा तथा कुटेशन का सब टोटल मान्य नहीं होगा।

प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत ग्रेयोह विकास खण्ड धर्मपुर जिला मंडी (हि0 प्र0)

**मीटिंग** नगरोटा भाजपा मंडल ने बैठक कर कल रैली निकालने का लिया निर्णय

# भाजपा ने बड़ोह में निकाली तिरंगा यात्रा

**कपिल वासुदेव, अनंत ज्ञान**

**नगरोटा बगवां।** नगरोटा विधानसभा क्षेत्र के अक्षय मैरिज पैलेस में भाजपा मंडल नगरोटा के अध्यक्ष सोनू चौधरी की अध्यक्षता में भाजपा की मंडल की बैठक हुई। इसमें बतौर मुख्यातिथि पूर्णकालिक प्रभारी राजपाल ने शिरकत की। भाजपा की पूर्व में रही महिला मोर्चा की अध्यक्ष सुशीला सैनी को श्रद्धांजलि अर्पित की।

बैठक में तय किया कि हर माह की 6 तारीख को भाजपा के दोनों मंडलों बड़ोह व नगरोटा की बैठक होगी। वहीं, बड़ोह मंडल की बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता बड़ोह भाजपा मंडल अध्यक्ष अजित राणा ने की। राजपाल ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सैनिकों की वीरता और ऐतिहासिक जीत के चलते बड़ोह में तिरंगा यात्रा निकाली गई।

नगरोटा बगवां क्षेत्र की तिरंगा यात्रा का सोमवार को शाम 4 बजे माता नारदा शारदा के प्रांगण से लेकर निचले बाजार पंजाब नेशनल बैंक तक निकाली जाएगी। इस मौके पर पूर्व विधायक अरुण कुमार कूका, दोनों मंडलों के अध्यक्ष सोनू चौधरी और भाजपा प्रदेश ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष विनय चौधरी अजीत राणा, मंडलों के महामंत्री पवन आदि मौजूद रहे।



तिरंगा यात्रा निकालते भाजपा नेता व कार्यकर्ता।

### दरिणी बाजार में भारतीय सेना के सम्मान में रैली

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** शाहपुर विधानसभा क्षेत्र के तहत भाजपा मंडल धारकंडी की ओर से दरिणी बाजार में भारतीय सेना के सम्मान में तिरंगा यात्रा निकाली। इसका नेतृत्व मंडल के अध्यक्ष अशोक वशिष्ठ ने किया, जिसमें मुख्य रूप से जिले के महामंत्री देवेंद्र कोहली प्रभारी के रूप में उपस्थित रहे। तिरंगा यात्रा में पूर्व में रही मंत्री सरवीण चौधरी, भाजपा नेता जिला महामंत्री राकेश चौहान, शाहपुर मंडल के अध्यक्ष रवि दत्त शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। तिरंगा यात्रा में भाजपा कार्यकर्ताओं ने पाकिस्तान मुर्दाबाद व भारतीय सेना जिंदाबाद के नारे लगाए। यात्रा में धारकंडी मंडल के उपाध्यक्ष शमशेर सिंह ठाकुर, महामंत्री राकेश शर्मा, शाहपुर मंडल के सोशल मीडिया केशव शर्मा प्रधान संजीव महाजन आदि उपस्थित रहे।

**कार्यालय ग्राम पंचायत धाउगी विकास खण्ड बंजार जिला कुल्लू (हि. प्र.)**
**निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत धाउगी वर्ष 2025-26 के लिए विभिन्न निर्माण कार्य (MGNREGA/Planing Head) की सामग्री आपूर्ति हेतु निविदाएं F.O.R सहित सड़क मार्ग तक के लिए आमंत्रित करती है इच्छुक ठेकेदार/फर्म/सप्लायर निम्न सामग्री की निविदाएं सिल बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यलय में दिनांक 25/05/2025 से 31/05/2025 सायं 5 बजे तक कार्यालय समय में स्वयं या डाक द्वारा पहुँच जानी चाहिए। उसके उपरान्त निविदाएं मान्य नहीं होगी। निविदा दिनांक 02/06/2025 प्रातः 11 बजे कमेटी के समक्ष पंचायत कार्यालय धाउगी में खोल दी जाएगी। **सामग्री का विवरणः**-1 RCC Pipe NP2 150mm, 250mm Half Cut (प्रति नग ) 2 रेत (नदी, क्रशर), बजरी 10,20,40 एमएम (प्रति फूट) 3 सरिया 8,10,12,16,20,25एमएम (प्रति किलो ) 4 Cement Tile 250×250×25,एमएम, 300×300×25एमएम (प्रति नग) 5 सीलिंग व पेलिंग, हार्डवेयर से सम्बंधित सभी प्रकार की सामग्री (प्लाईबोर्ड. टीक प्लाई सभी प्रकार) (प्रति नग) 6 Wall Tile and Flour Tile, मार्वल (प्रति नग)7 जेसीबी मशीन (छोटी व बड़ी), कम्प्रेशर (प्रति घंटा/दिन/महीना) 8 स्वच्छ भारत मिशन से सम्बंधित सभी प्रकार की सामग्री व सभी उपकरण (प्रति नग ) 9 सभी प्रकार का फर्नीचर ग्राम सभा हाल माईक, सांऊड सिस्टम (प्रति नग ) 10 प्लास्टिक पाईप आधा इंच पौना इंच एक इंच सौवा इंच, डेढ़ इंच, HDPE PIPE (प्रति पाईप ) 11 जीआई पाईप आधा इंच पौना इंच एक इंच सौवा इंच डेढ़ इंच (प्रति पाईप ) 12 सामग्री ढुलवान सड़क से कार्य स्थल तक, पत्थर निकलवाई व धुलवान, मकिंग (ट्रैक्टर, टीपर, घोड़े द्वारा) सीमेंट, चादर, क्रेट, सरिया व् अन्य सामग्री ढुलवान गाड़ी द्वारा (प्रति बैग/फूट/प्रति चट्ठा/प्रति टिपर )13 ईंट (प्रति ईंट) 14 शटरिंग लोहे व लकड़ी की (प्रति फुट) 15 सीजीआई चादर-08 फुट, 10 फुट, 12 फुट (साधारण व कलर कोड), प्लेन चादर (प्रति नग) 16 रैलिंग सामग्री व वनवाई सहित (स्टील, लोहा) व पेयजल/अन्य टैंक (प्रति किलो/नग) 17 लकड़ी (दरवाजे, खिडकियों, कड़ी व अन्य सामग्री) व लकड़ी चरान (प्रति नग) 18 क्रेट बायर 4×4,6×6 (प्रति नग )19 मनरेगा (Citizen Board), SMB Wall Writing व अन्य सभी प्रकार की लिखावट (प्रति बोर्ड/फुट) **नोटः**- ठेकेदार/सप्लायर/फर्म के GST No वाले विल ही मान्य होंगे। खनन से सम्बंधित सभी बिलों के साथ M/X Form लगाने होंगे अन्यथा बिलों का भुगतान नहीं किया जाएगा। चयनित फार्म/व्यक्ति द्वारा सामग्री समय में ना देने पर निविदा/फुटेशन रद्द मानी जाएगी और दूसरे न. के निविदा/कुटेशन धारक को सप्लाई आर्डर दिए जायेंगे। सामग्री सही न होने पर बिलों की आदायगी रोक दी जाएगी। अग्रिम में कोई भी आदायगी नहीं की जाएगी। समस्त अदायगियों सामग्री प्राप्त करने के उपरान्त तथा तकनिकी मूल्यांकन के आधार पर ही की जायेगी। ग्राम पंचायत को किसी भी समय विना किसी कारण बताये निविदा/कुटेशन रद्द करने का पूर्ण अधिकार होगा।

प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत धाउगी विकास खंड बन्जार
जिला कुल्लू हिमाचल प्रदेश।

**कार्यालय ग्राम पंचायत शैंशर विकास खण्ड बंजार जिला कुल्लू (हि. प्र.)**
**निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत शैंशर वर्ष 2025-26 के लिए विभिन्न निर्माण कार्य (MGNREGA/Planing Head) की सामग्री आपूर्ति हेतु निविदाएं F.O.R सहित सड़क मार्ग तक के लिए आमंत्रित करती है इच्छुक ठेकेदार/फर्म/सप्लायर निम्न सामग्री की निविदाएं सिल बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यलय में दिनांक 25/05/2025 से 31/05/2025 सायं 5 बजे तक कार्यालय समय में स्वयं या डाक द्वारा पहुँच जानी चाहिए। उसके उपरान्त निविदाएं मान्य नहीं होगी। निविदा दिनांक 02/06/2025 प्रातः 11 बजे कमेटी के समक्ष पंचायत कार्यालय शैंशर में खोल दी जाएगी। **सामग्री का विवरणः**-1 RCC Pipe NP2 150mm, 250mm Half Cut (प्रति नग ) 2 रेत (नदी, क्रशर), बजरी 10,20,40 एमएम (प्रति फूट) 3 सरिया 8,10,12,16,20,25एमएम (प्रति किलो ) 4 Cement Tile 250×250×25,एमएम, 300×300×25एमएम (प्रति नग) 5 सीलिंग व पेलिंग, हार्डवेयर से सम्बंधित सभी प्रकार की सामग्री (प्लाईबोर्ड. टीक प्लाई सभी प्रकार) (प्रति नग) 6 Wall Tile and Flour Tile, मार्वल (प्रति नग)7 जेसीबी मशीन (छोटी व बड़ी), कम्प्रेशर (प्रति घंटा/दिन/महीना) 8 स्वच्छ भारत मिशन से सम्बंधित सभी प्रकार की सामग्री व सभी उपकरण (प्रति नग ) 9 सभी प्रकार का फर्नीचर ग्राम सभा हाल माईक, सांऊड सिस्टम (प्रति नग ) 10 प्लास्टिक पाईप आधा इंच पौना इंच एक इंच सौवा इंच, डेढ़ इंच, HDPE PIPE (प्रति पाईप ) 11 जीआई पाईप आधा इंच पौना इंच एक इंच सौवा इंच डेढ़ इंच (प्रति पाईप ) 12 सामग्री ढुलवान सड़क से कार्य स्थल तक, पत्थर निकलवाई व धुलवान, मकिंग (ट्रैक्टर, टीपर, घोड़े द्वारा) सीमेंट, चादर, क्रेट, सरिया व् अन्य सामग्री ढुलवान गाड़ी द्वारा (प्रति बैग/फूट/प्रति चट्ठा/प्रति टिपर )13 ईंट (प्रति ईंट) 14 शटरिंग लोहे व लकड़ी की (प्रति फुट) 15 सीजीआई चादर-08 फुट, 10 फुट, 12 फुट (साधारण व कलर कोड), प्लेन चादर (प्रति नग) 16 रैलिंग सामग्री व वनवाई सहित (स्टील, लोहा) व पेयजल/अन्य टैंक (प्रति किलो/नग) 17 लकड़ी (दरवाजे, खिडकियों, कड़ी व अन्य सामग्री) व लकड़ी चरान (प्रति नग) 18 क्रेट बायर 4×4,6×6 (प्रति नग )19 मनरेगा (Citizen Board), SMB Wall Writing व अन्य सभी प्रकार की लिखावट (प्रति बोर्ड/फुट) **नोटः**- ठेकेदार/सप्लायर/फर्म के GST No वाले विल ही मान्य होंगे। खनन से सम्बंधित सभी बिलों के साथ M/X Form लगाने होंगे अन्यथा बिलों का भुगतान नहीं किया जाएगा। चयनित फार्म/व्यक्ति द्वारा सामग्री समय में ना देने पर निविदा/फुटेशन रद्द मानी जाएगी और दूसरे न. के निविदा/कुटेशन धारक को सप्लाई आर्डर दिए जायेंगे। सामग्री सही न होने पर बिलों की आदायगी रोक दी जाएगी। अग्रिम में कोई भी आदायगी नहीं की जाएगी। समस्त अदायगियों सामग्री प्राप्त करने के उपरान्त तथा तकनिकी मूल्यांकन के आधार पर ही की जायेगी। ग्राम पंचायत को किसी भी समय विना किसी कारण बताये निविदा/कुटेशन रद्द करने का पूर्ण अधिकार होगा।

प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत शैंशर विकास खंड बन्जार
जिला कुल्लू हिमाचल प्रदेश।

## न्यूज ब्रीफ

### आयुषमान ने पास की सैनिक स्कूल परीक्षा

**दशमी रावत, अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** जुब्बल उपमंडल के अंतर्गत रांवी किला के आयुषमान दुल्टा ने ऑल इंडिया सैनिक स्कूल की परीक्षा उत्तीर्ण की है। आयुषमान की प्रारंभिक शिक्षा सरस्वतीनगर के एक निजी स्कूल से हुई है। आयुषमान के पिता हितेंद्र दुल्टा व माता रीमा दुल्टा बतौर शिक्षक सरकारी स्कूल में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। बेटे की उपलब्धि से माता पिता भी उत्साहित है। आयुषमान ने आल इंडिया सैनिक स्कूल की परीक्षा में 400 में से 318 अंक लिए हैं। वह अब सैनिक स्कूल सुजानपुर में नौवीं कक्षा की पढ़ाई करेगा।

### दिव्यांग व्यक्तियों के लिए समिति गठित

**आत्मा सिंह, अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** रामपुर (अनुसूचित जाति) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में चुनावी उपायों की निगरानी व सभी दिव्यांग व्यक्तियों के लिए समावेशी चुनाव और निर्वाचन व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी एवं एसडीएम रामपुर हर्ष अमरेंद्र सिंह ने सुलभ चुनाव पर स्थायी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र स्तरीय समिति (एसीसीएई) गठित की है। इस निर्वाचन क्षेत्र के एसीसीएई समिति के अध्यक्ष निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी एवं एसडीएम रामपुर हर्ष अमरेंद्र सिंह हैं और अन्य 9 सदस्यों में सहायक लोक संपर्क अधिकारी रामपुर मिंडूल सिंह, इलैक्शन कानूनगों देवेंद्र सिंह, तहसील कल्याण अधिकारी रामपुर कर्मवीर, तहसील कल्याण अधिकारी ननखरी प्रताप, सहायक अभियंता हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग ब्रिज लाल, खंड शिक्षा अधिकारी रामपुर केवल राम, खंड शिक्षा अधिकारी ननखरी निहाल चंद, खंड शिक्षा अधिकारी सराहन भारत भूषण व प्रधान कोशिश एक आशा (एनजीओ) स्वाति बंसल हैं।

### संस्थागत प्रसव को दिया जा रहा बढ़ावा : मनोज

**अनंत ज्ञान, जुन्गा।** सिविल अस्पताल जुन्गा में महिलाओं को संस्थागत प्रसव करवाने पर सभी सुविधाएं प्रदान की जा रही है। चिकित्सा प्रभारी डॉ मनोज वर्मा ने बताया कि अस्पताल में स्त्री रोग विशेषज्ञ न होने पर स्टाफ द्वारा प्रसव सामान्य रूप से करवाने के प्रयास किए जाते हैं। उन्होने बताया कि हाल ही में अस्पताल में मेशु गांव की एक गर्भवती महिला का सामान्य प्रसव करवाया गया जिसमें शिशु का वजन साढ़े तीन किलोग्राम पाया गय, जबकि सामान्य तौर पर नवजात शिशु का वजन अढाई से तीन किलोग्राम होता है। अस्पताल में माता शिशु दोनों स्वस्थ हैं। उन्होने बताया कि गर्भवती महिलाओं प्रसव पर आने वाले दवाएं, भोजन इत्यिादी सभी सुविधाएं अस्पताल में मुफ्त प्रदान की जाती है। उन्होने बताया कि सरकार द्वारा संस्थागत प्रसव करवाने पर विशेष बल दिया जा रहा है तथा अस्पताल में मरीजों के लिए चौबीस घंटे आपातकालीन सेवाएं उपलब्ध करवाई जाती है।

### मॉक ड्रिल : हाईकोर्ट सभागार में फंसे 300 लोग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से शनिवार को मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। न्यायालय में भूकंप की सूचना मिली, इस वजह से 300 लोग उच्च न्यायालय के सभागार में फंस गए थे। इसके साथ ही, 800 के करीब लोग न्यायालय में प्रभावित हुए थे जबकि 5 भूकंप की वजह से घायल हुए। मॉक ड्रिल के दौरान एनडीआरएफ के 30, एसडीआरएफ के 10, अग्निशमन दल 6 सदस्य और स्वास्थ्य विभाग के 4 कर्मचारी मौजूद रहे। वहीं इस दौरान दो एंबुलेंस का इस्तेमाल भी किया गया। मॉक ड्रिल के दौरान अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी कानून एवं व्यवस्था पंकज शर्मा ने कहा कि जिला प्रशासन की ओर से समय-समय पर इस तरह मॉक ड्रिल का आयोजन किया जाता है ताकि आपदा के समय तुरंत राहत कार्य शुरू हो सके। इसके साथ ही लोगों को भी आपदा से निपटने के लिए जागरूक बनाया जा सके।




# देशभक्ति के नारों से गूंजा जुब्बल-कोटखाई

## 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता के सम्मान में सैकड़ों लोगों ने निकाली तिरंगा यात्रा

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान**

**शिमला।** जुब्बल-कोटखाई शनिवार को देशभक्ति के रंग में रंग गया, जब 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता के सम्मान में सैकड़ो की संख्या में नागरिकों ने हाथों में तिरंगा थामे सड़कों पर उतरकर भारतीय सेना के शौर्य को नमन किया।

गुम्मा सहित जुब्बल बाजार में गूंजते रहे भारत माता की जय, जय हिंद, वंदे मातर के जयघोष से हर ओर लहराता तिरंगा, देश के वीरों को समर्पित यह यात्रा न केवल श्रद्धांजलि थी बल्कि युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत थी।

भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री सिद्धार्थन की विशेष उपस्थिति ने इस यात्रा को और भी गौरवशाली बना दिया। उन्होंने कहा ऑपरेशन सिंदूर ने एक बार फिर सिद्ध कर दिया कि भारत की सेना अदम्य साहस और अपराजेय भावना की प्रतीक है। तिरंगा यात्रा में भाजपा जिलाध्यक्ष, शिमला संसदीय क्षेत्र के संगठन मंत्री, अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष, जुब्बल मंडल अध्यक्ष मीनाक्षी मांटा, कोटखाई मंडल अध्यक्ष सुन्दर डोगरा सहित युवा मोर्चा, महिला मोर्चा, किसान मोर्चा, अनुसूचित जाति मोर्चा, नगर पंचायत प्रतिनिधि तथा सैकड़ो नागरिकों ने भाग लिया और जुब्बल-कोटखाई को देशभक्ति से सराबोर कर दिया।




जुब्बल बाजार में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर भाजपा के नेता और पदाधिकारी तिरंगा यात्रा निकालते हुए।

**प्रदेश संगठन महामंत्री सिद्धार्थन विशेष रूप से रहे उपस्थित**

### तिरंगा यात्रा सेना के शौर्य को सम्मान देने का संकल्प : बरागटा

**भाजपा** प्रदेश प्रवक्ता चेतन बरागटा ने कहा हमारे वीर सैनिकों ने पाकिस्तान को घुटनों पर ला दिया। यह यात्रा उनके सम्मान में है, जो सीमाओं पर न केवल बंदूकें थामते हैं, बल्कि पूरे देश की उम्मीदें भी उठाए रखते हैं। उन्होंने कहा कि यह तिरंगा यात्रा हमारी सेना के शौर्य को सम्मान देने और राष्ट्रप्रेम की भावना को जन-जन तक पहुंचाने का एक संकल्प है।

### सब्जी मंडी के पास खड़ी मोटरसाइकिल चोरी, मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, शिमला।** राजधानी शिमला के व्यस्तम इलाकों में से एक सब्जी मंडी क्षेत्र से एक व्यक्ति की बुलेट मोटरसाइकिल चोरी हो गई है। पीड़ित की शिकायत पर थाना सदर में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 303(2) के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने चोरी की घटना को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता साहिब बाली पुत्र प्रदीप कुमार निवासी शिमला ने बताया कि वह पेशे से वेल्डर है और रोजाना की तरह 20 मई को अपने काम के लिए सब्जी मंडी शिमला पहुंचे थे। शिकायतकर्ता के अनुसार उन्होंने अपनी बुलेट मोटरसाइकिल (नंबर एचपी 03सी 5513) को दोपहर करीब 3 बजे सब्जी मंडी के पास पार्क किया और अपने कार्यस्थल की ओर चले गए। जब वह कुछ घंटों बाद वापस लौटे तो देखा कि वहां उनकी बाइक मौजूद नहीं थी। इसके बाद पुलिस में इसकी शिकायत दर्ज करवाई।

# पीरन में बनाए 151 आधार कार्ड



**बाबू राम चौहान, अनंत ज्ञान**

**जुन्गा।** डाक विभाग के सौजन्य से ग्राम पंचायत पीरन में आधार कार्ड बनाने के लिए आयोजित शिविर बीते सांय संपन्न हो गया। इसमें कुल 151 आधार कार्ड बनाए गए, जिनमें से 21 नए और शेष अपडेट किए गए।

डाक विभाग के आधार कार्ड ऑपरेटर राजेश शर्मा ने बताया कि यह कैंप केवल दिन के लिए लगाया गया था परंतु विद्युत आपूर्ति न होने के कारण अधीक्षक डाकघर के आदेशानुसार इस कैंप की अवधिक तीन दिन के लिए बढ़ा दी गई थी। राजेश शर्मा ने बताया कि इस शिविर में 21 नए आधार कार्ड नवजात शिशुओं के बनाए गए जबकि 30 आधार कार्ड स्थानीय स्कूल के बच्चों के अपडेट किए गए। उन्होड्ने बताया कि इस कैंप में पीरन पंचायत के दूरदराज क्षेत्रों से आए लोगों ने इस शिविर का लाभ उठाया अन्यथा इस क्षेत्र के लोगों को आधार कार्ड बनाने के लिए शिमला अथवा सोलन जाना पड़ता था जिससे उनके समय और धन की हानि होती थी। प्रधान किरण ने इस कैंप को तीन दिन तक बढ़ाने के लिए अधीक्षक डाकघर मंडल सोलन का आभार व्यक्त किया।

## ओलावृष्टि से हो रहे नुकसान का दिया जाए मुआवजा

**अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** उपमंडल में आजकल भारी ओलावृष्टि हो रही है। शुक्रवार को भी छौहारा क्षेत्र के बाघी, ग्वास, डिस्वाणी, जांगला, भटवाड़ी, मस्तोट, कलोटी सहित कई क्षेत्रों में एक घंटे के करीब लगातार ओलावृष्टि हुई। ओलावृष्टि से बागवानों की सेब की फसल को भारी नुकसान हुआ है। सर्किट हाऊस रोहड़ू में पत्रकारवार्ता के दौरान सांसद सुरेश कश्यप ने बताया कि बताया कि प्रदेश सरकार को ओलावृष्टि से हो रहे नुकसान का मुआईना कर बागवानों को उचित मुआवजा दिया जाना चाहिए। तुर्की के साथ भारत का व्यापार भी चलता है, जिसमें काफी मात्रा में सेब वैध व अवैध तरीकों से देश में पहुंचता है। इससे प्रदेश के सेब बागवानों को भारी नुकसान पहुंच रहा है। वहां से आने वाले सेब पर पुरी तरह से प्रतिंबध लगना चाहिए। यह मुद्दा भी प्रधानमंत्री के समक्ष उठाया जाएगा। इसके अलावा चीन से भी लहसुन आता है, जिस पर भी प्रतिबंध लगाने की वे प्रधानमंत्री के समक्ष मांग उठाएंगे।

### नाथपा झाकड़ी हाइड्रो पॉवर स्टेशन में मनाया 38वां स्थापना दिवस

# परियोजना के शहीदों को दी श्रद्धांजलि




**आत्मा सिंह, अनंत ज्ञान**

**रामपुर बुशहर।** निगम की गौरवान्वित व देश की सबसे बड़ी भूमिगत परियोजना नाथपा झाकड़ी जल विद्युत परियोजना में अत्यंत हर्षोल्लास के साथ 38वां स्थापना दिवस मनाया गया। एसजेवीएन के 38वें स्थापना दिवस के अवसर पर नाथपा झाकड़ी परियोजना के शहीद स्मारक में विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर परियोजना के शहीदों को याद किया गया और उनके बलिदान को नमन किया गया। कार्यक्रम में परियोजना प्रमुख आशुतोष बहुगुणा कुमार ने सहृदय बलिदानों को नमन करते हुए पुष्प अर्पण कर सर्वप्रथम श्रद्धांजलि दी। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिकारियों, कर्मचारियों और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। यह अवसर उन सभी व्यक्तियों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का था जिन्होंने परियोजना के निर्माण और संचालन में अपने प्राणों की आहुति दी।

भव्य आयोजनों की कड़ी में शनिवार को 'पीपल चॉइस एसजेवीएन स्टार अवार्ड' के तहत 16 कार्यपालक व गैर-कार्यपालकों को अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक की ओर से परियोजना प्रमुख आशुतोष बहुगुणा द्वारा सम्मानित किया गया। इसी के साथ एनजेएचपीएस के 3 हेल्थ चैंपियन विजेताओं को भी कार्यक्रम में मुख्यातिथि द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर परियोजना प्रमुख ने सभी को एसजेवीएन के 38वें स्थापना दिवस की बधाई दी।

मुख्यातिथि आशुतोष बहुगुणा ने कहा कि हम सब का उत्तरदायित्व बनता है कि भविष्य में एसजेवीएन को सफलता की नित-नई ऊंचाइयों तक पहुंचाए और राष्ट्र निर्माण में सर्वोच्च योगदान दें।

# बिलासपुर में बच्चों के समग्र विकास के लिए सिंगापुर मॉडल की तर्ज पर शिक्षा

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति को नई दिशा : शिक्षा विभाग और एयरटेल फाउंडेशन के बीच एमओयू, जून से शुरू होंगे विशेष सत्र

**शुभम राही, अनंत ज्ञान**

**बिलासपुर।** नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत देशभर में शिक्षा के क्षेत्र में बदलाव की लहर जारी है। इसी क्रम में बिलासपुर जिले में एक अभिनव और दूरदर्शी पहल शुरू होने जा रही है, जिसमें बच्चों में शैक्षणिक ज्ञान के साथ-साथ मानवीय मूल्यों का समावेश और शारीरिक स्वास्थ्य को भी शिक्षा का अनिवार्य हिस्सा बनाया जाएगा। इस महत्वाकांक्षी योजना में सिंगापुर के अत्याधुनिक और व्यवहारिक शिक्षा मॉडल के कुछ अंशों को भी शामिल किया जाएगा।

इस पहल को साकार करने के लिए हिमाचल उच्च शिक्षा विभाग और भारतीय एयरटेल फाउंडेशन के बीच एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं। इस समझौते के तहत जून माह से विशेष प्रशिक्षण सत्रों की शुरुआत की जाएगी, जो न केवल विद्यार्थियों बल्कि शिक्षकों और अभिभावकों को भी जागरूक करने और प्रशिक्षित करने का कार्य करेंगे।

बिलासपुर जिले में लागू की जाने वाली इस पहल के तहत छात्रों को बताया जाएगा कि वे किस तरह स्कूल आने-जाने के लिए व्यायाम आधारित विकल्पों जैसे स्केटबोर्ड या साइकिल का प्रयोग करें, जिससे उनके स्वास्थ्य को भी लाभ हो और समय का भी सदुपयोग हो। एयरटेल फाउंडेशन के अंतरराष्ट्रीय अनुभव प्राप्त विशेषज्ञ सैमुअल मैसी इस पहल का नेतृत्व करेंगे। वह शिक्षकों, छात्रों और अभिभावकों से सीधे संवाद कर विशेष कार्यशालाओं का संचालन करेंगे। जानकारी के अनुसार, उन्होंने दो दिन पूर्व बिलासपुर के उपनिदेशक से इस परियोजना को लेकर विस्तृत चर्चा भी की है। बिलासपुर के उच्च शिक्षा विभाग की उपनिदेशक रेणु कौशल ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति का मुख्य उद्देश्य बच्चों को केवल ज्ञान देना नहीं, बल्कि उन्हें जीवन के हर क्षेत्र में सक्षम और जागरूक बनाना है। इसी दिशा में यह पहल एक बड़ी शुरुआत है। इसमें सिंगापुर मॉडल के कुछ प्रभावशाली तत्वों को भी शामिल किया गया है, ताकि बच्चे वैश्विक सोच के साथ स्थानीय जिम्मेदारियों को समझ सकें। बच्चों में मानवीय मूल्यों की स्थापना और सिंगापुर मॉडल से प्रेरित व्यावहारिक शिक्षा के माध्यम से यह प्रयास नई पीढ़ी को अधिक सजग, संवेदनशील और सशक्त बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

**शैक्षणिक ज्ञान के साथ बच्चों में मानवीय मूल्य और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता पर जोर**

### चार चरणों में होगा कार्य

**पहला चरण:** शिक्षकों को मूल्यों पर आधारित विशेष शिक्षण सामग्री प्रदान की जाएगी। उन्हें यह भी प्रशिक्षित किया जाएगा कि किस प्रकार से वे अपनी कक्षा में इन मूल्यों को रोचक और व्यावहारिक तरीकों से विद्यार्थियों तक पहुंचाएं।

**दूसरा चरण:** अभिभावकों को शिक्षित किया जाएगा कि घर में बच्चों से कैसा व्यवहार करें, किस तरह की बातों और वातावरण से बच्चों के भीतर सकारात्मक सोच और मानवीय मूल्य पनपते हैं। पारिवारिक माहौल को भी शिक्षा का हिस्सा माना जाएगा।

**तीसरा चरण:** विद्यार्थियों को विशेष सत्रों और गतिविधियों के माध्यम से प्रशिक्षित किया जाएगा। इन गतिविधियों में समूह चर्चा, कहानी वाचन, रोल प्ले, कार्यशालाएं और सामाजिक परियोजनाएं शामिल होंगी। उद्देश्य यह है कि बच्चों को सीखने का अनुभव केवल पुस्तकों तक सीमित न रहे।

**चौथा चरण:** बच्चों को समाज और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार दृष्टिकोण रखने की प्रेरणा दी जाएगी। उन्हें यह सिखाया जाएगा कि वे अपने आस-पास के समाज, प्रकृति और सार्वजनिक संसाधनों के प्रति किस प्रकार संवेदनशील और उत्तरदायी बनें।



सिंगापुर के शिक्षा मॉडल को बिलासपुर शिक्षा विभाग ने एडॉप्ट किया है। इस मॉडल पर जल्द कार्य शुरू होगा, कार्ययोजना तैयार कर ली गई है.

**-रेणु कौशल, उच्च शिक्षा उपनिदेशक बिलासपुर।**

# मिनर्वा घुमारवीं के 35 बच्चों ने उत्तीर्ण की सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा



**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

**राष्ट्रीय** परीक्षण एजेंसी की ओर से अप्रैल माह में आयोजित इस वर्ष की ऑल इंडिया सैनिक स्कूल एंट्रेंस एग्जाम 2025 के परिणाम में एक बार फिर मिनर्वा घुमारवीं के बच्चों ने शानदार प्रदर्शन किया है। मिनर्वा स्टडी सर्किल से कोचिंग प्राप्त कर कक्षा छठी के लिए आरव शर्मा ने सबसे अधिक 228 अंक हासिल किए हैं। अर्शिया शर्मा ने 209 अंक, गर्वित 201, अर्णव शर्मा ने 201, अर्णव चौहान ने 201, अनवी ने 197, पार्थ ने 173, पारस ने 163, फाल्गुनी ने 162, मोनाली ने 157, कार्तिक ने 152, आरव ने 150, सूर्यांश ने 134, पुष्कल ने 131, काविश ने 125, लावन्य ने 120, यश ने 117, मोहम्मद उस्मान ने 112, शिवम ने 100 और कनिष्क ने 86 अंक हासिल किए हैं।

9वीं कक्षा के लिए सिद्धार्थ ने सबसे अधिक 356 अंक हासिल किए हैं। इसके साथ ही स्वर्णिम ने 318 अंक, कार्तिक ने 312 अंक, अक्ष ने 276 अंक ,आयुष ने 274 अंक, वैदिक ने 260 अंक, मृदुल ने 238 अंक, कार्तिक ने 214 अंक, बालादित्य ने 212 अंक, अर्चित ने 210 अंक, दिक्षांत ने 194 अंक, निरूपम ने 184 अंक, नैतिक ने 167 अंक, अनीष ने 150 अंक और सुनंदन ने 118 अंक प्राप्त कर शानदार प्रदर्शन किया है। पर संस्थान के संस्थापक व संयोजक परवेश चंदेल व राकेश चंदेल ने इन सभी बच्चों के अभिभावकों व संस्थान के सभी अध्यापकों व कर्मचारियों को बधाई देते हुए सब के भविष्य की मंगल कामना की है।

### नकारात्मक भावनाओं से निपटने के दिए टिप्स

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर जिला मुख्यालय पर लेक व्यू कैफे में आर्ट ऑफ लिविंग की ओर से योग शिविर का आयोजन किया गया। इसमें बच्चों को ध्यान, योग, प्राणायाम के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में चार दिनों तक बेंगलुरु से आए उत्कर्ष योग कार्यक्रम के हिमाचल प्रभारी आर्ट ऑफ लिविंग के प्रमुख टीचर अमित ठाकुर ने बच्चों को समग्र विकास के साथ-साथ डर चिंता और अन्य नकारात्मक भावनाओं से निपटने के टिप्स दिए। उनका सहयोग संस्कार टीचर मीरा भोगल तथा आर्ट ऑफ लिविंग के प्रमुख स्वयंसेवी विकास भट्टा ने किया। अमित ठाकुर ने बताया कि उत्कर्ष कार्यक्रम बच्चों के लिए बनाया गया है, जिसमें बच्चों को ध्यान और योग के माध्यम से अपने मन को शांत करना और शरीर को लचीला बनाना सिखाया जाता है।

### स्वतंत्रता सेनानी किरपा राम का निधन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** स्वतंत्रता संग्राम में शामिल रहे बिलासपुर के स्वतंत्रता सेनानी किरपा राम (सेवानिवृत्त अध्यापक) का निधन हो गया। 105 वर्षीय गांव खन्न चांदपुर निवासी किरपा राम लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे थे। शनिवार सुबह उनका घर में ही निधन हो गया, जिनका दाह संस्कार कुगंरहट्टी शमशानघाट में किया गया, जहां उनके बडे बेटे रणजीत ठाकुर ने मुखाग्नि दी। जानकारी के मुताबिक, किरपा राम ने 36 वर्षों तक अध्यापन कार्य किया। उस समय भी वह स्कूल में बच्चों को पढ़ाने के साथ-साथ निःशुल्क ट्यूशन पढ़ाते थे। प्रशासन की तरफ से तहसीलदार बिलासपुर बालकृष्ण, पूर्व विधायक बंबर ठाकुर, श्री नयना देवी के पूर्व विधायक केके कौशल, पूर्व विधायक तिलक राज शर्मा सहित अन्य उनके अंतिम यात्रा में शामिल हुए और श्रद्धांजलि दी। स्वतंत्रता सेनानी के स्वजनों को प्रशासन की ओर से 25 हजार रुपये राशि मौके पर दी गई।

### घुमारवीं बस स्टैंड पर हादसा, मां-बेटा जख्मी

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** घुमारवीं बस स्टैंड पर एक महिला और उसका बेटा दो बसों के बीच में आकर घायल हो गए। यह हादसा उस समय हुआ जब पीड़ित महिला पूनम, निवासी थुराण अपने मायके निहारी जाने के लिए अपने दो बच्चों के साथ बस स्टैंड पर बस का इंतजार कर रही थी। महिला के सामने एक बस पहले से खड़ी थी और पीछे भी एक बस खड़ी थी। पीछे खड़ी बस के चालक ने अचानक बस को चलाना शुरू कर दिया। इससे पूनम तथा उसका बेटा दोनों दो बसों के बीच में आ गए। इस दर्दनाक हादसे में पूनम को गंभीर चोटें आईं, जबकि उसके बड़े बेटे तरुण को भी हल्की चोटें लगी हैं। घायल को सिविल अस्पताल घुमारवीं से एम्स बिलासपुर रेफर किया है। बेटे को छुट्टी दे दी गई है। डीएसपी घुमारवीं चंद्रपाल सिंह ने मामले की पुष्टि की है।

## नैहर गांव में दंगल, रोहित ने जीती बड़ी माली

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** कोलडैम क्षेत्र के नैहर गांव स्थित प्रसिद्ध लखदाता पीर परिसर में पारंपरिक विशाल दंगल का आयोजन किया गया। दंगल का मंच संचालन अखाड़ा कमेटी के जीत राम ठाकुर ने किया। दंगल में बड़ी माली का रोमांचक फाइनल मुकाबला सुमित रोहतक और रोहित बारन के बीच हुआ, जिसमें रोहित ने शानदार प्रदर्शन कर खिताब अपने नाम किया। मध्यम माली में नवीन (मंडी) और अर्पित (चांदपुर) के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला, जिसमें अर्पित विजयी घोषित किए गए। छोटी माली में भानु (चंबा) और अक्षय (सलापड़) के बीच दिलचस्प कुश्ती हुई, जिसमें अक्षय ने जीत हासिल की। दंगल में विजेता और उपविजेता पहलवानों को गुर्ज के साथ आकर्षक नकद पुरस्कार भी प्रदान किए गए। दंगल कमेटी के प्रधान नंदलाल ठाकुर ने कहा कि सहयोगकर्ताओं और अतिथियों ने आयोजन का गौरव बढ़ाया है। यह दंगल न केवल खेल का प्रतीक बना, बल्कि क्षेत्र की लोक संस्कृति, भाईचारे और परंपरा भीं देखने को मिली।

दंगल के विभिन्न वर्गों में रहे मुख्य अतिथि डॉ. प्रकाश चंद ठाकुर ने 7000 रुपए, युवा भाजपा नेता रोहित ठाकुर ने 11,000 रुपए, बंत सिंह चंदेल ने 5000, हिमाचल कामगार संघ महामंत्री लता ठाकुर ने 11,000 रुपए, महेंद्र सिंह ठाकुर ने 11,000 रुपए की सहयोग राशि प्रदान कर आयोजन को सहयोग दिया।

# घुमारवीं शहर में छह माह से टैक्सी स्टैंड का निर्माण कार्य पड़ा ठप



जनवरी माह में सीर खड्ड पुल के समीप टैक्सी स्टैंड निर्माण के लिए की गई खुदाई।

**नीरज शर्मा, घुमारवीं**

**घुमारवीं** शहर में वर्षों से लंबित स्थायी टैक्सी स्टैंड की मांग पूरी होने की उम्मीदें एक बार फिर अधूरी रह गई हैं। प्रशासन की ओर से मार्च 2025 तक टैक्सी स्टैंड का निर्माण कार्य पूरा करने का दावा किया था, लेकिन छह महीने बीत जाने के बावजूद यह कार्य अधूरा पड़ा हुआ है।

जनवरी माह में नगर परिषद की ओर से सीर खड्ड पुल के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग-103 के किनारे टैक्सी स्टैंड निर्माण का कार्य शुरू किया गया था। शुरुआती चरण में जेसीबी मशीन की ओर से कुछ खुदाई का कार्य किया गया, लेकिन इसके बाद निर्माण कार्य पूरी तरह से ठप पड़ गया। टैक्सी ऑपरेटर्स का कहना है कि वे सरकार को नियमित रूप से टैक्स देते हैं, फिर भी उन्हें मूलभूत सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं।

घुमारवीं में लगभग 90 टैक्सियां प्रतिदिन लोगों को परिवहन सुविधा देती हैं, लेकिन स्थायी स्टैंड न होने से दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इस समस्या को लेकर टैक्सी यूनियन के प्रतिनिधियों ने पूर्व में नगर परिषद अध्यक्ष, एसडीएम तथा डीएसपी घुमारवीं को लिखित ज्ञापन सौंपा था। इसके बाद ही प्रशासन की ओर से जनवरी में स्थान चिन्हित कर टैक्सी स्टैंड का निर्माण कार्य शुरू किया गया था, लेकिन शुरुआत के कुछ दिन काम चलने के बाद निर्माण कार्य रोक दिया गया। टैक्सी चालकों ने प्रशासन से जल्द से जल्द निर्माण कार्य पूरा करने की मांग की है, ताकि वर्षों पुरानी मांग को पूरा किया जा सके। जल्द कार्रवाई नहीं की गई तो आंदोलन का रास्ता अपनाने पर मजबूर होंगे।

टैक्सी स्टैंड का काम बंद नहीं किया गया है, बल्कि जिस ठेकेदार को काम सौंपा गया था, उसने काम छोड़ दिया है। इस वजह से फिलहाल काम बंद है, जल्द ही टैक्सी स्टैंड के कार्य को शुरू किया जाएगा, ताकि टैक्सी चालकों को स्थायी टैक्सी स्टैंड उपलब्ध हो सके।

**-गौरव चौधरी, उप मंडलीय अधिकारी, घुमारवीं।**

## लेहड़ में 25 हेक्टेयर पर लगेगा संतरा व माल्टा का बगीचा

**गोपाल कपिल, अनंत ज्ञान**

**झंडूता।** विकास खंड झंडूता की सुन्हाणी पंचायत के लेहड़ गांव में एचपी शिवा प्रोजेक्ट के तहत उद्यान विभाग की ओर से एक महत्वाकांक्षी परियोजना शुरू की गई है। इसके तहत किसानों की ओर से सामूहिक रूप से 25 हेक्टेयर भूमि पर संतरा और माल्टा का बगीचा स्थापित किया जाएगा। उपनिदेशक डॉ. माला शर्मा ने भूमि सुधार और बेड निर्माण कार्य का शुभारंभ किया।

उद्यान विभाग के अधिकारी अरविंद गौतम ने बताया कि शिवा प्रोजेक्ट के तहत इस क्लस्टर में बाड़बंदी, भूमि सुधार, टपक सिंचाई और अन्य सिंचाई योजनाओं का लाभ किसानों को प्रदान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि झंडूता उपमंडल में पहले से ही पांच अन्य क्लस्टरों में इस तरह का कार्य प्रगति पर है, जिनमें लगभग 100 हेक्टेयर भूमि को परियोजना के दायरे में लाया जा रहा है। यह पहल क्षेत्र के किसानों की आय बढ़ाने और बागवानी को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# दधोल स्कूल में बच्चों को दी नशे से दूर रहने की सलाह



जागरूकता कार्यक्रम में बच्चों को महत्वपूर्ण जानकारी देतीं डॉ. राजकुमारी।

**अनंत ज्ञान, दधोल**

**गवर्नमेंट** सीनियर सेकेंडरी स्कूल दधोल में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. राजकुमारी, सेवानिवृत्त कॉलेज प्रोफेसर ने विद्यार्थियों को महत्वपूर्ण जानकारी दी। पोक्सो एक्ट, नशा उन्मूलन और शिक्षक की भूमिका पर जोर दिया गया।

डॉ. राजकुमारी ने पोक्सो एक्ट के तहत बच्चों के अधिकारों और सुरक्षा उपायों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने विद्यार्थियों को समझाया कि वे कैसे असुरक्षित परिस्थितियों की पहचान कर सकते हैं और किस तरह से खुद को सुरक्षित रख सकते हैं। उन्होंने गुड टच और बैड टच की पहचान की महत्ता बताई और बच्चों को विश्वासपात्र लोगों से संवाद करने, साथ ही हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी, ताकि किसी भी प्रकार की असुरक्षा या संकट से बचा जा सके। उन्होंने कहा कि नशा न केवल शारीरिक और मानसिक दृष्टि से हानिकारक है, बल्कि समाज पर भी इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। बच्चों को नशे से दूर रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि शिक्षक केवल ज्ञान नहीं देते, बल्कि समाज को नैतिकता, मूल्य और दिशा भी प्रदान करते हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### खज्जियार को प्लास्टिक मुक्त बनाने की पहल



**अनंत ज्ञान, चंबा।** पुखरी में 'परिवर्तन (पर्यावरण पहल)' के तत्वाधान में एक विशेष स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान में उप प्रधान सिंगी अजय कुमार और रजत शर्मा की अध्यक्षता में ग्रामीणों, युवाओं और समाजसेवियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस दौरान खज्जियार को प्लास्टिक मुक्त बनाने का संकल्प किया। प्रमुख सहभागी रहे रवि कुमार, कृष शर्मा, योग राज, अजु शर्मा और तनु शर्मा जैसे स्थानीय चेहरे, जिन्होंने इस मिशन को जनआंदोलन का स्वरूप देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### बनीखेत में निकाली तिरंगा यात्रा

**अनंत ज्ञान, डल्होजी।** डल्होजी विधानसभा के बनीखेत में मां भारती के वीर सपूतों को समर्पित तिरंगा यात्रा में विधायक डीएस ठाकुर ने भाग लिया। जिसमें पूर्व विधानसभा अध्यक्ष व विधायक विपिन सिंह परमार मुख्य रूप से उपस्थित रहे। विधायक डीएस ठाकुर ने यात्रा के दौरान कहा कि यह यात्रा 'ऑपरेशन सिंदूर' की अभूतपूर्व सफलता को नमन करने और वीर सैनिकों के शौर्य, बलिदान एवं राष्ट्र के प्रति उनके समर्पण के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर है। इस अवसर पर परमार ने कहा कि भारतीय सेना ने आतंकवाद को मुंहतोड़ जवाब देकर देश की सुरक्षा की मजबूत नींव रखी है।

### प्रतियोगिताओं की तैयारियों पर चर्चा

**अनंत ज्ञान, डलहौजी।** हिमोत्कर्ष जनकल्याण परिषद डलहौजी की एक महत्वपूर्ण बैठक हाल ही में आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता प्रधान सत्यपाल शर्मा ने की। बैठक में इस वर्ष आयोजित की जाने वाली अंतर स्कूलीय प्रतियोगिताओं को जल्द से जल्द संपन्न कराने का निर्णय लिया गया। प्रतियोगिताओं के सुचारू आयोजन के लिए कार्यकारी अध्यक्ष लक्षित सोनी की अध्यक्षता में एक उप-सभा भी आयोजित की जाएगी। आगामी बैठक में चित्रकला, भाषण प्रतियोगिता एवं नृत्य कला जैसी प्रतियोगिताओं को शामिल करने पर विशेष चर्चा की जाएगी। प्रधान ने कहा कि आगामी बैठक की तारीख फाइनल होते ही प्रतियोगिताओं की तैयारियों को तेजी से अमल में लाया जाएगा। साथ ही परिषद द्वारा 26 जुलाई को मनाए जाने वाले कारगिल विजय दिवस के कार्यक्रमों के आयोजन पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा।

### कार से 1.502 किलोग्राम चरस बरामद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** स्पेशल इन्वेस्टिगेशन यूनिट (एसआईयू) मंडी टीम ने बासाधर जंगल के पास एक ऑल्टो कार को रोककर तलाशी ली। इस दौरान कार से 1.502 किलोग्राम चरस बरामद की गई। पुलिस ने एक आरोपी हिम्मत राम पुत्र जोगिंदर सिंह, निवासी गांव सियूं, तहसील पधर जिला मंडी को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया है, जबकि दूसरा आरोपी मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश पुलिस कर रही है। एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने कहा कि पधर थाने में एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 और 29 के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच जारी है।

### निर्धारित समय में हल करें समस्याएं: इंद्र सिंह

**अनंत ज्ञान, नेरचौक।** बल्ह विधानसभा में पेयजल सिंचाई सुविधा एवं बाढ़ नियंत्रण जैसी समस्याओं पर विधायक इंद्र सिंह गांधी ने अधिशाषी अभियंता, जल शक्ति मंडल बग्गी के साथ एक बैठक की। इसमें भाजपा नेरचौक मंडल के अध्यक्ष कुलदीप ठाकुर, एससी मोर्चा के अध्यक्ष जीवन चौहान सहित कार्यकर्ता भी शामिल हुए। जिसमें विधायक ने लगभग 20 से अधिक बिंदुओं पर चर्चा कर जल शक्ति विभाग के अधिकारियों से सुनिश्चित समय में सुधारात्मक कदम उठाकर कार्य करने के निर्देश जारी किए। विधायक ने अधिकारियों को निर्धारित समय में समस्याओं के हल करने के दिए निर्देश।

# चुवाड़ी में बनेगा मिनी सचिवालय भवन

## विस अध्यक्ष पठानिया ने 1.50 करोड़ से बनने वाले बहुउद्देशीय भवन की रखी आधारशिला

आरके सहगल, अनंत ज्ञान

**चुवाड़ी।** विधानसभा अध्यक्ष एवं भटियात विधायक कुलदीप सिंह पठानिया ने शनिवार को चुवाड़ी में 1.50 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले बहुउद्देशीय भवन (पार्किंग, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, नगर पंचायत कार्यालय एवं ओपन एयर टेरेस रेस्टोरेंट) की आधारशिला रखी और इस अवसर पर एक महत्वपूर्ण जनसभा को संबोधित किया।

इस दौरान उन्होंने ऐलान किया कि चुवाड़ी में मिनी सचिवालय भवन निर्माण का कार्य प्रस्तावित है और इसका विस्तृत परियोजना प्रस्ताव तैयार किया जा चुका है। इसके साथ-साथ उन्होंने यह भी बताया कि यहां सिविल कोर्ट और विद्युत बोर्ड का मंडल कार्यालय खोलने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। उन्होंने कहा कि चुवाड़ी को एक आदर्श कस्बे के रूप में विकसित किया जाएगा, जहां सभी बुनियादी सुविधाएं आधुनिक रूप में उपलब्ध होंगी। वन संपदा से भरपूर भटियात क्षेत्र में जल्द ही डीएफओ कार्यालय भी खोला जाएगा, जिससे क्षेत्रीय प्रशासन को मजबूती मिलेगी और वन विभाग की कार्यप्रणाली में सुधार होगा।



चुवाड़ी में बहुउद्देशीय भवन की आधारशिला रखते हुए विस अध्यक्ष कुलदीप पठानिया।

जल शक्ति विभाग द्वारा चुवाड़ी में 19 करोड़ रुपए की लागत से सीवरेज सिस्टम के उन्नयन कार्य किए जा रहे हैं, जिन्हें इस बरसात से पहले पूरा करने के निर्देश भी दिए गए हैं। इसके अतिरिक्त, 26 करोड़ की लागत वाली पेयजल योजना का 30 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है, और आने वाले 30 वर्षों तक स्थायी जल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए 40 करोड़ की एक नई परियोजना भी प्रस्तावित की गई है।

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने ने सियूंता, ककीरा, समोट, जरई, टुंडी जैसे कस्बों के लिए भी बिजली, पानी और मल निकासी जैसी मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने का आश्वासन दिया।

**कहा- भटियात में खुलेगा डीएफओ कार्यालय**

कार्यक्रम के दौरान एसडीएम पारस अग्रवाल ने भटियात उपमंडल के अंतर्गत चल रही योजनाओं की जानकारी साझा करते हुए बताया कि चुवाड़ी में नागरिक चिकित्सालय एवं एसबीआई बैंक के समीप ट्रैफिक लाइट्स लगाई जा रही हैं, और शनि देव मंदिर के पास कंस्ट्रक्शन वेस्ट डंपिंग साइट की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। कार्यक्रम में डीएसपी योगेश्वर सिंह, राज्य वन निगम निदेशक मंडल सदस्य चेला कृष्ण चंद, राज्य सहकारी बैंक निदेशक मंडल सदस्य राजकुमार, नगर पंचायत उपाध्यक्ष सुरेंद्र चाढक, जिला कांग्रेस महासचिव राजीव कौशल सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# आयल-सनवाल सड़क मार्ग को जोड़ने की मांग एक बार फिर उठी

हाशू शेख, अनंत ज्ञान



**चंबा।** जिले के दूरवर्ती व दुर्गम क्षेत्रों में रहने वाले ग्रामीणों की वर्षों पुरानी मांग एक बार फिर गूंज उठी है। आयल से सनवाल तक के प्रस्तावित सड़क मार्ग का निर्माण कार्य अब भी अधूरा पड़ा है, जिससे आयल, भलौड़ी, बनातर, सनवाल, शलेला बाड़ी, देहरा, झज्जा कोठी, थानाईकोठी जैसी 6-7 ग्राम पंचायतों के हजारों निवासियों को गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि यह सड़क मार्ग न केवल जनजीवन को सुगम बनाएगा, बल्कि क्षेत्र के सामाजिक और आर्थिक विकास का मार्ग भी प्रशस्त करेगा। दुर्भाग्यवश, यह परियोजना कई वर्षों से लोक निर्माण विभाग की फाइलों में ही दब कर रह गई है, जबकि क्षेत्रवासियों की अपेक्षाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। जनप्रतिनिधियों की वादाखिलाफी पर भी लोगों में भारी नाराज़गी देखी जा रही है। अब

**अब भी इंतजार में 6 से अधिक पंचायतें**

ग्रामीणों ने एकजुट होकर सरकार और प्रशासन से पुनः मांग की है कि आयल-सनवाल सड़क मार्ग को शीघ्रता से जोड़ने की दिशा में ठोस और समयबद्ध कदम उठाए जाएं। लोगों की यह भी अपील है कि इस बार वादा नहीं, बल्कि कार्य हो, ताकि वर्षों से सड़क के इंतज़ार में अटकी जिंदगियों को राहत मिल सके।

# सब्जी की टोकरी से शुरू होकर रोजगार की मिसाल बनी कुकरेजा परिवार की कहानी

अनंत ज्ञान, चंबा

**मेहनत**, जुनून और सेवा के एक अनोखे सफर की कहानी है कुकरेजा परिवार की, जिन्होंने एक छोटे से सब्ज़ी के ठेले से शुरुआत कर आज क्षेत्र के कई दूरदराज इलाकों तक ताजी सब्जियां सस्ते दामों पर पहुंचाने का गौरव हासिल किया है।

इस यात्रा की नींव रखी थी स्वर्गीय कहान सिंह कुकरेजा ने, जो कभी सब्ज़ी की छोटी टोकरी लेकर खुद बाजार में बेचते थे। उनके पुत्र कुलदीप सिंह कुकरेजा ने इस काम को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया और इसे एक स्थायी व्यवसाय में तब्दील किया। कुलदीप ने मेहनत और ईमानदारी से इस कारोबार को बढ़ाया, जिससे न केवल परिवार बल्कि 60 से 70 परिवारों को रोजगार मिला। कई लोग पिछले 25-30 वर्षों से उनके साथ जुड़े हुए हैं, जो उनके भरोसे और कार्यशैली का प्रमाण है। कुलदीप कुकरेजा का कहना है कि ताज़ी सब्ज़ियां हर



**दूरदराज इलाकों में पहुंचा रहे हैं ताजी सब्जियां**

**60 से 70 परिवारों को मिला है रोजगार**

किसी की पहुंच में होनी चाहिए, चाहे कोई कितना भी गरीब क्यों न हो। उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि सब्ज़ी के दाम न तो मंडी से ज्यादा हों और न ही बाजार के। इस कारण से लोगों को अच्छा, सस्ता और ताज़ा माल मिल पाता है। आज कुलदीप के पुत्र विजय कुकरेजा इस परंपरा को आगे बढ़ा रहे हैं।

विजय कुकरेजा कहते हैं, भगवान की कृपा से इस व्यवसाय ने इतनी ऊंचाई हासिल की है। हमारा हमेशा प्रयास रहेगा कि किसी की जेब पर भार न पड़े और हर गरीब परिवार तक ताज़ी सब्जियां पहुंचे। कुकरेजा परिवार का यह छोटा सा व्यवसाय अब भामौर, चुराह, चंबा सहित आसपास के कई दूर-दराज इलाकों तक ताज़ी सब्ज़ियां पहुंचाता है। यह केवल एक व्यापार नहीं, बल्कि सेवा का एक अनमोल उदाहरण है, जिसमें समुदाय की भलाई और ईमानदारी का मेल है।

कुकरेजा परिवार इस सेवा को और विस्तारित करने का संकल्प ले चुका है। उनकी यह कहानी हिमाचल प्रदेश के कई लोगों के लिए प्रेरणा बनी है कि एक छोटे से व्यवसाय से भी बड़ा बदलाव संभव है, अगर उसमें दिल और मेहनत हो।

# एक उज्ज्वल दीपस्तंभ की तरह है अहिल्याबाई का जीवन: परमार



तलविंद्र सिंह, अनंत ज्ञान

**बनीखेत।** डलहौजी की पुण्यभूमि बनीखेत में शनिवार को एक ऐतिहासिक और प्रेरणादायक क्षण की साक्षी बनी, जहां 'लोकमाता' पूज्य देवी अहिल्याबाई होल्कर की त्रिशताब्दी स्मृति के अवसर पर एक भव्य जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे पूर्व विधानसभा अध्यक्ष व विधायक विपिन सिंह परमार ने लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के त्यागमयी और आदर्शमयी जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अहिल्याबाई का जीवन एक उज्ज्वल दीपस्तंभ की तरह है, जो आने वाली पीढ़ियों को नैतिकता, सेवा और न्याय के मार्ग पर चलने का प्रेरणास्रोत बना रहेगा।

डलहौजी के विधायक डीएस ठाकुर ने भी अपनी गरिमामयी उपस्थिति से कार्यशाला की शोभा बढ़ाई। उन्होंने कहा कि लोकमाता का जीवन भारतीय नारी शक्ति, नेतृत्व और जनकल्याण का प्रतीक है। इस भव्य आयोजन में जिला भाजपा अध्यक्ष धीरज नारियल व महिला मोर्चा की सक्रिय जिला अध्यक्ष जयंती दुग्गल भी विशेष रूप से उपस्थित रहीं।

## पुखरी में 37 पशुओं का किया उपचार

**अनंत ज्ञान, पुखरी।** शनिवार को पुखरी स्थित पशु चिकित्सा आवास में एक विशेष पशु स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसका संचालन सम्माननीय उपनिदेशक डॉ. मुंशी कपूर के नेतृत्व में, वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. चमन सिंह के मार्गदर्शन में तथा पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. राहुल नेगी के सहयोग से किया गया। यह शिविर एचडीएफसी बैंक परिवर्तन एवं आश्रय फाउंडेशन के संयुक्त प्रयास से आयोजित हुआ।

शिविर के दौरान 22 लाभार्थियों के कुल 37 पशुओं की जांच की गई तथा उन्हें आवश्यक औषधियों का वितरण किया गया, जिसमें खनिज मिश्रण, चारा अनुपूरक, दर्द निवारक, कृमिनाशक तथा अन्य आवश्यक दवाएं शामिल थीं। शिविर का उद्देश्य पशुपालकों को उनके पशुओं के उचित प्रबंधन, सुरक्षा, दुग्ध उत्पादन में वृद्धि तथा मूलभूत देखभाल के तौर-तरीकों के प्रति जागरूक करना था।

# सेना के सम्मान में निकाली तिरंगा यात्रा

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने पाकिस्तान मुर्दाबाद के लगाए नारे

ओपी शर्मा, अनंत ज्ञान

**भरमौर।** भारतीय सेना के सम्मान में भाजपा मंडल भरमौर व होली में तहसील मुख्यालय में शनिवार को तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा में तहसील होली में भाजपा एसटी मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष अनिल ढ़कोग और मंडलाध्यक्ष अशोक ठाकुर ने मुख्य रूप से अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। होली बस स्टैंड से मुख्य बाजार होते हुए स्कूल रोड तक तिरंगा यात्रा निकाली गई और दोबारा बस स्टैंड पहुंच कर संपन्न हुई।

इस दौरान कार्यकर्ताओं ने भारतीय सेना जिंदाबाद और पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए। इस मौके पर भाजपा के एसटी मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष अनिल ढ़कोग ने कहा कि भारतीय सेना के सम्मान में यह तिरंगा यात्रा निकाली गई।



वहीं चौरासी भाजपा मंडल भरमौर ने तिरंगा यात्रा कार्यक्रम का आयोजन पार्टी कार्यालय सावनपुर से लेकर चौरासी मन्दिर परिसर तक किया गया। इस तिरंगा यात्रा कार्यक्रम में पार्टी पदाधिकारियों के साथ साथ सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। चौरासी भाजपा मंडल भरमौर के अध्यक्ष अंग्रेज कपूर ने कहा है कि कार्यक्रम का उद्देश्य ऑपरेशन सिंदूर की कामयाबी था। इस दौरान भारतीय सेना के पराक्रम के नारे लगाए गए।

# पीएचसी बनीखेत को दिया आधुनिक फर्नीचर व उपकरण

अनंत ज्ञान, बनीखेत

चंबा के बनीखेत क्षेत्र में एनएचपीसी क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व एवं सतत विकास योजना (सीएसआर-एसडी) 2024-25 के अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बनीखेत को नई स्वास्थ्य सुविधाओं और फर्नीचर का समान प्रदान किया गया। यह कार्यक्रम शनिवार को विधायक डीएस ठाकुर, कार्यपालक निदेशक संतोष कुमार एनएचपीसी क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत की उपस्थिति में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान संतोष ने

**एनएचपीसी की सीएसआर-एसडी योजना के तहत बांटा सामान**

कहा कि एनएचपीसी बनीखेत शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में निरंतर विकास कार्यों में तत्पर है और भविष्य में भी इस दिशा में सक्रिय प्रयास जारी रखेगा। उन्होंने सीएसआर-एसडी योजना के तहत दूरदराज और पहाड़ी क्षेत्रों में समावेशी विकास तथा सामुदायिक सहभागिता की प्रतिबद्धता दोहराई।

विधायक ने एनएचपीसी द्वारा क्षेत्रीय विकास के लिए किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की और विशेष रूप से स्वास्थ्य एवं शिक्षा क्षेत्र में योगदान को सराहा। फर्नीचर और उपकरणों में जल शुद्धिकरण प्रणाली, स्टील प्रतीक्षा बेंच, ऑफिस स्टील अलमारी, स्टील ओपन रैक, ऑफिस कुशन चेयर, पेशेंट व्हील चेयर, हीट पिलर, हाई बैक चेयर, ऑफिस स्टील टेबल, मरीज जांच टेबल, लो बैक चेयर और पेशेंट स्टूल शामिल हैं, जो स्वास्थ्य केंद्र की कार्यक्षमता को बेहतर बनाएंगे।

### सूडोकु नवताल- 7440 (★★★★ कठिन)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 1 | 4 | | |
| | 9 | | | | | 5 | 8 | |
| | | | 7 | 9 | | | | |
| | | | 2 | | | | 6 | 7 |
| 4 | | | | | | | | 3 |
| 5 | 8 | | | | 9 | | | |
| | | | | 8 | 5 | | | |
| | 7 | 6 | | | | | 1 | |
| | | 9 | 3 | | | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु नवताल -7439 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 9 | 2 | 3 | 1 | 6 | 5 | 4 |
| 3 | 2 | 4 | 6 | 5 | 9 | 7 | 8 | 1 |
| 6 | 5 | 1 | 8 | 4 | 7 | 2 | 9 | 3 |
| 5 | 1 | 7 | 3 | 9 | 8 | 4 | 6 | 2 |
| 4 | 6 | 8 | 5 | 1 | 2 | 9 | 3 | 7 |
| 9 | 3 | 2 | 4 | 7 | 6 | 8 | 1 | 5 |
| 1 | 4 | 6 | 9 | 2 | 3 | 5 | 7 | 8 |
| 2 | 9 | 3 | 7 | 8 | 5 | 1 | 4 | 6 |
| 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 4 | 3 | 2 | 9 |

## अनंत ज्ञान — आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी, श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

रविवार, 25 मई 2025

**विक्रमी संवत :** 2082, **शक संवत :**1947 (विश्वासवसु), **मास :** अमांत बैशाख, **तिथि** त्रयोदशी (15:49): **नक्षत्र** अश्विनी (11:10), **पक्षः** कृष्ण, **योग :** सौभाग्य (11:03), अभीजित (11:44-12:37)। **राहुकाल** (17:07-18:46)।

### विशेष दिन

- 25 मई 2025: मासिक शिवरात्रि आज।
- 25 मई 2025: नवतपा आज से शुरू।

**मेषः** जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। मान-सम्मान में वृद्धि होगी।

**वृषः** कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

**मिथुनः** अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शत्रुभय, इुक्षचता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे।

**कर्क:** संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा। व्यापार में वृद्धि व उत्तम लाभ मिलेगा। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा।

**सिंहः** स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा।

**कन्याः** कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी।

**तुलाः** प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। सभा-गोष्ठियों में सम्मान मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**वृश्चिकः** स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। व्यर्थ की दौड़-भाग से यदि बचा जाए तो अच्छा है।

**धनुः** नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होंगी। विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। मान-सम्मान को ठेस लग सकती है।

**मकरः** एकाकी वृत्ति त्यागें। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी।

**कुंभः** सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। मनोविनोद बढ़ेंगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी।

**मीनः** धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। लाभ में आशातीत वृद्धि तय हैं मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। किसी पुराने संकल्प को पूरा कर लेने का दिन है।


## कार्यालय ग्राम पंचायत डरोह
विकास खण्ड सुलह स्थित भेड़ू महादेव तह. पालमपुर जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

### निविदा सूचना

ग्राम पंचायत डरोह द्वारा वर्ष 2025-26 में करवाए जाने वाले विभिन्न विकास कार्यों के लिए निम्नलिखित सामग्री हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

| क्र.सं. | सामग्री का विवरण | इकाई जिसमें सामग्री चाही गई है |
|---|---|---|
| 1. | रेत क्रशर | प्रति वर्ग फुट |
| 2. | बजरी क्रशर | प्रति वर्ग फुट |
| 3. | कट स्टोन | प्रति पत्थर |
| 4. | गोला बोल्डर | प्रति वर्ग फुट |
| 5. | ईंट | प्रति ईंट |
| 6. | जेसीबी | प्रति घंटा |
| 7. | सीमेंट ढुलाई | हि.प्र. सिविल सप्लाई स्टोर थुरल से ग्राम पंचायत के क्षेत्र में (जीएसटी बिल नं. सहित) पहुंच के लिए गाड़ी किराया। जिसमें लोडिंग व अनलोडिंग सहित होगी। |
| 8. | बोल्डर 20,40,60 एमएम | प्रति वर्ग फुट |

**शर्तेः-** 1. आपूर्तिकर्ता के पास जीएसटी नं. होना अनिवार्य है। 2. आपूर्तिकर्ता के पास एम-फार्म होना अनिवार्य है। 3. आपूर्तिकर्ता समय पर सप्लाई नहीं करता है या निमार्ण सामग्री की गुणवत्ता सही न होने की स्थिति में निविदा रद्द करने का अधिकार पंचायत के पास होगा। 4. किन्हीं परिस्थितियों में दो या दो से अधिक फर्मों की दरें समान होने पर अंतिम निर्णय कमेटी/ग्राम पंचायत का होगा। 5. निविदाएं दिनांक 05.06.2025 तक समय 4:00 बजे तक ग्राम पंचायत डरोह के कार्यालय में पहुंच जानी चाहिए। 6. जिस वैंडर को पंचायत द्वारा पास किया जाएगा, उसे पंचायत द्वारा निर्धारित की गई सिक्योरिटी की राशि जमा करवानी पड़ेगी।

**प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत डरोह**
**विकास खण्ड सुलह स्थित भेड़ू महादेव तह. पालमपुर जिला कांगड़ा (हि.प्र.)**

## कार्यालय ग्राम पंचायत गढ़ा
विकास खंड चौपाल, जिला शिमला (हि.प्र.)

### निविदा सूचना

सभी सामग्री आपूर्ति कर्ताओं/एजेंसियों/ सामग्री Supplier को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत गढ़ा वर्ष 2025-26 के लिए सभी प्रकार की सामग्री की आपूर्ति हेतु निविदाएँ आमंत्रित करती है।

**1 आवश्यक दस्तावेज** 1 पूर्तिकर्ता की एजेंसी/संस्था पंजीकृत होनी आवश्यक तथा GST no होना आवश्यक है 2 रेता, रोड़ी व पत्थर के लिए आपूर्तिकर्ता के पास WX फार्म का होना आवश्यक है 3 आपूर्तिकर्ता के पास लगभग पिछले वित् वर्ष की CA आडिट व Income tax Return होनी आवश्यक है । 4 आपूर्तिकर्ता के पास सभी प्रकार कि मशीनरी जैसे टिपर, JCB, ट्रैक्टर इत्यादी का होना आवश्यक है। 5 आपूर्तिकर्ता के पास ISI code का होना आवश्यक है। **2 आवश्यक शर्तें** 1. आपूर्तिकर्ताओं को निविदा/कुटेशन के साथ उपरोक्त आवश्यक दस्तावेज देने आवश्यक होंगे। 2 आपूर्तिकर्ता को सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के Supplies Order मिलने के 5 दिन के भीतर देनी होगी। 3 Supplies में देरी होने व हल्की Quality की सामग्री देने पर टेंडर रद्द किया जायेगा 4 आपूर्तिकर्ता को सामग्री की आपूर्ति के लिए ग्राम पंचायत द्वारा पेमेंट सामग्री आपूर्ति के बाद दी जाएगी। 5 यदि आपूर्तिकर्ता कोई भी सामग्री ग्राम पंचायत के Supplies Order के बिना किसी एसे व्यक्ति को देगा जिसके पास पंचायत के द्वारा सामग्री प्राप्ति के अधिकृत आदेश न हो उसके लिए ग्राम पंचायत जिम्मेदार नहीं होगी 6 आपूर्तिकर्ता अपनी निविदा/कुटेशन बन्द लिफाफे में डाक द्वारा या स्वयं उपलब्ध करवानी होगी 7 निविदाएँ/कुटेशनें जमा करवाने की अन्तिम 29/05/2025 सांय 5 बजे तक होगी। 8 निविदाएँ/कुटेशनें बोलने की तिथि GP गढ़ा में 30/05/2025 की होगी निविदाएँ। कुटेशन प्रातः 11 बजे पंचायत कार्यालय में खोली जाएगी।

**प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत गढ़ा**
**विकास खंड चौपाल, जिला शिमला (हि.प्र.)**

## कार्यालय ग्राम पंचायत बसंतपुर विकास खण्ड धर्मपुर जिला मंडी (हि0 प्र0 )
### वर्ष 2025-26 के लिये निविदायें आमंत्रित करने बारे

सर्व सम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया कि ग्राम पंचायत बसंतपुर वर्ष 2025-26 के लिये विकास कार्यों के निष्पादन हेतु निमलिखित निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. रेता कैशर प्रति घन मीटर 2 रेता प्लांट प्रति घन मिटर 3 बजरी कैशर 20mm प्रति घन मीटर 4 बजरी क्रेशर 40mm प्रति घन मीटर 5 पत्थर प्रति घन मीटर 6 साईन बोर्ड / बोर्ड writting/बोर्ड size2""3" or3"" 5" (7) सीमेंट दुलाई सरकाघाट से सीमेंट स्टोर तक 8 ईंटे प्रति हजार(abc Grade) 9 शटरिंग स्टील प्लेट प्रति सुकेयर मीटर 10 शटरिंग लकड़ी प्रति running मीटर 11 सरिया 8 mm. 10mm, 12mm प्रति क्विंटल 12 मशीन (jcb ) द्वारा कटान प्रति घंटा 13 सामग्री ढूलान ट्रैक्टर जीप अन्य वाहन द्वारा ग्राम पंचायत के समस्त वार्डों में 14 वाटर कूलर20ltr 40ltr 80ltr with fitting 15 segregation shed:

नियम व शर्ते : (1) निविदादाता के पास अपना पंजीकरण पैन no. GST NO. का होना आवश्यक है। 2 निविदादाता को निविदा अपने लैटर पेड पर ग्राम पंचायत बसंतपुर के नाम भेजनी होगी। 3 निविदादाता को बिल के साथ मात्रा सहित Vald Transit PassForm W और X जमा करवाने होगे । 4 सभी करों का लेन-देन सरकार के प्रावधानो अनुसार होगा । 5 सामग्री की आपूर्ति लोक-निर्माण विभाग के स्पेसिफिकेशन के अनुसार होगी। 6 दरे अंको व शब्दों में लिखी होनी चाहिए । 7 निर्माण सामग्री कार्यस्थल / सड़क तक उपलब्ध करवानी होगी। 8 पारित निविदादातायों को मुश्तलिक 20000/- रुपये अग्रिम / सुरक्षित राशी के रूप में जमा करवानी होगी। 9 ग्राम पंचायत के समस्त क्षेत्राधिकार में एक ही मूल्य देये होगा। 10 निविदादाता यदि सप्लाई ऑडर जारी होने के उपरान्त निर्धारित अवधि में सामग्री समयानुसार नहीं कर पाता है तो उसकी गत समय दी गई सामग्री की देये राशी का भुगतान नही किया जाएगा और न ही अग्रिम/ सुरक्षित राशी वापिस की जायेगी। 11 किसी भी निविदा को बिना कारण बताये स्वीकृत / अस्वीकृत करने व सामान दर रहने की स्थिति में एक या एक से अधिक निविदादातायों के लिये कार्य आदेश निर्गत करने सामग्री की गुणवता के चयन तथा निविदा किसी भी समय रद करने का अधिकार पंचायत व विभाग के पास सुरक्षित रहेगा। 12 सामग्री राशी की अदायगी कार्या पूर्ण होने के उपरांत TA/JE की पैमाइश के बाद होगी । 13 सामग्री लेने का अंतिम मूल्य / निर्णय विभाग JUSTIFICATION का पारित निविदादाताओं के साथ NEGOTATION अनुसार / उपरांत किया जाएगा। सप्लायर से मांगी गई पूर्ण सामग्री का ब्यौरा देना होगा। प्रत्येक सामग्री के आगे राशी लिखना अनिवार्या है तथा किसी भी समाग्री के आगे MARKET VELUE नही लिखनी होंगी बल्कि रेट लिखना होगा किसी भी सप्लायर द्वारा Market velue लिखी गई तो उसकी निविदा रद की जाएगी। निविदाए दिनांक 07/06/2025 को कार्यालय ग्राम पंचायत बसंतपुर में पंचायत बैठक में पंचायत कमेटी द्वारा सभी के सामने 12 बजे खोली जायेगी तथा सभी सप्लायर उस दिन उपस्थित रहे । यदि कोई सप्लायर उस दिन अनुपस्थित रहता है तो बाद में उसकी कोई भी शिकायत मान्य नही होगी। प्रत्येक वस्तु का मूल्य Gst. सहित लिखना होगा तथा कुटेशन का सब टोटल मान्य नही होगा ।

निविदाये दिनांक 03/06/2025 तक पंचायत कार्यालय में पहुँच जानी चाहिए।

प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत बसंतपुर विकास खण्ड धर्मपुर जिला मंडी (हि0 प्र0 )

## कार्यालय ग्राम पंचायत डलाह
विकास खंड द्रंग स्थित पधर, जिला मंडी (हि.प्र.)

### निविदा सूचना

ग्राम पंचायत डलाह द्वारा गित वर्ष 2026-26 के लिए विभिन्न विकास कार्यों के निष्पादन हेतु आवश्यकता अनुसार अधिकृत विकंताओं से मुहरबन्द कुटेशनें आमंत्रित की जाती है। ये निविदाएं दिनांक 05-06-2025 तक कार्यालय ग्राम पंचायत डलाह में पहुंच जानी चाहिए इस तिथि तक प्राप्त कुटेशनें दिनांक 06-06-2025 को ग्राम पंचायत डलाह की बैठक में पंचायत के समक्ष व निविदाताओं या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष यदि उपस्थित हों खोली जाएगी प्रसाशकिय कारणों से इस तिथि में बदलाव करने का अधिकार ग्राम पंचायत डलाह के पास सुरक्षित रहेगा। इस दशा में सूचना समाचार पत्रों में प्रदर्शित नहीं की जाएगी। यह कुटेशने मुहर बंद लिफाफे में डाक द्वारा या स्वयं छोड़ना पड़ेगी सामग्री का विवरण निम्न प्रकार से है। **सामग्री का विवरणः** -1. रेत (प्रति घन फुट) 2 बजरी (प्रति घन फुट) 3 सोलिंग/बोल्डर पत्थर (प्रति घनमीटर) 4 पत्थर चिनाई (प्रति घनमीटर) 5 ईंट (प्रति नग) 6 जेसीबी मशीन द्वारा कटान (प्रति घंटा) 7 जेसीबी मशीन द्वारा स्टोन ब्रेकर (प्रति घंटा) 8 चौखट खिडकी लोहा (प्रति रनिंग फुट) 9 चोखट खिड़की लकड़ी (प्रति रनिंग फुट) 10 दरवाजा लकड़ी (प्रति वर्ग फुट)11 खिड़की पल्ला लकड़ी (प्रति वर्ग फुट) 12 सीमेंट ढुलान लोडिंग/अनलोडिंग (प्रति बैग) 13 शटरिंग (प्रति वर्ग फुट) 14 मिक्सर मशीन (प्रति घंटा) 15 दीवार लेखन (प्रति वर्ग फुट) 16 रंग पेंट (प्रति वर्ग फुट) 17 कार्य बोर्ड आरसीसी 2*3 (प्रति नग)। **नियम व शर्ते निम्न प्रकार से हैं।** 1 निविदाता के पास अपना पंजीकरण जीएसटी नं. होना आवश्यक है। 2 रेत बजरी व पत्थर आपूर्तिकर्ता को WX फार्म जमा करवाना होगा। 3 निविदा पर दरें साफ व स्पष्ट अंकित होनी चाहिए। 4 सामग्री की आपूर्ति HPWD की Specification के अनुरूप होगी। 5 सामग्री की आपूर्ति जहां तक वाहन योग्य सड़क है तक उपलब्ध करवानी होगी। 6 सामग्री की आपूर्ति से पूर्व गुणवत्ता की जांच तकनीकी कर्मचारियों से करवानी होगी। 7 निविदाता को मु0 50,000 (एक हजार) रू. की धरोहर राशि ग्राम पंचायत के पास जमा करवानी होगी। 8 अनुमोदित निविदाता समय पर सामग्री की आपूर्ति नहीं करता है तो दी गई सामग्री की राशि का भुगतान नहीं किया जाएगा और धरोहर राशि वापिस नाहीं की जाएगी। 9 किसी भी निविदा को विना कारण बताए अस्वीकृत रद्द करने व समान दर रहने की स्थिति में एक या एक से अधिक निविदाओं को स्वीकृत करने सामग्री गुणवत्ता के चयन तथा निविदाएं किसी भी समय रद करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत के पास रहेगा। 10 सामग्री खरीद का अन्तिम मुल्य/ निर्णय विभाग की Justification व अनुमोदित निविदाओं के साथ Negociation अनुसार ही किया जाएगा। 11 पंचायत द्वारा मांगी गई कुटेशनें पंचायत विवरण अनुसार ही दी जाएं।

**प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत डलाह**
**विकास खंड द्रंग स्थित पधर, जिला मंडी (हि.प्र.)**

## अनंत Classifieds

### नाम परिवर्तन

**आयत भट्ट**, पुत्री श्री अक्षय भट्ट वीपीओ- डुहकी, डरोह, तहसील पालमपुर, जिला कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश 176092, एतद् द्वारा घोषणा करता हूं कि मैंने अपना नाम आयत भट्ट से बदलकर अद्रिजा भट्ट कर लिया है। प्रासंगिक जानकारी नोट कर लें।

### सार्वजनिक सूचना

मैं, मेहर सिंह आयु 85 साल पुत्र जगतू, मोहाल लोधवा डाकखाना गंगथ, उप तहसील गंगथ जिला कांगड़ा हिमाचल प्रदेश का स्थायी निवासी हूँ और भूमि खाता नंबर 17,56,10,3 मोहाल लोधवा डाकखाना गंगथ उप तहसील गंगथ जिला कांगड़ा हिमाचल प्रदेश में कुल भूमि 817 कनाल 1 मरला भूमि हिमाचल प्रदेश भू जोत अधिकतम सीमा अधिनियम 1972 के तहत सरकार हिमाचल प्रदेश को निहित हुई थी प्रार्थी 15 कनाल 6 मरले पर किसी दीगर मालिक की भूमि पर मुजारा था इस प्रकार प्रार्थी को कुल 198 कनाल 15 मरले भूमि प्राप्त हुई है जो कि 30 एकड़ से 17 कनाल 15 मरले कम है प्रार्थी श्री मेहर सिह पुत्र जगतू, मोहाल लोधवा डाकखाना गंगथ उप तहसील गंगथ जिला कांगड़ा हिमाचल प्रदेश की कुल 117 कनाल 15 मरले वास्तविक भूमि व 23 कनाल 10 मरले गैर मुमकिन भूमि हिमाचल प्रदेश भू जोत अधिकतम सीमा अधिनियम 1972 के तहत सरकार हिमाचल प्रदेश में निहित होने की पुष्टि की है इस उपरोक्त भूमि पर हमारा कोई कब्जा नहीं है, कोई फसल आदि नहीं लगी है न ही इस भूमि पर कोई शमशान घाट मन्दिर सड़क, बिजली का पोल, मस्जिद पानी का कोई टैंक न है न की इस उपरोक्त भूमि पर किसी को कोई अलाटमैंट हुई है। अगर किसी व्यक्ति को इस बारे कोई एतराज हो तो वह उपमण्डल अधिकारी (ना.) इंदौरा को इस बारे अपना एतराज प्रकट कर सकता है।

**हस्ता/-**
**शपथकर्ता**

**व अदालत अधिशाषी दण्डाधिकारी एवम नायब तहसीलदार नगरोटा बगवां जिला कांगड़ा हि. प्र.।**
मिसल न./ना./2025 ता. दा. 8-05-2025
तारीख पेशी 26-06-2025
मुकद्दमा-इन्द्राज जन्म
**प्रार्थना पत्र प्रार्थी रवि कुमार पुत्र मिलखी राम निवासी गांव निहारखोला डाकघर लिल्ली तहसील नगरोटा बगवां जिला कांगड़ा हि. प्र.**
...प्रार्थी पक्ष

**बनाम**
**आम जनता**

**विषयः-**प्रार्थना पत्र जेर धारा 13(3) जन्म एवम मृत्यु पंजीकरण अधिनियम 1969 के अंतर्गत प्रमाण पत्र लेने बारे प्रार्थना पत्र।

**अखवारी इश्तेहार बनाम आम जनता**

उपरोक्त मुकद्दमा बारे प्रार्थी रवि कुमार ने इस न्यायालय में प्रार्थना पत्र जेर धारा 13(3) जन्म एवम मृत्यु पंजीकरण अधिनियम 1969 गुजारा है, जिसके अनुसार प्रार्थी रवि कुमार का जन्म दिनांक 03-07-1970 को पंचायत लिल्ली में हुआ था। लेकिन अज्ञानतावश प्रार्थी रवि कुमार अपनी जन्म तिथि को ग्राम पंचायत लिल्ली में दर्ज नहीं करवा सका। प्रार्थी रवि कुमार पुत्र मिलखी राम अपनी जन्म तिथि को ग्राम पंचायत लिल्ली में दर्ज करवाना चाहता है।

अतः उक्त प्रार्थना-पत्र के सन्दर्भ में यदि आम जनता या अन्य किसी को उक्त जन्म तिथि को ग्राम पंचायत लिल्ली के रिकार्ड में दर्ज करवाने बारे कोई एतराज हो तो वह असालतन या बकालतन इस अदालत में दिनांक 26-06-2025 को दोपहर बाद 2.00 बजे हाजिर आ सकता है। हाजिर न आने की स्थिति में एकतरफा कार्यावाही अमल में लाई जाकर नियमानुसार आदेश पारित कर दिए जाएंगे और बाद मे कोई भी उजर या एतराज काबिल-ए समायत न होगा।

आज दिनांक 24-05-2025 को मेरे हस्ताक्षर व कार्यालय मोहर से जारी हुआ

**अधिशाषी दण्डाधिकारी एवम नायब तहसीलदार नगरोटा बगवां जिला कांगड़ा हि. प्र.।**

**अपने** मिशन में कामयाब होने के लिए, अपने लक्ष्य के प्रति एकचित्त होकर निष्ठावान होना पड़ेगा। -डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम

## संपादकीय

# असल परख की चुनौती

बीसीसीआई ने 25 साल के शुभमन गिल को टेस्ट टीम की कमान सौंपकर इंग्लैंड दौरे के लिए बिलकुल युवा टीम उतारी है। हालांकि, शुभमन से पहले भी कई युवा क्रिकेटर टेस्ट टीम की कप्तानी कर चुके हैं। यह अच्छा है नई युवा टीम टेस्ट में उतरेगी, लेकिन एक बात और है कि टेस्ट में जोश नहीं होश की बहुत जरूरत होती है और उसमें अनुभव ज्यादा मायने रखता है। टेस्ट में ही खिलाड़ियों की असल परख होती है, जबकि आजकल जब से टी-20 फॉर्मेट वाला क्रिकेट आया है, तब से खिलाड़ियों को टिककर खेलने की आदत नहीं रही है। पिछले कुछ वर्षों के आंकड़ों को देखा जाए तो जो टेस्ट पहले बहुत स्लो खेला जाता था, जो कि अब वर्तमान में बहुत फास्ट हो गया है। ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि पांच दिन के खेल में ये युवा खिलाड़ी टिक पाएंगे या फिर तीन दिन में ही मैच को समेट लेंगे। शुभमन को टेस्ट टीम का कैप्टन बनाने का निर्णय कई मायनों में ऐतिहासिक है, क्योंकि यह सिर्फ एक नई टीम के गठन का संकेत नहीं है, बल्कि भारतीय क्रिकेट के भविष्य की दिशा भी तय करता है। जहां एक ओर यह बदलाव भारतीय क्रिकेट में नई ऊर्जा और जोश का संचार करता है, वहीं दूसरी ओर यह प्रश्न भी उठता है कि क्या सिर्फ जोश के भरोसे टेस्ट क्रिकेट जैसा धैर्यपूर्ण और रणनीतिक खेल खेला जा सकता है? शुभमन गिल को कप्तानी सौंपना एक साहसिक निर्णय है।

हाल के वर्षों में उन्होंने बल्ले से जिस तरह का प्रदर्शन किया है, उससे उनका आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता साफ झलकती है, लेकिन टेस्ट क्रिकेट केवल तकनीक और रन बनाने तक सीमित नहीं होता। यह एक मानसिक खेल है, जिसमें कप्तान का धैर्य, सोच, अनुभव और परिस्थितियों को पढ़ने की क्षमता अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। पहले के समय में जहां टीमें मैच को पूरे पांच दिन तक खींचती थीं, वहीं अब पिछले कुछ वर्षों में टेस्ट मैचों का मिजाज तेजी से बदला है। टी-20 और वनडे के प्रभाव से खिलाड़ियों की खेलने की शैली में भी तेजी आई है। अब बल्लेबाज तेजी से रन बनाते हैं और गेंदबाज आक्रामक लाइन-लेंथ पर भरोसा करते हैं। इसका परिणाम यह हुआ कि कई टेस्ट मैच तीन या चार दिन में ही समाप्त हो जाते हैं। यह बदलाव आधुनिक क्रिकेट की अनिवार्यता हो सकती है, लेकिन इससे टेस्ट की मूल भावना पर भी सवाल उठते हैं। क्या तेज रफ्तार टेस्ट वास्तव में उसकी गुणवत्ता को दर्शाता है या यह अनुभव की कमी का परिणाम है? कोई भी टीम केवल युवा खिलाड़ियों के भरोसे लंबे समय तक सफल नहीं हो सकती। टेस्ट क्रिकेट में अनुभव की भूमिका बहुत अहम होती है। एक अनुभवी खिलाड़ी दबाव में बेहतर निर्णय ले सकता है, मैदान पर स्थितियों को बेहतर ढंग से पढ़ सकता है और टीम को मुश्किल समय में संभाल सकता है। उदाहरण के तौर पर चेतेश्वर पुजारा और अजिंक्य रहाणे जैसे खिलाड़ी जो शायद वर्तमान टीम में न हों, लेकिन उनके अनुभव वाली सोच ने भारत को विदेशों में कई बार मजबूती दी है। युवा खिलाड़ी चाहे जितने भी प्रतिभाशाली हों, उन्हें टेस्ट क्रिकेट में खुद को टिकाने के लिए समय और मार्गदर्शन दोनों की जरूरत होती है। शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल, रजत पाटीदार जैसे खिलाड़ी प्रतिभाशाली हैं, लेकिन वे पांच दिन के खेल में कब तक टिक पाएंगे, यह एक बड़ा सवाल है। इंग्लैंड की पिचें और मौसम भारतीय उपमहाद्वीप से काफी अलग होते हैं। वहां की सीमिंग और स्विंगिंग परिस्थितियों में नए बल्लेबाजों का टिकना कठिन होता है। भारतीय युवा टीम के सामने सबसे बड़ी चुनौती वहीं की परिस्थितियों से तालमेल बैठाने की होगी। अगर बल्लेबाज संयम खो बैठे तो मैच तीन दिन में ही खत्म हो सकता है, जैसा कि पिछले कुछ समय में कई बार देखने को मिला है। कप्तान के रूप में शुभमन गिल को न केवल अपनी बल्लेबाजी पर ध्यान देना होगा, बल्कि टीम की मानसिकता, गेंदबाजी बदलाव, फील्ड प्लेसमेंट और रणनीतिक निर्णयों में भी परिपक्वता दिखानी होगी।

युवा टीम में जोश है, गति है, लेकिन टेस्ट क्रिकेट में सबसे जरूरी गुण होता है संयम। अगर टीम संयम के साथ मैदान पर उतरे, तो वह न केवल इंग्लैंड जैसी मजबूत टीमों को चुनौती दे सकती है, बल्कि भविष्य में भारतीय क्रिकेट को नई ऊंचाइयों तक ले जा सकती है, लेकिन अगर यह युवा ऊर्जा दिशाहीन रही, तो जल्दबाजी, शॉट चयन में गलती और अनुभव की कमी टीम को नुकसान पहुंचा सकती है। बीसीसीआई को चाहिए कि युवा खिलाड़ियों को मानसिक रूप से भी तैयार किया जाए, उन्हें पुराने खिलाड़ियों से मार्गदर्शन मिले और एक संतुलित कोचिंग टीम उनके साथ रहे। शुभमन गिल को टेस्ट कप्तान बनाना एक अच्छा फैसला है और इसका परिणाम भारतीय क्रिकेट के भविष्य को तय करेगा। टेस्ट क्रिकेट केवल तेजी से रन बनाने का खेल नहीं, बल्कि मानसिक मजबूती, रणनीति और अनुभव का खेल है। युवा खिलाड़ी अगर इन गुणों को आत्मसात कर लें, तो भारतीय क्रिकेट का भविष्य सुनहरा है, अन्यथा टेस्ट की असल परख अधूरी रह जाएगी। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

# हिंदी फिल्मों के प्रसिद्ध फिल्म निर्देशक

**करण** जौहर एक प्रसिद्ध भारतीय फिल्म निर्देशक, निर्माता, चलचित्र लेखक, कॉस्ट्यूम डिजाइनर, अभिनेता और टीवी होस्ट हैं। वह भारत और विश्व के सबसे ज्यादा कमाई करने वाले फिल्मों का उत्पादन करने के लिए प्रसिद्ध हैं।



करण जौहर
जन्म : 25 मई, 1972

इनमे से चार फिल्में, जिनमें शाहरुख खान अभिनेता के पात्र में मौजूद है, विदेशी फिल्म उद्योग मे भारत के सबसे ज्यादा कमाने वाले उत्पादन मे से हैं। इन फिल्मों की कामयाबी के कारण, करण जोहर को भारतीय सिनेमा का पश्चिम अनुभूति में बदलाव लाने का श्रेय दिया गया है। आदित्य चोपड़ा द्वारा निर्देशित 'दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे' नामक फिल्म मे अभिनेता के पात्र मे करण जोहर ने फिल्मों से शुरुआत की थी। उन्होंने बाद में बेहद सफल रोमानी कॉमेडी, कुछ-कुछ होता है के साथ अपने निर्देशन जीविका की शुरुआत की। इस फिल्म से उसे सर्वश्रेष्ठ निर्देशक के लिए और सर्वश्रेष्ठ पटकथा के लिए फिल्मफेयर पुरस्कार से सम्मानित भी किया गया। उनकी दूसरी फिल्मेंकभी खुशी कभी गम (2001) और रकभी अलविदा न कहना (2006) थीं। दोनों ही फिल्मों ने भारत और विदेशों में प्रमुख वित्तीय सफलताएं प्राप्त कीं। इस प्रकार जौहर ने बॉलीवुड के सबसे सफल फिल्म निर्माताओं के तालिका में खुद को स्थापित कर लिया। ■



कविता

## किस्मत

वीरेंद्र शर्मा वात्स्यायन, लोअर अरनियाला, ऊना (हिप्र)

*__कौन__ बनाता है किस्मत, भगवान, उद्यमशीलता, कर्मशीलता,*
*परिवर्तित करते हैं किस्मत, याद रखो,*
*किस्मत से नहीं हम, हमसे हैं किस्मत,*
*निठल्ले बैठ क्या बदल जाएगी किस्मत,*
*क्यों रोते हो किस्मत पर, अधिक मिलने पर, सब्र कहां,*
*खत्म नहीं होती लालसा, तनिक विचार करो,*
*समय से पहले किस्मत से अधिक कभी कुछ नहीं मिलता,*
*फिर क्यों कोसते हो किस्मत को,*
*समझ लो कर्म प्रधान है, जीवन हमारा यह ही है,*
*लोक परलोक का आधार हमारा,*
*करें सतत परिश्रम, सद्कर्म सदा हम,*
*दरवाजे पर दस्तक देने आती एक बार किस्मत,*
*न करो इसका इंतजार बारंबार।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# अनुभवों से बनता है वर्तमान सुखमय और भविष्य स्वर्णिम

अतीत के अनुभव से तात्पर्य है, उन घटनाओं, लोगों, और क्रियाओं से जो हमारे जीवन के पहले विभिन्न चरणों में व्यतीत हुई हैं। ये अनुभव हमारी पहचान, हमारी समझ और हमारे व्यवहार को प्रभावित करते हैं। अतीत के अनुभवों से हम सीख सकते हैं और अपने जीवन को बेहतर बना सकते हैं तथा अपने भविष्य को नया आकार प्रदान कर सकते हैं। अतीत के अनुभव हमारी पहचान और आत्म-सम्मान को आकार देते हैं।



लेखक : सुभाष चंद कासव
राज्य पुरस्कार प्राप्त शिक्षक

हमारे अनुभव हमें बताते हैं कि हम कौन हैं, हम क्या हैं और हम क्या करने के लिए सक्षम हैं। अतीत के अनुभव हमें सीखने, विकसित होने और अपने जीवन को बेहतर बनाने के अवसर प्रदान करते हैं। हम अपनी गलतियों से तथा अपने सही कार्यों से सीख सकते हैं और अपने अनुभवों को अपने जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए उपयोग कर सकते हैं। अतीत के अनुभव सकारात्मक या नकारात्मक दोनों हो सकते हैं। सकारात्मक अनुभव हमें खुशी, संतुष्टि और प्रेरणा प्रदान करते हैं, जबकि नकारात्मक अनुभव हमें सबक सिखा सकते हैं और हमें मजबूत बना सकते हैं। अतीत के अनुभव हमें भविष्य के बारे में निर्णय लेने में मदद कर सकते हैं। हम अपने अतीत के अनुभवों के आधार पर अपने भविष्य की योजना बना सकते हैं और अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर सकते हैं।

अतीत के अनुभव हमें वर्तमान में महसूस होने वाले संबंधों को समझने में मदद करते हैं। वे हमारी प्रतिक्रियाओं, हमारी सोच, और हमारे व्यवहार को प्रभावित करते हैं। यदि हम किसी कार्य में असफल होते हैं, तो यह हमें अपने कर्मों और कार्यप्रणाली को पुन: सोचने का अवसर देता है, यदि हम कोई गलत निर्णय लेते हैं, उससे हमें निसंदेह नुकसान होता है, तो यह हमें भविष्य में बेहतर निर्णय लेने में व गलत निर्णय के बजाए सही निर्णय लेने के लिए प्रेरित करता है, जिससे वह पुराना निर्णय बदलने में हमारा विवेक विकसित होता है और विवेक के माध्यम से हम नया निर्णय लेकर अपनी गलतियों का सुधार कर सकते हैं और धोखा खाने से बच सकते हैं। यदि हम किसी कार्य में सफल होते हैं, तो यह हमें भविष्य में और भी अधिक प्रयास करने के लिए प्रेरित हो सकते हैं। अतीत के अनुभव हमें दूसरों के साथ बेहतर संवाद स्थापित करने में मदद कर सकते हैं तथा हम दूसरों को सही निर्णय लेने में सहायता करने के लिए उनके पथ प्रदर्शन भी बन सकते हैं, जिससे अनुभवहीन लोगों को हम एक प्रेरणा स्रोत के रूप में भी उनके लिए निर्देशक का काम कर सकते हैं।

अतीत के अनुभव हमें अपनी ताकत और कमजोरियों को समझने में मदद कर सकते हैं, जो हमें व्यक्तिगत विकास में सहायक सिद्ध होते हैं। अतीत के अनुभव हमें यह समझने में भी मदद कर सकते हैं कि हम क्यों किसी विशेष तरह से महसूस करते हैं या क्यों हम किसी विशेष तरह से व्यवहार करते हैं। वे हमें अपने जीवन को बेहतर बनाने और अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित कर सकते हैं। हमारा अतीत, हमारे अतीत



में घटित घटनाओं, अनुभवों, और स्मृति का एक संग्रह है जो हमारे वर्तमान और भविष्य को आकार देता है। यह हमारे इतिहास, संस्कृति और पहचान का एक अभिन्न हिस्सा है। अतीत का अध्ययन हमें वर्तमान और भविष्य के बारे में मार्गदर्शन दे सकता है और यह हमें मानव स्वभाव और सामाजिक गतिशीलता के बारे में अंतर्दृष्टि प्रदान कर सकता है।

अतीत की अनुभवों के आधार पर हम अपनी दिशा तथा दशा को बदलने में कार्य कर सकते हैं। इतिहास का अध्ययन महज अतीत का अध्ययन ही नहीं है, बल्कि वर्तमान का अतीत से संवाद स्थापित करने का प्रयास है। इतिहास का ज्ञान न केवल हमें वर्तमान की बेहतर समझ देता है, बल्कि भविष्य की ओर भी संकेत करता है। इसके अलावा हमारे लिए यह ज्ञान भी आवश्यक है कि आज हम जिन संस्थाओं को देखते हैं, उनकी जड़ें कहां हैं। अतीत, समय की एक ऐसी धारा है, जो निरंतर बहती रहती है। यह हमें अपने पूर्वजों की याद दिलाता है और हमारी वर्तमान स्थिति को समझने में मदद करता है। अतीत में कई ऐसी घटनाएं और परिवर्तन हुए हैं, जो हमारे जीवन को प्रभावित करते हैं और हमारी संस्कृति को आकार देते हैं।

अतीत का अध्ययन हमें अपनी संस्कृति, इतिहास, और समाज के बारे में ज्ञान प्रदान करता है। यह हमें विभिन्न घटनाओं के कारणों और परिणामों को समझने में मदद करता है। अतीत में हुई रचनात्मकता और नवाचार हमें प्रेरणा देते हैं और हमारे वर्तमान और भविष्य की संभावनाओं को बढ़ावा देते हैं। अतीत में हुई सीख और अनुभव हमें वर्तमान में बेहतर निर्णय लेने में मदद करते हैं और भविष्य में होने वाली गलतियों से बचने में मदद करते हैं। अतीत में हुए घटनाएं, चाहे वे सकारात्मक हों या नकारात्मक, हमारे वर्तमान पर गहरा प्रभाव डालते हैं। वे हमारी संस्कृति, समाज और व्यक्तिगत पहचान को आकार देते हैं। अतीत में हुए संघर्ष और उपलब्धियां हमें प्रेरित करती हैं और हमें आगे बढ़ने का साहस देती हैं। अतीत का अध्ययन हमें भविष्य के लिए तैयार करने में मदद करता है। यह हमें आने वाली चुनौतियों का सामना करने और अवसरों का लाभ उठाने में मदद करता है।

अतीत से सीखकर हम एक बेहतर भविष्य बना सकते हैं। अतीत, वर्तमान और भविष्य के बीच एक मजबूत संबंध है। अतीत का अध्ययन हमें अपनी जड़ों को समझने, अपने वर्तमान को संवारने और भविष्य को बेहतर बनाने में मदद करता है। अतीत को भूलना या अनदेखा करना हमारी प्रगति को बाधित कर सकता है, इसलिए हमें हमेशा अतीत से सीखना चाहिए और उससे प्रेरणा लेनी चाहिए। हालांकि, हम अतीत को किसी भी सूरत में बदल नहीं सकते, परंतु अतीत में हुई घटनाओं के आधार पर हम भविष्य तथा वर्तमान में क्रांतिकारी परिवर्तन अवश्य ला सकते हैं, इसलिए अतीत का प्रयोग मनुष्य को सीख के लिए अवश्य करना चाहिए, जिससे वर्तमान तो सुखमय बनेगा ही, परंतु भविष्य भी स्वर्णिम बन सकता है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

नजरिया

# नौतपा : तप में छिपा बारिश का वरदान

हिंदू सनातन संस्कृति में नौतपा का एक विशेष महत्व है। यद्यपि सुनने में यह शब्द कुछ अटपटा लग सकता है, परंतु इसका अर्थ पूर्णत: तार्किक तथा वैज्ञानिक आधार लिए हुए है। पृथ्वी पर जीवन चक्र को चलायमान रखने में 'नौतपा' महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। वर्ष 2025 में नौतपा की अवधि 25 मई से 2 जून तक रहेगी। यह समय सूर्य के रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश से शुरू होता है और लगातार नौ दिनों तक रहता है। इस अवधि को उत्तर भारत सहित सम्पूर्ण भारत में सबसे भीषण गर्मी पड़ती है।



लेखक : राजेंद्र कुमार शर्मा
देहरादून, उत्तराखंड

**नौतपा का धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व :** भारतीय सनातन परंपरा में सूर्य को ऊर्जा, जीवन और स्वास्थ्य का प्रतीक माना गया है। नौतपा के दौरान सूर्य अपनी चरम स्थिति में होता है और यह समय साधना, तप और आत्मशुद्धि के लिए अत्यंत उपयुक्त माना गया है। कई साधक इस समय उपवास रखते हैं, जल का अधिक सेवन करते हैं और सूर्य अर्घ्य देते हैं।

यह समय मानसिक और आत्मिक उन्नयन के लिए श्रेष्ठ माना गया है। नौतपा के समय गंगा दशहरा और निर्जला एकादशी जैसे पर्व भी पड़ते हैं, जिनका धार्मिक और पवित्रता से गहरा संबंध होता है। इन पर्वों पर लोग पानी, शिकंजी, ठंडे और मीठे जल की जगह जगह छबीले लगाते हैं ताकि भीषण गर्मी से त्रस्त लोगों की पानी पिलाकर सेवा की जा सके।

**नौतपा का पर्यावरणीय महत्व :** नौतपा पर्यावरण के संतुलन की दृष्टि से एक महत्वपूर्ण चरण है। ये नौ दिन वातावरण में अत्यधिक गर्मी लाते हैं, जिससे मिट्टी की ऊपरी परतें गर्म होती हैं और आर्द्रता का वाष्पीकरण होता है। इससे मानसून की तैयारी शुरू होती है।




वैज्ञानिक दृष्टिकोण से देखा जाए तो यह गर्मी बादलों के संचय, वाष्पीकरण और चक्रवातीय संरचनाओं के विकास में सहायक होती है, जिससे आगामी बारिश सुनिश्चित होती है। इसके अलावा, यह समय प्रकृति को शुद्ध करने वाला भी होता है। अत्यधिक तापमान की वजह से कीटाणु नष्ट होते हैं और वायु की नमी संतुलित होती है। इससे जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को संतुलित रखने में मदद मिलती है। मलेरिया कारक मच्छरों का भी भीषण गर्मी में अंत हो जाता है।

**नौतपा का वैज्ञानिक दृष्टिकोण :** वैज्ञानिक रूप से नौतपा सूर्य के रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश का परिणाम है। इस समय सूर्य पृथ्वी के अपेक्षाकृत निकट होता है और सौर विकिरण तीव्रतम होता है। इससे वायुमंडल में तापमान तीव्रता से बढ़ता है। वाष्पीकरण की तीव्र दर से वायुमंडल में अधिक जलवाष्प एकत्र होता है, जो मानसून की शुरुआत में सहायक होता है। वैज्ञानिक दृष्टिकोण से भी मई के अंत और जून की शुरुआत में पृथ्वी और सूर्य के बीच की दूरी अपेक्षाकृत कम होती है, जिससे गर्मी अधिक महसूस होती है। इन दिनों पृथ्वी और सूर्य की निकटता बढ़ जाती है। इस कारण ये नौ दिन खूब तपते हैं। जलवायु वैज्ञानिक मानते हैं कि यह अवधि भारत में ग्रीष्म ऋतु का चरम होती है और इसकी तीव्रता से मानसून का स्वरूप तय होता है। यदि नौतपा में गर्मी तीव्र हो, तो अच्छे मानसून की संभावना अधिक मानी जाती है।

नौतपा केवल मौसम का एक कालखंड नहीं, बल्कि यह भारतीय ऋतुचक्र का एक अत्यंत महत्वपूर्ण अंग है। धार्मिक दृष्टि से यह साधना और ऊर्जा संचय का समय है। पर्यावरणीय दृष्टि से यह वृष्टि के लिए भूमि तैयार करता है और वैज्ञानिक दृष्टि से यह मानसून के बीज बोने का समय है। अत: नौतपा हमें प्रकृति, विज्ञान और आध्यात्मिकता के संतुलन का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत करता है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## अपनी बात

**प्रदेश** स्कूल शिक्षा बोर्ड की ओर से घोषित बारहवीं कक्षा के रिजल्ट में कई छात्रों ने अपनी उत्तर पुस्तिकाओं में मिले कम अंकों को लेकर आपत्ति जताई। जब यह मामला शिक्षा मंत्री तक पहुंचा, तो उन्होंने जांच के आदेश दिए। जांच के बाद जो तथ्य सामने आए, वे न केवल चौंकाने वाले हैं, बल्कि यह भी उजागर करते हैं कि किस प्रकार एक संवेदनशील शैक्षणिक संस्था की कार्यशैली में लापरवाही छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर सकती है। शिक्षा बोर्ड जैसे संस्थान की यह जिम्मेदारी होती है कि वह परीक्षा के हर चरण में पारदर्शिता और निष्पक्षता बनाए रखे। पेपर लीक एक गंभीर मामला है और उस पर तत्काल कार्रवाई करना सही था, लेकिन बाद में आंसर की जैसी बुनियादी और अहम प्रक्रिया में चूक होना यह दर्शाता है कि बोर्ड की कार्यप्रणाली में निगरानी और गुणवत्ता नियंत्रण की कमी है। इस घटना ने शिक्षा प्रणाली की कई खामियों को उजागर किया है। **-रवि, थुरल**

# भर्ती में समानता की वापसी, बोनस अंकों पर हाईकोर्ट की सख्ती

भारतीय प्रशासनिक ढांचे में सामाजिक न्याय को एक महत्वपूर्ण स्थान मिला है, लेकिन इसके नाम पर समय-समय पर ऐसे कदम उठाए जाते हैं, जो समानता की भावना से टकराते हैं। हरियाणा सरकार द्वारा 2019 में सामाजिक-आर्थिक आधार पर 10 अतिरिक्त अंक देने की नीति इसी प्रकार का निर्णय था। यह नीति उन अभ्यर्थियों को लाभ देती थी, जो या तो अनाथ हैं, विधवा मां के पुत्र हैं, परिवार में सरकारी नौकरी नहीं है आदि। यद्यपि यह नीति सहानुभूति के आधार पर प्रेरित थी, लेकिन इससे मेरिट के सिद्धांत को गहरी चोट पहुंची। कई योग्य अभ्यर्थी जिन्होंने परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया था, वे इस 'बोनस सिस्टम' के कारण बाहर हो गए।



लेखिका : डॉ. प्रियंका सौरभ
स्वतंत्र टिप्पणीकार

**संघर्ष की आवाज :** जब कोई छात्र 90 में से 90 अंक लाकर भी चयन से वंचित रह जाए, तो यह सिर्फ परीक्षा की असफलता नहीं, सिस्टम की विफलता होती है और जब यह गड़बड़ी साफ दिखती हो लेकिन सब चुप हों, तो यह चुप्पी भी अपराध की साझेदार होती है। उस समय बहुतों ने सवाल नहीं उठाए, लेकिन कुछ लोगों ने आवाज बुलंद की। मैंने बोल-बोलकर अपना गला फाड़ लिया था कि यह सामाजिक-आर्थिक बोनस अंक प्रणाली असंवैधानिक है और यह फैसला एक दिन पलटेगा और उस दिन हजारों जिंदगियाँ प्रभावित होंगी, लेकिन उस समय वोट बैंक की राजनीति ने सबकी आंखों पर पर्दा डाल दिया। 'जो चयनित हुए, वे भी प्रताड़ित हुए, और जो नहीं हुए वे भी, सबको सजा मिली!' मैंने सबसे पहले इस नीति पर संपादकीय लिखे। विरोध सहा, लेकिन बोलती रही क्योंकि जानती थी, यह फैसला सबको ले डूबेगा। आज जब कोर्ट ने इस पर रोक लगाई है, तो वे बच्चे जीत गए हैं, जिन्होंने सालों तक नौकरी के अधिकार से वंचित होकर लड़ाई लड़ी, लेकिन जो चयनित होकर सेवा दे रहे थे, उनका क्या दोष? वे भी बलि चढ़ा दिए गए। इस पूरी त्रासदी की जड़ है वोट बैंक की घटिया राजनीति।

पहले सहानुभूति के नाम पर नीतियां बनाईं, अब उनका खामियाजा भुगतने के लिए निर्दोष युवा छोड़ दिए। 'बागड़ बिल्लों' का तो आज भी कुछ नहीं बिगड़ा, जो भी भुगते, सिर्फ आम छात्र। जो आज अधिकार लेकर खड़े हैं, उन्होंने वहअधिकार लड़कर लिया है, भीख में नहीं। अब सवाल यह है कि उन कर्मचारियों का क्या होगा, जो कोर्ट के फैसले के कारण बाहर होंगे? क्या उन्हें कोई पुनर्वास मिलेगा? क्या यह सिस्टम उनसे माफी मांगेगा? गलत का परिणाम गलत ही होता है और सही का सही। देर-सवेर ही सही। धिक्कार है ऐसी नीतियों पर, जिन्होंने हजारों को प्रताड़ित किया और जिन्हें हक मिला, वह भी सिर्फ संघर्ष से मिला।



**अदालत का हस्तक्षेप और स्पष्ट रुख :** पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने इस नीति को संविधान की भावना के विपरीत बताया। अदालत ने आदेश दिया कि भविष्य में इस प्रकार के बोनस अंक नहीं दिए जाएंगे। जिन अभ्यर्थियों को इन अंकों के चलते नियुक्ति मिली, उन्हें वरिष्ठता सूची में नीचे किया जाएगा। तीन माह के भीतर नई मेरिट सूची बनाकर फिर से परिणाम घोषित किए जाएं। यह निर्णय केवल तकनीकी सुधार नहीं, बल्कि न्याय की दिशा में एक नैतिक सुधार भी है।

**बोनस अंकों के पीछे का आंकड़ा :** लगभग 25 से 30 हजार अभ्यर्थियों को इस नीति से लाभ हुआ। अनेक ऐसे मामले सामने आए, जहां 90 में से 90 अंक लाने वाले अभ्यर्थी भी चयन से बाहर हो गए, जबकि दूसरों को बोनस के कारण लाभ मिला। यह स्थिति न केवल अयोग्यता को बढ़ावा दे रही थी, बल्कि व्यवस्था में असंतोष भी भर रही थी।

**सरकार की भूमिका और विरोधाभास :** हैरानी की बात यह है कि हरियाणा सरकार ने पिछले वर्ष ही यह बोनस अंक देना बंद कर दिया था, परंतु पहले से हुई नियुक्तियों में इसे लागू नहीं किया गया। कोर्ट ने यह स्पष्ट किया कि ऐसे मामले में 'फैसला भविष्य में लागू होगा' जैसे बहाने स्वीकार्य नहीं होंगे और जो नुकसान मेरिट पर आधारित अभ्यर्थियों को हुआ है, उसकी भरपाई होनी चाहिए।

**वास्तविकता और व्यावहारिकता के बीच टकराव :** सवाल यह है कि क्या ऐसे निर्णय व्यावहारिक हैं? जो लोग पिछले 2-3 वर्षों से नौकरी कर रहे हैं, क्या उन्हें नीचे किया जाएगा? क्या इससे प्रशासनिक ढांचे में अव्यवस्था नहीं फैलेगी? जवाब है, यदि शुरुआत ही गलत हो, तो व्यवस्था का टिकना अन्याय पर होगा। न्याय की गाड़ी को अस्थायी हानि सहकर भी सही ट्रैक पर लाना जरूरी है।

**राजनीतिक चुप्पी और नौजवानों का असंतोष :** यह विषय उन हजारों युवाओं के लिए उम्मीद की किरण है, जो बिना किसी विशेष लाभ के मेहनत से आगे बढ़ना चाहते हैं परंतु दुर्भाग्य से अधिकांश राजनीतिक दल इस पर मौन हैं क्योंकि ये नीतियां अक्सर वोट बैंक को ध्यान में रखकर बनाई जाती हैं। एक अभ्यर्थी की यह टिप्पणी इस स्थिति को बखूबी दर्शाती है 'हमने मेहनत की, टॉप किया, फिर भी नौकरी नहीं मिली, क्योंकि हम 'सामाजिक-आर्थिक रूप से विशेष' नहीं थे। अब कोर्ट ने हमारी बात सुनी है।'

**भविष्य की दिशा क्या हो :** किसी भी सरकारी नीति को लागू करने से पहले यह देखा जाना चाहिए कि क्या वह समानता के सिद्धांत से मेल खाती है। बोनस अंक की बजाए विशेष प्रशिक्षण, छात्रवृत्ति, और परामर्श सुविधाएं दी जा सकती हैं, ताकि पिछड़े वर्गों को सशक्त किया जा सके। भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता और मेरिट को सर्वोच्च स्थान मिलना चाहिए। हाईकोर्ट का यह निर्णय भारतीय न्याय प्रणाली की एक बड़ी जीत है। यह उस वर्ग के लिए आशा की किरण है, जिसे राजनीतिक नीतियों ने हाशिये पर ला दिया था। समानता का मतलब यह नहीं कि सभी को एक ही रेखा से दौड़ने दिया जाए, बल्कि यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी के पैर में कोई बेड़ी न हो। सामाजिक-आर्थिक आधार पर अंक देना, एक तरह से कुछ के पांव में चप्पल और कुछ को नंगे पांव दौड़ाने जैसा था। अब न्याय की अदालत ने सबके लिए समतल मैदान तय कर दिया है।

**(ये लेखिका के निजी विचार हैं)**


# जीवन में रिक्तता और खालीपन को भरना कलाकार का काम

जीवन में जितनी अयथेष्टा, रिक्तता, खालीपन है, उसको भरना और भरते रहना कलाकार का काम है । यह कथन था महान कला मर्मज्ञ आनंद कुमार स्वामी का। वह 'भारतीय' को सनातन प्रवाह के रूप में देखते थे और यह महसूस करते थे कि भारत में कोई चीज पुरानी नहीं होती, कोई चीज नई भी नहीं होती, भारत में वस्तु बार-बार पैदा होती रहती है, पुन: पुन: जायमान होती रहती है।

यह जो उषा की तरह पुन: पुन: जायमान होना है, वही असली मानवीय संस्कार है। उक्त उद्गार विद्वान विद्यानिवास मिश्र ने राय कृण दास स्मारक व्याख्यान माला में आनंद कुमार स्वामी पर विस्तृत चर्चा करते हुए व्यक्त किए थे। ग्वालियर में विगत 100 वर्ष से निरंतर आयोजित होने वाले तानसेन संगीत समारोह की स्मारिका 'स्वरित' को पाकर सहज ही उनकी यह बातें अधिक प्रासंगिक प्रतीत होने लगी ।

लेखक : सुभाष अरोड़ा
प्रतिष्ठित मूर्तिकार

'स्वारित' के संपादन में डॉ. दिनेश पाठक ने पूरी संगीत निष्ठा से अतीत स्मृति प्रबंधन की खूबसूरत मिसाल पेश की है। 'तानन प्रथम तानसेन' में उन्होंने तन्ना... मनसुख... त्रिलोचन यानी तानसेन का विस्तार से परिचय कराया है। तानसेन 27 बरस अकबर के दरबार में रहे और 'कंठाभरणवाणी विलास' की उपाधि से विभूषित होकर सम्मानित हुए। उनके दुनिया से विदा होने पर बादशाह अकबर ने कहा था 'तानसेन की मौत मौसिकी के लिए सदमा है। हजारों हजार साल में शायद ही कोई फन-ए-मौसिकी में उसकी बराबरी कर सकेगा'। अबुल फजल 'आइने अकबरी' में तानसेन का परिचय देते हुए लिखते हैं 'मियां तानसेन ग्वालियर निवासी जिसके समान अन्य कोई गायक, भारत में पिछले एक हजार वर्ष से नहीं हुआ। स्मारिका में आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी द्वारा 1907 की सरस्वती में प्रकाशित 'संगीत के स्वर' आलेख का भी पुन: प्रकाशन किया है। भारतीय संगीत के सूक्ष्म और शास्त्रीय ज्ञान की सराहना करते हुए उन्होंने लिखा था कि यूरोप वालों को मूच्छना और गमक आदि का अब तक ज्ञान नहीं है।



काव्य शास्त्र की तरह भारतीय संगीत शास्त्र भी बहुत बढ़ा-चढ़ा है। इसी लेख में उन्होंने प्रमाणिक भारतीय संगीत ग्रंथों का उल्लेख करते हुए संगीत पर विस्तार से प्रकाश डाला है। एक अन्य लेख 'संगीत का मूलाधार एक है' में उस्ताद अमजद अली खान भारतीय संगीत के सात स्वरों सा, रे, गा, मा, पा,धा, नी की तुलना पश्चिम के डो, री, मी, फा, ला, टी से करते हुए लिखते हैं कि संगीत पूरी दुनिया को एक सूत्र में पिरोता है। गुरुदेव रवींद्रनाथ ठाकुर संगीत को कला का 'विशुद्धतम' रूप निरूपित करते हुए कहते हैं कि संगीत सौंदर्य को बड़े शुद्ध रूप में प्रकट करता है। गायक के सभी साधन उसके अंतर में विद्यमान होते हैं। स्वरों का उदय उसके जीवन से होता है। उसे बाहरी उपकरणों की पराधीनता नहीं ।

'वाग्गेयकार तानसेन' में विनायक नारायण सप्रे कहते हैं कि संगीत रत्नाकर तथा रागतरंगिणी पुस्तकों में वाग्गेयकार के जो 28 गुण बताए हैं, उनमें से लगभग सभी तानसेन के संगीत एवं काव्य में विद्यमान थे किंतु एक विलक्षण संगीतज्ञ के रूप में तानसेन की प्रसिद्ध इतनी विस्तृत थी कि उनके व्यक्तित्व के उस दूसरे आयाम के संबंध में चर्चा कम ही हो सकी, जबकि एक उत्कृष्ट कवि के तौर पर तानसेन ने विभिन्न राग रागनीयों में असंख्य पदों की रचना की।

93 वर्षीय भरत लाल शर्मा का संस्मरण तथा अन्य श्रोताओं के अनुभव भी गुजरे जमाने की यादों को ताजा कर देते हैं। उन्होंने कहा था कि वर्ग में प्रख्यात संगीतकारों की स्मृतियां और खासकर भारत रत्न लता मंगेशकर का संगीत पुरुष तानसेन को अद्भुत करार देना और ताउम्र उच्च कोटि के स्वरों की प्रतीक्षा करते रहने का जज्बा हमें संगीत की उस ऊंचाई से परिचित कराता है, जहां कुछ अद्भुत होने की संभावनाएं सदा बनी रहती हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# चेक बाउंस के मामले में दोषी को 2 साल की कैद

## 8 लाख देना होगा हर्जाना, मुआवजा न देने पर होगी एक साल अतिरिक्त कैद

**अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान**



**मंडी।** चेक बाउंस के एक मामले में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी मंडी मनीषा गोयल की अदालत ने आरोपी को 2 साल की कैद व 8 लाख रुपए मुआवजा अदा करने के आदेश दिए हैं। मुआवजा अदा न करने पर दोषी को 1 साल की कैद और भुगतनी होगी। यूनियन बैंक मंडी की शाखा में तैनात प्रबंधक कुलदीप राज निर्मल की ओर से एडवोकेट महेश चोपड़ा के माध्यम से अदालत में याचिका दायर की थी कि पूर्ण चंद पुत्र मोती राम गांव गोड़ा गागल, डाकघर गागल, तहसील बल्ह, जिला मंडी ने बैंक से कर्जा लिया था और जब उसे कर्जा लौटाने को कहा तो उसने एक चेक नंबर 000997 20 अगस्त, 2015 को बैंक के पक्ष में जारी किया। बैंक में पर्याप्त पैसा न होने से यह चेक बाउंस हो गया। इस बारे में आरोपी को 2 सितंबर, 2015 को कानूनी नोटिस भेजा गया। बार बार आग्रह पर भी जब आरोपी ने पैसा नहीं लौटाया तो बैंक ने अपने वकील महेश चोपड़ा के माध्यम से नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट एक्ट की धारा 138 के तहत केस दायर किया। बचाव पक्ष के तमाम तर्कों को दरकिनार करते हुए मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी मंडी मनीषा गोयल की अदालत ने बैंक के वकील महेश चोपड़ा की दलीलों को सही माना व आरोपी को 2 साल की कैद व 8 लाख रुपए मुआवजा अदा करने के आदेश जारी किए।

# देशभक्ति के नारों से गूंजा बलद्वाड़ा

## विधायक दिलीप की अगुवाई में सैकड़ों लोगों ने निकाली तिरंगा यात्रा

**रितेश चौहान, अनंत ज्ञान**

**सरकाघाट।** पूर्व सैनिक कल्याण सभा, व्यापार मंडल बलद्वाड़ा अनेकों महिला मंडल व बलद्वाड़ा के सैकड़ों लोगों ने तिरंगा यात्रा में भाग लिया। विशाल तिरंगा यात्रा के जरिए भारतीय सेना को नमन किया गया। देशभक्ति के नारों से पूरा बलद्वाड़ा गूंज उठा।

भारतीय सेना द्वारा आतंकवाद के खिलाफ की गई कार्रवाई और पाकिस्तान को दिए गए करारे जवाब के समर्थन में पूरे देशभर में चल रही तिरंगा यात्राओं की श्रृंखला में बलद्वाड़ा क्षेत्र भी पूरे जोश और गर्व के साथ शामिल हुआ। सम्मानित पूर्व सैनिकों, जोशीले युवाओं और क्षेत्र के जागरूक नागरिकों ने एक गौरवमयी क्षण में



बलद्वाड़ा में विधायक दिलीप ठाकुर की अगुवाई में लोग तिरंगा यात्रा निकालते हुए।

विधायक दिलीप ठाकुर के नेतृत्व में एकजुट होकर देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत भव्य तिरंगा यात्रा में उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह यात्रा राष्ट्रप्रेम, एकता और संकल्प का प्रतीक बनकर हर दिल को गर्व से भर गई। यह तिरंगा यात्रा पंचायत बलद्वाड़ा घर से बाजार बलद्वाड़ा तक तिरंगा यात्रा चली। भारत माता की जय, वंदे मातर, भारतीय सेना की जिंदाबाद और पाकिस्तान मुर्दाबाद जैसे जोशीले नारों से बलद्वाड़ा देशभक्ति की भावना से भर गया।

# सीबीआई पर हमला नहीं, न्याय प्रक्रिया पर प्रहार कर रहे हैं जगत नेगी : राकेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



**हिमाचल** हाईकोर्ट द्वारा विमल नेगी की संदिग्ध मौत की जांच सीबीआई को सौंपने के आदेश ने राज्य सरकार की असलियत उजागर कर दी है। अब जब सच्चाई की परतें खुलने की बारी है, तो मंत्री जगत नेगी सीबीआई को ही कटघरे में खड़ा कर रहे हैं। असल में उनका ये बयान एक तरह की घबराहट, बौखलाहट व प्रशासनिक भ्रष्टाचार को ढकने की कोशिश है। भाजपा मुख्य प्रवक्ता राकेश जम्वाल ने कहा कि सीबीआई को प्रश्नचिन्ह बताकर मंत्री जगत नेगी किसे बचाना चाहते हैं? एसआईटी को क्लीन चिट देने की इतनी जल्दी क्यों? क्या इसलिए कि अगर निष्पक्ष जांच हुई तो हिमाचल सरकार के कई अफसरों और नेताओं की पोल खुल सकती है? उन्होंने कहा कि मंत्री नेगी को गुड़िया कांड याद है, लेकिन वे ये भूल जाते हैं कि उसी मामले में सबूतों से छेड़छाड़ हुई थी और उस वक्त प्रदेश में कांग्रेस की सरकार थी। सीबीआई ने वही सच्चाई बाहर लाई जिसे कांग्रेस की पुलिस छुपा रही थी। अब वही मंत्री फिर उसी मानसिकता से सीबीआई पर हमला कर रहे हैं। क्या गुड़िया कांड की तरह विमल नेगी केस में भी कुछ छिपाने की कोशिश हो रही है? राकेश जम्वाल ने कहा कि बयान देने से पहले मंत्री नेगी को ये समझना चाहिए कि वो कोई कांग्रेस पार्टी के प्रवक्ता नहीं, प्रदेश के मंत्री हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### रखोटा व जमणी में 27 को बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सहायक अभियंता, विद्युत उपमंडल-2 भद्रवाड़ ई. हंस राज ने बताया कि विद्युत अनुभाग भद्रवाड़ के अंतर्गत आने वाले 33/11 केवी उप केंद्र रखोटा व 11 केवी जमणी, भदवाड़, चन्दैश, पिंगला, कठोगण व आसपास के क्षेत्र में 27 मई को प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने बताया कि इस दौरान विभाग द्वारा लाइनों के रखरखाव व नजदीकी पेड़ों की कटाई छंटाई की जाएगी।

### किसानों को दी प्राकृतिक खेती की जानकारी

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण आत्मा सुंदरनगर द्वारा ग्राम पंचायत जाम्बला में प्राकृतिक खेती खुशहाल किसान योजना के अंतर्गत प्राकृतिक खेती पर दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें किसानों को प्राकृतिक खेती व इसमें उपयोग होने वाले सभी घटकों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। सुंदरनगर कृषि विकास खंड के खंड तकनीकी प्रबंधक लेखराज ने किसानों को प्राकृतिक खेती में उपयोग होने वाले घटकों को प्रयोगात्मक रूप से बताया। किसानों को अपनी प्राकृतिक खेती से लगाई हुई फसलों को बीमारी से बचने के लिए खट्टी लस्सी का उपयोग करना भी सिखाया।

### बडोई में दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर संपन्न

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आतमा) जिला मंडी विकास खंड सरकाघाट द्वारा ग्राम पंचायत उप्पर बरोट के बल्ह-मैरा (बडोई) में प्राकृतिक खेती खुशहाल किसान योजना के अंतर्गत सुभाष पालेकर प्राकृतिक खेती पर दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में किसानों को प्राकृतिक खेती व प्राकृतिक खेती में उपयोग होने वाले विभिन्न घटकों के बारे में भी विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान की गई। सरकाघाट कृषि विकास खंड के खंड तकनीकी प्रबंधक महेन्द्र और सहायक तकनीकी प्रबंधक विवेक ठाकुर ने किसानों को प्राकृतिक खेती में उपयोग होने वाले विभिन्न घटकों को प्रयोगात्मक रूप से बनाने की विधि से अवगत करवाया।

### अस्पताल चौक तक नालियों को किया चकाचक

**भीम बसेडू, अनंत ज्ञान, महादेव।** भारत सरकार द्वारा मनाए जा रहे स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड की बीएसएल परियोजना पर शनिवार को वरिष्ठ माध्यमिक आदर्श पाठशाला बीबीएमबी सुंदरनगर के पीछे बने दो पानी के टैंकों तथा टंकियों की सफाई की गई एवं सुकेत सदन बीबीएमबी विश्रामगृह से लेकर अस्पताल चौक तक नालियों की सफाई की गई। इस अवसर पर ई. एसपी शर्मा, अति. अधीक्षण, इंजी ईशान काशव, कनिष्ठ अभियंता इंजी शुभम, कनिष्ठ अभियंता, शशी पाल, सुपरवाइजर कार्यालय नगर मंडल, बीबीएमबी, सुंदरनगर और अन्य कर्मचारी इस अवसर पर मौजूद थे और उन्होंने साफ सफाई में अपना योगदान दिया। इस अभियान का उद्देश्य स्वच्छ भारत का लक्ष्य प्राप्त करना है। सफाई करने की दिशा में प्रतिवर्ष 100 घंटे के श्रमदान के लिए लोगों को प्रेरित करना है।

### प्रशिक्षुओं ने सीखे आपदा प्रबंधन के गुर

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** हिमाचल प्रदेश वन अकादमी सुंदरनगर में पांच दिवसीय प्रशिक्षण एवं कार्यशाला 'वन अग्नि एवं वन अग्नि से सुरक्षा' का आगाज गत मंगलवार को वन शिक्षा निदेशालय देहरादून के सौजन्य से हुआ था। इस कार्यशाला में वन विभाग के विभिन्न वन वृत्तों से आए हुए 20 वनरक्षक व वन खंड अधिकारी प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस इस कार्यशाला में वन अग्नि से सुरक्षा तथा वन अग्नि से आने वाली आपदा से किस तरह निपटा जाए, उसके उपचार के बारे में बताया गया और इसके लिए राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल, अग्निशमन विभाग, प्रथम चिकित्सा प्रशिक्षक द्वारा आपदा से पहले तैयारी व आपदा के बाद उपचार के बारे में मॉकड्रिल भी करवाई गई।

### सेवा संकल्प समिति का अधिवेशन 29 को

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सेवा संकल्प समिति सरकाघाट का वार्षिक अधिवेशन 29 मई को शिव मंदिर सरकाघाट के प्रांगण में सुबह 10 बजे आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में सेवानिवृत डिस्ट्रिक्ट एंड सेशन न्यायाधीश बीआर चंदेल मुख्य अतिथि होंगे। समिति के महासचिव राकेश पंकज ने बताया कि सभी सदस्यों की उपस्थिति अधिवेशन को गौरवान्वित करेगी तथा कार्य करने की प्रेरणा देगी। अधिवेशन में पिछले वित्त वर्ष का लेखा जोखा, क्रियाकलाप और भविष्य की योजनाओं के बारे में चर्चा होगी। इसके पश्चात सामूहिक भोज का भी आयोजन होगा।

### 31 मई तक करवाएं ई-केवाईसी

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सहायक अभियंता, विद्युत उपमंडल भद्रवाड़ ई. हंस राज ने बताया कि विद्युत उपमंडल भद्रवाड़ के अंतर्गत आने वाले समस्त विद्युत उपभोक्ताओं से आग्रह किया कि, जिन्होंने अभी तक अपने विद्युत मीटर की ई-केवाईसी नहीं करवाई है वे यह कार्य 31 मई, 2025 तक अवश्य करवा लें। ऐसे उपभोक्ता विद्युत उपमंडल भद्रवाड़ कार्यालय में प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक अपने बिजली बिल की कॉपी और आधार कार्ड ले जाकर ई-केवाईसी करवाना सुनिश्चित करें। यदि कोई उपभोक्ता 31 मई तक ई-केवाईसी नहीं करवाता है तो भविष्य में वह विद्युत मीटर पर मिलने वाली सुविधाओं व योजनाओं से वंचित रह जाएगा।

# प्रशासनिक फेरबदल की शुरुआत मंडी जिले से करे सरकार : चमन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**अखिल** भारतीय दलित पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक वर्ग परिषद के महासचिव एवं राज्य प्रवक्ता चमन राही ने प्रेस को जारी बयान में कहा कि सीएम सुक्खू के उस फैसले का स्वागत करते हैं जिसमें उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों के फेरबदल करने के संकेत दिए हैं।



चमन राही ने कहा कि पिछली जयराम सरकार के समय से प्रशासनिक अधिकारी व कई विभागों में अधिकारी व कर्मचारी तैनात हैं, जो वर्तमान सत्ता पक्ष के कार्यों को समयबद्ध पूरा करने में अड़ंगे डालते हैं। इस कारण विकास कार्यों की गति प्रभावित हो रही है। हम परिषद की ओर से मांग करते हैं कि वर्षों से एक ही ऑफिस और एक ही स्टेशन पर एक कार्यालय से दूसरे कार्यालय में जिला मुख्यालय के इर्द गिर्द ही स्थानान्तरण के समायोजन करवा कर कार्यरत हैं। इस कारण सत्ता पक्ष के पदाधिकारी और कार्यकर्ता परेशान हैं। चमन राही ने कहा कि परिषद मांग करती है कि लंबे समय से दुर्गम क्षेत्रों में सेवाएं देने वाले मेहनती लोगों को जिला मुख्यालय व उपमंडल स्तर पर स्थानांतरित किया जाए। उन्होंने कहा कि दलित, पिछड़ा व अल्पसंख्यक समुदाय के कर्मचारी व अधिकारियों को स्थानांतरण में इच्छित स्टेशन के लिए प्राथमिकता दी जाए। चमन राही ने कहा कि फेरबदल की शुरुआत जिला मंडी से होनी चाहिए।

# बिजली उपभोक्ता 31 तक करें ई-केवाईसी

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** विद्युत उपमंडल लडभड़ोल के अंतर्गत आने वाले सभी घरेलू और होटल उपभोक्ताओं को 31 मई से पहले ई-केवाईसी करवाना अनिवार्य कर दिया गया है। इस संबंध में सहायक अभियंता मुकेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि उपभोक्ता अपना आधार कार्ड और बिजली बिल लेकर विद्युत उपमंडल कार्यालय लडभड़ोल में उपस्थित होकर ई-केवाईसी की प्रक्रिया पूरी करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि जो उपभोक्ता तय समय-सीमा तक ई-केवाईसी नहीं करवाएंगे, उन्हें बिजली बोर्ड की ओर से दी जाने वाली विभिन्न सुविधाओं से वंचित कर दिया जाएगा। इसलिए सभी उपभोक्ताओं से अनुरोध है कि समय रहते अपनी ई-केवाईसी सुनिश्चित करें ताकि बिजली आपूर्ति में कोई बाधा न आए।

## विजय पाल सिंह ने किया जिला स्तरीय बालीचौकी मेले का उद्घाटन

# मेले हमारी समृद्ध सभ्यता व संस्कृति के प्रतीक

**नूतन ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बालीचौकी।** जिला स्तरीय बालीचौकी मेले का औपचारिक उद्घाटन शनिवार को राज्य निजी शिक्षण संस्थान विनियामक आयोग के सदस्य विजय पाल सिंह ने किया। इस अवसर पर जनता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मेले हमारी समृद्ध सभ्यता और संस्कृति के प्रतीक होते हैं। उन्होंने कहा कि सराज में आज भी मेलों को लोग परंपरागत उत्साह के साथ मनाते हैं।

विजय पाल सिंह के साथ एपीएमसी मंडी के अध्यक्ष जोगिंदर गुलेरिया एसपी मंडी सागर चंद भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे, वहीं शनिवार को मेले में बालीचौकी क्षेत्र के एक दर्जन के लगभग अन्य



जिला स्तरीय बालीचौकी मेले का उद्घाटन करते हुए विजय पाल सिंह।

देवताओं ने भी शिरकत की। गौरतलब है कि बालीचौकी मेले के प्रथम दिन महादेव चुंजवाला और महर्षि मार्कंडेय ही मेले का परंपरागत रूप से शुभारंभ करते हैं। मेले के दूसरे दिन खणी के देव श्री छमांहू भाटकीहार के देव श्री छांझणू माणी के देव श्री छांझणू बासूघी की गौरी माता, देव श्री भरयाडू इत्यादि देवता भी मेला मैदान में देवता मेले की शोभा बढ़ाते हैं। वहीं मेले के शनिवार को मेले में जहां लोगों की भीड़ उमड़ी वहीं दुकानदार आज भी अपनी दुकाने सजाते दिखे।

# परीक्षा केंद्रों के पास धारा-163 रहेगी लागू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** संघ लोक सेवा आयोग, नई दिल्ली द्वारा 25 मई को मंडी जिला मुख्यालय में सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2025 आयोजित की जाएगी। परीक्षा के लिए राजकीय वल्लभ महाविद्यालय मंडी, राजकीय विजय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला (छात्र), मंडी व कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला, मंडी में परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा को शांतिपूर्वक व सुचारू रूप से संपन्न करवाने के लिए 25 मई को मंडी मुख्यालय के संबंधित परीक्षा केंद्रों के आसपास सुबह 8 बजे से सायं 5 बजे तक भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा-163 लागू रहेगी। इस बारे में एसडीएम सदर मंडी रूपिंद्र कौर ने आदेश जारी किए हैं। उन्होंने बताया कि संबंधित परीक्षा केंद्रों के आसपास किसी भी सामाजिक, सांस्कृतिक व राजनीतिक कार्यक्रम, जुलूस, रैलियों, धरना प्रदर्शन पर पाबंदी रहेगी।

# अब प्रदेश में परियोजना प्रभावितों को मिलेगा चौगुना मुआवजा, किसानों में जगी आस : बीआर कौंडल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**प्रदेश** में अब फोरलेन, पनविद्युत परियोजनओं के प्रभावितों को फैक्टर टू लागू होने से चार गुणा मुआवजा मिलेगा। इससे हजारों किसानों -भूमि मालिकों को उनकी जमीनों का उचित मुआवजा मिलेगा।

भूमि अधिग्रहण मंच मंडी के अध्यक्ष बीआर कौंडल ने माननीय उच्च न्यायालय के इस फैसले पर खुशी का इजहार करते हुए कहा कि लंबे संघर्ष के बाद परियोजना प्रभावितों को उम्मीद की किरण नज़र आई है। मंडी में पत्रकारों से बात करते हुए बीआर कौंडल ने कहा कि उम्मीद है कि सरकार माननीय उच्च न्यायालय के फैसले को सीधे-सीधे लागू करने के बजाय उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटा सकती है। लेकिन




पत्रकारों को संबोधित करते हुए बीआर कौंडल व अन्य।

फोरलेन संघर्ष समिति परियोजना प्रभावितों को जागरूक एवं संगठित करने के लिए फोरलेन संघर्ष समिति क्लेम फाइल करवाएगी।

भूमि अधिग्रहण मंच के अध्यक्ष बेली राम कौंडल ने कहा कि सरकार हमेशा कहती आई है कि वो फोरलेन से प्रभावितों किसानों के बारे में चिंतित है किसी भी सरकार ने इस समस्या को हल नहीं किया है। अब माननीय उच्च न्यायालय की अधिसूचना से किसानों को भूमि का चार गुणा मुआवजा मिलने की आस जगी है, जिससे आम जनता एवं किसानों को भारी राहत मिलने की उम्मीद है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस और भाजपा दोनों ही दलों ने किसानों के साथ धोखा किया है, जिसका खामियाजा उनको भुगतना भी पड़ा है।

# मानसून आपदा से निपटने के लिए तैयार रहें सभी विभाग

**उमेश भारद्वाज, अनंत ज्ञान**

**सभी विभाग अपने संसाधनों की दें जानकारी: एसडीएम**

**सुंदरनगर।** मानसून में आपदा के समय प्रशासनिक तैयारियों व प्रबंधन को लेकर एसडीएम सुंदरनगर अमर नेगी ने की अध्यक्षता में बैठक हुई। एसडीएम ने कहा कि मानसून के मौसम में अत्याधिक वर्षा होने से नदी-नालों में जलस्तर बढ़ने, भूस्खलन और बादल फटने इत्यादि से जनजीवन प्रभावित होता है। ऐसी किसी भी आपदा से निपटने के लिए सभी विभाग आपसी समन्वय से त्वरित करवाई के लिए तैयार रहें।

उन्होंने बताया कि मानसून के मौसम में उपमंडल में आपदा से निपटने व प्रशासन तक जानकारी उपलब्ध करवाने और सहायता प्रदान करने के लिए एसडीएम कार्यालय में कंट्रोल रूम स्थापित किया जाएगा। यह कंट्रोल रूम 24 घंटे लोगों की सहायता और राहत के लिए खुला रहेगा। एसडीएम ने राष्ट्रीय राजमार्ग, लोक निर्माण विभाग, जल शक्ति, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग व नप के अधिकारियों को उपमंडल सुंदरनगर की सभी कूहलों, नालों की सफाई समय पर करवाने के निर्देश दिए और कहा कि मुख्य मार्गों पर ब्लैक स्पॉट को चिह्नित किया जाए, वहां पर सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध के लिए कारगर कदम भी उठाए जाएं। एसडीएम ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि मानसून सीजन में भूस्खलन की दृष्टि से संवदेनशील मार्गों में जेसीबी इत्यादि उपकरणों की तैनाती सुनिश्चित की जाए।

# राहला में कापू क्रिकेट स्पर्धा शुरू

## समाजसेवी ललित ने किया प्रतियोगिता का शुभारंभ



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**द्रंग** विधानसभा क्षेत्र के अति दुर्गम क्षेत्र राहला में 12 दिवसीय कापू क्रिकेट प्रतियोगिता का आगाज हुआ। प्रतियोगिता के शुभारम्भ युवा समाजसेवी ललित शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। विशेष अतिथि के रूप में औट पीटीएफ के महासचिव नीरज सकलानी और मुख्य संरक्षक भीम सिंह ठाकुर भी मौजूद रहे। राहला के प्रधान भेद राम ने मुख्यतिथि को शॉल टोपी और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि जहां एक और युवा नशे की लत में फंसता जा रहा वहीं इस प्रतियोगिता के लिए हिमाचल प्रदेश की करीब 50 टीमें भाग ले रही है। पहला मैच पधर और टकोली के बीच खेला गया। जिसमें पधर टीम विजेता रही। इसमें पूर्ण चंद, अभिषेक, अरुण, पपु, तीर्थ राम, ओम चंद, पंकज, राकेश, चंद्रमणि सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# निर्वाचन आयोग के 18 नवाचारों को प्रभावी रूप से करेंगे लागू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा देशभर में चुनाव प्रणाली को अधिक पारदर्शी, समावेशी और सुदृढ़ बनाने के लिए शुरू किए गए 18 नवाचारों को मंडी जिले में प्रभावी रूप से लागू करना शुरू कर दिया है। यह जानकारी जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने दी। उन्होंने बताया कि मतदाताओं के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए निर्वाचन आयोग ने इन नवाचारों में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। इनमें सबसे प्रमुख है मतदान केंद्रों में मतदाताओं की संख्या की सीमा निर्धारण। अब प्रत्येक मतदान केंद्र पर अधिकतम 1200 मतदाता ही होंगे, जिससे मतदान के दिन लंबी कतारों से बचा जा सकेगा और मतदाता आसानी से अपने मत का प्रयोग कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि वर्तमान में मंडी जिले में 1217 मतदान केंद्रों में से 40 ऐसे मतदान केंद्र हैं, जहां मतदाताओं की संख्या 1200 से अधिक है। इनमें करसोग विधानसभा क्षेत्र में 3, सुंदरनगर में 8, नाचन में 6, सराज में 1, द्रंग में 6, जोगिंद्रनगर में 2, धर्मपुर में 3, मंडी में 1 तथा बल्ह और मंडी विधानसभा क्षेत्रों में 5-5 मतदान केंद्र शामिल हैं। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि 6 जनवरी, 2025 को जिले में कुल मतदाताओं की संख्या 8,71,567 है, जिनमें 4,35,295 पुरुष मतदाता और 4,36,272 महिला मतदाता शामिल हैं। उन्होंने बताया कि मतदाता सूची को अद्यतन (अपडेट) करने की प्रक्रिया को अधिक प्रभावी बनाने के लिए अब मृत्यु पंजीकरण की जानकारी रजिस्ट्रार जनरल ऑफ इंडिया के डेटाबेस से सीधे प्राप्त की जाएगी।

# ड्राइवर-कंडक्टर ने समय पर अस्पताल पहुंचाकर बचाई महिला व बच्चे की जान

**अभिषेक शर्मा, अनंत ज्ञान**

**एचआरटीसी चालक-परिचालक ने पेश की मानवता की मिसाल**

**जोगिंदरनगर।** एचआरटीसी की एक बस में हुई एक छोटी सी दुर्घटना ने ड्राइवर राज कुमार और कंडक्टर देवेंद्र राठौर की दिलेरी और मानवता का ऐसा उदाहरण पेश किया, जिसकी सराहना हर ओर की जा रही है।

जानकारी के अनुसार, बनाई हार से जोगिंदरनगर आ रही एचआरटीसी बस जब जलपेहड़ के पास पहुंची, तो अचानक बस के पिछले हिस्से से एक महिला का छाता लगने से वह और उनके साथ का छोटा बच्चा नीचे गिर पड़े। इस घटना में दोनों को हल्की चोटें आईं। हालांकि, ड्राइवर राज कुमार और कंडक्टर देवेंद्र राठौर ने बिना देर किए तुरंत बस रोक दी और महिला व बच्चे को फिर से बस में बिठाया। उन्होंने इंसानियत का परिचय देते हुए बस को सीधा जोगिंदरनगर अस्पताल तक पहुंचाया और उन्हें समय पर प्राथमिक उपचार दिलवाया। स्थानीय लोगों और यात्रियों ने ड्राइवर और कंडक्टर की इस तत्परता और संवेदनशीलता की खूब सराहना की है। कहा जा रहा है कि अगर समय पर मदद न मिलती, तो स्थिति गंभीर हो सकती थी। एचआरटीसी प्रशासन से लेकर आमजन तक सभी ने राज कुमार और देवेंद्र राठौर की प्रशंसा की है, जिन्होंने कठिन समय में एक जिम्मेदार नागरिक और कर्मचारी होने का फर्ज बखूबी निभाया। इनकी यह कार्यप्रणाली दूसरों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी और मानवता की मिसाल के रूप में याद रखी जाएगी।

## एफपीओ धर्मपुर ने संगठन विस्तार की बनाई योजना

# 5 की जगह 17 क्षेत्रीय कमेटियां गठित

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

**मंडी और सरकाघाट के लिए भी बनाई कमेटी**

**धर्मपुर** किसान उत्पादक सहकारी सभा-एफपीओ द्वारा गत दिनों आयोजित वार्षिक साधारण सभा बैठक में संगठन विस्तार संबंधी जानकारी सत्तपाल सिंह चौहान और सचिव भूपेंद्र सिंह ने मीडिया को दी।

उन्होंने बताया कि एफपीओ को विस्तार दने और सुदृढ़ करने के उद्देश्य से 3-4 ग्राम पंचायतों की क्षेत्रीय कमेटियों की संख्या 5 से बढ़ाकर 17 गठित करने का निर्णय लिया है, जिसके चलते मंडी नगर निगम क्षेत्र में रहने वाले धर्मपुर के मूल निवासियों की अलग कमेटी बनाई गई है जिसकी जिम्मेवारी बिंगा निवासी भूप सिंह ठाकुर को सौंपी गई, वहीं नगर परिषद क्षेत्र सरकाघाट की जिम्मेवारी कुलदीप गुलेरिया और सुरेश शर्मा को दी गई। डरवाड़ क्षेत्रीय कमेटी की रूपचंद, मेहर सिंह और प्रेम सिंह को सजाओ की रणताज राणा, कमला ठाकुर और सुरेश ठाकुर को टिहरा की युद्धवीर, रमेश पालसरा और राहुल चौहान को गरयोह की करतार सिंह चौहान, भूपिंदर भूप्पी और विजय कुमार को बसंतपुर की विजय कुमार और जगदीश ठाकुर को पपलोग की ब्रिजलाल शर्मा को लौंगनी की रीता, सोमा, कंचना और हंसराज को ध्वाली की प्रभदयाल, ओमचंद और कंचना को सिद्धपुर की रजनी सकलानी और खेमराज को धर्मपुर की भूपेंद्र सिंह और युद्धवीर ठाकुर को बरोटी की चौधरी राम, व्यशा देवी और ओमप्रकाश को मंडप की बालम राम और राजेंद्र पाल को संधोल की मोहनलाल, डीआर भरमौरिया और चंपा राणा को कोठुवां की हरिनंद और तारा चंद को तथा कुन की लुददर सिंह और प्रकाश चंद को दी गई। एफपीओ के अभी तक 1700 से अधिक सदस्य बन चुके हैं और जून माह तक दो हजार का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

**अनदेखी** अब सूखने की कगार पर सदियों तक पानी से पूरी तरह लबालब रहने वाली झील

# अस्तित्व की लड़ाई लड़ रही सूरजपुर गढ़ में झील

**रूपी ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बरोट।** चौहार घाटी की बरोट पंचायत में लगभग सात हजार फुट की ऊंचाई पर स्थित हेडगियर में सूरजपुर गढ़ नामक स्थल पर सदियों पुरानी प्राकृतिक झील हिमपात के बावजूद आज भी अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रही है।

घाटी की बरोट पंचायत के कथयाडू गांव के पर्यावरण प्रेमी तेजमल ठाकुर से मिली जानकारी के अनुसार सदियों तक पानी से पूरी तरह लबालब धार्मिक महत्व वाली यह झील अब सूखने की कगार पर आ गई है। उन्होंने बताया कि यह झील अब लगभग 90 प्रतिशत तक सूख चुकी है। सदियों पूर्व यह प्राकृतिक झील पवित्र पानी से तीन



चौहार घाटी की बरोट पंचायत के अंतर्गत आने वाले सूरजपुर गढ़ में स्थित प्राकृतिक झील।

सौ मीटर लंबी और 100 मीटर तक की चौड़ाई के रूप में लवालब दिखाई देती थी। जिस कारण यहां के स्थानीय लोग ही नहीं बल्कि दूरदराज क्षेत्र के सैकडों की तादात में आकर भादों माह की चैत्र माह तथा भादो माह की 20 प्रविष्टे को शुभ दिन मानते हुए पवित्र स्नान करते थे, मगर उसके बाद किसी कारण वश इस झील में पानी का स्तर धीरे-धीरे कम होता ही गया, जिस कारण आज इस झील की इतनी दयनीय हालत हो गई है कि यह पवित्र झील अपने अस्तित्व की लड़ाई रही है।

तेजमल ठाकुर ने का कहना है कि अगर स्थानीय प्रशासन व लोगों ने झील को बचाने के लिए अभी भी कोई प्रयास नहीं किए तो वह दिन दूर नहीं होगा, जब यह पवित्र झील इतिहास के पन्नों में सिमट कर रह जाएगी।

# पेंटिंग प्रतियोगिता में शानवी और भाषण में रितिका ने मारी बाजी

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** थाना सरकाघाट के तहत 20 सरकारी व निजी स्कूलों में नशा कारण और निवारण विषय पर दो केंद्रों सरकाघाट व नबाही में पेटिंग, भाषण व कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन सरकाघाट पुलिस द्वारा किया गया। प्रतियोगियों में 60 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। नबाही केंद्र में पेंटिंग प्रतियोगिता में शानवी गुप्ता प्रथम, जागृती द्वितीय व अंजना देवी तृतीय स्थान पर रही। भाषण प्रतियोगिता में रितिका प्रथम, मुस्कान द्वितीय व किशु, निर्जला तृतीय स्थान पर रही। कविता पाठ में सुरजीता प्रथम, स्वाति द्वितीय स्थान व शिवानी तृतीय स्थान पर रही। वहीं सरकाघाट केंद्र में पेंटिंग में अर्पणा प्रथम, आशया द्वितीय व ओशिका, आदित्य शर्मा तृतीया स्थान पर रहे। भाषण प्रतियोगिता में यति प्रथम, इशिका व वंशिका द्वितीय तथा श्रृंखला तृतीय स्थान पर रही। इसी केंद्र में कविता पाठ में अद्वैता प्रथम, नैंसी द्वितीय तथा आंचल तृतीय स्थान पर रही।

उपरोक्त विषय पर प्रथम स्थान पर रहे छात्रों का अब उपमंडल स्तर पर प्रतियोगिता करवाई जाएगी। उसके उपरांत विजेताओं को जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा नगद इनाम से सम्मानित किया जाएगा। दोनों केंद्रों पर प्रतियोगियों को डीएसपी सरकाघाट संजीव गौतम द्वारा इसी विषय पर संबोधित किया गया। प्रतियोगिता के दौरान दोनों स्कूलों के प्रधानाचार्य व एसएचओ सरकाघाट मौजूद रहे।

# डीसी ने असामाजिक तत्वों पर नियंत्रण को जारी कीं गाइडलाइंस

**अनंत ज्ञान, ऊना**

उपायुक्त एवं जिला दंडाधिकारी जतिन लाल ने ऊना जिले में सुरक्षा और शांति बनाए रखने के उद्देश्य से भारतीय न्याय संहिता की धारा 163 के तहत एक निषेधाज्ञा जारी की है। जिले में नौकरी के बहाने आने वाले असामाजिक तत्वों पर नियंत्रण रखने के लिए जारी यह आदेश अगले 6 महीने तक लागू रहेंगे। जिला दंडाधिकारी ने बताया कि कई लोग बिना अपने पहचान-पत्रों के सत्यापन के ऊना आते हैं और आजीविका कमाने के लिए छोटे व्यापारों और सेवाओं, जैसे शॉल विक्रेता, फेरी वाले, मोची, बर्तन मरम्मत करने वाले या विभिन्न उद्योगों में ठेका श्रमिक के रूप में कार्यरत होते हैं।

उनकी पृष्ठभूमि की जानकारी के अभाव और बिना सत्यापन के कई बार अपराध की रोकथाम में कठिनाई होती है, जिससे सार्वजनिक सुरक्षा को खतरा उत्पन्न हो सकता है। इसके साथ ही, असामाजिक तत्वों की नौकरी चाहने वालों के वेश में जिले की शांति को भंग करने और जनता के जीवन एवं संपत्ति को हानि पहुंचाने की आशंका भी बनी रहती है। इसलिए, सभी प्रवासी श्रमिकों का रोजगार के लिए

### आदेशों की अवहेलना करने पर होगी कार्रवाई

सत्यापन अनिवार्य किया गया है। कोई भी नियोक्ता, ठेकेदार या व्यापारी प्रवासी श्रमिकों को उनकी पहचान और पासपोर्ट आकार की फोटो के संबंधित थाना अधिकारी (एसएचओ) के पास सत्यापन के बिना किसी भी गैर-औपचारिक रोजगार या ठेका कार्य में नियुक्त नहीं कर सकेगा।

इसके अतिरिक्त, स्वयं रोजगार प्राप्त करने या छोटे व्यापारों में संलग्न होने वाले व्यक्तियों को अपने इरादों की जानकारी संबंधित थाना अधिकारी (एसएचओ) को देनी होगी। सभी धार्मिक स्थल और परिसर, जहाँ ऐसे व्यक्ति आश्रय लेते हैं, को उनके पूरे रिकॉर्ड को रखने का निर्देश दिया गया है। कोई भी व्यक्ति पुलिस के साथ पंजीकरण कराए बिना इन संस्थानों में नहीं ठहर सकेगा। ऊना जिले के सभी उपमंडलीय पुलिस अधिकारियों को ऐसे व्यक्तियों पर कड़ी निगरानी रखने और नियमित रूप से इन गतिविधियों की समीक्षा करने के लिए निर्देशित किया गया है। इन आदेशों का उल्लंघन करने वाले प्रवासी अथवा नियोक्ता के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# सौलर पैनल लगाने पर मिलेगी सब्सिडी

## ऊना नगर निगम में 'पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना' का शुभारंभ

**राजेश शर्मा, अनंत ज्ञान**

**ऊना।** नगर निगम ऊना क्षेत्र के निवासियों के लिए एक नई सौगात के रूप में 'पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना' की औपचारिक शुरुआत हो गई है। इस योजना के अंतर्गत आवासीय भवनों की छतों पर रूफटॉप सोलर पैनल लगाने पर 45 हजार रुपए तक की सीधी वित्तीय सहायता (सब्सिडी) प्रदान की जाएगी।

नगर निगम ऊना क्षेत्र का कोई भी आवासीय गृहस्वामी इस योजना का लाभ उठा सकता है। यह पहल जहां बिजली बिलों में बचत सुनिश्चित करेगी, वहीं पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी एक प्रभावशाली कदम साबित होगी। नगर निगम आयुक्त एवं अतिरिक्त उपायुक्त ऊना महेंद्र पाल गुर्जर ने बताया कि केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय द्वारा क्रियान्वित इस योजना का उद्देश्य आमजन को स्वच्छ, भरोसेमंद और किफायती ऊर्जा सुलभ कराना है। योजना के तहत केंद्रीय वित्तीय सहायता



ऊना नगर निगम में 'पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना' का श्रीगणेश हुआ।

(सब्सिडी) सीधे लाभार्थी को प्रदान की जाएगी। सब्सिडी का पूरा प्रबंधन नेशनल रूफटॉप सोलर पोर्टल के माध्यम से होगा।

इस योजना के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए नगर निगम ऊना आवेदन, स्थापना और सत्यापन की हर प्रक्रिया में नागरिकों को हरसंभव सहयोग प्रदान करेगा, ताकि अधिक से अधिक लोग इस योजना से जुड़ सकें और स्वच्छ ऊर्जा अपनाकर न केवल अपने बिजली बिल में कटौती करें, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी योगदान दें।

**कौन और कैसे करें आवेदन :** नगर निगम ऊना क्षेत्र का कोई भी आवासीय गृहस्वामी इस योजना का लाभ उठाने के लिए पात्र है। इसके लिए लाभार्थी को नेशनल रूफटॉप सोलर पोर्टल **https://solarrooftop.gov.in** पर पंजीकरण कर अनुमोदित वेंडर का चयन करना होगा। ऑनलाइन आवेदन के बाद नगर निगम ऊना द्वारा सत्यापन और टैगिंग की जाएगी। स्थापना के पश्चात निरीक्षण और अनुमोदन के उपरांत सब्सिडी दी जाएगी, जिससे नागरिकों को आरंभिक चरण में ही आर्थिक राहत प्राप्त होगी।

### योजना के प्रमुख लाभ

इस योजना का लाभ लेकर लोग अपने बिजली बिल में भारी बचत कर सकते हैं। वे अपने घर में बिजली स्वयं बनाकर हर महीने के बिल से मुक्ति पा सकते हैं। इसमें 45,000 रुपए तक की सीधी सब्सिडी का प्रावधान है। स्वयं की ऊर्जा आत्मनिर्भरता के साथ ही यह हरित ऊना की दिशा में प्रभावी पहल है।

### लोगों की मदद के लिए हेल्प डेस्क स्थापित

**गुर्जर** ने बताया कि योजना की जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने के लिए नगर निगम ऊना द्वारा जागरूकता शिविर, घर-घर अभियान तथा स्थानीय कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी, साथ ही नगर निगम कार्यालय में एक हेल्प डेस्क भी स्थापित किया गया है, जहां नागरिक योजना से संबंधित अपने प्रश्नों और समस्याओं का समाधान प्राप्त कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए नागरिक नगर निगम कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

# केमिकल उद्योग के विरोध में 29 मई को होगा प्रदर्शन

**नरेश, अनंत ज्ञान**

**टाहलीवाल।** स्थानीय नगर संतोषगढ़ एकता मंच की एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए। सर्वसम्मति से एक फैसला जे भी लिया गया कि नगर में प्रस्तावित केमिकल उद्योग के विरोध में 29 तारीख को मुख्य बाजार के साथ साथ नगर की तमाम दुकानें सुबह 11 बजे तक बंद रखी जाएंगी। दो घंटे के इस विरोध प्रदर्शन से नगरवासी यह बताना चाहते हैं कि हमें इस उद्योग के कारण भविष्य में कई नुकसान उठाने पड़ेंगे, जिसमें पर्यावरण से लेकर जलवायु प्रदूषण तक शामिल है।

इसी कारण नगर में इस उद्योग का विरोध है और यह एक चेतावनी मात्र होगा। अगर उद्योग का निर्माण कार्य बंद नहीं किया गया तो क्षेत्रवासी विरोध के अन्य तारीके अपनाएंगे जिसकी सारी जिम्मेदारी जिला प्रसाशन की होगी, जबकि 29 तारीख को ही महाऋषि वाल्मीकि सभा ओर श्री गुरु रविदास महासभा व अन्य समाजिक संगठन संतोषगढ़ टाहलीवाल मुख्य मार्ग पर विरोध प्रदर्शन करेंगे।



रुद्रानंद सेवक मंडल बंगाणा की ओर से लगाई गई छबील में उपस्थित सेवक।

# आपदा प्रबंधन पुरस्कार के लिए आवेदन मांगे

**अनंत ज्ञान, ऊना।** भारत सरकार द्वारा आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में विशिष्ट सेवा, नवाचार और नेतृत्व के लिए सुभाष चंद्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार-2026 के लिए नामांकन आमंत्रित किए गए हैं। यह वार्षिक राष्ट्रीय पुरस्कार व्यक्तियों एवं संस्थाओं द्वारा आपदा जोखिम न्यूनीकरण, तत्परता, प्रतिक्रिया और पुनर्वास में किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रदान किया जाता है। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं उपायुक्त ऊना जतिन लाल ने बताया कि नामांकन की अंतिम तिथि 30 सितंबर निर्धारित की गई है। इच्छुक व्यक्ति अथवा संस्थान पोर्टल पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

उन्होंने कहा कि यह पुरस्कार न केवल आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में किए गए कार्यों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाता है। उपायुक्त ने क्षेत्र के सभी पात्र व्यक्तियों, संगठनों एवं संस्थानों से आग्रह किया है कि वे समय रहते अपने नामांकन प्रस्तुत करें और इस प्रतिष्ठित सम्मान के लिए दावा पेश करें।

# पत्रकार आज चुप हो गया, तो कल आम आदमी की आवाज दबी मिलेगी : चैतन्य

**विवेक शर्मा, अनंत ज्ञान**

**अंब।** पूर्व विधायक एवं भाजपा नेता चैतन्य शर्मा ने गगरेट उपमंडल के वरिष्ठ पत्रकार पर पुलिस द्वारा दर्ज की गई एफआईआर की न केवल कड़ी निंदा की, बल्कि इसे लोकतंत्र के गाल पर करारा तमाचा बताया। उन्होंने कहा कि जब सच्चाई लिखने वालों को डराया जाने लगे, तो समझ लीजिए कि लोकतंत्र की जड़ें हिलाने की कोशिश हो रही है।



चैतन्य शर्मा ने कहा कि पत्रकारिता कोई पेशा नहीं, जनआवाज है। पत्रकार समाज की आंख, कान और जबान है। अगर इन्हें ही बंद करने की साजिश रची जाएगी, तो जनता तक सच कैसे पहुंचेगा? उन्होंने वरिष्ठ पत्रकार पर मनगढ़ंत आरोपों में दर्ज एफआईआर को दुर्भाग्यपूर्ण और बेहद खतरनाक परंपरा की शुरुआत करार दिया। उन्होंने कहा कि अगर पत्रकार जनसरोकार के मुद्दे उठाता है और उसे सजा दी जाती है, तो यह अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को कुचलने जैसा है। उन्होंने सरकार और प्रशासन से कहा कि अबिलम्ब इस एफआईआर को रद्द किया जाएअन्यथा भाजपा सड़कों पर उतरेगी। उन्होंने चेतावनी दी, जिस दिन पत्रकार की कलम डर गई, उस दिन लोकतंत्र का जनाजा उठ जाएगा।

उन्होंने कहा कि पत्रकारों को डराना, धमकाना या कानूनी शिकंजे में कसना सत्ता की कमजोरी का संकेत है, ताकत का नहीं। उन्होंने जनता से भी अपील की कि वे सच के साथ खड़े हों, क्योंकि जब सवाल उठाने वाले चुप करा दिए जाते हैं, तो जवाब देने वाले बेलगाम हो जाते हैं। कांग्रेस सरकार को गगरेट में पांव पसारता नशा, सड़कों के किनारे बिकती घटिया शराब, दस्तक देता चिट्टा माफिया नहीं दिख रहा लेकिम लोकतंत्र की हत्या की जा रही है जोकि दुखद है।

# पंजोआ लड़ौली में धार्मिक आयोजन कल

**अनंत ज्ञान, अंब।** शनि देव के पावन जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में शनि मंदिर उपमंडल अंब के तहत पंजोआ लड़ौली पंचायत के थड़ा में 26 मई को विशेष धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम मंदिर के संचालक पंडित मोहित शर्मा के तत्वावधान में संपन्न होगा। मंदिर के संचालक पंडित मोहित शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर सुबह 9 बजे से विशेष पूजन, हवन और आरती की जाएगी। दोपहर 12 बजे झंडा रसम अदा की जाएगी और एक बजे से श्रद्धालुओं के लिए भंडारे एवं प्रसाद वितरण की व्यवस्था भी की गई है। आयोजन में क्षेत्रीय संत-महात्माओं एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति भी संभावित है।

समिति द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु विशेष प्रबंध किए जा रहे हैं। शनि जन्मोत्सव पर होने वाला यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था को प्रकट करता है, बल्कि सामाजिक एकता और सेवा भावना को भी प्रोत्साहित करता है।

# ऊना में चुनाव आयोग के 18 नवाचारों पर शुरू हुआ कार्यान्वयन

## हिमाचल प्रदेश में चुनाव प्रक्रिया होगी और अधिक पारदर्शी और प्रभावी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा देशभर में चुनाव प्रक्रिया को पारदर्शी, समावेशी और तकनीकी रूप से उन्नत बनाने हेतु आरंभ की गई 18 नवाचारी पहलों को हिमाचल प्रदेश और ऊना जिले में प्रभावी रूप से लागू किया जा रहा है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त ऊना जतिन लाल ने बताया कि प्रदेश की मुख्य निर्वाचन अधिकारी सुश्री नंदिता गुप्ता ने इस संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

उन्होंने मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा शिमला से जारी प्रेस विज्ञप्ति का हवाला देते हुए बताया कि इन नवाचारों को छह प्रमुख श्रेणियों में विभाजित किया गया है, जिनमें मतदाताओं, राजनीतिक दलों, प्रक्रियागत सुधार, कानूनी प्रावधान, चुनाव कार्मिकों और निर्वाचन आयोजन से जुड़े प्रशासनिक सुधार शामिल हैं।

**मतदाताओं के हित सर्वोपरि :** जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि एक मतदान केंद्र पर अधिकतम 1200 मतदाताओं की सीमा तय की गई है, जिससे मतदान केंद्रों कतारों और भीड़ को नियंत्रित किया जा सके।

बहुमंजिला इमारतों एवं घनी कॉलोनियों में अतिरिक्त मतदान केंद्र स्थापित किए जाएंगे। मृत्यु पंजीकरण की जानकारी अब सीधे भारत के महापंजीयक के डेटाबेस से प्राप्त कर मतदाता सूची से नाम हटाने की प्रक्रिया को तीव्र किया जाएगा।

**राजनीतिक दलों के साथ समन्वय :** मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया है कि प्रदेश में जिला एवं उपमंडल स्तर पर सर्वदलीय बैठकों का आयोजन हुआ जिनमें क्रमशः 57 और 200 राजनीतिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। आयोग ने विभिन्न राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय दलों के साथ संवाद स्थापित किया। इंडिया इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डेमोक्रेसी एंड इलेक्शन मैनेजमेंट में बूथ लेवल एजेंट्स के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए।

**प्रक्रियागत सुधार और कानूनी प्रावधान :** उपायुक्त ने बताया कि प्रेस विज्ञप्ति में इस बात का भी उल्लेख है कि निर्वाचन सेवाओं के लिए नया ईसीआइएनइटी डैशबोर्ड लॉन्च किया गया है, जिस पर सभी सेवाएं एक प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध होंगी। डुप्लीकेट मतदाता पहचान पत्र (ईपीआईसी) का भी समाधान किया गया है और अब प्रत्येक ईपीआईसी नंबर अद्वितीय होगा। 28 प्रमुख हितधारकों की पहचान की गई है, जिनमें मतदाता, चुनाव अधिकारी, राजनीतिक दल, प्रत्याशी आदि शामिल हैं, के अनुसार प्रशिक्षण सामग्री तैयार की जा रही है।

### सशक्तिकरण व प्रशासनिक सुधार पर बल

**मुख्य** निर्वाचन अधिकारी ने प्रेस विज्ञप्ति में इस बात का भी जिक्र किया है कि आयोग निर्वाचन कार्मिकों के सशक्तिकरण पर बल दे रहा है। बूथ लेवल अधिकारियों को मानक फोटो पहचान पत्र दिए जा रहे हैं। अब तक 3 हजार से अधिक बूथ पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। अगामी वर्षों में 1 लाख बीएलओ पर्यवेक्षकों के प्रशिक्षण का लक्ष्य है। हिमाचल प्रदेश से पहला बैच 26 -27 मई को प्रशिक्षण प्राप्त करेगा। राज्य एवं जिला स्तर पर मीडिया व सोशल मीडिया नोडल अधिकारियों के लिए उन्मुखीकरण सत्र आयोजित किए गए।

आयोग कार्यालयों में बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली और ई-ऑफिस प्रणाली लागू कर कागज रहित कार्यप्रणाली को बढ़ावा दिया गया है। मतदाता सूचना पर्चीं को और अधिक उपयोगी बनाते हुए उस पर क्रम संख्या और भाग संख्या को प्रमुखता से दर्शाया गया है। आयोग की ये सभी पहले निर्वाचन प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, उत्तरदायी और आधुनिक बनाने में सहायक सिद्ध होंगी। हिमाचल प्रदेश इस दिशा में अग्रणी बनने के लिए संकल्पित है।

# बंगाणा में मां भगवती जागरण में भक्ति का हुआ अद्भुत संगम



धार्मिक कार्यक्रम के दौरान उपस्थित गणमान्य।

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

उपमंडल बंगाणा क्षेत्र में भक्ति और श्रद्धा का अनूठा संगम उस समय देखने को मिला, जब मां भगवती विशाल जागरण कमेटी द्वारा आयोजित सातवें विशाल जागरण से पूर्व नव ज्योतियों के साथ शोभायात्रा का संगम बना।

इस धार्मिक आयोजन की शुरुआत भव्य शोभायात्रा से हुई, जिसकी अध्यक्षता कमेटी के अध्यक्ष विनोद कुमार सैंटी ने की। इस धार्मिक आयोजन में राष्ट्रीय ह्यूमन राइट्स बिंग के प्रदेश चेयरमैन एवं जिला ऊना भाजयुमो के सचिव अजय ठाकुर ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक और धार्मिक प्रस्तुतियां भी दी गईं, जिनमें भक्ति गीतों की प्रस्तुतियों ने माहौल को संगीतमय बना दिया।

पुलिस प्रशासन और स्वयंसेवकों ने मिलकर पूरे कार्यक्रम को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस मौके पर दिनेश खत्री, अनिल बांटू, रत्न खत्री, राजकुमार, अमरीक सिंह, जगदीश चंद, मीनू खत्री ,मस्त राम खत्री आदि दर्जनों कमेटी सदस्यों ने भाग लिया।

# कैंब्रिज के छात्रों ने पास की सैनिक स्कूल परीक्षा

**अनंत ज्ञान, बड़ूही (ऊना)।** शिक्षा क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए कैंब्रिज इंटरनेशनल स्कूल धुसाड़ा के दो होनहार विद्यार्थियों ने प्रतिष्ठित सैनिक स्कूल की परीक्षा उत्तीर्ण कर क्षेत्र और विद्यालय का नाम रोशन किया है। कक्षा 9 के रेहान चौधरी और कक्षा 6 के सक्षम दरोच ने इस कठिन चयन परीक्षा को पास कर यह सिद्ध कर दिया है कि समर्पित मेहनत और सही मार्गदर्शन से कोई भी लक्ष्य दूर नहीं होता। इस उपलब्धि के बाद विद्यालय परिसर में खुशी और गर्व का माहौल है। विशेष तौर पर स्कूल के शिक्षक वर्ग के लिए यह पल गर्व से भरा है, क्योंकि यह उनकी लगन और आधुनिक शैक्षणिक प्रणाली की पहली बड़ी सफलता है। स्कूल की प्रधानाचार्य अदिति शर्मा ने कहा कि हमारा स्कूल भविष्य में हम ऐसे ही प्रतिभावान और अनुशासित छात्र तैयार करते रहेंगे।

# मोह माया को छोड़कर भगवान की भक्ति करे मनुष्य : मनी राम

**अनंत ज्ञान, घनारी/गगरेट**

विधानसभा क्षेत्र के दियोली गांव के माता वैष्णो देवी मंदिर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के पंचम दिवस पर कथा व्यास मनी राम जी ने कथा आरंभ करते हुए कि मनुष्य को मोह माया छोड़कर भगवान की भक्ति में मन लगाना चाहिए। मनुष्य के कर्म को लेकर प्रसंग सुनाते हुए उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण द्वारा अर्जुन को दिए गए उपदेश को सुनाया। उन्होंने कहा कि मनुष्य को अपने जीवन में सदैव अच्छे कर्म करने चाहिएं, जो जिस प्रकार का कर्म करता है, उसे उसी प्रकार का फल मिलता है।

कथा व्यास ने कहा कि सतकर्म ही धर्म का मार्ग है। मनुष्य को अपने जीवन में गोसेवा, गरीबों की सेवा व गुरु की सेवा करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भगवान सर्वव्यापी है, उनसे कुछ छिपा नहीं है लेकिन फिर भी मनुष्य सफलता पाने के लिए अनैतिक कार्य करता है। इसका फल उसे भोगना पड़ता है। कथा वाचक ने कहा कि जो लोग धर्म की रक्षा करते हैं, धर्म उनकी रक्षा करता है।

कथा वाचक मनी राम जी ने भगवान् श्रीकृष्ण की बाल लीला, माखन चोरी तथा गोवर्धन पूजा की कथा श्रद्धालुओं को सुनाई। उन्होंने कहा कि भगवान् की लीलाएं मानव जीवन के लिए प्रेरणादायक हैं। भगवान् श्रीकृष्ण ने बचपन में अनेक लीलाएं की। उन्होंने कहा कि बाल कृष्ण सभी का मन मोह लिया करते थे। नटखट स्वभाव के चलते यशोदा माता के पास उनकी हर रोज शिकायत आती थी। मां उन्हें कहती थी कि प्रतिदिन तुम माखन चुरा के खाया करते हो, तो वह तुंरत मुंह खोलकर मां को दिखा दिया करते थे कि मैंने माखन नहीं खाया। इसके अलावा भी उन्होंने कई प्रसंग सुनाए। इस दौरान श्रदालु भक्ति के सागर में मंत्रमुग्ध दिखे। कथा उपरांत श्रदालुओं ने भगवान् के 56 प्रकार के भोग का प्रसाद भी ग्रहण किया।

# शिक्षा बोर्ड का परिणाम सरकार की विफलता : सुमित

**अनंत ज्ञान, ऊना।** भाजपा के प्रदेश सचिव सुमीत शर्मा ने प्रदेश सरकार पर अव्यवस्थाओं को लेकर जोरदार हमला बोला है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस को सत्ता पर कब्जा किए अढाई साल का समय बीत चुका है, लेकिन अभी तक यह सरकार हिमाचल प्रदेश में ही खड़ी नहीं हो पा रही। उन्होंने हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के प्लस टू के परीक्षा परिणाम को इस सरकार की बदहाली का ताजा उदाहरण बताया। प्रदेश सरकार कृषि विभाग से लेकर शिक्षा और पुलिस हर विभाग में पूरी तरह फेल नजर आ रही है। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की प्लस टू की परीक्षा का परिणाम इस सरकार की बदहाली का सबसे ताजा उदाहरण है।



# डीएवी अंबोटा में 'एडवांस लाइफ स्किल्स' पर किया जागरूक



'एडवांस लाइफ स्किल्स' पर डीएवी अंबोटा में कार्यशाला का आयोजन किया गया।

**अनंत ज्ञान, पंजावर**

डीएवी पब्लिक स्कूल अंबोटा में 'एडवांस लाइफ स्किल्स' विषय पर एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य शिक्षकों को आधुनिक जीवन कौशलों की बारीकियों से परिचित कराना तथा उन्हें कक्षा शिक्षण में इनका प्रभावी उपयोग करना सिखाना था।कार्यक्रम का शुभारंभ अत्यंत सौम्य एवं पावन वातावरण में डीएवी गान और दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य व एआरओ नमित शर्मा ने विशिष्ट अतिथियों प्रधानाचार्य दीपक कुमार वशिष्ठ पब्लिक स्कूल, बहडाला व मनोज कुमार पी जी टी भौतिक विज्ञान का भव्य स्वागत पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानपूर्वक किया , जिससे वातावरण आत्मीयता और सम्मान से परिपूर्ण हो उठा।

# पुष्कर सम्मेलन के लिए दिया निमंत्रण

**अनंत ज्ञान, ऊना।** शनिवार को चिंतपूर्णी के बाबा श्री माईदास सदन में 8 मार्च से 19 अप्रैल 2026 तक गायत्री शक्तिपीठ पुष्कर राजस्थान में आयोजित होने वाले शत (100) गायत्री महायज्ञ के आयोजन के बारे में ब्राह्मणों को जानकारी दी गई। इस मौके पर मुख्य रूप से स्वामी श्री प्रखर जी महाराज उपस्थित रहे। इस महायज्ञ में 23 करोड़ गायत्री मंत्रों का प्रयोग होगा। हवन हेतु यज्ञशाला में 200 यज्ञ कुंडों का निर्माण होगा, जिसमें 200 भाग्यशाली ब्राह्मण ही यजमान होंगे। इस यज्ञ का उद्देश्य भारत सहित संपूर्ण विश्व में विविध प्रकार के आपदाओं, अशांति और आतंकवाद का समापन करना है।

इस कार्यक्रम में मंदिर अधिकारी अजय मडयाल, बारीदार सभा के प्रधान रविंद्र शिंदा और रामकुमार कौल शास्त्री आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे। उन्होंने महायज्ञ के आयोजन और इसके उद्देश्य के बारे में विस्तार से जानकारी दी। यह महायज्ञ न केवल भारत बल्कि पूरे विश्व के लिए एक महत्वपूर्ण आयोजन है। इसका उद्देश्य विश्व में शांति और सद्भावना को बढ़ावा देना है।

**निरीक्षण** सोमवार को उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री करेंगे शिलान्यास, विवेक शर्मा बोले-पार्क में लगेगी शहीद की प्रतिमा

# घरवासड़ा में शहीद दिलावर खान के नाम से बनेगा पार्क

**राजेश ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बंगाणा।** कुटलैहड़ विस क्षेत्र के घरवासड़ा गांव में शहीद दिलावर खान के नाम पर एक भव्य पार्क और पंचवटी का निर्माण होने जा रहा है। इस महत्वपूर्ण परियोजना का शिलान्यास राज्य के डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री सोमवार को करेंगे। यह आयोजन न केवल गांववासियों के लिए गर्व का विषय है, बल्कि समस्त प्रदेश के लिए भी शौर्य और बलिदान की प्रेरणा बनकर उभरेगा।

शनिवार को विधायक विवेक शर्मा ने शहीद के नाम से बन ने वाले पंचवटी पार्क गांव घरवासड़ा में भूमि का निरीक्षण किया। विधायक विवेक शर्मा ने बताया कि यह पार्क और पंचवटी शहीद दिलावर खान की स्मृति में बनाई जा रही है, जिनका बलिदान देश कभी नहीं भुला सकता। उन्होंने कहा कि इस स्थान पर शहीद दिलावर खान की प्रतिमा भी स्थापित की जाएगी, जो आने वाली पीढ़ियों को देशभक्ति की प्रेरणा



विधायक विवेक शर्मा घरवासड़ा में भूमि का निरीक्षण करते हुए।

देती रहेगी। यह परियोजना न केवल शहीद के सम्मान में एक स्थायी स्मारक होगी, बल्कि यह आमजन को शांति और सामुदायिक मेलजोल का स्थान भी प्रदान करेगी।

विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार ने शहीद दिलावर खान के परिवार के साथ किए गए हर वादे को समय पर और पूरी गंभीरता के साथ निभाया है। उन्होंने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने शहीद के बलिदान को सम्मान देने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। शहीद के परिजनों को राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ भी सुनिश्चित किया गया है। हमारी पूरी संवेदनाएं और समर्थन शहीद के परिवार के साथ हैं। इस मौके पर दर्जनों गणमान्य और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

**घरवासड़ा में प्रशासन आपके द्वार कार्यक्रम की भागीदारी :** विवेक शर्मा ने कहा कि डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री शहीद दिलावर खान के गांव घरवासड़ा में सोमवार को शाम चार बजे प्रशासन आपके द्वार कार्यक्रम की अध्यक्षता भी करेंगे। इस दौरान वे स्थानीय लोगों से संवाद करेंगे और उनकी समस्याएं सुनेंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य आम जनता तक सरकार की योजनाओं की जानकारी पहुंचाना और उनकी समस्याओं का मौके पर समाधान करना है। यह कार्यक्रम ग्रामीण विकास की दिशा में सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

घरवासड़ा गांव के लोग इस ऐतिहासिक अवसर को लेकर बेहद उत्साहित हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यह गांव के लिए गौरव का क्षण है कि उनके बीच जन्मे एक वीर सपूत को ऐसा सम्मान मिल रहा है। प्रधान ने कहा कि शहीद की स्मृति में यह पार्क न केवल एक श्रद्धांजलि होगी, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक प्रेरणास्रोत भी होगा।

विवेक शर्मा ने कहा कि शहीद दिलावर खान के पैतृक गांव घरवाड़ा में पार्क और पंचवटी का डिजाइन पर्यावरण अनुकूल और सामुदायिक उपयोग को ध्यान में रखकर तैयार किया गया जाएगा। इसमें बच्चों के लिए खेल क्षेत्र, वरिष्ठ नागरिकों के लिए विश्राम स्थल, और पौधरोपण की विशेष व्यवस्था की जाएगी।

### प्रतिमा दिलाएगी बलिदान की याद

शहीद दिलावर खान की प्रतिमा पार्क के मुख्य द्वार पर स्थापित की जाएगी, जो आने-जाने वालों को उनके बलिदान की याद दिलाती रहेगी। विवेक शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार में उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ग्रामीणों को राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देंगे। शहीदों को सम्मान देना न केवल एक परंपरा है, बल्कि एक सामाजिक ज़िम्मेदारी भी है। शहीद दिलावर खान की स्मृति में बनाया जा रहा यह पार्क और पंचवटी पूरे हिमाचल प्रदेश में एक उदाहरण बनेगा कि किस प्रकार से राज्य अपने सपूतों के बलिदान को सहेज कर रखता है। यह पहल न केवल सम्मान का प्रतीक है, बल्कि देशभक्ति की भावना को भी प्रबल करती है।

# धनेटा के कई गांवों में आज बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, धनेटा।** विद्युत उपकेंद्र धनेटा में 25 मई को उकार्य के चलते कश्मीर, कांगू और बदारन फीडर के अंतर्गत आने वाले कई गांवों में बिजली बंद रहेगी। यह पॉवरकट उपरोक्त कार्य समाप्त होने की अवधि तक रहेगा।

कार्यालय ग्राम पंचायत ब्रांग़ विकास खण्ड धर्मपुर जिला मंडी (हि0 प्र0)
वर्ष 2025-26 के लिये निविदायें आमंत्रित करने बारे

सर्व सम्मति से परस्ताव पारित किया गया कि ग्राम पंचायत ब्रांग वर्ष 2025-26 के लिये विकास कार्यों के निष्पादन हेतु निमलिखित निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. रेता केशर प्रति घन मीटर 2 रेता प्लांट प्रति घन मिटर 3 बजरी केशर 20mm प्रति घन मीटर 4 बजरी केशर 40mm प्रति घन मीटर 5 पत्थर प्रति घन मीटर 6 साईन बोर्ड / बोर्ड writting/बोर्ड size2'"3" or3'" 5" (7) सीमेंट दुलाई धर्मपुर से सीमेंट स्टोर तक 8 ईटें प्रति हजार(abc Grade) 9 शटरिंग स्टील प्लेट प्रति सुकेयर मीटर 10 शटरिंग लकड़ी प्रति running मीटर 11 सरिया 8 mm, 10mm, 12mm प्रति क्विंटल 12 मशीन (jcb) द्वारा कटान प्रति घंटा 13 सामग्री दूलान ट्रैक्टर जीप अन्य वाहन द्वारा ग्राम पंचायत के समस्त वार्डों में 14 वाटर कूलर20ltr 40ltr 80ltr with fitting 15 segregation shed:

नियम व शर्ते : (1) निविदादाता के पास अपना पंजीकरण पेन no. GST NO. का होना आवश्यक है। 2 निविदादाता को निविदा अपने लैटर पेड पर ग्राम पंचायत ब्रांग़ के नाम भेजनी होगी। 3 निविदादाता को बिल के साथ मात्रा सहित Vald Transit PassForm W और X जमा करवाने होंगे। 4 सभी करों का लेन-देन सरकार के प्रावधानो अनुसार होगा। 5 सामग्री की आपूर्ति लोक-निर्माण विभाग के स्पेसिफिकेशन के अनुसार होगी। 6 दरे अंको व शब्दों में लिखी होनी चाहिए। 7 निर्माण सामग्री कार्यस्थल / सड़क तक उपलब्ध करवानी होगी। 8 पारित निविदादातायों को मुबलिक 20000/- रुपये अग्रिम / सुरक्षित राशी के रूप में जमा करवानी होगी। 9 ग्राम पंचायत के समस्त क्षेत्राधिकार में एक ही मूल्या देये होगा। 10 निविदादाता यदि सप्लाई ऑडर जारी होने के उपरान्त निर्धारित अवधि में सामग्री समयानुसार नहीं कर पाता है तो उसकी गत समय दी गई सामग्री की देये राशी का भुगतान नही किया जाएगा और न ही अग्रिम/ सुरक्षित राशी वापिस की जायेगी। 11 किसी भी निविदा को बिना कारण बताये स्वीकृत / अस्वीकृत करने व सामान दर रहने की स्थिति में एक या एक से अधिक निविदादातायों के लिये कार्य आदेश निर्गत करने सामग्री की गुणवता के चयन तथा निविदा किसी भी समय रद करने का अधिकार पंचायत व विभाग के पास सुरक्षित रहेगा। 12 सामग्री राशी की अदायगी कार्या पूर्ण होने के उपरांत TA/JE की पैमाइश के बाद होगी। 13 सामग्री लेने का अंतिम मूल्य / निर्णय विभाग JUSTIFICATION का पारित निविदादाताओं के साथ NEGOTATION अनुसार / उपरांत किया जाएगा। सप्लायर से मांगी गई पूर्ण सामग्री का ब्यौरा देना होगा। प्रत्येक सामग्री के आगे राशी लिखना अनिवार्या है तथा किसी भी समाग्री के आगे MARKET VELUE नहीं लिखनी होगी बल्कि रेट लिखना होगा किसी भी सप्लायर द्वारा Market velue लिखी गई तो उसकी निविदा रद की जाएगी। निविदाए दिनांक 05/06/2025 को कार्यालय ग्राम पंचायत ब्रांग़ में पंचायत बैठक में पंचायत कमेटी द्वारा सभी के सामने 12 बजे खोली जायेगी तथा सभी सप्लायर उस दिन उपस्थित रहे। यदि कोई सप्लायर उस दिन अनुपस्थित रहता है तो बाद में उसकी कोई भी शिकायत मान्य नही होगी। प्रत्येक वस्तु का मूल्य Gst. सहित लिखना होगा तथा कुटेशन का सब टोटल मान्य नही होगा।

निविदाये दिनांक 03/06/2025 तक पंचायत कार्यालय में पहुँच जानी चाहिए।

प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत ब्रांग़ विकास खण्ड धर्मपुर जिला मंडी (हि0 प्र0)

# भारत माता के जयघोष से गूंजा भुंतर

**अनंत ज्ञान, भुंतर**

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर देश की सेना के सम्मान में कुल्लू जिला के भुंतर में भाजपा द्वारा तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस तिरंगा यात्रा में नाचन विधानसभा के विधायक विनोद कुमार ने मुख्य वक्ता रहे। वहीं पूर्व में रहे कुल्लू विस से भाजपा प्रत्याशी नरोतम ठाकुर ने संयोजक की भूमिका बखूबी निभाई। एक तरफ तिरंगा यात्रा शमशी से शुरू हुई।

दूसरे पारला भुंतर अठारह पेड़े से शुरू की गई दोनों रैलियों में शामिल लोग सैनिक चौक में इकट्ठे हो गए फिर बस स्टॉप में तिरंगा यात्रा निकालते हुए पहुंचे। जहां उपस्थित जनता को भाजपा नेताओं ने संबोधित किया। भारतीय सेना ने अपने पराक्रम व वीरता से कैसे भारत का गौरव बढ़ाया सभी वक्ताओं ने भारतीय सेनाओं की सराहना की। यात्रा में जिला भाजपा व ब्लॉक से लेकर पंचायत स्तर के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। मुख्य प्रवक्ता नाचन के विधायक विनोद कुमार ने अपने संबोधन में कहा


भुंतर में निकाली तिरंगा यात्रा में भाग लेते लोग।

### भारतीय सेना के सम्मान में भुंतर में निकाली तिरंगा यात्रा

पहलगाम में हुए आतंकी हमले में आतंकवादियों ने पर्यटकों को धर्म पूछ के मारा यह नहीं पूछा कहां से आए हो केवल धर्म की पहचान की हिंदू हैं की मुस्लिम हैं। उन्होंने कहा कि आतंकियों ने ऐसी ऐसी बातें की जो बताने लायक नहीं हैं।

उन्होंने बताया कि जैसे ही इस घटना का पता देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चला उन्होंने विदेश उसी दौरा रद्द कर दिया और अपने देश लौट आए। प्रधानमंत्री व भाजपा के बड़े नेताओं ने तुरंत एक्शन लिया फिर क्या था भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया और आतंकवादियों को उनके घर में घुस कर मारा है। नरोतम ठाकुर व भाजपा जिला अध्यक्ष अमित सूद ने कहा कि इस तिरंगा यात्रा का आयोजन हाल ही में भारतीय सेना द्वारा किए गए ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के उपलक्ष्य में किया गया।

## उदयपुर में तिरंगा यात्रा निकालकर सेना के जवानों का बढ़ाया मनोबल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** भारतीय सेना द्वारा ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान में घुसकर आतंकी ठिकानों पर कार्रवाई कर सैकड़ों आतंकियों को मार गिराया। जिससे भारत का नाम समूचे विश्व में ऊंचा हुआ है। सेना का मनोबल बढ़ाने और शहीद हुए नागरिकों को श्रद्धांजलि देने के लिए देशभर में तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है। इसी कड़ी में शनिवार को लाहौल स्पीति विधानसभा क्षेत्र के उदयपुर में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया, जिसकी अगुवाई पूर्व केबिनेट मंत्री एवं भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष गोविंद सिंह ठाकुर की। तिरंगा रैली ने पूर्व विधायक एवं भाजपा नेता रवि ठाकुर और महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष वर्षा ठाकुर, पूर्व महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष पुष्पा शर्मा भी विशेष तौर पर मौजूद रहे। तिरंगा यात्रा में भाजपा जिला अध्यक्ष रिगजिन समफेल हायरपा, उदयपुर मंडल अध्यक्ष किशोरी रावत, उदयपुर मंडल महामंत्री संदीप सूर्यवंशी, जगदीश ठाकुर, उपाध्यक्ष बसंत कोपा, उपाध्यक्ष धर्मपाल, केलांग मंडल महामंत्री देवेन, वरिष्ठ कार्यकर्ता बलदेव शर्मा, गणेश लाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष सुरज ठाकुर समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।




# रोहतांग दर्रा पर्यटकों के लिए खुला



**एम बोकटापा, अनंत ज्ञान, मनाली।** प्रसिद्ध पर्यटन स्थल रोहतांग दर्रा पर्यटकों और आम जनता के लिए खोल दिया गया है। अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट अश्विनी कुमार द्वारा जारी आदेश के अनुसार 24 मई से रोहतांग दर्रे तक वाहनों की आवाजाही की अनुमति होगी।

### शर्तों और नियमों के साथ दर्रे को खोलने की मिली अनुमति

**प्रशासन** द्वारा जारी आदेश में बताया गया है कि 23 मई को तहसीलदार मनाली, पुलिस विभाग और बीआरओ अधिकारियों के साथ संयुक्त निरीक्षण किया गया, जिसमें यह पाया गया कि रोहतांग दर्रे से आगे की सड़क अब वाहनों के लिए उपयुक्त है। उप-मंडल मजिस्ट्रेट, मनाली की अनुशंसा पर कुछ शर्तों और नियमों के साथ दर्रे को खोलने की अनुमति दी गई है। रोहतांग दर्रा 24 मई से वाहनों के लिए खुला रहेगा।

### वाहनों की संख्या रहेगी सीमित

**वाहनों** की संख्या सीमित रहेगी और यह सीमा एनजीटी द्वारा तय किए गए मापदंडों के अनुसार होगी। हर सप्ताह सोमवार से शुक्रवार तक दोपहर 2 से शाम 6 बजे तक इस मार्ग पर वाहनों की आवाजाही प्रतिबंधित रहेगी। साप्ताहिक मंगलवार की छुट्टी, जो पूर्व में लागू थी, उसे 30 जून तक के लिए निरस्त कर दिया गया है।

## न्यूज ब्रीफ

### कुल्लू फलोत्पादक मंडल का वार्षिक अधिवेशन आज

**मोहन कपूर, अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** किसानों और बागवानों की अग्रणी संस्था कुल्लू फलोत्पादक मंडल का वार्षिक अधिवेशन 25 मई को आयोजित होगा। वार्षिक अधिवेशन में मंडल के 2846 आजीवन सदस्यों के साथ हजारों आम किसान और बागवान भाग लेंगे। अधिवेशन में बागवान आगामी एक वर्ष के लिए रूपरेखा तैयार करेंगे। इस वर्ष अधिवेशन में मंडल की कार्यकारिणी के चुनाव भी होने है। मंडल की चुनाव प्रक्रिया अधिवेशन से 3 दिन पूर्व ही शुरू हो चुकी है। वीरवार को मंडल के प्रधान और महामंत्री पद के लिए नामांकन की प्रक्रिया हो चुकी है। वीरवार को मंडल के प्रधान और महामंत्री पद के लिए दो-दो प्रत्याशियों ने अपने नामांकन भरे हैं। प्रधान पद के लिए प्रेम शर्मा और राजीव ठाकुर और महामंत्री पद के लिए रीमन सिंह और लाल चंद के बीच मुकाबला होगा। प्रधान और महामंत्री के लिए दोपहर 1 बजे से शाम 6 बजे तक 2846 मतदाता अपने मत का प्रयोग करेंगे। चुनाव अधिकारी निर्मल चंद ने बताया कि मतदान के लिए सभी प्रक्रिया को पूर्ण कर लिया गया है अब मंडल के सदस्य 25 मई को गुप्त मतदान करके मंडल के नए प्रधान और महामंत्री का चुनाव करेंगे। आजीवन सदस्यों की संख्या को देखते हुए मतदान के लिए 5 बूथ लगाए गए हैं।

### कर्मचारियों में पदोन्नति की जगी आस : सूरज


**अनंत ज्ञान, निरमंड।** एलडीआर एम्प्लॉय एसोसिएशन ने हिमाचल प्रदेश सरकार और राज्य चयन आयोग हमीरपुर के प्रति आभार व्यक्त किया है। एसोसिएशन के अध्यक्ष सूरज शर्मा ने कहा कि आयोग द्वारा विभिन्न विभागों में लंबित अधियाचन का विवरण प्राप्त हुआ है, जिसमें जे ओ ए (आई टी) एलडीआर की 106 पोस्ट और क्लर्क (एलडीआर) की 64 पोस्ट पर परीक्षा होनी है। इस प्रकार, एलडीआर परीक्षा के माध्यम से कुल 170 पोस्ट भरी जानी हैं। एसोसिएशन ने इस निर्णय के लिए हिमाचल प्रदेश सरकार और राज्य चयन आयोग हमीरपुर का धन्यवाद किया है। अध्यक्ष सूरज शर्मा ने कहा कि इससे पात्र कर्मचारियों को पदोन्नति के लिए आस जगी है, इस भर्ती प्रक्रिया के माध्यम से सरकारी विभागों में रिक्त पड़े पदों की पूर्ति और विभागों के बाधित कार्यों को सफल करने में तेजी आएगी। एसोसिएशन को उम्मीद है कि राज्य चयन आयोग जल्द ही किसी नोटिफिकेशन के माध्यम से इस परीक्षा को आयोजित करने हेतु विचार साझा करेगा। इस कार्य के लिए एलडीआर एम्प्लॉय एसोसिएशन हिमाचल प्रदेश सरकार और राज्य चयन आयोग हमीरपुर के प्रति आभार व्यक्त करती है ।

### 28 मई को शरची में होंगी विशेष ग्राम सभा

**अनंत ज्ञान, कुल्लू।** सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायत शरची में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया जायेगा। जिला पंचायत अधिकारी ने बताया कि विशेष ग्राम सभा का आयोजन 28 मई को ग्राम पंचायत शरची में किया जाएगा और इसके लिये आदेश जारी कर दिये गये है। सनद रहे कि इससे पूर्व सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम शरची में हो रहा था और प्रदेश के मुख्यमंत्री भी इस दौरान दो दिवसीय बंजार दौरे पर आ रहे थे। लेकिन ऑपरेशन सिंदूर के चलते इस कार्यक्रम को स्थगित करना पड़ा था। अब एक बार फिर 28 मई को यह कार्यक्रम होने जा रहा है जिसमें विशेष ग्राम सभा का भी आयोजन होगा।

### समावेश कार्यक्रम एक सराहनीय पहल : छिमे डोलमा

**अनंत ज्ञान, कुल्लू।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला, थरास में समावेशी कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें प्रधानाचार्य छिमे डोल्मा ने समावेश कार्यक्रम को एक सराहनीय पहल बताया। दिव्यांगजनों की सहायता करना हम सभी का कर्तव्य है। इस दौरान उन्होंने साम्फ़िया फाउंडेशन के सभी पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया और आश बाल विकास द्वारा विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए दी जाने वाली सेवाओं की सराहना की। कार्यशाला में साम्फ़िया के कार्यक्रम प्रबंधक बीजू ने बताया कि संस्थान एडी हाइड्रो पावर लिमिटेड, मनाली द्वारा प्रायोजित है और जिला कुल्लू में दिव्यांग बच्चों के लिए फिजियोथैरेपी, ऑक्यूपेशनल थेरेपी, स्पीच थेरेपी एवं स्पेशल एजुकेशन जैसी सेवाएं प्रदान करता है। डॉ. अनु ने विभिन्न प्रकार की दिव्यांगताओं और उनकी आवश्यकताओं पर प्रकाश डाला।




# वुशु प्रतियोगिता में 6 खिलाड़ी दिखाएंगे दमखम

**कमलेश वर्मा, अनंत ज्ञान**

कुल्लू। जिला कुल्लू वुशु संघ के महासचिव व वुशु के कोच लुदर चंद ने कहा है कि 25वीं सब जूनियर लड़के वह लड़कियों की राष्ट्रीय स्तरीय वुशु प्रतियोगिता के एसआरएम कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग नामक्कल तमिलनाडु में 25 मई से 30 मई तक होने जा रही है।

इस प्रतियोगिता में जिला कुल्लू के 6 वुशु खिलाड़ियों का राज्य स्तरीय वुशु प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है, जिसमें अक्षित वुशु स्पोर्ट्स अकैडमी बजौरा के खिलाड़ी शिवांश शर्मा 28 किलोग्राम भाग वर्ग में राहुल 45 किलोग्राम भार वर्ग में और ऋषित चोपड़ा वूशु ताऊंलु इवेंट ननकुआन इवेंट में। ट्रिनिटी स्कूल मोहल के छात्र विनायक ठाकुर 30 किलोग्राम भार वर्ग में, ईशाना महाजन 60



प्रतियोगिता में भाग लेने वाले जिला कुल्लू के 6 खिलाड़ी अपने कोच व अन्य के साथ।

### तमिलनाडु में 25 से 30 मई तक होगी प्रतियोगिता

किलोग्राम भाग वर्ग में और भारत भारती सीनियर सेकेंडरी स्कूल ढालपुर कुल्लू की छात्रा आंचल हांडा 36 किलोग्राम भार वर्ग में अपना हुनर दिखाएगी।

हिमाचल प्रदेश व जिला कुल्लू का नाम रोशन करेंगे। इस अवसर पर जिला कुल्लू वुशु संघ के अध्यक्ष पूर्ण चंद उपाध्यक्ष ओम प्रकाश, झावे राम सह सचिव चेतन लाल संघ के सदस्य राकेश कुमार ,गगन कुमार, मिनेश ठाकुर रितेश कुमार चोपड़ा, सुधीर शर्मा सरिता शर्मा, रेनू चोपड़ा, इंदिरा हांडा ने बच्चों को शुभकामनाएं दीं।

## दो नाबालिग लड़कियां लापता

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में हाल ही में कई गंभीर आपराधिक मामलों का खुलासा हुआ है। हमीरपुर पुलिस अधीक्षक कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, पुलिस ने इन मामलों में जांच प्रक्रिया तेज कर दी है और आगामी कार्रवाई जारी है। थाना नादौन में दर्ज दो अलग-अलग मामलों में नाबालिग लड़कियों के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पहले मामले में बरेली का मूल निवासी और वर्तमान में नादौन क्षेत्र में रह रहे व्यक्ति ने शिकायत दी है कि उसकी नाबालिग बेटी 18 मई 2025 से लापता है।

वहीं दूसरे मामले में नादौन क्षेत्र के ही एक अन्य निवासी ने बताया कि उसकी नाबालिग बेटी 25 मई से गायब है। पुलिस ने दोनों मामलों में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# 'जीईएफ वैश्विक पर्यावरण उत्कृष्टता कंपनी' का मिला अवार्ड



**अनंत ज्ञान, कुल्लू**

आरके चौधरी सीएमडी एनएचपीसी को नई दिल्ली में 'पावर सेक्टर' में वर्ष 2025 की जीईएफ वैश्विक पर्यावरण उत्कृष्टता कंपनी' अवार्ड प्राप्त करते हुए। इस अवसर पर एनएचपीसी के कार्यपालक निदेशक (ईडीएम) तथा एनएचपीसी के अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे। भारत सरकार की नवरत्न कंपनी एनएचपीसी को पर्यावरणीय स्थिरता और स्वच्छ ऊर्जा विकास के प्रति इसकी उत्कृष्ट प्रतिबद्धता की मान्यता देते हुए प्रतिष्ठित 'जीईईएफ ग्लोबल एनवायरनमेंटल एक्सीलेंस कंपनी ऑफ द ईयर 2025 इन पावर सेक्टर' अवार्ड से सम्मानित किया गया है।

यह पुरस्कार 23 मई को नई दिल्ली में ग्लोबल एनर्जी लीडर्स समिट एंड अवार्ड्स 2025 के दौरान एनएचपीसी के सीएमडी आरके चौधरी को प्रदान किया गया। यह पुरस्कार अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में स्थायी प्रथाओं और उत्कृष्टता के लिए एनएचपीसी की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

### दूसरे दिन भी नहीं मिला नदी में बहा व्यक्ति

# एनएचपीसी प्रोजेक्ट पर लापरवाही का केस दर्ज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

मणिकर्ण घाटी की पार्वती नदी में एनएचपीसी जलविद्युत परियोजना चरण-3 द्वारा बिना सूचना दिए छोड़े गए पानी में बहे दो युवकों में से दूसरे युवक की तलाश दूसरे दिन जारी रही, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिल पाया है।

उधर, एनएचपीसी पार्वती परियोजना-3 सैंज के अधिकारियों की लापरवाही पर कुल्लू सदर के विधायक एवं साडा चेयरमैन सुंदर सिंह ठाकुर ने कड़ा संज्ञान लिया है। उन्होंने एसपी कुल्लू को पत्र भेजकर एनएचपीसी पार्वती परियोजना चरण-3 के अधिकारियों के खिलाफ लापरवाही के कारण मौत और जनता को खतरे में डालने के लिए पुलिस में मामला दर्ज किया है। उन्होंने एसपी कुल्लू से एफआईआर दर्ज करने को शिकायत पत्र भेजा है और आरोपियों को सजा की मांग की है। उन्होंने अपने शिकायत पत्र में लिखा है कि 22 मई 2025 को, बिना किसी पूर्व सार्वजनिक चेतावनी के, एनएचपीसी अधिकारियों ने अचानक पार्वती-बांध से भारी मात्रा में पानी छोड़ दिया, जिससे निचले इलाकों में बाढ़ आ गई। जिस कारण दो निर्दोष लोगों की जान चली गई, और कई अन्य बाल-बाल बच गए। यह कोई अकेली घटना नहीं है। 10 जुलाई 2024 को भी बिना किसी सार्वजनिक चेतावनी के इसी तरह पानी छोड़े जाने से सैंज क्षेत्र में भारी तबाही मची थी और 30 से ज्यादा घर और 40 दुकानें बह गई थीं।

वहीं, शुक्रवार को पुलिस, फायर व स्थानीय लोगों के साथ चलाए गए अभियान के दौरान एक व्यक्ति का शव बरामद कर लिया गया है। दूसरे व्यक्ति की तलाश के लिए सुबह से रेस्क्यू जारी रहा। मनिकर्ण थाना के एसआई संजीव वालिया ने बताया कि दूसरे व्यक्ति की तलाश के लिए रेस्क्यू प्रातः 7 बजे से शुरू कर दिया गया था लेकिन सफलता हासिल नहीं हो पाई है। फायर स्टेशन के कर्मचारी जरी एरिया व अन्य 2 टीमें पुलिस के अगुआई में कसोल, कटागला, छलाल के एरिया में दिनभर तलाश में जुटी रही। उधर, एसपी कुल्लू डॉ. कार्तिकेयन गोकुलचंद्रन ने बताया कि कुल्लू के विधायक की ओर से भी शिकायत दर्ज कर ली है।

# अभिभावकों और शिक्षकों ने बच्चों के भविष्य पर की चर्चा



पीटीए की बैठक के दौरान मौजूद सभी अभिभावक व शिक्षक।

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**

जिला कुल्लू के लरांकेलो स्थित परी एंजल मॉडल स्कूल में अभिभावक शिक्षक संघ की बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में स्कूल के प्रबंधक कमल ठाकुर और स्कूल के प्रधानाचार्या प्रोमिला ठाकुर ने बैठक में आए नए और पुराने सभी अभिभावकों का स्वागत किया।

प्रधानाचार्य ने बताया कि स्कूल के 2025-26 सत्र की इस पहली मीटिंग पीटीए चेयरमैन नरेश चौधरी, वाइस चेयरमैन गंगा देवी साथ में स्कूल फाउंडर मेंबर बेली राम ठाकुर, स्कूल सोसायटी वाइस चेयरमैन प्रेमचंद, जनरल सेक्रेटरी स्कूल सोसायटी नरेश कुमार शामिल हुए। उन्होंने बताया कि इस बैठक का मुख्य उद्देश्य पूरे साल होने वाली गतिविधियों से अवगत कराना था। उन्होंने बताया कि बैठक में अभिभावकों व शिक्षकों के बीच लंबी चर्चा हुई।

# अहिल्याबाई होल्कर की जयंती पर करवाई संगोष्ठी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

भाजपा ने लाहौल स्पीति के उदयपुर में रानी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया।

एक दिवसीय संगोष्ठी में उनकी जीवन गाथा, प्रशासनिक कौशल और सामाजिक योगदान पर चर्चा की गई। इस संगोष्ठी में प्रदेश भाजपा के उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर बतौर मुख्य वक्ता शामिल हुए। वहीं, महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष वर्षा ठाकुर और पूर्व महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष पुष्पा शर्मा ने भी भाग लिया। गोविंद सिंह ठाकुर ने अहिल्या वाई होलकर के जीवन और कार्यों का विस्तृत विश्लेषण किया। उन्होंने संगोष्ठी में अहिल्या वाई होलकर की जीवनी और उनके जीवन के महत्वपूर्ण पहलुओं पर चर्चा की।

रानी अहिल्याबाई होल्कर भारतीय इतिहास की उन महान विभूतियों में से एक हैं, जिन्होंने अपने आदर्श नेतृत्व, सामाजिक न्याय, धार्मिक सहिष्णुता और लोक कल्याणकारी नीतियों के माध्यम से जनसेवा का एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया। भारतीय जनता पार्टी ऐसी ऐतिहासिक विभूतियों के योगदान को स्मरण कर राष्ट्र निर्माण के पथ पर अग्रसर रहने के लिए संकल्पबद्ध है। वर्षा ठाकुर ने अहिल्या वाई होल्कर के प्रशासनिक कौशल और उनके द्वारा किए गए सुधारों पर विशेष जोर दिया गया। उनके योगदान और महिलाओं के सशक्तिकरण में उनकी भूमिका पर भी चर्चा की गई।

## 4 ग्राम चिट्टे के साथ व्यक्ति गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, कुल्लू।** जिला लाहौल-स्पीति पुलिस द्वारा मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इस विशेष अभियान के तहत शनिवार को कोकसर में पुलिस टीम द्वारा एक युवक को 4 ग्राम चिट्टे के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस जानकारी के अनुसार पुलिस चौकी कोकसर की टीम ने नियमित गश्त के दौरान कोकसर पुल के समीप एक संदिग्ध व्यक्ति से पूछताछ व उप प्रधान ग्राम पंचायत कोकसर व अन्य लोगों के समक्ष तलाशी के दौरान एक व्यक्ति से 4 ग्राम चिट्टा बरामद की है।

आरोपी की पहचान साहिल पुत्र खेम राज निवासी सरवरी बाजार, डाकघर ढालपुर, जिला कुल्लू उम्र 29 वर्ष के रूप में की गई है। पुलिस द्वारा आरोपी के विरुद्ध थाना केलांग में मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

उधर, एसपी लाहुल स्पीति इल्मा अफरोज ने बताया कि 4 ग्राम चिट्टे के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने आम जनमानस से अपील की है कि मादक पदार्थों की तस्करी और सेवन जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रहें एवं इस संबंध में किसी भी प्रकार की सूचना पुलिस को तुरंत साझा करें। पुलिस नशे के खिलाफ अभियान को भविष्य में भी पूरी सख्ती से जारी रखेगी।

**आम सभा** | पीएम श्री राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला आनी की बैठक आयोजित

# आनी में उठी ऑडिटोरियम निर्माण की मांग

**जिनेंद्र गुप्ता, अनंत ज्ञान**

**आनी ।** पीएम श्री राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला आनी में शनिवार को सत्र 2025-26 की पहली आम सभा का आयोजन किया गया। आम सभा में 500 से अधिक अभिभावकों ने भाग लिया।

पाठशाला मैदान में गर्मी का मौसम होने के कारण अभिभावकों के बैठने की व्यवस्था पाठशाला हॉल में की गई, लेकिन बड़े हॉल के अभाव में इतने अभिभावकों बैठाने में असुविधा का सामना करना पड़ा।

आम सभा में सर्वसम्मति से शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर की घोषणा के अनुरूप ऑडिटोरियम निर्माण का कार्य शीघ्र आरंभ करने की मांग की । आम सभा में प्रधानाचार्य अमर चंद चौहान ने सभी अभिभावकों का स्वागत किया तथा पाठशाला की शैक्षणिक उपलब्धियों से परिचित कराया। उन्होंने कहा कि पाठशाला में कौशल आधारित शिक्षा के विकास के लिए अटल टिंकरिंग लैब, एस्ट्रोनॉमी लैब सहित भौतिक विज्ञान तथा सामाजिक विज्ञान लैब का निर्माण प्रगति पर है।


राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला आनी में आयोजित बैठक में भाग लेते अभिभावक।

पाठशाला में जहां डिजिटल लाइब्रेरी स्थापित की जा रही है तो वहीं इस सत्र से सभी विद्यार्थियों को अनुभव आधारित शिक्षण प्रदान करने हेतु विभिन्न शैक्षणिक स्थलों में फील्ड विजिट को बढ़ावा दिया जाएगा। आम सभा में शिक्षक गोविंद ठाकुर ने मंच संचालन किया तथा पाठशाला में अनुशासन कायम करने में अभिभावकों से सहयोग की अपील की। आम सभा में विशेष रूप से प्रवक्ता प्रवीण मेहता ने नशा निवारण, कुन्दन शर्मा ने सिंगापुर शैक्षिक भ्रमण तथा गुणात्मक शिक्षा , प्रवक्ता डोला राम शर्मा ने छात्रवृत्ति योजनाओं तथा प्रवक्ता श्यामानंद ने नैतिक मूल्यों तथा चरित्र निर्माण पर अभिभावकों से संवाद किया। एसएमसी अध्यक्ष रमेश कुमार ने सभी अभिभावकों का धन्यवाद किया। उन्होंने कन्या विद्यालय तथा पीएम श्री विद्यालय को मर्ज करने के सरकार के फैसले का विरोध किया तथा पाठशाला की विभिन्न पदों की स्वीकृति सहित लंबित मांगों को शीघ्र पूर्ण करने की अपील की।

# लाहौल में 25 से लगाया जाएगा स्वास्थ्य जांच शिविर

**अनंत ज्ञान, कुल्लू**

तिब्बती सर्वोच्च बौद्ध धर्मगुरु दलाईलामा की दीर्घायु और उत्तम स्वास्थ्य के लिए जनजातीय क्षेत्र लाहौल के विभिन्न स्थानों पर टोंगलेन चैरिटेबल ट्रस्ट रिवालसर के निंगमा बौद्ध मठ के सहयोग से 25 से 29 मई तक स्वास्थ्य शिविर लगाएगा। टोंगलेन चैरिटेबल ट्रस्ट के निदेशक भिक्षु जामयांग ने बताया कि परम पावन दलाई लामा 6 जुलाई को 90 वर्ष के हो जाएंगे।

बौद्ध जगत में उनके स्वास्थ्य और दीर्घायु के लिए प्रार्थनाएं आयोजित की जा रही हैं। इसी उद्देश्य से वे ग्रामीण क्षेत्रों में टोंगलेन चैरिटेबल ट्रस्ट की आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित चिकित्सा बस ले जा रहे हैं। इसमें डॉक्टर, नर्स, फार्मासिस्ट न सिर्फ स्वास्थ्य की जांच करेंगे बल्कि रक्त, थूक, मलमूत्र एवं एक्स-रे समेत सभी प्रकार के टेस्ट भी निशुल्क करेंगे।

रिवालसर का निंगमा बौद्ध मठ इस कार्य में सहयोगी है। 25 मई को सुबह 10:30 से शाम 5 बजे तक गेमुर में क्वारिंग, तीनो, गेमुर और बोक गांव के लोगों के लिए स्वास्थ्य शिविर लगाया जाएगा। 26 मई को भी गेमुर में ही कोलोंग, रंगरिक, कीलेध सारंग और खंगसर गांव के लोगों की स्वास्थ्य की जांच की जाएगी। 27 मई को दारचा सुमदो थांगा में स्वास्थ्य शिविर लगाया जाएगा। इसमें दारचा, सुमदो, रांगयो, बारयो, रारिक, छीका और योचे के ग्रामीण हिस्सा लेंगे। 28 मई को बिलिंग और 29 मई को सिस्सू में स्वास्थ्य शिविर लगाया जाएगा।

**कार्यालय ग्राम पंचायत भाम्बला विकास खण्ड गोपालपुर जिला मंडी (हि. प्र.)**
**निविदा आमंत्रण सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत भाम्बला विकास खंड गोपालपुर जिला मण्डी हि.प्र. के अंतर्गत वर्ष 2025-2026 में होने वाले समस्त मदों के विकास कार्यों हेतु निम्न सामग्री की आपूर्ति हेतु निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। निविदाएँ दिनांक 31/05/2025 को शाम 5 बजे तक कार्यालय ग्राम पंचायत भाम्बला में व्यतिगत रूप या डाक के माध्यम से पहुँच जानी चाहिए। निविदाएँ 02/06/2025 को सुबह 11 बजे पंचायत कार्यालय में निविदादाताओं उनके प्रितिनिधियों, पंचायत कमेटी की उपस्थिति में खोली जाएँगी। इच्छुक निविदादाता ग्राम पंचायत भाम्बला से टेंडर फॉर्म प्राप्प कर सकते हैं। प्रधान/सचिव द्वारा हस्ताक्षरित टेंडर फॉर्म पर दी गयी निविदाएँ ही मान्य होंगी। विस्तृत शर्तें टेंडर फॉर्म के साथ संलग्न की जाएँगी।
**सामग्री का विवरणः-** 1. रेत क्रशर, रेता प्लांट प्रति घन मीटर 2. क्रशर बजरी 18,20,40 MM PER CUM 3. पत्थर (cut stone)per CUM 4. (A,B,C Grade) प्रति ईंट 5. वोल्डर सोलिंग DRESSED/UNDRESSED प्रति घन मीटर 6. JCB मशीन द्वारा कटान प्रति घंटा 7. Misture machine with labour/ without labour per cum 8. सटरिंग (भवन निर्माण व अन्य) प्रति SQ.M 9. सामग्री ढुलान सीमेंट लोडिंग व अन्लोडिंग प्रति बैग (AT sight) 10. Sign board iron, cemented with writing per board (MNREGA, ETC) 11 टैंकर पानी प्रति टैंकर12. WATER COOLER WITH/WITHOUT FITTING (40L,80L,100L) 13. CEMENTED, STEEL. cast iron BENCH WITH OR WITHOUT ARM) 14. SBM SEGREGATION SHED (STANDARD SIZE)WITH OR WITHOUT इंस्टालेशन 15. pavour ब्लाक interlock tiles (40,60,80mm) 16. डस्टबिन with/without cap vectus company (10L,12L,15L) 17. नारे/स्लोगन लेखन प्रति बोर्ड 18, रोड रोलर प्रति घंटा रेता, बजरी, पत्थर, रोयलिटी M FORM या X FORM सभी सामग्री बिलों के साथ अनिवार्य है बिना M FORM किसी का बिल मान्य नहीं होगा। निविदा भरने के समय सभी वेंडर को सादे कागज/AFFIDAVIT के ऊपर M FORM प्रस्तुत करने का प्रमाण पत्र देना पड़ेगा कि यदि उनकी निविदा पारित होती है तो उनके द्वारा पंचायत के विकास कार्यों के लिए दी गयी हर सामग्री बिल के साथ उसका M फॉर्म पंचायत में प्रस्तुत करेंगे (प्रमाण पत्र न देने की स्तिथि में उनकी निविदा CONSIDER नहीं की जाएगी। सिर्फ उन्ही वेंडर की निविदा दावे मान्य समझी जाएगी जो M फॉर्म देने का AFFADE-VIT/प्रमाण पत्र पंचायत कार्यालय को प्रस्तुत करेगा। यह AFFIDAVIT / प्रमाण पत्र निविदा खोलने की तिथि से पहले पंचायत कार्यलय में प्रस्तुत करना पड़ेगा। **नियम व शर्तेंः-** निविदाता के पास अपना PAN नंबर GST नंबर तथा गाड़ी का होना चाहिए। 2. पारित निविदा का मूल्य 20000/-रु. अग्रिम राशि (FD) के रूप में ग्राम पंचायत के पास जमा करवाने होगे व साथ में मूल्य 1000/- रु. (NON-REFUNDABLE) आवेदन शुल्क ग्राम पंचायत में जमा करवाने होंगे। 3. निविदादाता यदि सप्लाई आर्डर जारी होने के उपरान्त निर्धारित अवधि में सामग्री आपूर्ति समयानुसार नहीं कर पाता है तो उसकी गत समय में दी गयी सामग्री देय राशि का भुगतान नहीं किया जायेगा और न ही अग्रिम राशी वापिस की जाएगी। तीन नोटिस जारी होने के बाद भी आपूर्ति न देने की स्थिति में फर्म/निविदादाता की निविदा समाप्त समझी जाएगी 4. सामग्री राशि की अदायगी कार्य पूर्ण होने के बाद TA/JE की पैमाइश के उपरांत की जाएगी। 5. सामग्री लेने का अंतिम मूल्य निर्णय विभाग की JUSTIFICATION व पारित निविदा दाता के साथ NEGOTIATION उपरांत अनुसार किया जायेगा। 6. जिस किसी भी निविदादाता को उपरोक्त शर्तें मान्य हैं तो वह कार्यालय ग्राम पंचायत भाम्बला में अपनी निविदा दे सकता है। ग्राम पंचायत के किसी भी पदाधिकारी कर्मचारी या उनके नजदीकी सम्बंधियों की निविदाएँ मान्य नहीं होंगी । 7. उपरोक्त लिखित शर्तो को जो पूरा नहीं करता है उसकी निविदा रद्द कर दी जाएगी। 8. किसी विवाद की स्तिथि में, कमेटी सदस्यों के साथ गाली गलोच या अभद्र व्यवहार करने पर उक्त निविदादाता को तुरंत निविदा प्रक्रिया से बाहर कर दिया जायेगा। 9. किसी विवाद की स्थिति में अंतिम निर्णय पंचायत का मान्य होगा व् पंचायत को कभी भी ऐसी स्तिथि में निविदा को रद्द करने का पूर्ण अधिकार होगा।
**प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत भाम्बला विकास खण्ड गोपालपुर जिला मंडी (हि. प्र.)**

# धार्मिक समागम से एनएच पर लगा जाम

**अनंत ज्ञान, सोलन**

**राधा स्वामी सत्संग में पहुंचे हजारों लोग**

राधा स्वामी सत्संग के दो दिवसीय धार्मिक समागम में उत्तर भारत से हजारों की संख्या में श्रद्धालु सोलन पहुंच रहे हैं। इससे नेशनल हाईवे-5 पांच सहित स्थानीय सड़कें पार्किंग में तब्दील हो गई। ऐसे में धर्मपुर कुमारहट्टी से लेकर सोलन के सलोगड़ा तक नेशनल हाइवे पर पार्किंग स्थल बना दिया है।

सड़क, सर्विस लेन समेत हर जगह पर गाड़ियां पार्क की गई हैं। इससे नेशनल हाईवे जाम हो गया है और वाहन रेंगते हुए आगे बढ़ रहे हैं। वहीं, समागम को देखते हुए कई स्कूलों में छुट्टियां कर दी है। दो दिवसीय धार्मिक समागम के लिए हजारों की संख्या में श्रद्धालु दो दिन से सोलन पहुंच रहे हैं। पुलिस प्रशासन ने यातायात में बदलाव कर अगर बड़ोग बाईपास पर वाहनों की भीड़ अधिक रहेगी तो बड़ोग से होकर वाहनों को डायवर्ट कर देगी।

**जवान संभालेंगे मोर्चा**

एएसपी सोलन राजकुमार ने बताया कि सत्संग में व्यवस्था को बनाए रखने के लिए पुलिस ने 77 जवान तैनाती किए हैं। यह जवान यातायात व्यवस्था को सुचारु करेंगे। उन्होंने कहा कि अगर जरूरत पड़ती है तो सत्संग के अलावा अन्य सभी वाहनों को वाया बड़ोग डायवर्ट कर दिया जाएगा।



एनएच पर लगा वाहनों का जमावड़ा।

**ये रहेगा ट्रैफिक प्लान**

शिमला और चंडीगढ़ से आने वाले सत्संग के अंबाला दूसरे सभी वाहनों को वाया बड़ोग भेजा जाएगा। हालांकि यह निर्णय तभी लिया जाएगा अगर बड़ोग बाइपास पर स्थिति अनियंत्रित होती है और जाम लगता है। वहीं बड़ोग बाइपास और शामती बाइपास पर समागम में आने वाले वाहनों के लिए पार्किंग तय कर दी गई है। जबकि समागम में आने वाली बड़ी बसें श्रद्धालुओं को छोड़कर बड़ोग बाइपास पर करीब चार से पांच किलोमीटर पहले पार्क होंगी। साथ ही सोलन बाइपास, राजगढ़ मार्ग, राधा स्वामी सत्संग परिसर सहित अन्य उपलब्ध स्थानों पर भारी वाहनों की पार्किंग व्यवस्था बनाई गई है। यातायात व्यवस्था को कंट्रोल करने के लिए 77 पुलिस कर्मचारी तैनात किए गए हैं, जो दो दिनों तक पुरी यातायात व्यवस्था को संभालेंगे। समागम में चिकित्सा सुविधा के दृष्टिगत दो पैरामेडिकल कर्मियों के साथ एक एंबुलेंस की तैनाती और आवश्यक दवाओं और उपकरणों के साथ क्षेत्रीय अस्पताल में 10 बिस्तर की उपलब्धता भी रहेगी।

# कृतिका ने एवरेस्ट पर लहराया हौसले का झंडा

**एसपी जैरथ, अनंत ज्ञान**

**नाहन।** राजकीय महाविद्यालय पांवटा साहिब की छात्रा कृतिका शर्मा ने महज 19 वर्ष की उम्र में दुनिया की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट को फतह कर इतिहास रच दिया है। वह एनसीसी की एचपी गर्ल्स बटालियन सोलन की दूसरी कैडेट बनी हैं, जिन्होंने यह दुर्लभ सफलता हासिल की है।



कृतिका की यह पर्वतारोहण यात्रा 4 अगस्त 2024 को शुरू हुई थी, जब तत्कालीन कमांडिंग ऑफिसर कर्नल संजय शांडिल ने उन्हें माउंट एवरेस्ट अभियान के लिए चयनित किया। इसके बाद उन्हें कई ट्रायल कैंप, बेसिक और एडवांस माउंटेनियरिंग कोर्स के माध्यम से कठोर प्रशिक्षण दिया गया। कठिन परिस्थितियों में भी डटी रहने वाली कृतिका ने न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक स्तर पर भी खुद को पूरी तरह से तैयार किया। कर्नल संजय ने हर कदम पर उनका हौसला बढ़ाया और उन्हें मार्गदर्शन दिया। इस अभियान में कृतिका की साथी और मार्गदर्शक बनीं उनकी एनसीसी एसोसिएट ऑफिसर लेफ्टिनेंट पूजा भट्टी।

कॉलेज के प्रिंसिपल प्रोफेसर जगदीश चौहान ने कहा कि यह पूरे संस्थान के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कृतिका को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं कर्नल संजय शांडिल ने कहा कि कृतिका और पूजा भट्टी ने एचपी गर्ल्स एनसीसी बटालियन का परचम एक बार फिर ऊंचाइयों तक पहुंचा दिया है। कृतिका ने साबित कर दिया कि आज की युवा पीढ़ी नशे और सोशल मीडिया की लत से बाहर निकलकर पर्वतारोहण और खेलों जैसी गतिविधियों में समर्पित कर सकती है।

## न्यूज ब्रीफ

### 23 पेटी अवैध शराब सहित तस्कर गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, नाहन।** पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 23 पेटी अवैध शराब बरामद की है। पुलिस ने मौके पर ही शराब तस्करी के आरोपी, साथ लगते गांव देवामानल के 37 वर्षीय विनोद कुमार पुत्र मोहन सिंह को गिरफ्तार कर लिया। इसके साथ ही पुलिस ने शराब की तस्करी के लिए इस्तेमाल की जा रही बोलेरो पिकअप (एचपी 79- 0276) को भी अपने कब्जे में ले लिया है। डीएसपी संगड़ाह मुकेश डडवाल ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

### नाहन में ट्रांसफार्मर के केबल में भड़की आग

**अनंत ज्ञान, नाहन।** नाहन से तीन किलोमीटर दूर शिमला रोड पर स्थित बिरोजा फैक्ट्री के सामने लगे बिजली के ट्रांसफार्मर की केबल की तार में अचानक भड़की आग से लोग में आ गए और उन्होंने तुरंत अग्निशमन और बिजली बोर्ड के विभागों को इस बारे जानकारी दी जिसके बाद आग पर काबू पाया गया। बिजली की तारों का केबल जलने के बाद क्षेत्र में अंधेरा छा गया। जानकारी के अनुसार बिजली विभाग के कर्मचारियों ने केबल की रिपेयरिंग शुरू कर दी है।

### रेहड़ी-फड़ी वालों को मिला स्थायी ठिकाना



**अनंत ज्ञान, सोलन।** नगर निगम सोलन द्वारा 163 रेहड़ी-फड़ी धारकों को स्थायी वेंडर जोन में स्थान आवंटित करना एक ऐतिहासिक कदम है और यह संभव हो पाया है लगातार संघर्ष, संवाद और समर्पण के उस प्रयास से संभव हुआ है। जिसे भारतीय जनता पार्टी के रेहड़ी-फड़ी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक तरसेम भारती ने वर्षों से चलाया। तरसेम भारती ने बताया कि उनके अथक प्रयासों के चलते अब इन छोटे कारोबारियों को न केवल व्यवसाय करने की कानूनी अनुमति मिली है, अपितु अब वे सम्मानपूर्वक अपनी रोजी-रोटी चला सकते हैं। यह पहला चरण है जिसमें 108 रेहड़ी--फड़ी धारकों को वेंडर जोन में जगह दी गई है। शीघ्र ही अगले चरण में शेष 55 वेंडरों को भी स्थायी स्थान आवंटित किया जाएगा।

### चायल में होगा 19वां वार्षिक जागरण

**अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** पर्यटन नगरी चायल में 19 वां वार्षिक जागरण पंचायत मैदान में आयोजित किया गया। इस वार्षिक धार्मिक उत्सव का आयोजन भगवती जागरण मंडली चायल ने किया। आयोजन मंडल के पदाधिकारी प्रदीप शर्मा, रिंकज गुप्ता भूषण और बबली ने बताया कि ज्योति ज्वाला जी से लाई गई और टी सीरीज के कलाकार मिस्टर बोवी अंबाला और पार्टी भगवती का गुणगान किया। रविवार को भंडारे का आयोजन होगा।

### सामूहिक प्रयास से लगेगा नशे पर अंकुश



**अनंत ज्ञान, नाहन।** नशा व्यक्तिगत और पारिवारिक बुराई नहीं, बल्कि एक सामाजिक बुराई है। इस बुराई को सब के सहयोग से दूर किया जा सकता है। यह बात जिला मुख्यालय नाहन में टू ड्रग्स कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि पहुंची। डीसी सिरमौर प्रियंका वर्मा ने कही। प्रियंका वर्मा ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश सरकार और कई विभागों द्वारा नशा निवारण जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं, ताकि नशे की बुराई से बचा जा सके। छात्रों से आह्वान किया कि वह नशे से दूर रहकर खेल एवं अन्य गतिविधियों पर फोकस करें। कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि पहुंचे पुलिस अधीक्षक सिरमौर निश्चित सिंह नेगी ने कहा कि छात्रों को खेल गतिविधियों पर ध्यान देना चाहिए, ताकि वह तंदुरुस्त रहे।

### राजगढ़ में वन अधिकार अधिनियम पर दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** विकासखंड राजगढ़ के सभागार कक्ष में वन अधिकार अधिनियम 2005 को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता एसडीएम राजगढ़ राजकुमार ठाकुर ने की।बैठक में विकासखंड अधिकारी, वन विभाग के अधिकारी, ग्राम पंचायतों के प्रधान, सचिव तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। इस अवसर पर एसडीएम राजकुमार ठाकुर ने जानकारी दी कि सरकार द्वारा वन अधिकार अधिनियम 2005 के तहत उन लोगों को राहत देने की पहल की जा रही है, जो पिछले 75 वर्षों से वन भूमि पर रह रहे हैं। एसडीएम ने बताया कि ग्रामीण स्तर पर विशेष कमेटियों का गठन किया गया है, जो ऐसे पात्र लोगों की पहचान करेगी और उनसे संबंधित फार्म भरवाएगी, ताकि उन्हें उनके अधिकार दिलाए जा सकें।

### भूकंप व आगजनी से बचाव के लिए की मॉकड्रिल

**कृष्ण, अनंत ज्ञान, अर्की।** उपमंडल अर्की की राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धुंधन में अग्नि शमन चौकी के अग्नि शामको, अर्की, दाड़लाघाट गृह रक्षा विभाग के कर्मियों व वाहिनी प्रशिक्षण केंद्र अर्की के गृहरक्षकों द्वारा आपदा के समय स्वयं की एवम अन्य लोगों सुरक्षा उपायों के बारे में जानकारी दी।इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ भी उपस्थित रहा।

### हर्षवर्धन कल से दो दिवसीय सिरमौर प्रवास पर

**अनंत ज्ञान, नाहन।** उद्योग, संसदीय कार्य तथा श्रम एवं रोजगार मंत्री हर्षवर्धन चौहान 26 व 27 मई को जिला सिरमौर के प्रवास पर होंगे। यह जानकारी सरकारी प्रवक्ता ने देते हुए बताया कि उद्योग मंत्री 26 मई को शिलाई के हलांह में दोपहर 2:30 बजे पीएचसी का शुभारंभ करेंगे तथा 3 बजे 26वें जिला स्तरीय शहीद कल्याण सिंह स्पोर्ट्स एंड कल्चर मेला, हलांह के समापन अवसर पर मुख्यातिथि रहेंगे। उद्योग मंत्री 27 मई को शिलाई में आयोजित किसान मेला में मुख्यातिथि के रूप में भाग लेंगे।

### विधायक ने युवाओं को दी क्रिकेट किट



**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** ग्राम पंचायत हनुमान बड़ोग के अंतर्गत नेहरू युवक मंडल मनलोग बड़ोग के सदस्यों ने विधायक संजय अवस्थी का आभार जताया है। विधायक द्वारा क्रिकेट किट प्रदान किए जाने पर युवाओं ने उनके प्रति धन्यवाद व्यक्त किया। युवक मंडल के सदस्यों ने बताया कि कुछ समय पहले उन्होंने विधायक संजय अवस्थी को एक मांग पत्र सौंपा था, जिसमें क्रिकेट किट की आवश्यकता जताई गई थी। उनकी मांग को गंभीरता से लेते हुए विधायक ने अब क्रिकेट किट उपलब्ध करवा दी है। टीम के कप्तान हन्नी शर्मा ने बताया कि पहले संसाधनों की कमी के चलते टीम को प्रतियोगिताओं में भाग लेने में कठिनाई होती थी, लेकिन अब किट मिलने से उन्हें तैयारी करने और बेहतर प्रदर्शन करने का अवसर मिलेगा।

## सोलन में सामान्य नहीं हुई पेयजल आपूर्ति, 14 दिन बाद भी पानी की सप्लाई बंद

# धर्मपुर, कसौली और कुमारहट्टी में हाहाकार

**आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान**

**सोलन।** जिला मुख्यालय सोलन सहित धर्मपुर, कसौली और कुमारहट्टी उप नगरों में इन दिनों लोगों को पेयजल की खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इसका मुख्य कारण पेयजल योजनाओं से पर्याप्त मात्रा में पेयजल की लिफ्टिंग न होना है।

साथ ही शहर में चल रहे राधा स्वामी सत्संग में पहुंचे करीब एक लाख लोगों की जरूरत को पूरा करने में भी सोलन और धर्मपुर-कुमारहट्टी के हिस्से का पानी दिया जा रहा है। ऐसे में लोगों को सप्ताह 6 से 7 दिन बाद भी पानी का इंतजार करना पड़ रहा है।

धर्मपुर क्षेत्र में पेयजल समस्या अब विकराल रूप ले गई है। जल संकट के बीच धार्मिक समागम में लगातार सप्लाई हो रही है। निजी होटल के समीप से गिरि पेयजल की मुख्य पाइप से पानी का कनेक्शन से लाखों लीटर के टैंक भरे जा रहे हैं।

इस कारण धर्मपुर को पानी की सप्लाई नहीं हो पा रही है। क्षेत्र की जनता को 10, 12 और 14वें दिन बाद भी सप्लाई नहीं हो पा रही है।



सोलन में टैंकर से पानी भरते लोग।

### लोग अब प्राकृतिक जल स्रोतों पर निर्भर

**ग्राम** पंचायत गुल्हाडी के छटेरा, शिल्लड, पठिया गांव में लोग पूरी तरह से प्राकृतिक जल स्रोतों पर निर्भर हो गए हैं। बावड़ियों के पास भी लोगों की लंबी कतारें लगी हुई हैं। दिनभर लोग पानी के लिए बावड़ियों के पास ही अपना पूरा दिन व्यतीत कर देते हैं। कई घंटे बैठने के बाद लोगों की बारी आती है। वहीं शहरों में टैंकरों के माध्यम से लोगों को पानी मंगवाने को मजबूर होना पड़ रहा है। पानी की बढ़ती हुई मांग को देखते हुए पानी टैंकर मालिकों ने भी दाम बढ़ा दिए हैं। लोगों को 1000 से 1200 रुपए में 3000 लीटर का टैंकर मिल रहा है। हालांकि जल शक्ति विभाग की ओर से पानी की किल्लत को पूरा करने के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन बढ़ती गर्मी को देखते हुए विभाग और पंचायतों की ओर से टैंकरों के माध्यम से पानी सप्लाई करने की कोई योजना तैयार नहीं की है। ऐसे में आगामी दिनों में लोगों को और ज्यादा समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।

> धर्मपुर में पानी मामले को लेकर अधिकारियों से जवाब मांगा जाएगा। सप्लाई को ठीक करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दे दिए हैं। लोगों को गर्मियों में परेशान नहीं होने दिया जाएगा।
>
> **-संजीव सोनी, अधीक्षण अभियंता, सर्कल सोलन।**

### लोग टैंकर का पानी खरीदने को मजबूर

**लोगों** के घरों की छतों पर रखी टांकिया तक खाली हो चुकी है। अब लोग टैंकर मंगवाकर गुजारा चलाने पर मजबूर हो गए हैं। इसके लिए लोगों को 800 से 1000 हजार रुपए चुकाने पड़ रहे हैं। ये हाल अभी से नहीं है। बल्कि पिछले दो सप्ताह से चला हुआ है। गर्मी में लोग परेशान हो गए हैं। लोगों का आरोप है कि जिला प्रशासन और विभाग पर भी दबाव है। इसके चलते कोई संज्ञान लेने को तैयार नहीं हैं। वहीं, विधायक भी समस्या की तरफ ध्यान देने की बजाए नजरअंदाज कर रहे हैं। जनता का चुने हुए नुमाईंदे भी लोगों को आ रही परेशानी का अब हल नहीं निकाल पा रहे हैं।

> विभाग की तरफ से पानी की सप्लाई पर लगातार नजर बनाए हुए हैं। गिरि से मात्र डेढ़ लाख लीटर पानी की आपूर्ति आ रही है। प्रशासन ने धर्मपुर को जाने वाली आपूर्ति में कट लगाकर सोलन को पानी दे रहे हैं। कोशिश की जा रही है की पानी की सप्लाई को ठीक किया जा सके।
>
> **-सुभाष चौहान, अधिशाषी अभियंता, धर्मपुर मंडल।**

# रिकांगपिओ में तिरंगा यात्रा में लगे हिंदोस्तान जिंदाबाद के नारे

**अनिल नेगी, अनंत ज्ञान**

**रिकांगपिओ।** जिला किन्नौर के मुख्यालय रिकांगपिओ में पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर पहुंचे है, वे रिकांगपिओ में आयोजित जिला स्तरीय तिरंगा यात्रा में बतौर मुख्यातिथि के रूप में मौजूद रहे, जिनकी अध्यक्षता में रिकांगपीओ में तिरंगा यात्रा निकालकर हिंदोस्तान जिंदाबाद के नारे लगाए।

इस दौरान प्रदेश के पूर्व वन निगम उपाध्यक्ष सूरत नेगी, व जिला भाजपा अध्यक्ष यवशवंत सिंह नेगी व सभी पदाधिकारियों समेत कार्यकर्ता मौके पर मौजूद रहे है। इस दौरान उन्होंने कहा कि देश में जब भी आतंकवादी हमले हुए है, देश की सेना ने उन्हें करारा जवाब दिया है और देश के प्रधानमंत्री मोदी ने पहलगाम हमले को लेकर देश की सेना को खुली छूट दी और आतंक वादियों को कड़ी सजा मिली है। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना अब पाकिस्तान के आतंकी हमलों के जवाब के लिए तैयार है।

उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के सेना अध्यक्ष से भारतीय सेना के डर से हाथ खड़े किए थे, जिसके चलते सीजफायर के नियम के तहत देश के प्रधानमंत्री ने युद्ध विराम करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि देश में जब भी आतंकी हमले होंगे, तब-तब भारतीय सेना उन्हें करारा जवाब देगी।



तिरंगा यात्रा निकालते जयराम ठाकुर व अन्य लोग।

# 'एक देश एक धड़कन' पर करवाया कार्यक्रम

**बीआर चौहान, अनंत ज्ञान**

**हाथों में तिरंगा लेकर राष्ट्रीय एकता का दिया संदेश**

**राजगढ़।** हाब्बी मानसिंह कला केंद्र, जालग, पझौता में उत्तर क्षेत्रीय सांस्कृतिक केंद्र, पटियाला के सौजन्य से 'एक देश एक धड़कन' कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

लोक कलाकार डॉ. जोगेंद्र हाब्बी ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत एक शोभायात्रा से हुई, जिसमें जालग, द्राबला और आसपास के गांवों की महिलाओं व ग्रामीणों ने हाथों में तिरंगा लेकर भारत माता की जयकारों के साथ राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया। इसके बाद हाब्बी मानसिंह कला केंद्र में मुख्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत जय शिरगुल महाराज स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने 'ए मेरे वतन के लोगों' समूह गीत से की।

लोक गायिका हेमलता, बिमला चौहान और द्राबला महिला मंडल की दीपिका ने देशभक्ति गीतों से दर्शकों को भाव विभोर कर दिया। लक्की स्वयं सहायता समूह की नीरज ने देश भक्ति पर ओजस्वी वक्तव्य दिया, वहीं प्रधान महिला मंडल द्राबला रीना हाब्बी ने देशभक्ति पर प्रभावशाली कविता पाठ किया।

कार्यक्रम का संचालन डा. जोगेन्द्र हाब्बी ने किया और उन्होंने भी बीच-बीच में अपनी देश प्रेम से ओतप्रोत कविताएं प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया।

उस्ताद बिस्मिल्लाह खान युवा पुरस्कार से सम्मानित गोपाल हाब्बी और आल इंडिया रेडियो से बी हाई मान्यता प्राप्त मंडी जिला की सुप्रसिद्ध गायिका विमला चौहान ने लोकगीतों की प्रस्तुतियों से समां बांधा। आसरा संस्था के जिन कलाकारों ने प्रस्तुति दी, उनमें गोपाल हाब्बी, चमनलाल, हंसराज, संदीप, अमन, सरोज, अन्नु, पायल, बिमला और आरती, ज्योति, रीता, रेखा आदि मौजूद रहे।

# फरार अपराधी को पुलिस ने यूपी से किया गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, सोलन**

**आरोपी ने बेचा था देसी कट्टा और 3 रौंद**

पुलिस थाना कंडाघाट की पुलिस टीम द्वारा एक भगौड़े अपराधी शराफत खान पुत्र रूलाह निवासी गांव मुंडेट खादर डा. मुडेट खास तहसील उन थाना भवन शामली जिला शामली उत्तर प्रदेश को शामली उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार किया गया है।

उक्त आरोपी को पुलिस थाना कंडाघाट में दर्ज मामले में न्यायालय सोलन द्वारा भगौड़ा अपराधी घोषित किया गया था । इस आरोपी ने उक्त अभियोग में गिरफ्तार आरोपी को एक देसी कट्टा व 03 रौंद बेचे थे तथा वारदात के उपरांत आरोपी अपनी गिरफ्तारी से बचने के लिए फरार था।

उक्त आरोपी की गिरफ्तारी के लिए उसके विरुद्ध जिला एवं सत्र न्यायालय सोलन से गिरफ्तारी वारंट भी हासिल किए गए थे। गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में पेश किया जा रहा है। आरोपी को यूपी पुलिस द्वारा थाना भवन शामली में भी गिरफ्तार किया जा चुका है। मामले में जांच जारी है।

# चिट्टे सहित दो युवक गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, सोलन।** जिला पुलिस ने सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए एक गाड़ी में बैठे दो युवकों जिनके नाम तेन्जीन गेशे नेगी पुत्र थुपथन गेशे गलदन नेगी निवासी गांव, जिला किन्नौर व अंकित पुत्र कृष्ण चंद निवासी गांव फौला डाकघर को चिट्टे सहित गिरफ्तार किया गया।

इस मामले में वारदात में संलिप्त स्विफ्ट गाड़ी को जब्त कर लिया गया है। गिरफ्तार दोनों आरोपियों को आज माननीय न्यायालय में पेश किया जा रहा है। गिरफ्तार आरोपियों के पूर्व आपराधिक रिकार्ड की पड़ताल की जा रही है। मामले में जांच जारी है।

# आपदा प्रबंधन के सिखाए गुर

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट**



राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धुंदन में प्रधानाचार्य सरताज सिंह राठौर की अध्यक्षता में आयोजित सांयकालीन सत्र में आपदा प्रबंधन पर एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस सत्र में फायर ब्रिगेड अर्की और होमगार्ड 11/2 कंपनी अर्की व 11/6 कंपनी दाड़लाघाट,बीटीसी कोटली की टीमों ने विशेष रूप से उपस्थित होकर विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार की प्राकृतिक और मानव निर्मित आपदाओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने भूकंप, बाढ़, भू-स्खलन और आगजनी जैसी आपदाओं के दौरान संयम से काम लेने और जान-माल की सुरक्षा के महत्व पर जोर दिया।

साथ ही प्राथमिक उपचार,सीपीआर और अग्नि शामक यंत्रों के उपयोग के बारे में भी बताया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

# जिला परिषद के लिए मांगे सुझाव व आपत्तियां

**अनंत ज्ञान, नाहन।** उपायुक्त सिरमौर प्रियंका वर्मा ने वर्ष 2025 में होने वाले पंचायती राज संस्थाओं के सामान्य निर्वाचन के लिए जिला परिषद के निर्वाचन क्षेत्रों की अधिसूचित सूची को लेकर शुद्धि पत्र जारी किया है।

उपायुक्त ने कहा कि अनुसार जिला परिषद वार्ड संख्या-5, दुगाना के स्थान पर जिला परिषद वार्ड संख्या-5 को सतौन पढ़ा जाए। जन साधारण को अधिसूचित जिला परिषद निर्वाचन क्षेत्र (वार्ड) सतौन के परिसीमन संबंधी आक्षेप अथवा सुझाव हो तो वह 26 मई तक लिखित प्रस्तुत कर सकते है।

# प्रश्नोत्तरी में 'द ट्राइकलर थिंकर्स' टीम विजेता

**कृष्ण रघुवंशी, अनंत ज्ञान**

**ज्ञान के प्रति जागरूकता और रुचि को मिला बढ़ावा**

**अर्की।** लक्ष्य इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन मंज्यात अर्की में इतिहास पर आधारित जीवंत और बौद्धिक रूप से प्रेरक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें पांच प्रतिभाशाली टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

ऐतिहासिक ज्ञान के प्रति जागरूकता और रुचि को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में टीम वर्क, बुद्धिमत्ता और देशभक्ति का जीवंत प्रदर्शन हुआ। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण टीम सी - 'द ट्राइकलर थिंकर्स' की जीत रही। विजेता टीम में दुष्यंत, सौरभ, रश्मि और हितेश (दुष्यंत, सौरभ, रश्मि, हितेश) शामिल थे, जिनकी तालमेल और त्वरित सोच ने उन्हें प्रतियोगिता में सबसे अलग खड़ा किया।

दूसरे स्थान पर टीम बी - 'द अशोका आर्मी' रही, जिसका प्रतिनिधित्व हिमानी, राहुल, ज्योति और आकाशदीप (हिमानी, राहुल, ज्योति, आकाशदीप) ने किया, जिन्होंने अपने रणनीतिक गेमप्ले और ऐतिहासिक अंतर्दृष्टि से दर्शकों को प्रभावित किया। टीम डी-'द इंडस इंटेलेक्ट्स' ने तीसरा स्थान प्राप्त किया परविंदर, कपिल, दीक्षा, जया ने पूरे क्विज में सराहनीय प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम का समापन संस्थान के प्रिंसिपल डॉ. प्रेम लाल गुप्ता के एक प्रेरक भाषण के साथ हुआ, जिन्होंने छात्रों की उत्साही भागीदारी के लिए सराहना की और बेहतर भविष्य को आकार देने के लिए इतिहास को समझने के महत्व पर जोर दिया। इस आकर्षक कार्यक्रम ने प्रतिभागियों और दर्शकों दोनों को ऐतिहासिक विरासत की समृद्धि और सामूहिक ज्ञान की शक्ति के लिए नए सिरे से सराहना की।

**गुहार** पंजाब में हुई थी नेहा की मौत, पीड़ित परिवार ने की निष्पक्ष जांच की मांग

# नेहा की मौत पर हाईकोर्ट से मांगा इंसाफ

**भूपेंद्र चंदेल, अनंत ज्ञान**

**बद्दी।** पंजाब के आनंदपुर जिला के झिंझरी क्षेत्र निवासी नेहा की मौत मामले में उसके भाई ने हाईकोर्ट शिमला में याचिका दायर की है। चंडीगढ़ से वकील मलकीत सिंह शिमला पहुंचे और उन्होंने सारे मामले में पीड़ित परिवार का पक्ष रखा।

सुनवाई के उपरांत हाईकोर्ट शिमला ने सरकार, डीजीपी और एसपी को इस मामले में 25 जून से पहले जवाब देने का आदेश जारी किया है। वकील ने बद्दी पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी कई सवाल खड़े करते हुए कहा कि पुलिस ने अन्वेषण के दौरान न तो कोका रिकवर किया न सीन आफ क्राइम से साक्ष्य इकट्ठा किए और पुलिस ने बताया कि आरोपी ननदें फरार हैं। बता दें कि 24 अप्रैल को इसी वर्ष नेहा की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई थी। माइका पक्ष ने ससुराल पक्ष पर उनकी बेटी नेहा की जहर देकर हत्या करने का आरोप लगाया था। इसके लिए आनंदपुर से 24 अप्रैल को बड़ी संख्या में आकर लोगों ने नालागढ़ में चक्का जाम किया था और ससुराल पक्ष के सभी आरोपियों को पुलिस हिरासत में लेने की मांग की गई थी। अब पीड़ित परिवार ने पुलिस की जांच व कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। पीड़ित परिवार की मांग है कि इस मामले की सीबीआई जांच करवाई जाए, ताकि उनकी मृत बेटी नेहा को न्याय मिल सके।

### क्या है इस पूरी घटना का मामला

**पुलिस** थाना नालागढ़ क्षेत्र के रामपुर गुजरां गांव में बियाही नेहा की 24 अप्रैल को मौत हो गई थी। माइका पक्ष ने आरोप लगाया था कि उनकी बेटी की शादी नवंबर 2024 में नालागढ़ के एक फौजी से हुई थी। बेटी ने अमृत गृहण किया था, जिसकी कुछ शर्तें होती हैं। उसका पालन करने में उसे कठिनाई हुई और इसी वजह से ससुराल पक्ष ने उसे प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। उसे जबरन कोका डलवाया गया, उसे मीट व अंडा बनाने के लिए कहा गया। आरोप लगाया कि उसकी ननदों ने उसे प्रताड़ित किया। माइका पक्ष के अनुसार 19 अप्रैल के दिन उनकी बेटी को जहर दिया गया और हालत बिगड़ी तो गांव के छोटे से अस्पताल में भर्ती करवाया गया। करीब 28 घंटे तक वहां उपचार करवाया गया, जब वह बेहोश हो गई तो उन्होंने फोन पर बताया कि आपकी बेटी की हालत नाजुक है। इस पर माइका पक्ष वहां पहुंचा और रोपड़ निजी अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां से उसे पीजीआई रैफर कर दिया और 24 अप्रैल के दिन उसकी मौत हो गई। अब परिवार जांच को लेकर हाईकोर्ट पहुंचाया है।

# सराहां के गर्ल्स स्कूल को मर्ज करने पर होगा आंदोलन

**संजय, अनंत ज्ञान**

**सराहां।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सराहां की एसएमसी की बैठक एसएमसी अध्यक्ष शीतल शर्मा की अध्यक्षता में हुई, जिसमें एसएमसी सदस्यों के अतिरिक्त 120 के लगभग अभिभावक उपस्थित थे। इसमें कन्या विद्यालय को बॉयज स्कूल में मर्ज करने व यहां को एजुकेशन करने के प्रपोजल को लेकर गहरा रोष था। इससे पहले भी दो तीन दिन पहले जब डिप्टी डायरेक्टर यहां बिल्डिंग का मुआयना करने आए तो एसएमसी के सदस्य व स्थानीय किसान नेता उनसे मिले थे तो उन्होंने कहा था कि में सिर्फ रिपोर्ट आगे भेज सकता हूं, इसलिए आज अभिभावकों की मीटिंग हुई, जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि अगले सप्ताह सभी अभिभावक शिमला जाकर मुख्यमंत्री से मिलेंगे। यदि वो नही माने तो विरोध प्रदर्शन होगा।

अभिभावकों का मानना है कि कन्याओं के लिए यह विद्यालय सुरक्षित है और यहां की पढ़ाई भी अच्छी है। यहां अंग्रेजी माध्यम से भी 70 के करीब बालिकाएं शिक्षा ग्रहण कर रही है। बैठक में बाबू राम शास्त्री, विनोद शर्मा, रावत मोहन, डिंपल प्रवेश, नरदेव सूखचेन, देवस्वरूप मीना, निशु, रचना, कल्पना, मीरा, बिना, रीतु, उषा, रीना, कल्पना सहित 120 के अभिभावक मौजूद थे।

## न्यूज ब्रीफ

### वाटर वर्कर्स ने लगाया विशेष जागरूकता कैंप



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** चंडीगढ़ नगर निगम के वार्ड नंबर 24 में पब्लिक हेल्थ वाटर वर्कर्स की तरफ से एक विशेष जागरूकता कैंप लगाया गया। सेक्टर 42 के कम्युनिटी सैंटर में सीनियर डिप्टी मेयर व वार्ड पार्षद जसबीर सिंह बंटी के मार्गदर्शन में आयोजित इस कैम्प जागरूकता कैंप में किसी ने नए वाटर कनेक्शन, पानी के बिलों का भुगतान, टीटी वाटर, पानी के मीटर में खराबी, लो प्रेशर और वाटर विभाग से संबंधित कोई भी डिस्प्यूट हो सके लिए जानकारी दी गई। इस मौके पर पब्लिक कनेक्शन के जेई अरविंद कुमार, टीटी वाटर के जेई-सुखराज देओल, टीटी वाटर के मीटर रीडर ने हिस्सा लिया। सीनियर डिप्टी मेयर व वार्ड पार्षद जसबीर सिंह बंटी ने बताया कि पिछले कुछ समय से वार्ड निवासियों की ओर से वाटर वर्कर्स से संबंधित समस्याओं को लेकर शिकायतें आ रही थी। उसी को ध्यान में रखते हुए पब्लिक हेल्थ वाटर वर्कर्स के सहयोग से यह विशेष जागरूकता कैंप आयोजित किया गया है। इस मौके पर एसडीओ ललित ने लोगों की चार से छह महीने की किश्त बनाकर लोगों को पानी के बिल भुगतान करने के लिए कहा। ताकि उनका पानी का कनेक्शन न कटे।

### पहलगाम हमले पर भाजपा सांसद का विवादित बयान



**अनंत ज्ञान, भिवानी।** पहलगाम आतंकी हमले पर अब हरियाणा से राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा ने विवादित बयान दिया है। उन्होंने कहा कि अपना सुहाग खोने वाली महिलाओं में वीरांगना का भाव व जोश नहीं था, इसलिए 26 लोग गोली का शिकार बने। सांसद ने कहा कि पर्यटक हाथ जोड़कर मारे गए। अगर योजना के तहत ट्रेनिंग लेते और सामना करते तो इतनी मौतें नहीं होती। वे शनिवार को भिवानी के पंचायत भवन में आयोजित अहिल्याबाई होल्कर त्रिशताब्दी स्मृति अभियान जिला संगोष्ठी कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे। गड़ा ने कहा-प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने युवाओं में वीरता की भावना पैदा करने के लिए एक बहुत बड़ी योजना (अग्निवीर) चलाई। पहलगाम हमले के बाद पूरा देश महसूस कर रहा है कि अगर नरेंद्र मोदी देश के युवाओं को जो ट्रेनिंग देना चाहते हैं, वह ट्रेनिंग यात्रियों के पास होती तो 3 आतंकवादी 26 लोगों को नहीं मार पाते। अगर यात्रियों के हाथ में लाठी, डंडा कुछ भी होता और वे चारों तरफ से आतंकवादियों की तरफ दौड़ते, तो मैं दावा करता हूं कि शायद 5 या 6 लोगों की ही जान जाती, लेकिन तीनों आतंकवादी भी मारे जाते। पहलगाम की बायसरन घाटी में 22 अप्रैल को आतंकवादियों ने 26 टूरिस्ट की गोली मारकर हत्या कर दी थी। इसके बदले में भारतीय सेना ने 7 मई को पाकिस्तान में 9 आतंकी ठिकानों पर एयर स्ट्राइक की थी।

**बोले-सुहाग खोने वाली महिलाओं में वीरांगनाओं जैसा जोश नहीं था, इसलिए 26 लोग मरे**

### हथियार खरीदार और सप्लायर गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** पुलिस ने अवैध देसी पिस्तौल के सप्लायर व खरीदार युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस की एक टीम शुक्रवार को गश्त के दौरान चौटाला रोड स्थित स्टेडियम के पास मौजूद थी। टीम को सूचना मिली की संदिग्ध किस्म का एक युवक चौटाला रोड के पास खड़ा है। पुलिस टीम ने मौके पर जाकर युवक से पूछताछ की तो उसने अपनी पहचान सतपाल निवासी कुराड़ बताई। तलाशी लेने पर उसके कुर्ते की जेब से एक देसी पिस्तौल 32 बोर बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि सोनीपत के साजिद खान से 45 हजार रूपए में खरीद कर लाया है। पुलिस ने आरोपी सतपाल की निशानदेही पर असला सप्लायर साजिद खान को भी सोनीपत से गिरफ्तार किया। दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर शनिवार को कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

# नीति आयोग की बैठक में सीएम सैनी ने रखा हरियाणा का रोडमैप

## 2047 तक हरियाणा की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा

**जगदीश शर्मा, अनंत ज्ञान**



**चंडीगढ़।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में शनिवार को नई दिल्ली में नीति आयोग की गवर्निंग काउंसिल की 10वीं बैठक हुई, जिसमें हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सहित अन्य राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने हिस्सा लिया। बैठक में प्रधानमंत्री ने कहा कि हमें विकास की गति बढ़ानी होगी। अगर केंद्र और सभी राज्य एक साथ आएं और टीम इंडिया की तरह मिलकर काम करें, तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है। विकसित भारत हर भारतीय का लक्ष्य है। जब हर राज्य विकसित होगा, तो भारत विकसित होगा। यह 140 करोड़ नागरिकों की आकांक्षा है।

बैठक में मुख्यमंत्री सैनी ने 'विकसित भारत @2047' की अवधारणा में राज्य के सक्रिय योगदान को रेखांकित करते हुए हरियाणा का विजन डॉक्यूमेंट-2047 प्रस्तुत किया, जिसमें वर्ष 2047 तक हरियाणा की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचाने और 50 लाख नए रोजगार सृजित करने का लक्ष्य रखा गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री की नीयत, नीति और निर्णय हमेशा राष्ट्रहित में निर्णायक रहे हैं। विकसित भारत का विजन आत्मनिर्भर, समृद्ध, सशक्त, सक्षम, समावेशी और तकनीकी रूप से उन्नत भारत के निर्माण का है। इस विजन को साकार करना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। इसमें हरियाणा राज्य की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए हरियाणा सरकार ने राज्य का विजन डॉक्यूमेंट-2047 तैयार किया है, जो राष्ट्र के विजन डॉक्यूमेंट से सामंजस्य करते हुए बनाया गया है।

उन्होंने कहा कि राज्य विजन डॉक्यूमेंट में वर्ष 2047 तक हरियाणा की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन डॉलर की बनाने का हमारा लक्ष्य है। मेरा अनुरोध है कि हरियाणा विजन-2047 को अंतिम रूप दिए जाने के बाद इसे राष्ट्रीय स्तर के विकसित भारत डैशबोर्ड में एकीकृत किया जाए।

सैनी ने कहा कि विकसित भारत के निर्माण में योगदान के लिए छह महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विशेष बल दिया है। इन बिंदुओं का राज्य के इस वित्त वर्ष के बजट में भी समावेश किया गया है। हमने हरियाणा को भविष्य सक्षम बनाने के लिए 'डिपार्टमेंट ऑफ फ्यूचर' नाम से एक नया विभाग बनाया है। यह विभाग आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, क्वांटम कंप्यूटिंग और रोबोटिक्स जैसी नवीनतम तकनीकों द्वारा विकास की संभावनाओं की तलाश करेगा। डिपार्टमेंट ऑफ फ्यूचर हरियाणा के विजन-2047 के अनुरूप एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था और समावेशी विकास प्राप्त करने के लिए दीर्घकालिक रणनीतिक पहल, तकनीकी दूरदर्शिता और एकीकृत नीति बनाने के लिए नोडल एजेंसी के रूप में काम करेगा।

# पंजाब में पशु मेलों की आड़ में वसूला जा रहा गुंडा टैक्स

**अनंत ज्ञान, मोहाली**



पंजाब में गुंडा टैक्स वसूली का नया मामला सामने आया है, जिसमें पिछले 15 वर्षों से पंजाब की पशु मंडियों के 3-4 पुराने ठेकेदार पंचायत विभाग के कुछ अधिकारियों की कथित मिलीभगत से पंजाब के भोले-भाले किसानों व व्यापारियों से गुंडा टैक्स के नाम पर करोड़ों रुपए की अवैध ठगी कर रहे हैं।

इस संबंध में मोहाली प्रेस क्लब में शनिवार को एक सम्मेलन के दौरान वकील एमएस चौहान ने बताया कि ग्रामीण विकास एवं पंचायत विभाग, पंजाब द्वारा हर वर्ष राज्य के 19 जिलों में विभिन्न स्थानों पर सरकारी मंडियों में ई-नीलामी के माध्यम से पशु मेले की बोली लगाई जाती है, परंतु दिनांक 21 मई को ग्रामीण विकास एवं पंचायत विभाग ने पुराने ठेकेदारों को लाभ पहुंचाने के लिए पशु मेलों की बोली के लिए 3 नई शर्तें निर्धारित कर दीं। जिसके अनुसार बोली में भाग लेने के लिए तीन वर्ष का अनुभव होना आवश्यक है, सफल ठेकेदार को अगले वर्ष बोली की आरक्षित कीमत में 5 प्रतिशत की वृद्धि करनी होगी तथा यदि माननीय उच्च न्यायालय में लंबित मामलों का निर्णय पशु मेला ठेकेदार के विरुद्ध होता है तो विभाग ठेकेदार द्वारा जमा करवाई जाने वाली मासिक किश्त का 25 प्रतिशत माफ कर देगा।

पशु मेलों की नीलामी शर्तों में उपरोक्त तीनों शर्तें कभी भी शामिल नहीं की गई हैं, जो कि अधिकारियों द्वारा सीधे तौर पर ठेकेदारों को लाभ पहुंचाने के लिए बनाई गई हैं। जब ग्रामीण विकास एवं पंचायत मंत्री को इन शर्तों के बारे में पता चला तो उन्होंने तुरंत कार्रवाई करते हुए 21 मई को होने वाली बोली रद्द कर दी।

उन्होंने कहा कि पशु मेला विनियमन अधिनियम 1967 के अनुसार यदि कोई व्यापारी या किसान पशु बाजार में कोई पशु लेकर आता है तो उस पशु के लिए प्रवेश शुल्क पुस्तक क्रमांक सीआरएफ-1 से 10 रुपये है। जब पशु बेचा जाता है तो पशु के क्रेता का नाम व पता, पशु के विक्रेता का नाम व पता तथा जिस मूल्य पर पशु बेचा गया है, वह भी विक्रय प्रमाण पत्र पुस्तिका संख्या सीआरएफ-2 में लिखा जाता है तथा पशु मेला ठेकेदार को क्रेता से उसी मूल्य का 4% शुल्क वसूला जाएगा। पशुधन मेलों में पशुओं की खरीद-फरोख्त पशुधन मेला अधिकारी की देखरेख में होती है और बदले में पशुधन मेला ठेकेदार पशुधन व्यापारियों, किसानों, पशुधन खरीदारों और पशुधन को विभिन्न सुविधाएं और सेवाएं प्रदान करता है।

# मुख्यमंत्री धामी ने नीति आयोग से की ड्रेनेज प्रणाली में सुधार की मांग

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नई दिल्ली में प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में आयोजित नीति आयोग की शासी परिषद की दसवीं बैठक में प्रतिभाग किया। उन्होंने कहा कि राज्य में तेजी से हो रहे शहरीकरण के चलते शहरों में ड्रेनेज की समस्या एक गंभीर चुनौती बन चुकी है।

उन्होंने अनुरोध किया कि इस समस्या के समाधान के लिए राष्ट्रीय स्तर पर टिकाऊ ड्रेनेज प्रणाली विकसित करने के लिए विशेष योजना बनाई जाए। मुख्यमंत्री ने 'पीएम कृषि सिंचाई योजना' की गाइडलाइन्स में लिफ्ट इरिगेशन को सम्मिलित करने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की विशिष्ट भौगोलिक परिस्थितियों के कारण वर्तमान में पर्वतीय क्षेत्र का मात्र 10 प्रतिशत भूभाग ही सिंचित हो पा रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में हिमनद आधारित नदियों को वर्षा आधारित नदियों से जोडने की दिशा में 'नदी जोड़ो परियोजना' के साथ ही चेक डैम्स और लघु जलाशयों के निर्माण के माध्यम से वर्षा जल को संरक्षित करने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2026 में उत्तराखंड में पर्वतीय महाकुंभ के रूप में प्रसिद्ध 'मां नन्दा राजजात यात्रा' तथा वर्ष 2027 में हरिद्वार में 'कुंभ' का आयोजन होना है। इन दोनों आयोजनों को 'भव्य एवं दिव्य' बनाने के लिए सहयोग मांगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि विकसित भारत के निर्माण में 'डेमोग्राफिक डिविडेंड' की महत्वपूर्ण भूमिका है।

### झेलम एक्सप्रेस की चपेट में आए व्यक्ति की मौत

**अनंत ज्ञान, सोनीपत।** गन्नौर रेलवे स्टेशन पर पानी पीने के लिए शनिवार को उतरे एक 49 वर्षीय व्यक्ति की ट्रेन में चढ़ते समय फिसलने से मौत हो गई। सूचना मिलने पर जीआरपी मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सोनीपत के सिविल अस्पताल भेज दिया गया है।

मृतक की पहचान जम्मू कश्मीर के उधमपुर निवासी संजय के रूप में हुई है। जीआरपी चौकी प्रभारी सुरेश कुमार ने बताया कि संजय उधमपुर से झेलम एक्सप्रेस ट्रेन से पूणा जा रहा था। गन्नौर रेलवे स्टेशन पर वह पानी पीने के लिए उतरा था। संजय ट्रेन में चढ़ने लगा, लेकिन उसका पैर फिसल गया और वह ट्रेन की चपेट में आ गया। मृतक के पास से मिले आधार कार्ड उसकी पहचान हुई।

# अत्यधिक गर्मी से पैदा हो सकती हैं गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं : मैक्स अस्पताल

**अनंत ज्ञान, बठिंडा**



तापमान बढ़ने के साथ, मैक्स सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल, बठिंडा ने हीटवेव से बचाव और समग्र स्वास्थ्य पर इसके प्रभाव के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। मैक्स अस्पताल, बठिंडा में इंटरनल मेडिसिन कंसल्टेंट डॉ. रंजना भट्ट ने कहा कि अत्यधिक गर्मी हमारे शरीर पर अनावश्यक तनाव डालकर और हमारी दिनचर्या को बाधित करके गंभीर स्वास्थ्य स्थितियों का कारण बन सकती है।

हालांकि, तापमान में वृद्धि तत्काल जोखिम की तरह नहीं लग सकती है, लेकिन यह ब'चों, बुजुर्गों और बाहरी काम करने वालों जैसे कमजोर समूहों को गर्मी से संबंधित बीमारी के गंभीर जोखिम में डाल सकती है। डॉ. रंजना ने कुछ आसान उपाय साझा किए जिन्हें रोजमर्रा की जिंदगी में लागू किया जा सकता है। गर्मियों में हाइड्रेटेड रहने से आपको स्वाभाविक रूप से अपने शरीर के तापमान को नियंत्रित करने और हीटस्ट्रोक को रोकने में मदद मिल सकती है, तरबूज, खीरे और संतरे जैसे ताजे फल बेहद पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं और आपको हाइड्रेटेड रहने में मदद कर सकते हैं।

गर्मी से बचने के लिए कपड़े पहनें क्योंकि सूती और लिनन गर्मी को अवशोषित नहीं करते हैं और पर्याप्त हवा का प्रवाह सुनिश्चित करते हैं, इसी कारण से गहरे रंग के टाइट-फिटेड कपड़े भी पहनने से बचना चाहिए। धूप में बाहर निकलते समय टोपी या दुपट्टा साथ रखना सुनिश्चित करें और कड़ी धूप से बचने के लिए सनस्क्रीन लगाना न भूलें।

## देश-विदेश

### रूस और यूक्रेन ने 307 सैनिक किए रिहा


**एजेंसी, कीव।** रूस-यूक्रेन के बीच संघर्ष विराम असफल रहने के बाद हमले जारी हैं। शनिवार सुबह रूस ने यूक्रेन ड्रोन और मिसाइल से हमला किया। इस बीच दोनों देशों ने सैकड़ों और कैदियों की अदला बदली की। दोनों देशों से 307 सैनिक रिहा किए गए। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर ज़ेलेंस्की और रूसी रक्षा मंत्रालय ने कहा कि दोनों पक्षों ने 307 और सैनिकों को वापस बुलाया। जबकि एक दिन पहले दोनों पक्षों ने 390 लोगों को रिहा किया था। पिछले हफ्ते इस्तांबुल में हुई बैठक में दोनों पक्षों के बीच हुई बातचीत के पहले चरण में सैकड़ों सैनिकों और नागरिकों की अदला-बदली की गई। यह समझौता तीन साल पुराने युद्ध में युद्ध विराम तक पहुंचने के असफल प्रयासों के बीच सहयोग जैसा था। शुक्रवार से दोनों देशों के बीच शुरू हुई कैदियों की अदला-बदली एक जटिल अदला-बदली का पहला चरण था। (अनंत ज्ञान)



### इमरान बोले- मुनीर स्वयं को दें राजा की उपाधि

**एजेंसी। इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने आर्मी चीफ आसिम मुनीर के फील्ड मार्शल बनने पर तंज कसा है। इमरान ने कहा है कि मुनीर को खुद को राजा की उपाधि देनी चाहिए। जेल में बंद इमरान का यह बयान उनके एक्स पर पोस्ट किया है। इसमें इमरान ने लिखा, माशाअल्लाह, जनरल असीम मुनीर को फील्ड मार्शल बनाया गया है। हालांकि, उन्हें राजा की उपाधि देना ज्यादा अच्छा होता- क्योंकि अभी देश में जंगल का कानून चलता है और जंगल में केवल एक ही राजा होता है। जनरल मुनीर को भारत-पाक संघर्ष के बाद 20 मई को फील्ड मार्शल के पद पर प्रमोट किया गया। वह देश के इतिहास में इस पद पर पहुंचने वाले दूसरे आर्मी चीफ हैं। (अनंत ज्ञान)





### म्यांमार में आधी रात को फिर डोली धरती

**नाएप्यीडॉ, रंगून।** म्यांमार में शुक्रवार देर रात भूकंप के जोरदार झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 4.0 मापी गई। नेशनल सेंटर ऑफ सीस्मोलॉजी की रिपोर्ट के अनुसार, शुक्रवार देर रात को म्यांमार में 4.0 तीव्रता का भूकंप आया। यह भूकंप 10 किलोमीटर की गहराई पर आया। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी (एनसीएस) ने बताया कि इससे पहले 19 मई को रिक्टर पैमाने पर 3.9 तीव्रता का भूकंप म्यांमार में आया था। भूकंप का असर म्यांमार और उसके आसपास के क्षेत्रों में देखा गया। झटके महसूस होते ही लोग घरों से बाहर निकल आए और कई इलाकों में हलचल का माहौल बन गया। (अनंत ज्ञान)

# भारत में ही आईफोन बनाएगी एप्पल

## अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दबाव में नहीं आएगी

**एजेंसी, नई दिल्ली**



अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की धमकी के बाद भी एप्पल भारत में ही आईफोन बनाएगा। सीएनएन की रिपोर्ट्स के अनुसार, भारत में आईफोन के प्रोडक्ट्स से कंपनी को काफी फायदा होगा, इसीलिए कंपनी किसी राजनीतिक दबाव में कोई फैसला नहीं लेगी। मामले से जुड़े एक शीर्ष सरकारी अधिकारी ने बताया कि उन्हें पूरा विश्वास है कि एपल ट्रंप प्रशासन के किसी भी दबाव के बावजूद कंपनी मुनाफे को तबज्जो देगी। कंपनी भारत में उपलब्ध टेलेंट और यहां बिजनेस के लिए उपलब्ध सुविधाओं पर ज्यादा फोकस कर रही है।

फिलहाल एप्पल अमेरिका में स्मार्टफोन नहीं बनाती है। इसके ज्यादा आईफोन चीन में बनाए जाते हैं, जबकि भारत में अब एप्पल के कुल उत्पादन का लगभग 15 प्रतिशत हिस्सा बनता है, जो सालाना करीब 40 मिलियन यूनिट है। (अनंत ज्ञान)

**25 % टैरिफ लगाने की धमकी दी है ट्रंप ने**

**अमेरिका** के राष्ट्रपति डोनाल्ड टंप ने शुक्रवार को कहा था कि अमेरिका में बेचे जाने वाले आईफोन की मैन्युफैक्चरिंग भारत या किसी अन्य देश में नहीं, बल्कि अमेरिका में ही होना चाहिए। उन्होंने एप्पल के सीईओ टिम कुक को बता दिया है कि यदि एप्पल अमेरिका में आईफोन नहीं बनाएगा तो कंपनी पर कम से कम 25 प्रतिशत का टैरिफ लगाया जाएगा।

### इस हफ्ते सोने-चांदी के दाम में रही तेजी

**नई दिल्ली।** इस हफ्ते सोने-चांदी के दामों में बढ़त रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट के अनुसार पिछले शनिवार यानी 17 मई को सोना 92,301 रुपए पर था, जो कि 24 मई शनिवार को 95,471 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। यानी इस हफ्ते इसकी कीमत 3,170 रुपए बढ़ी है। वहीं, चांदी की बात करें तो यह पिछले शनिवार को 94,606 रुपए पर थी, जो अब 96,909 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई है। इस तरह इस हफ्ते इसकी कीमत 2,303 रुपए बढ़ी है। इससे पहले सोने ने 21 अप्रैल को 99,100 और 28 मार्च को चांदी ने 1,00,934 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था। (अनंत ज्ञान)

# पाक की गोलीबारी से पीड़ितों से बोले राहुल-मैं हर मुश्किल में आपके साथ

## जम्मू-कश्मीर के पुंछ पहुंचे, प्रभावित लोगों से मिले

**एजेंसी, जम्मू**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद पाकिस्तानी गोलीबारी से प्रभावित लोगों से मिलने शनिवार को जम्मू-कश्मीर के पुंछ पहुंचे। गांधी ने पीड़ित परिजनों को आश्वस्त किया कि इस मुश्किल समय में वह उनके साथ हैं।

स्कूली बच्चों से भी राहुल मिले और हौसला बढ़ाते हुए कहा कि वो उनसे बहुत प्यार करते हैं। उन्होंने कहा कि यह बहुत बड़ी त्रासदी है। इसमें कई लोग मारे गए। बड़े पैमाने पर संसाधनों को भी नुकसान पहुंचा है। हमने लोगों से मुलाकात की। उनका दुख-दर्द जाना। उन्होंने कहा कि मुलाकात के दौरान लोगों ने मुझे अपनी कुछ समस्याएं बताईं और मुझसे आग्रह किया कि इसे मैं राष्ट्रीय स्तर पर उठाऊं। मैं निश्चित तौर पर इसे राष्ट्रीय स्तर पर उठाऊंगा और मेरी कोशिश रहेगी कि इन लोगों की समस्या का समाधान किया जाए। (अनंत ज्ञान)



पुंछ में पाकिस्तान की गोलीबारी से प्रभावित लोगों से मिलते राहुल गांधी।

### ट्रंप की यूरोपीय यूनियन पर 50 फीसदी टैरिफ लगाने की धमकी



**एजेंसी, वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने यूरोपीय यूनियन के देशों पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने की धमकी दी है। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए बताया कि यूरोपीय यूनियन से आने वाले सभी प्रोडक्ट्स पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगेगा, जब तक कि ये प्रोडक्ट्स अमेरिका में नहीं बनाए जाते। पीटीआई की रिपोर्ट के मुताबिक ट्रंप यूरोपीय यूनियन के साथ ट्रेड डील के आगे न बढ़ने से नाराज है। यूरोपीय यूनियन ने आपसी सहमति से सभी टैरिफ को शून्य प्रतिशत करने का प्रस्ताव रखा है, जबकि ट्रंप सभी तरह के आयात पर 10 प्रतिशत टैरिफ लगाने की बात पर अड़े हैं। (अनंत ज्ञान)

# झारखंड में 10 लाख का इनामी उग्रवादी ढेर

**एजेंसी, लातेहार**



झारखंड में लातेहार पुलिस को शनिवार की सुबह बड़ी सफलता मिली है। जिले के एसपी कुमार गौरव के नेतृत्व में सीआरपीएफ और झारखंड पुलिस की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए जेजेएमपी (झारखंड जन मुक्ति परिषद) उग्रवादी संगठन के सुप्रीमो 10 लाख इनामी पप्पू लोहरा को मुठभेड़ में मार गिराया है। मुठभेड़ की घटना लातेहार जिले के इचावार के जंगल में हुई है। इस दौरान पांच लाख का इनामी पप्पू गंझू भी मार गिराया गया। दरअसल, एसपी को सूचना मिली थी कि जेजेएमपी सुप्रीमो पप्पू लोहारा अपने संगठन के सदस्यों के साथ इचावार के जंगल में बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए जुटा है। इसके बाद पुलिस अधिकारियों और सुरक्षाबलों की ओर से सर्च अभियान चलाया गया।

सर्च अभियान के दौरान उग्रवादियों ने सुरक्षा बलों को देखते फायरिंग शुरू कर दी, जिसके बाद सुरक्षाबलों ने भी जवाबी कार्रवाई की। इस मुठभेड़ में पप्पू लोहरा समेत दो उग्रवादी को मार गिराया गया। (अनंत ज्ञान)

### गुजरात बॉर्डर पर मार गिराया घुसपैठिया

**अहमदाबाद।** भारतीय सीमा में घुस रहे पाकिस्तानी घुसपैठिए को बीएसएफ ने मार गिराया है। घटना 23 मई की रात की है। शनिवार सुबह सिक्योरिटी फोर्स ने इसकी जानकारी दी। बीएसएफ ने बताया, गुजरात के बनासकांठा जिले में जवानों ने एक संदिग्ध व्यक्ति को इंटरनेशनल बॉर्डर पार करते देखा। उसे रुकने के लिए कहा गया, जब वह नहीं रुका तो गोली चलानी पड़ी। (अनंत ज्ञान)

# चावल पर दिए मजाकिया बयान से गया जापान के कृषि मंत्री का पद

**एजेंसी, टोक्यो**



जापान के कृषि मंत्री ताकु ईटो को चावल की बढ़ी कीमत पर मजाकिया बयान देना काफी महंगा पड़ गया। यहां तक कि उन्हें इस्तीफा देना पड़ गया। उन्होंने कहा था कि वो कभी चावल नहीं खरीदते हैं, बल्कि उन्हें मुफ्त में मिलता है। इस बयान के बाद महंगाई से जूझ रही जनता का गुस्सा भड़क गया। ईटो ने बुधवार को प्रधानमंत्री ऑफिस जाकर अपना इस्तीफा सौंपा। जापान के कृषि मंत्री ताकु ईटो ने इस्तीफे के बाद मीडिया से कहा कि मैंने इस्तीफा दे दिया है।

इस इस्तीफे के बाद प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा पर भी महंगाई कम करने का दबाव और ज्यादा बढ़ गया। उनकी सरकार को चावल की लगातार बढ़ती कीमतों को कंट्रोल न कर पाने की वजह से लोगों का गुस्सा झेलना पड़ रहा है। गौर रहे कि जापान में जुलाई महीने में संसद के ऊपरी सदन का चुनाव होने वाला है, ऐसे में यह मुद्दा और ज्यादा राजनीतिक तूल पकड़ता जा रहा है। (अनंत ज्ञान)

**बढ़ती कीमतों पर कहा मैं खरीदता नहीं, मेरे चाहने वाले दे जाते हैं**

### संजय राउत ने दिए मनसे के साथ गठबंधन के संकेत



**एजेंसी, मुंबई।** महाराष्ट्र में शिवसेना यूबीटी और मनसे के बीच गठबंधन की चर्चा है, लेकिन हाल ही में मनसे के एक शीर्ष नेता ने कहा कि बेहतर प्रस्ताव मिलने पर ही गठबंधन पर विचार किया जाएगा। हालांकि अब शिवसेना यूबीटी नेता संजय राउत ने संकेत दिए हैं कि उनकी पार्टी मनसे के साथ गठबंधन के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि मराठी लोगों की भलाई के लिए दोनों नेता साथ आएंगे। संजय राउत ने कहा कि मराठी लोगों की भलाई के लिए उद्धव ठाकरे, राज ठाकरे के साथ गठबंधन के लिए मनसे और दिल से तैयार हैं। गौरतलब है कि इस साल के अंत में मुंबई, ठाणे, नासिक, नागपुर और पुणे के नगर निगमों सहित महाराष्ट्र में स्थानीय निकाय चुनाव होने वाले हैं। (अनंत ज्ञान)

**चिंतनीय** फिर पैर पसारने लगा कोरोना, रोज बढ़ रहे मामले, दो मरीजों की मौत

# भारत में अब तक कोरोना के 342 एक्टिव मरीज

**एजेंसी, नई दिल्ली**



देश में कोरोना के मरीज लगातार बढ़ रहे हैं। उत्तराखंड और हरियाणा में शनिवार को 3-3 और यूपी में 1 मामला सामने आया है। बीते तीन दिन में महाराष्ट्र के ठाणे में 10 मामले सामने आए हैं। 24 मई को अहमदाबाद में 20, यूपी में 4, हरियाणा में 5 और बेंगलुरु में 9 महीने का एक बच्चा कोरोना पॉजिटिव पाया गया है। इस तरह देश में अब तक कोरोना के 342 एक्टिव केस हैं व 2 मौतें हो चुकी हैं। उधर, दिल्ली सरकार ने कोविड-19 को लेकर एडवाइजरी जारी की है। सरकार ने सभी अस्पतालों को कहा है कि वे बेड, ऑक्सीजन, दवाइयों और वैक्सीन की पूरी व्यवस्था रखें।

दिल्ली के सभी अस्पतालों को निर्देश दिया गया है कि हर पॉजिटिव कोविड सैंपल को जीनोम सीक्वेंसिंग के लिए लोक नायक अस्पताल भेजा जाए। सभी संस्थानों को अपनी रिपोर्ट दिल्ली हेल्थ पोर्टल पर रोज अपलोड करनी है। एडवाइजरी ऐसे समय आई है जब पाकिस्तान, चीन, थाईलैंड और सिंगापुर जैसे देशों में कोरोना मामलों में बढ़ोतरी हो रही है। (अनंत ज्ञान)

**दिल्ली में अस्पतालों को बेड, ऑक्सीजन वैक्सीन रखने की एडवाइजरी जारी**

**हरियाणा में 48 घंटे में 5 मरीज मिले**

**गुजरात** अब तक कुल 40 मामले आ चुके, जिनमें 33 एक्टिव हैं। दिल्ली के हेल्थ मिनिस्टर पंकज सिंह ने बताया कि शुक्रवार तक राजधानी में 23 केस दर्ज किए गए हैं। उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में 4 नए मरीज सामने आए। तीन मरीज को आइसोलेशन में रखा गया है, जबकि एक अस्पताल में भर्ती है। वहीं, हरियाणा में 48 घंटे में 5 मरीज मिले हैं। इनमें 2 महिलाएं शामिल हैं। इन सभी मरीजों की कोई इंटरनेशनल ट्रैवल हिस्ट्री नहीं है।

## आईपीएल-18 रिकॉर्ड






ऑरेंज कैप
**साई सुदर्शन**
638






पर्पल कैप
**प्रसिद्ध कृष्णा**
21




सिक्सर किंग
**निकोलस पूरन**
40

## अंक तालिका

| क्रमांक | टीम | मैच | जीत | हार | रद्द | अंक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | गुजरात | 13 | 09 | 04 | 00 | 18 |
| 2. | पंजाब | 12 | 08 | 03 | 01 | 17 |
| 3. | बेंगलुरु | 13 | 08 | 04 | 01 | 17 |
| 4. | मुंबई | 13 | 08 | 05 | 00 | 16 |
| 5. | दिल्ली | 13 | 06 | 06 | 01 | 13 |
| 6. | लखनऊ | 13 | 06 | 07 | 00 | 12 |
| 7. | कोलकाता | 13 | 05 | 06 | 02 | 12 |
| 8. | हैदराबाद | 13 | 05 | 07 | 01 | 11 |
| 9. | राजस्थान | 14 | 04 | 10 | 00 | 08 |
| 10. | चेन्नई | 13 | 03 | 10 | 00 | 06 |

## स्पोर्ट्स विंडो

### मैकटोमिने-लुकाकू के गोल से नेपोली बना सीरी ए चैंपियन

**एजेंसी, रोम।** स्कॉट मैकटोमिने और रोमेलु लुकाकू के गोल की बदौलत नेपोली ने इटली की शीर्ष घरेलू फुटबॉल लीग सीरी ए में कैग्लियारी पर 2-0 की जीत के साथ तीन साल में अपना दूसरा खिताब हासिल किया। नेपोली के कोच एंटोनियो कोंटे इसके साथ ही तीन अलग-अलग टीमों के साथ सीरी ए चैंपियनशिप जीतने वाले पहले कोच बन गए। मैकटोमिने ने मध्यांतर से पहले (42वें मिनट में) एक्रोबैटिक बाइसिकल किक से गोल किया जबकि लुकाकू ने 51 मिनट में गोल करके टीम की बढ़त को दोगुना कर दिया। नेपोली ने एक अंक के अंतर से इंटर मिलान को पछाड़कर यह खिताब जीता। नेपोली के 38 मैचों में 24 जीत से 82 अंक है, जबकि मिलान के नाम इतने ही मैच और जीत से 81 अंक है। मिलान ने कोमो को 2-0 से हराया, लेकिन यह टीम को खिताब दिलाने के लिए काफी नहीं था। नेपोली के कप्तान जियोवानी डि लोरेंजो ने इस खिताब का श्रेय कोच कोन्टे को देते हुए कहा, '' इसमें सभी ने योगदान दिया लेकिन सबसे अधिक योगदान कोच का था।'' कोंटे के कोच रहते युवेंटस और इंटर मिलान ने सीरी ए खिताब जीते हैं जबकि उनकी देखरेख में चेल्सी प्रीमियर लीग चैंपियन बना है। कोंटे ने इस सभी खिताबों की तुलना में नेपोली के चैंपियन बनने को सबसे अप्रत्याशित करार दिया। (अनंत ज्ञान)

### अप्सरा ने कम नहीं है सफा बेग

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व ऑलराउंडर इरफान पठान की पत्नी का नाम सफा बेग है। सफा मूल रूप से गुजरात के बड़ौदा की रहने वाली है। वह अकसर अपनी खूबसूरती को लेकर चर्चाओं में रहती हैं।



### हसन फ्रेंच ओपन के मुख्य ड्रा में पहुंचने वाले लेबनान के पहले खिलाड़ी बने

**एजेंसी, पेरिस।** बेंजामिन हसन ने ओपन युग में फ्रेंच ओपन के मुख्य ड्रॉ के लिए क्वालीफाई करने वाले लेबनान का पहला टेनिस खिलाड़ी बनकर इतिहास रच दिया। तीस वर्षीय खिलाड़ी ने क्वालीफाइंग के अंतिम दौर में शुक्रवार को जापान के जेम्स ट्रॉटर को 6-2, 7-6 से हराया। जर्मनी में जन्मे हसन ने पेरिस के क्ले कोर्ट पर क्वालीफाइंग टूर्नामेंट में लगातार तीन मैच जीतकर फ्रेंच ओपन के मुख्य ड्रा में अपनी जगह पक्की की। दुनिया में 177वें नंबर पर काबिज हसन लेबनान टेनिस के लिए पहले भी कई बड़ी उपलब्धियां हासिल की है। उनकी यह सफलता इस साल लेबनान की टेनिस के लिए दूसरी बड़ी उपलब्धि है। इससे पहले जनवरी में हादी हबीब (मौजूदा विश्व रैंकिंग 159) ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन में पहले दौर का मैच जीता था। यह किसी ग्रैंड स्लैम के मुख्य दौर के मैच में देश की पहली जीत थी। फ्रेंच ओपन के मुख्य ड्रा के मुकाबले रविवार से शुरू होंगे। हसन के सामने इसमें क्वालीफाइंग दौर से मुख्य ड्रा में जगह बनाने वाले एक अन्य खिलाड़ी इटली के माटेओ गिगांटे की चुनौती होगी। (अनंत ज्ञान)

**जिम्मेदारी** | बीसीसीआई ने इंग्लैंड दौरे के लिए किया भारतीय टीम इंडिया का ऐलान

# शुभमन गिल को मिली टेस्ट टीम की कमान

**एजेंसी, मुंबई**

शुभमन गिल को शनिवार को बड़े बदलाव के दौर से गुजर रही भारतीय टेस्ट टीम का कप्तान नियुक्त किया गया जबकि ऋषभ पंत को इंग्लैंड में पांच मैचों की सीरीज के लिए उप कप्तान की जिम्मेदारी सौंपी गयी है।

रोहित शर्मा और विराट कोहली के इस महीने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास के बाद टीम के नेतृत्व पर चयनकर्ताओं का यह फैसला अपेक्षित था। इन दोनों दिग्गजों के संन्यास के बाद टीम बदलाव के दौर से गुजरेगी, जिसमें इंग्लैंड में उसकी कड़ी परीक्षा होगी। इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की सीरीज 20 जून से लीड्स में शुरू होगी। 25 साल के गिल भारत के पांचवें सबसे युवा टेस्ट कप्तान होंगे। मंसूर अली खान पटौदी (21), सचिन तेंदुलकर (23), कपिल देव (24) और रवि शास्त्री (25) ने उन से कम उम्र में देश की टेस्ट टीम का नेतृत्व किया है। चयन समिति के अध्यक्ष अजीत अगरकर ने टीम की घोषणा के बाद कहा, ''पिछले साल या उससे भी पहले हमने शुभमन (नेतृत्व के लिए) पर नजर रखना शुरू कर था। हम मानते है कि वह इस काम के लिए सबसे उपयुक्त है। यह काफी दबाव वाला काम है लेकिन वह एक शानदार खिलाड़ी है। हम उसे शुभकामनाएं देते हैं।''



25 साल के गिल टेस्ट के 37वें कप्तान

अगरकर ने 27 साल के पंत की भूमिका के बारे में कहा,'' पंत पिछले चार-पांच वर्षों में टेस्ट क्रिकेट में हमारे सबसे बेहतरीन बल्लेबाजों में से एक हैं। एक विकेटकीपर खेल को अच्छी तरह से परख सकता है और इसलिए वह शुभमन के सहायक होंगे।'' बाएं हाथ के युवा बल्लेबाज बी साई सुदर्शन और बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह को पहली बार टेस्ट टीम में शामिल किया गया। अगरकर ने कहा, ''साई को आईपीएल के प्रदर्शन आधार पर नहीं चुना गया है। उन्होंने सही जज्बा दिखाया है और शीर्ष स्तर पर सफल होने के लिए उनके पास मजबूत तकनीक है। हम कुछ समय से उन पर नजर रख रहे थे।''

करुण नायर आठ साल के बाद राष्ट्रीय टीम में वापसी कर रहे हैं। नायर ने भारत के लिए अपना पिछला टेस्ट मैच 2017 में खेला था। उन्हें भारत की ओर से दूसरा तिहरा शतक बनाने वाले खिलाड़ी बनने के तुरंत बाद टीम से बाहर कर दिया गया था। तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को टीम से बाहर रखा गया है। उन्हें इस लंबी सीरीज के लिए पर्याप्त रूप से फिट नहीं माना गया।

शमी के बारे में अगरकर ने कहा, ''उनका कार्यभार उतना नहीं है जितना होना चाहिए। हमें उम्मीद थी कि वह उपलब्ध होंगे, लेकिन यह दुर्भाग्यपूर्ण है। फिलहाल वह पूरी तरह से फिट नहीं हैं।'' ऑस्ट्रेलिया दौरे की टीम से हर्षित राणा और सरफराज खान को बाहर कर दिया गया है। गिल के अलावा बुमराह भी कप्तानी के लिए एक और मजबूत दावेदार थे, लेकिन चयनकर्ताओं ने 25 वर्षीय बल्लेबाज को नेतृत्व की जिम्मेदारी सौंपने का फैसला किया। इस मौके पर अगरकर के साथ मौजूद चयन समिति के सदस्य एसएस दास ने कहा, ''रोहित और कोहली लंबे समय से टीम के साथ थे। उनके संन्यास से टीम बड़े बदलाव से गुजर रही है।'' (अनंत ज्ञान)

### 5 टेस्ट मैचों का शेड्यूल

| मैच | कब | कहां |
|---|---|---|
| पहला मैच | 20 से 24 जून | लीड्स |
| दूसरा मैच | 2 से 6 जुलाई | बर्मिंघम |
| तीसरा मैच | 10 से 14 जुलाई | लार्ड्स |
| चौथा मैच | 23 से 27 जुलाई | मैनचेस्टर |
| 5वां मैच | 31 जुलाई से 4 अगस्त | केनिंग्टन ओवल |

### नायर की 8 साल बाद हुई वापसी



**टीम** में करुण नायर को भी शामिल किया गया है, जो आठ साल बाद भारतीय टेस्ट टीम में वापसी कर रहे हैं। नायर ने आखिरी बार मार्च 2017 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट मैच खेला था। उन्होंने घरेलू क्रिकेट में अपने शानदार प्रदर्शन के चलते इस बार टीम में जगह बनाई है। विदर्भ की तरफ से रणजी ट्रॉफी में नायर ने 863 रन बनाए और 53 से अधिक की औसत से खेलते हुए टीम को खिताब जिताने में अहम भूमिका निभाई। उनकी वापसी टीम के लिए अनुभवी विकल्प साबित हो सकती है।


### भारतीय टीम

**शुभमन गिल** (कप्तान), ऋषभ पंत (उपकप्तान), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, अभिमन्यु ईश्वरन, करुण नायर, नितीश रेड्डी, रविंद्र जडेजा, ध्रुव जुरेल, वाशिंगटन सुंदर, शारदुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप, अर्शदीप सिंह और कुलदीप यादव।

## पाटीदार और कमिंस पर धीमी ओवर गति के लिए लगा जुर्माना

**एजेंसी, लखनऊ**






रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के कप्तान रजत पाटीदार और सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस पर यहां इंडियन प्रीमियर लीग मैच के दौरान अपनी-अपनी टीमों की धीमी ओवर गति के लिए जुर्माना लगाया गया है। कमिंस पर 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया, क्योंकि यह आईपीएल की आचार संहिता के तहत उनकी टीम का इस सत्र का पहला अपराध था। पाटीदार पर दूसरी बार अपराध करने वाली आरसीबी की एकादश के सदस्य होने के कारण 24 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया।

आईपीएल से जारी बयान के मुताबिक, ''पाटीदार पर 24 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है, क्योंकि यह यह आईपीएल की न्यूनतम ओवर गति से संबंधित आचार संहिता के तहत उनकी टीम का इस सत्र में दूसरा अपराध था।'' इस सत्र में एसआरएच का धीमी ओवर गति से जुड़ा पहला अपराध था जिसके लिए कमिंस पर 12 लाख रुपए जुर्माना लगाया गया।'' (अनंत ज्ञान)

## दिल्ली के गेंदबाजों ने पंजाब पर कसा शिकंजा

**एजेंसी, जयपुर**

आईपीएल का 66वां मैच दिल्ली कैपिटल्स और पंजाब किंग्स के बीच जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में खेला गया। दिल्ली ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी। अगर पंजाब किंग्स मैच जीतती है तो प्वॉइंट्स टेबल में टॉप पर पहुंच सकती है। पहले बल्लेबाजी करने उतरे पंजाब किंग्स के ओपनर बल्लेबाज प्रियांश आर्या और प्रभसिमरन सिंह कुछ खास नहीं कर पाए और प्रियांश आर्या मात्र 9 गेंदों में 6 रन बनाकर आउट हो गए। आर्या को मुस्तफिजुर रहमान ने ट्रिस्टन स्टब्स के हाथों कैच करवाया। उसके बाद बल्लेबाजी करने आए जोश इंगलिस ने प्रभसिमरन का साथ देते हुए ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की। जोश ने 12 गेंदों में 32 रन बनाए। उन्हें विपराज निगम ने आउट किया। प्रभसिमरन भी 18 गेंदों में 28 रन बनाकर चलते बने। निगम ने उन्हें बोल्ड किया। उसके बाद नेहाल वढेरा भी 16 रन बनाकर आउट हो गए। समाचार लिखे जाने तक पंजाब ने 13 ओवर में 4 विकेट पर 124 रन बना लिए थे। कप्तान श्रेयस अय्यर (38) और शशांक सिंह (1) रन पर खेल रहे थे। (अनंत ज्ञान)



रन 32
गेंद 12
चौथे 03
छक्के 02

शॉट खेलता जोश इंगलिस।

## सम्मान की लड़ाई में केकेआर के सामने एसआरएच की चुनौती

**एजेंसी, नई दिल्ली**



कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की टीम रविवार को आईपीएल मैच में खिताबी दौड़ से बाहर हो चुकी टीम अन्य टीम सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) खिलाफ मैदान पर उतरेगी तो उसकी कोशिश सत्र को जीत के साथ खत्म करने की होगी।

इसे विडंबना ही कहें कि जब केकेआर और एसआरएच ने 2024 आईपीएल का अपना आखिरी मैच खेला था तो वह फाइनल मुकाबला था जहां श्रेयस अय्यर की टीम ने एकतरफा मैच में पैट कमिंस की टीम को मात दी थी। दोनों टीमें के सामने अपने अभियान को छठे स्थान पर रहते हुए खत्म करने की चुनौती होगी। मैच में एसआरएच का पलड़ा थोड़ी भारी होगा।

पैट कमिंस इस सत्र का अंत जीत के साथ करना चाहेंगे। ट्रेविस हेड, अभिषेक शर्मा, ईशान किशन, हेनरिक क्लासेन और अनिकेत वर्मा की मौजूदगी वाला उनका मजबूत बल्लेबाजी लाइनअप यहां कोटला मैदान में बल्लेबाजी के लिए माकूल परिस्थितियों का लुत्फ उठाना चाहेगा।

अजिंक्य रहाणे की टीम को 17 मई को आरसीबी के साथ खेलना था। लीग के एक सप्ताह के निलंबन के बाद यह पहला मैच था। बेंगलुरु में बारिश ने हालांकि उस मैच के साथ केकेआर की प्लेऑफ में पहुंचने की मामूली उम्मीदों को भी पूरी तरह से खत्म कर दिया। प्लेऑफ के चारों स्थान तय हो चुके हैं ऐसे में यह मैच महज औपचारिकता ही है, लेकिन दोनों टीमें लीग का सुखद अंत करने के लिए प्रेरित होगी। यह दोनों टीमों को अगले सत्र के लिए टीम की रूपरेखा तय करने और मौजूदा सत्र के प्रदर्शन का आकलन करने का मौका देगा।

केकेआर की बल्लेबाजी की विफलता का इस बात से भी मिलता है कि टी20 प्रारूप में मजबूत नहीं माने जाने वाले कप्तान रहाणे सत्र में 375 रन के साथ उनके सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज हैं। आंद्रे रसेल, सुनील नारायण और रिंकू सिंह जैसे बल्लेबाजों की मौजूदगी में टीम के लिए सबसे ज्यादा छक्के रहाणे ने ही लगाए हैं। उनके नाम 20 छक्के है, जबकि नारायण और रसेल ने क्रमश: 16 और 14 छक्के लगाए हैं। रसेल और रिंकू की 16 से 20 ओवरों के बीच लगातार बड़े शॉट लगाने में विफलता भी टीम को महंगी पड़ी। (अनंत ज्ञान)

## कोहली-रोहित की कमी पूरा करना मुश्किल : अगरकर

**एजेंसी, मुंबई**



चयन समिति के अध्यक्ष अजीत अगरकर ने शनिवार को स्वीकार किया कि शीर्ष क्रिकेटर विराट कोहली और रोहित शर्मा के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने से पैदा हुई कमी को पूरा करना मुश्किल है, लेकिन उन्होंने उम्मीद जताई कि इंग्लैंड के आगामी दौरे पर अन्य खिलाड़ी जिम्मेदारी उठाएंगे।

टेस्ट मैच की सीरीज के लिए टीम की घोषणा करने के बाद अगरकर ने मीडिया से कहा, ''जब क्रिकेट के दिग्गज संन्यास लेते हैं तो यह हमेशा मुश्किल होती है। उनकी जगह भरना बहुत बड़ा काम है, लेकिन इसे देखने का एक तरीका यही है कि यह दूसरों के लिए एक मौका है।'' इन दो सुपरस्टार की जगह बाएं हाथ के युवा साई सुदर्शन और अनुभवी करुण नायर को टीम में शामिल किया गया है।

अगरकर ने खुलासा किया कि कोहली ने पिछले महीने संभवत: चैंपियंस ट्रॉफी के बाद उनसे संपर्क किया था और टेस्ट क्रिकेट छोड़ने की इच्छा व्यक्त की थी। पिछले एक साल में लगातार निराशाजनक प्रदर्शन के बाद कोहली और रोहित दोनों के पारंपरिक प्रारूप में भविष्य को लेकर अटकलें लगाई जा रही थीं, जिसका उदाहरण 2024-25 बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए ऑस्ट्रेलिया का दौरा रहा। सीरीज की गंभीरता को देखते हुए कोहली और रोहित से इंग्लैंड दौरे तक रुकने के लिए मनाने की कोशिश की गई, तो इस सवाल पर अगरकर ने काफी स्पष्ट रूप से कहा कि आगामी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र (2025-27) के लिए एक नई टीम बनाना प्राथमिकता है। (अनंत ज्ञान)

## हम एलिमिनेटर की बजाय ऐसी हार को करेंगे पसंद : फिल साल्ट

**एजेंसी, लखनऊ**

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के सलामी बल्लेबाज फिल साल्ट ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मिली हार को सकारात्मक तरीके से लेते हुए कहा कि वह आईपीएल प्लेऑफ की बजाय लीग चरण में ऐसी हार पसंद करेंगे। आरसीबी पहले ही प्लेऑफ में पहुंच चुकी है और सॉल्ट ने कहा कि हार से टीम की आत्मविश्वास में कोई कमी नहीं आनी चाहिए। उन्होंने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा, ''इस परिणाम को देखने का एक दूसरा नजरिया भी है। आप इससे थोड़े निराश हो सकते है लेकिन आप प्लेऑफ में ऐसा परिणाम नहीं चाहेंगे।'' उन्होंने कहा, ''हमने प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई कर लिया है। हम एक मैच हारे हैं। कोई भी क्रिकेट मैच हारना नहीं चाहता है। मुझे और पूरी आरसीबी को इससे निराशा है। (अनंत ज्ञान)



## श्रीकांत छह साल में पहली बार बीडब्ल्यूएफ टूर्नामेंट के फाइनल में

**एजेंसी, कुआलालंपुर**

भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत ने शनिवार को यहां मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में जापान के युशी टनाका पर सीधे गेम में जीत दर्ज कर छह साल में पहली बार बीडब्ल्यूएफ टूर्नामेंट के पुरुष एकल फाइनल में प्रवेश किया।

2021 विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता श्रीकांत ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए सटीक नेट प्ले और आक्रामक खेल की बदौलत दुनिया के 23वें नंबर के खिलाड़ी टनाका को रोमांचक मुकाबले में 21-18, 24-22 से शिकस्त दी। श्रीकांत ने जीत के बाद कहा, ''मैं बहुत खुश हूं, काफी समय के बाद यहां तक पहुंचा हूं।''



श्रीकांत 2019 इंडिया ओपन में उपविजेता रहे थे और इसके बाद से इस 32 वर्षीय खिलाड़ी का बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर में पहला फाइनल है। उन्होंने 2017 में चार खिताब जीते थे। श्रीकांत पिछले कुछ सत्र में खराब फॉर्म और फिटनेस के दौर से गुजर रहे हैं, जिससे अब वह विश्व रैंकिंग में 65वें स्थान पर मौजूद हैं। (अनंत ज्ञान)

**आईपीएल** | सांत्वना जीत दर्ज करना चाहेगी चेन्नई सुपर किंग्स

## गुजरात की निगाहें शीर्ष दो में जगह बनाने पर

**एजेंसी, अहमदाबाद**



गुजरात टाइटंस की टीम जब रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ मैदान में उतरेगी तो उसकी निगाहें तालिका में शीर्ष दो में जगह बनाने की होगी। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के सनराइजर्स हैदराबाद से हारने के बाद गुजरात टाइटंस प्लेऑफ के लिए तालिका में नियंत्रण बनाए हैं। सीएसके के खिलाफ जीत से उसके 20 अंक हो जाएंगे, इससे वह शीर्ष दो में जगह बनाने में सफल रहेगी और उसे फाइनल में जगह बनाने के दो मौके मिलेंगे।

पहले ही प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी सीएसके का ध्यान भविष्य की तैयारियों पर रहेगा, क्योंकि इस सत्र में उसके लिए नतीजे मिले जुले रहे हैं और अब वह युवा खिलाड़ियों और अन्य संयोजनों को आजमाना चाहेगा। गुजरात टाइटंस के लिए बल्लेबाजी में सफलता शीर्ष तीन खिलाड़ी शुभमन गिल, साई सुदर्शन और जोस बटलर पर टिकी है। बटलर रविवार को टीम के आखिरी लीग मैच के बाद राष्ट्रीय टीम के साथ होने लिए रवाना हो जाएंगे।

वहीं, रविवार को नतीजा जो भी रहे सीएसके के तालिका में सबसे नीचे रहने की संभावना है। इसलिए यह मैच आयुष म्हात्रे, उर्विल पटेल और डेवाल्ड ब्रेविस जैसे युवाओं के लिए प्रभावित करने का मौका है। इस लिहाज से जीत का कोई खास मतलब नहीं होगा लेकिन सीएसके के वफादार प्रशंसक चाहेंगे कि टीम दो अंक हासिल कर टूर्नामेंट का समापन करे। (अनंत ज्ञान)

**मैच : दोपहर 3:30 बजे से**

### संभावित टीमें

**गुजरात टाइटन्स:** शुभमन गिल, साई सुदर्शन, कुमार कुशाग्र, अनुज रावत, राशिद खान, राहुल तेवतिया, शाहरुख खान, निशांत सिंधु, रविश्रीनिवासन साई किशोर, गेराल्ड कोएत्जी, जयंत यादव, अरशद खान, करीम जनत, शेरफाने रदरफोर्ड, महिपाल लोमरोर, वाशिंगटन सुंदर, मानव सुथार, गुरनूर बराड़, इशांत शर्मा, कागिसो रबाडा, प्रसिद्ध कृष्णा, कुलवंत खेजरोलिया, मोहम्मद सिराज, दासुन शनाका, कुसल मेंडिस, जोस बटलर

**चेन्नई सुपर किंग्स:** शेख रशीद, आंद्रे सिद्धार्थ सी, राहुल त्रिपाठी, डेवोन कॉनवे, एमएस धोनी, शिवम दुबे, रविंद्र जडेजा, विजय शंकर, दीपक हुडा, अंशुल कंबोज, रचिन रविंद्र, जेमी ओवरटन, कमलेश नागरकोटी, रामकृष्ण घोष, रविचंद्रन अश्विन, सैम करन, माथिशा पाथिराना, श्रेयस गोपाल, मुकेश चौधरी, नाथन एलिस, नूर अहमद, खलील अहमद, आयुष म्हात्रे, डेवाल्ड ब्रेविस, उर्विल पटेल।